अधिकतम तापमान 13.00° » न्यूनतम तापमान 06.00° » सूर्योदय 06:44 » सूर्यास्त 17:16 » डॉलर 89.94 » यूरो 105.03 »

**छोटीबड़ीबात**

आज ही के दिन 1927 में उत्तराखंड में पेड़ों को बचाने के लिए चिपको आंदोलन शुरू करने वाले सुंदरलाल बहुगुणा का जन्म हुआ, यह भारत का पहला पर्यावरण आंदोलन था।

dainikbhaskarup.com bhaskardigital.com
क्यूआर कोड स्कैन कर पढ़ें ताजा खबरें

देश का विश्वसनीय अखबार

# दैनिक भास्कर

नोएडा। वर्ष-16, अंक-204। शुक्रवार, 09 जनवरी 2026 । कुल पृष्ठ 24। मूल्य 6.00 रूपये

झांसी, नोएडा, लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित



राजनीति, खेल, बिजनेस और मनोरंजन – सब कुछ अब एक ऐप में
ब्रेकिंग न्यूज, वीडियो रील्स और लोकल अपडेट्स, सब कुछ एक ऐप में।
भारत का सबसे तेज और भरोसेमंद न्यूज ऐप
ब्रेकिंग अलर्ट: बड़ी खबर आते ही नोटिफिकेशन
शॉर्ट रील्स: कम समय में पूरी जानकारी
ट्रेंडिंग स्टोरीज: दुनिया भर में क्या चल रहा है
हर टॉपिक की खबर अब आपके फोन में आज ही डाउनलोड करें
Dainik Bhaskar Digital App
न्यूज़ फ्री
बिना किसी सब्सक्रिप्शन चार्ज
Android और iOS यूजर्स के लिए अभी सर्च करें या QR स्कैन करें
Download on the App Store
GET IT ON Google Play

## कागज से डिजिटल तक : भारत की पहली डिजिटल जनगणना का आगाज़ 1 अप्रैल से

**नई दिल्ली।** भारत की जनगणना व्यवस्था एक ऐतिहासिक बदलाव की ओर बढ़ चुकी है. केंद्रीय गृह मंत्रालय ने जनगणना 2027 के पहले चरण को लेकर आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी है. इसके तहत देश की पहली पूरी तरह डिजिटल जनगणना का पहला चरण 1 अप्रैल 2026 से 30 सितंबर 2026 के बीच संपन्न कराया जाएगा। यह चरण घरों और आवासों की सूचीकरण प्रक्रिया से जुड़ा होगा, जिसे प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश अपने-अपने तय 30 दिनों की अवधि में पूरा करेगा. इस व्यापक अभियान में करीब 30 लाख कर्मी जमीनी स्तर पर डेटा संग्रह का कार्य करेंगे।

**1 अप्रैल से 30 सितंबर तक चलेगा**




**पहला चरण**

अधिसूचना के मुताबिक, जनगणना 2027 का पहला चरण 'हाउस लिस्टिंग ऑपरेशंस' यानी घरों और आवासों की सूची तैयार करने से जुड़ा होगा. यह प्रक्रिया 1 अप्रैल 2026 से 30 सितंबर 2026 के बीच पूरी की जाएगी। हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश को इसके लिए 30 दिन का समय दिया जाएगा। इस बार जनगणना में नागरिकों को स्व-गणना की सुविधा भी दी जाएगी।

# वेनेजुएला के बाद यूएस के निशाने पर भारत, चीन और ब्राजील

## 500 प्रतिशत टैरिफ लगाने वाले बिल को ट्रंप ने दी मंजूरी




**नई दिल्ली (हि.स.)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने कई देशों के खिलाफ आक्रमक रुख अपना लिया है। वेनेजुएला पर सैन्य कार्रवाई करने के बाद अब ट्रंप भारत, ब्राजील और चीन पर फिर से टैरिफ का चाबुक चलाने की तैयारी कर रहे हैं। ट्रंप प्रशासन ने दोनों देशों पर 500 प्रतिशत का टैरिफ लगाने की योजना बनाई है। ट्रंप प्रशासन ने एक बिल को मंजूरी दे दी है, जिसके तहत भारत, ब्राजील और चीन पर 500 प्रतिशत का टैरिफ लगाया जाएगा। ऐसे में तीनों देशों को अमेरिकी निर्यात पर 500 प्रतिशत का अधिक कर चुकाना होगा। वर्तमान में भारत पर अमेरिका ने 50 प्रतिशत का टैरिफ लगाया है।

**3 देशों पर पड़ेगा असर**

अमेरिकी सांसद लिंडसे ग्राहम ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि ट्रंप ने रूस पर प्रतिबंध लगाने वाले विधेयक को हरी झंडी दिखा दी है। इस विधेयक के तहत रूस से तेल खरीदने पर भारत, चीन और ब्राजील जैसे देशों पर 500 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने का प्रावधान है।

लिंडसे के अनुसार, रूस से कम कीमतों पर कच्चा तेल खरीदकर ये देश पुतिन की युद्ध मशीन को ईंधन दे रहे हैं। अमेरिका ने इन देशों को दंडित करने के लिए ये विधेयक प्रस्तावित किया है।

**लिंडसे ने क्या कहा?**

लिंडसे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा-

*कई मुद्दों पर अहम बैठकों के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने रूस पर प्रतिबंध लगाने वाले विधेयक को भी मंजूरी दे ही है। इस विधेयक पर मैं महीनों से काम कर रहा हूं। इस विधेयक के तहत रूस से तेल खरीदने वाले देशों को दंडित किया जाएगा। इसका भारत, चीन और ब्राजील पर तगड़ा असर पड़ सकता है।*

**संसद में पेश होगा बिल**

ट्रंप ने बेशक इस विधेयक को मंजूरी दे दी है, लेकिन ये विधेयक अभी तक अमेरिकी संसद में पारित नहीं हुआ है। इस विधेयक पर अगले हफ्ते में मतदान होने की संभावना है।

## लखनऊ के स्कूलों में बढ़ी 10 जनवरी तक छुट्टी

**लखनऊ ।** जनपद लखनऊ में शीतलहर, घना कोहरा एवं मौसम विभाग के पूर्वानुमान को देखते हुए प्री-प्राइमरी से कक्षा 08 तक संचालित सभी विद्यालयों में 10 जनवरी तक अवकाश घोषित किया गया है। लखनऊ के जिलाधिकारी विशाख जी ने गुरुवार को जारी आदेश में कहा है कि कक्षा 09 से कक्षा 12 तक की कक्षाएं पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 03 बजे तक संचालित की जाएंगी। जिला प्रशासन ने पहले कक्षा 08 तक के लिए 08 जनवरी तक अवकाश घोषित किया था। ठण्ड को देखते हुए जिलाधिकारी ने 10 जनवरी तक छुट्टी बढ़ा दी है।

## दिल्ली के तुर्कमान गेट हिंसा मामले में 5 आरोपित 13 दिन की न्यायिक हिरासत में

**नई दिल्ली।** दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट ने फैज-ए-इलाही मस्जिद का अतिक्रमण हटाने के दौरान पत्थरबाजी करने वाले पांच आरोपितों को 13 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जुडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास पूजा सुहाग ने यह आदेश दिया। कोर्ट इन आरोपितों की जमानत याचिका पर 9 जनवरी को सुनवाई करेगा। जिन आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है उनमें मोहम्मद अरीब, काशिफ, अदनान, मोहम्मद कैफ और समीर हैं। दिल्ली पुलिस ने इन आरोपितों के खिलाफ चांदनी महल थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 221, 132, 121, 191, 223ए और प्रिवेंशन ऑफ डैमेज टू पब्लिक प्रोपर्टी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की थी।


## रेलवे समेत 40 से ज्यादा सरकारी विभागों में नौकरी के नाम पर फर्जीवाड़ा

# देशभर में ईडी की छापेमारी

**नई दिल्ली/लखनऊ।** देश के 6 राज्यों के 15 शहरों में गुरुवार (8 जनवरी) सुबह से ही प्रवर्तन निदेशालय छापेमारी शुरू की। ईडी की ये रेड लोगों को सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर चल रहे स्कैम को लेकर है। इसके तहत एक संगठित गिरोह लोगों को सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगता था। लोगों को फर्जी नियुक्ति पत्र और कॉल लेटर जारी किए जा रहे थे।

शुरुआत में ये स्कैम भारतीय रेल के नाम पर पकड़ा गया था लेकिन अब जांच में सामने आया है कि गैंग ने 40 से ज़्यादा सरकारी विभागों और संस्थानों के नाम पर भी लोगों को फंसाया। जिनमें वन विभाग, आरआरबी, भारतीय डाक, आयकर, उच्च न्यायालय, पीडब्ल्यूडी, बिहार सरकार, डीडीए, राजस्थान सचिवालय समेत कई विभाग शामिल हैं।

ये गिरोह सरकारी विभागों के नाम से मिलते-जुलते फेक ई-मेल IDs बनाकर पीड़ितों को फर्जी जॉइनिंग लेटर भेजता था। भरोसा जीतने के लिए कुछ पीड़ितों को 2-3 महीनों तक सैलरी भी दी गई। कई लोगों को तो आरपीएफ, टीटीई और टेक्नीशियन जैसी पोस्ट पर भेजकर ऐसा माहौल बनाया गया. मानो उनकी असली नौकरी लग गई हो. बाद में इनसे मोटी रकम



### तलाशी वाली जगह पर पहुंची ममता....मैं बीजेपी पार्टी ऑफिस पर रेड करूं तब क्या होगा ?

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय देश भर में 15 जगहों पर तलाशी अभियान चला रहा है। यह तलाशी एक संगठित गिरोह के खिलाफ फर्जी सरकारी नौकरी घोटाले से जुड़े मामले में की जा रही है, जो लोगों को फर्जी नौकरियां देकर ठगी कर रहा था। इसी कड़ी में कोलकाता में इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमेटी के ऑफिस में ईडी की रेड चल रही थी।

तभी वहां पहुंची पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, ...क्या ईडी, अमित शाह का काम पार्टी की हार्ड डिस्क, कैंडिडेट लिस्ट इकट्ठा करना है?... यह गृह मंत्री जो देश की रक्षा नहीं कर सकता और मेरे पार्टी के सारे कागजात ले जा रहा है। अगर मैं बीजेपी पार्टी ऑफिस पर रेड करूं तब क्या होगा? एक तरफ, वे पश्चिम बंगाल में एसआईआर करवाकर सभी वोटर्स के नाम हटा रहे हैं... चुनावों की वजह से, वे मेरी पार्टी के बारे में सारी जानकारी इकट्ठा कर रहे हैं। दरअसल गुरुवार सुबह ईडी की टीम साल्टलेक के सेक्टर-5 में आईपीएसी के ऑफिस में सर्च कर रही थी। इसी बीच, सेंट्रल एजेंसी की एक और टीम आईपीएसी के हेड प्रतीक जैन के घर पहुंची। प्रतीक जैन 7 लाउडन स्ट्रीट में रहते हैं। सूत्रों के मुताबिक, ईडी ने यह सर्च ऑपरेशन इसलिए शुरू किया ताकि पता लगा सके कि आई-पैक का दिल्ली में हुए वित्तीय फर्जीवाड़े से कोई कनेक्शन है या नहीं।

ईडी इस मामले में बिहार, बंगाल, यूपी, तमिलनाडु, गुजरात और केरल में छापेमारी कर रही है। इन 6 राज्यों के कुल 15 शहरों में छापेमारी की है। इसके अलावा इलाहाबाद में 1 और लखनऊ में भी 1 जगह छापेमारी चल रही है। बिहार के मुजफ्फरपुर में एक स्थान पर और मोतिहारी में भी 2 जगहों पर छापे मारे जा रहे हैं। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में भी इस गैंग के 2 ठिकानों की जानकारी मिली है और यहां छापेमारी चल रही है। इसके अलावा राजकोट में भी छापेमारी की जा रही है।

## ममता ने छापेमारी में डाली बाधा, सबूत किये जब्त: ईडी



**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर अनूप माझी और अन्य से जुड़े हवाला कारोबार के मामले में ईडी की कार्रवाई में बाधा डालने और सबूत जब्त करने का आरोप लगाया है।

ईडी ने गुरुवार को कहा कि वह अनूप माझी और अन्य से जुड़े हवाला कारोबार रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) मामले में कोलकाता में छापेमारी कर रही थी और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के आने तक यह कार्रवाई शांतिपूर्वक और पेशेवर तरीके से चल रही थी। इसी दौरान सुश्री बनर्जी काफी संख्या में पुलिस अधिकारियों के साथ प्रतीक जैन के आवासीय परिसर में घुस गयीं और भौतिक दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस सहित अहम सबूत हटा दिये। एजेंसी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री का काफिला फिर भारतीय राजनीतिक कार्रवाई समिति (आई-पीएसी) के ऑफिस पहुंचा, जहां से सुश्री बनर्जी, उनके सहयोगियों और राज्य पुलिस कर्मियों ने जबरन अतिरिक्त डॉक्यूमेंट और इलेक्ट्रॉनिक सबूत हटा दिये। ईडी का मामला 2020 में दर्ज केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी (एफआईआर) पर आधारित है। जांच के दौरान एजेंसी ने दावा किया कि उसने अनूप माझी के नेतृत्व वाले एक कोयला तस्करी सिंडिकेट का पर्दाफाश किया है, जिसने कथित तौर पर पश्चिम बंगाल में ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के लीज वाले इलाकों से कोयला चुराया।



## यूपी एसआईआर की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से बढ़ी टेंशन

# योगी बोले- इसे हल्के में न लें

*उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण के बाद 2.89 करोड़ नाम कटने से बीजेपी में चिंता बढ़ गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे गंभीर बताते हुए संगठन को युद्धस्तर पर काम करने के निर्देश दिए हैं। पार्टी ने विधायकों और सांसदों से वोटर लिस्ट सुधार पर पूरा ध्यान देने को कहा है।*



**लखनऊ (ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी होने के बाद राजनीतिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। राज्य भर में करीब 2.89 करोड़ नाम मतदाता सूची से हटाए जाने के बाद सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी में चिंता साफ दिखाई दे रही है। पार्टी के भीतर पहले से ही एसआईआर को लेकर आशंकाएं जताई जा रही थीं, जो अब और गहरी हो गई हैं।

सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस पूरे मामले को बेहद गंभीरता से लिया है।

उन्होंने कहा है कि करोड़ों वोटों का कटना बहुत बड़ा आंकड़ा है और इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। मुख्यमंत्री ने नए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देने और अगले एक महीने तक युद्धस्तर पर काम करने के निर्देश दिए हैं।

**उत्तर प्रदेश में एसआईआर को लेकर टेंशन में बीजेपी**

ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने पार्टी के सभी राज्य मंत्रियों, सांसदों, विधायकों, एमएलसी, पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों के साथ वर्चुअल बैठक की। इस बैठक में बड़ी संख्या में नाम हटने पर गहरी चिंता जताई गई। यूपी बीजेपी ने सभी विधायकों, सांसदों और मंत्रियों को निर्देश दिया है कि वे पूरी तरह वोटर लिस्ट के काम में जुटें। विधानसभा की सभी कमेटियों की बैठकें रद्द करने को कहा गया है ताकि विधायक इस काम पर ध्यान दे सकें। बैठक में यह भी कहा गया कि सबसे ज्यादा वोट पार्टी समर्थकों के शहरी इलाकों में कटे हैं।

ऐसे लोगों से संपर्क करने को कहा गया है ताकि उनके शहर और गांव दोनों जगह वोट सुरक्षित रह सकें। पार्टी ने हर लोकसभा क्षेत्र में कम से कम दो लाख वोट जोड़ने का लक्ष्य तय किया है। अगले 15 दिनों तक सभी कार्यक्रम रद्द कर हर बूथ पर 200 से 250 वोट जोड़ने के निर्देश दिए गए हैं। लक्ष्य है कि प्रदेश के 1.77 लाख बूथों पर काम कर साढ़े तीन करोड़ से ज्यादा मतदाता जोड़े जाएं। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार लखनऊ, कानपुर, गाजियाबाद, मेरठ, आगरा, प्रयागराज और गौतमबुद्धनगर जैसे बड़े शहरों में 20 से 30 प्रतिशत तक वोट कटे हैं।

## सीपी राधाकृष्णन ने किया 'सिंग, डांस एंड लीड' का विमोचन, श्रील प्रभुपाद के नेतृत्व सिद्धांतों को बताया मानवता के लिए प्रेरणा

# सकारात्मक परिवर्तन के लिए कभी भी देर नहीं होती : उपराष्ट्रपति

भास्कर ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने उपराष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में 'सिंग, डांस एंड लीड' पुस्तक का विमोचन किया। प्रख्यात इतिहासकार और लेखक प्रो. (डॉ.) हिंडोल सेनगुप्ता द्वारा लिखित एवं पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया द्वारा प्रकाशित यह पुस्तक इस्कॉन के संस्थापक-आचार्य श्रील प्रभुपाद के अद्वितीय नेतृत्व दर्शन पर है।




समारोह में उपराष्ट्रपति मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत उपस्थित रहे। अध्यक्षता इस्कॉन बेंगलुरु के प्रेसिडेंट एवं अक्षय पात्र फाउंडेशन के संस्थापक-अध्यक्ष मधु पंडित दास तथा इस्कॉन बेंगलुरु के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व अक्षय पात्र के सह-संस्थापक चंचलपति दास ने की। 'सिंग, डांस एंड लीड' आध्यात्मिक गुरु श्रील प्रभुपाद के उन सिद्धांतों को उजागर करती है, जिन्होंने विश्व स्तर पर एक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक क्रांति का सूत्रपात किया। पुस्तक यह दर्शाती है कि कैसे भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा नेतृत्व प्रशिक्षण का एक अनिवार्य स्रोत हो सकती है। श्रील प्रभुपाद को पिछले वर्ष महाकुंभ में अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद द्वारा 'विश्वगुरु' की उपाधि से सम्मानित किया गया था। लेखक प्रो. सेनगुप्ता की इससे पहले श्रील प्रभुपाद पर लिखी गई पुस्तक 'सिंग, डांस एंड प्रे' भी बेस्टसेलर रही है।

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि यह पुस्तक नेतृत्व को सत्ता के रूप में नहीं, बल्कि सेवा, अनुशासन और आनंद के रूप में परिभाषित करती है। श्रील प्रभुपाद का जीवन सिखाता है कि सकारात्मक परिवर्तन के लिए कभी भी देर नहीं होती। अक्षय पात्र फाउंडेशन के माध्यम से 5 अरब भोजन परोसने की उपलब्धि आस्था और पेशेवर उत्कृष्टता के अद्भुत समन्वय का प्रमाण है। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि श्रील प्रभुपाद ने संस्कृति को केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि एक जीवंत ज्ञान के रूप में प्रस्तुत किया। यह पुस्तक नेतृत्व को उत्तरदायित्व और नैतिक स्पष्टता के साथ जीने की कला सिखाती है। यह पुस्तक श्रील प्रभुपाद के असाधारण जीवन से प्रेरणा लेती है, जिनके विचार केवल दुनिया को बदलने के नहीं, बल्कि उसे रूपांतरित करने के हैं। उनका नेतृत्व यह सिद्ध करता है कि कभी भी देर नहीं होती-केवल मूल्य और प्रयास ही मायने रखते हैं, जैसा कि उन्होंने 70 वर्ष की आयु में अपने ऐतिहासिक जीवन-प्रवास से दिखाया। मधु पंडित दास ने कहा कि यह पुस्तक आधुनिक प्रबंधन सिद्धांतों से कहीं अधिक गहन है और विशेष रूप से युवा नेतृत्वकर्ताओं के लिए ज्ञान का खजाना है। श्रील प्रभुपाद की शिक्षाएं जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का सामर्थ्य रखती हैं। लेखक प्रो. हिंडोल सेनगुप्ता ने कहा कि भारत के इतिहास और धर्मशास्त्रों पर कार्य करना एक आजीवन यात्रा है, और मुझे लगता है कि मैंने अभी इस यात्रा की शुरुआत ही की है। मैंने भारत को अपने ही दार्शनिक इतिहास से नेतृत्व की कला सीखने की जरूरत है। यह पुस्तक प्राचीन ज्ञान और आधुनिक तकनीकों को जोड़ने का एक प्रयास है।

इस पुस्तक को विश्व स्तर की प्रतिष्ठित हस्तियों का समर्थन प्राप्त हुआ है, जिनमें नारायण मूर्ति संस्थापक, इंफोसिस, डॉ. किरण मजूमदार-शॉ चेयरपर्सन, बायोकॉन, चंद्रिका टंडन ग्रैमी विजेता संगीतकार एवं उद्यमी, प्रो. जयदीप प्रभु कैम्ब्रिज विवि, प्रो. आशा सक्सेना कोलंबिया विवि और शिव खेड़ा प्रख्यात प्रेरक व वक्ता हैं। यह पुस्तक श्रील प्रभुपाद की विरासत और उनके मानवीय मिशन को समझने का एक नया झरोखा प्रदान करती है।

सपनोअ को साकार करने के लिए लगन और मेहनत दोनोअ की आवश्यकता होती है।

# राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान संगठन निभाएगा शिक्षक एमएलसी चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका

भास्कर ब्यूरो



गाजियाबाद। वर्ष 2026 में होने वाले मेरठ सहारनपुर खंड एमएलसी शिक्षक चुनाव की हलचल दिन प्रतिदिन तेज होती जा रही है। यह चुनाव इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह देश का एकमात्र ऐसा चुनाव है जो शिक्षाविदों के वोट पर आधारित है। इस चुनाव का वोटर शिक्षा जगत से संबद्ध है, अतः उनका शिक्षक एमएलसी भी एक प्रभावशाली व्यक्तित्व का मालिक होना चाहिए। आने वाले शिक्षक एमएलसी चुनाव के लिए पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश में शिक्षकों व शिक्षण संस्थानों की सीधे तौर पर एक मांग जोर शोर से आ रही है कि उनका प्रतिनिधि शिक्षकों व शिक्षण संस्थानों की समस्याओं का चिंतन करने वाला हो व उनका पूर्ण निराकरण करवा पाने में सक्षम हो। विगत वर्षों में राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान संगठन ने गाजियाबाद, मेरठ, नोएडा व दिल्ली में हजारों की संख्या में शिक्षकों व शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों के अनेक विशाल सम्मेलन संपन्न कर शिक्षा जगत में अपनी विशेष पहचान बनाई है। इन सम्मेलनों में केंद्रीय कैबिनेट मंत्री चिराग पासवान, भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री व राज्यसभा सांसद अरुण सिंह, दिल्ली कैबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा, उत्तर प्रदेश कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी मोहित बेनीवाल, भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया आदि ने प्रत्यक्ष रूप से सम्मिलित होकर गणमान्य अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज की है। राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान संगठन ने अपने आपको उत्तर भारत का सबसे बड़ा संगठन साबित किया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पायलट राकेश त्यागी, जो की एक पूर्व वायु सेना के फ्लाइंग पायलट रहे हैं, उनकी अध्यक्षता में इस संगठन में लगभग तीस हजार शिक्षक वोट के फॉर्म शिक्षक एमएलसी चुनाव के लिए शिक्षण संस्थानों में जाकर वितरित किए हैं, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान संगठन प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से 4027 शिक्षण संस्थान से जुड़ा हुआ है, वहीं मेरठ व सहारनपुर खंड में इस संगठन के 550 शिक्षण संस्था सदस्य हैं। इन शिक्षण संस्थाओं में शिक्षकों की संख्या एमएलसी चुनाव की दशा व दिशा को सीधे तौर पर प्रभावित करती है। शिक्षकों का कहना है की राष्ट्रीय शिक्षण संस्थान संगठन उनकी समस्याओं के अतिरिक्त उनके गौरव व सम्मान के प्रति भी गंभीर है। इन 550 शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों को आत्म स्वाभिमान दिलाने वाला यह संगठन पश्चिम उत्तर प्रदेश में मजबूत पकड़ रखता है। अगर राजनीतिक समीकरण की बात की जाए तो तीस हजार शिक्षक वोटर फॉर्म के वितरण से चुनावी नतीजे एक तरफा दिखाई देते हैं। मजेदार बात यह है की इस संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पायलट राकेश त्यागी के पास भाजपा शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय संयोजक, पश्चिम उत्तर प्रदेश का भी दायित्व है। पायलट त्यागी प्रदेश के शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ भाजपा उत्तर प्रदेश के विभिन्न महत्वपूर्ण अभियानों के प्रदेश प्रमुख का भी दायित्व निभा चुके हैं। ज्ञातव्य है कि पायलट राकेश त्यागी ने इस बार एमएलसी शिक्षक के लिए अपनी दावेदारी भाजपा संगठन के समक्ष पेश की है। पिछले एमएलसी चुनाव के दौरान जब संगठन को शिक्षण संस्थानों के साथ संपर्क करने का कोई मजबूत माध्यम नहीं मिल रहा था तब भाजपा ने पायलट राकेश त्यागी को चुनाव के मध्य में सर्वाधिक वोटर संख्या वाले तीन जिलों का समन्वयक घोषित किया था। उसके बाद ही भाजपा का जीत का रास्ता सरल हो सका और 48 साल से निरंतर शिक्षक एमएलसी स्वर्गीय ओम प्रकाश शर्मा को हराया जा सका। वरिष्ठ एमएलसी स्वर्गीय ओम प्रकाश शर्मा को हारता देख पूरे प्रदेश में एमएलसी चुनाव का समीकरण बदल गया और विशेष रूप से पश्चिम उत्तर प्रदेश एसोसिएशन के पब्लिक स्कूलों द्वारा बनाए गए इस माहौल के द्वारा भाजपा ने अभूतपूर्व विजय प्राप्त की। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या बीजेपी एक ऐसे त्यागी चेहरे को आगे करती है जिसका शिक्षा जगत में विशेष प्रभुत्व हो। पायलट त्यागी के शिक्षा जगत में अपने स्वयं के चार शिक्षण संस्थाओं के साथ-साथ एक देसी गिर व राठी गोवंश का संवर्धन केंद्र भी है। वे उत्तर प्रदेश रोल बॉल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष भी है। हाल ही में पायलट राकेश त्यागी ने एक साक्षात्कार के दौरान कहा की शिक्षक जाति व धर्म की राजनीति से ऊपर है और शिक्षक जातिगत विषयों से ऊपर उठकर राष्ट्रहित में वोट देता है। उम्मीद है कि इस बार भारतीय जनता पार्टी एमएलसी शिक्षक चुनाव में शिक्षक वोटरों के बीच एक लोकप्रिय राष्ट्रवादी विचार व सैन्य अनुशासन वाले व्यक्तित्व को अपना प्रत्याशी बनाएगी।

# तुर्कमान गेट हिंसा में चौंकाने वाले खुलासे, अब तक 11 लोग गिरफ्तार, सभी 14 दिन की न्यायिक हिरासत में

भास्कर ब्यूरो



नई दिल्ली। दिल्ली के तुर्कमान गेट में हुई हिंसा के मामले में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। कोर्ट के आदेश पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बाद भड़की झड़पों और पथराव के एक दिन बाद पुलिस ने छह और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही इस मामले में अब तक कुल 11 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल है। आज सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट जमानत पर फैसला कल सुनाएगी। गुरुवार को जिन छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है, उनकी पहचान अफान, आदिल, शाहनवाज, हमजा, अथर और उबेद के रूप में हुई है। सभी आरोपी तुर्कमान गेट इलाके के ही रहने वाले बताए जा रहे हैं। इन सभी को दिल्ली की स्थानीय अदालत में पेश किया गया, जहां से 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। शुक्रवार को जमानत पर सुनवाई होगी। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त सेंट्रल निधिन वलसन ने बताया कि हालात पर कड़ी नजर रखी जा रही है। इलाके में पर्याप्त पुलिस बल और पैरामिलिट्री फोर्स तैनात की गई है। यह हिंसा मंगलवार और बुधवार की दरम्यानी रात रामलीला मैदान इलाके में फैज-ए-इलाही मस्जिद के पास अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान भड़की थी। इस दौरान जमकर पत्थरबाजी की गई। इसमें पुलिस और एमसीडी की टीम को निशाना बनाया गया। इस वजह से एसएचओ समेत पांच पुलिसकर्मी घायल हो गए। हालात उस वक्त बिगड़े जब सोशल मीडिया पर यह अफवाह फैलाई गई कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान मस्जिद को गिराया जा रहा है। इस दावे के बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। देखते ही देखते हालात हिंसक हो गए। पुलिस का दावा है कि पत्थर और कांच की बोतलें फेंकने में 150 से 200 लोग शामिल थे। दिल्ली नगर निगम के डिप्टी कमिश्नर कुमार कुमार ने स्पष्ट किया था कि कार्रवाई के दौरान करीब 36 हजार वर्ग फुट अतिक्रमण हटाया गया। इसमें एक डायग्नोस्टिक सेंटर, एक बैंक्वेट हॉल और दो चारदीवारी शामिल थीं। उन्होंने साफ कहा कि मस्जिद को नुकसान नहीं पहुंचाया गया है। अब इस पूरे मामले में साजिश की आशंका गहराती जा रही है। पुलिस 450 वीडियो फुटेज खंगाल रही है। इनमें सीसीटीवी, ड्रोन, बॉडीकैम और सोशल मीडिया पर अपलोड किए गए वीडियो शामिल हैं। जांच में करीब 30 लोग पुलिस के रडार पर बताए जा रहे हैं। जांच में सामने आया है कि 4 से 5 वॉट्सएप ग्रुप्स और 10 सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर के जरिए अफवाहें फैलाई गईं। इन अफवाहों का मकसद माहौल को भड़काना बताया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि ये मैसेज पुराने धार्मिक, कम्युनिटी और फ्रेंड्स ग्रुप्स में शेयर किए गए थे। इस बीच हिंसा के वक्त मौके पर मौजूद समाजवादी पार्टी के सांसद महिबुल्लाह नदवी की भूमिका भी जांच के घेरे में आ गई है। पुलिस उन्हें जांच में शामिल होने के लिए समन भेजने की तैयारी कर रही है।

## दिल्ली में 31 जनवरी तक ट्रैफिक पाबंदियां

भास्कर ब्यूरो



नई दिल्ली। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने न्यू रोहतक रोड पर 31 जनवरी तक मेंटेनेंस का काम होने के चलते ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। टी-पॉइंट से लिबर्टी सिनेमा के बीच मरम्मत कार्य चलने से 2 लेन बंद कर दी गई हैं। इससे इस रास्ते पर भारी जाम लग रहा है। पुलिस ने यात्रियों को आनंद पर्वत और न्यू रोहतक रोड के बजाय वैकल्पिक रास्तों को अपनाने की सलाह दी है। वाहन चालकों को पुलिस निर्देशों का पालन करने को कहा गया है।

**न्यू रोहतक रोड पर रहेगी पाबंदियां**

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने एडवाइजरी में बताया कि न्यू रोहतक रोड पर अंडरग्राउंड केबल मेंटेनेंस और अपग्रेडेशन का काम चल रहा है। मेंटिनेंस का काम कमल टी-पॉइंट से लिबर्टी सिनेमा की ओर पहाड़गंज तक के रास्ते पर किया जा रहा है। इसके कारण न्यू रोहतक रोड पर गाड़ियों की आवाजाही 31 जनवरी तक सीमित रहेगी। इस प्रोजेक्ट पर टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड काम कर रहा है। दो लेन बंद, आनंद पर्वत न्यू रोहतक रोड से परहेज करें। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने बताया कि काम की वजह से दो लेन बंद हैं। इससे इलाके में ट्रैफिक धीमा हो गया है और जाम लग रहा है। ट्रैफिक एडवाइजरी में वाहन चालकों को कमल टी-पॉइंट और लिबर्टी सिनेमा के बीच आनंद पर्वत न्यू रोहतक रोड के रास्ते से परहेज करने की सलाह दी है।

**डायवर्जन सुझाए**

दिल्ली पुलिस की ट्रैफिक एडवाइजरी में डायवर्जन भी सुझाए गए हैं। इसमें कहा गया है कि पहाड़गंज और नई दिल्ली की ओर जाने वाले वाहन कमल टी-पॉइंट पर बाईं ओर सराय रोहिल्ला की ओर मुड़ सकते हैं। इसके बाद रानी झांसी रोड से आगे बढ़ने के लिए वाहन चालक वीर बंदा बैरागी मार्ग पर दाईं ओर टर्न ले सकते हैं।

## दिल्ली में एक साथ 2 एनकाउंटर से हड़कंप, हाशिम बाबा-राजेश बवानिया गैंग के कुख्यात बदमाश गिरफ्तार

भास्कर ब्यूरो

नई दिल्ली। देश की राजधानी में गुरुवार सुबह बैक टू बैक दो एनकाउंटर से हड़कंप मच गया। एक मामला दिल्ली के गाजीपुर इलाके का है, जहां कड़ाके की ठंड में सुबह के समय गोलियों की गूंज सुनाई दी। ये मामला गाजीपुर के पेपर मार्केट में सामने आया, जहां दिल्ली पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई है। इस एनकाउंटर में हाशिम बाबा गैंग के दो कुख्यात बदमाशों के पैर में गोली लगी है।

**गाजीपुर में हुई सुबह-सुबह गोलीबारी**

पुलिस ने बताया कि बदमाशों के साथ एनकाउंटर में दोनों बदमाश गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत ही टीम ने अपने कब्जे में लिया। उनकी स्थिति को देखते हुए इलाज के लिए तुरंत ही पास के लाल बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां बदमाशों की हालत अब स्थिर बताई जा रही। वहीं पुलिस आगे की जांच में जुटी है।

**दूसरा एनकाउंटर मुनक नहर और सोनीपत बॉर्डर के पास**

दिल्ली में दूसरी मुठभेड़ स्पेशल सेल और गैंगस्टर के शूटर के बीच हुई। जानकारी के मुताबिक, इसमें राजेश बवाना गैंग के बदमाश अंकित को गोली लगी है। उसे तुरंत ही अस्पताल ले जाया गया। यह मुठभेड़ मुनक नहर और सोनीपत बॉर्डर के पास हुई। इसमें दोनों तरफ से करीब सात राउंड गोलियां चली। इसमें से चार गोली बदमाश अंकित ने चलाई और तीन गोली पुलिस टीम की ओर से चलाई गई है।

**राजेश बवाना गैंग के बदमाश अंकित को लगी गोली**

कई आपराधिक मामलों में मोस्ट वांटेड शूटर अंकित जो कि गैंगस्टर राजेश बवाना का दामाद बताया जाता है। यह अपने राइवल गैंग के किसी सदस्य की हत्या करने की फिराक में था। पुलिस को सूचना मिली जिसके बाद यह पता लगा कि यह मुनक नहर के रास्ते सोनीपत की तरफ भागने की फिराक में था।पुलिस ने ऐसे जाल **बिछाकर किया एक्शन**

अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने जाल बिछाया जैसे ही वह पहुंचा, पुलिस से घिरा देख उसने भागने के लिए गोलियां चलानी शुरू की। पुलिस ने भी अपने बचाव में गोलियां चलाई बदमाश के पैर में गोली लगी। उसको गिरफ्तार कर लिया उसके पास से पिस्टल और कारतूस बरामद हुआ है।

# रोक के बावजूद हरियाणा से यूपी में जा रहे यूरिया खाद

भास्कर ब्यूरो



पानीपत। रोक के बावजुद पानीपत क्षेत्र में हरियाणा से यूपी में जा रहे यूरिया खाद से भरे वाहनों की ओर कृषि विभाग व पुलिस प्रशासन कोई कार्रवाही ना होने से खाद तस्करों के हौसले बुलंद हैं । सरेआम शाम ढलते ही सारी रात हरियाणा से यूपी में खाद तस्कर सनौली बार्डर व सुखी यमुना के अंदर से से ट्रैक्कटर-ट्राली, आटो, मैक्स जीप, कैंटरो में भर कर ले जा रहे हैं । खाद पर किसानों के लिए हरियाणा सरकार की सब्सिडी की फायदा हरियाणा के नही यूपी और हरियाणा के खाद तस्कर उठा खाद को यूपी में तस्करी कर रहे हैं । जबकि कृषि विभाग पानीपत डीडीए व डायरेक्टर चंढीगढ ने यूपी से लगते हरियाणा से सभी जिला यमुनानगर, करनाल, पानीपत, सोनिपत के जिला कृषि अधिकारियों को हरियाणा से यूपी में खाद नही जाने पर रोक लगाई हुई हैं । रोक के बावजूद बडी संखयां में यूरियां, डीएपी खाद हरियाणा से यूपी में तस्करी हो रही हैं । जिस पर सनौली नाका हटाए जाने पर अब नाका पर पुलिस कर्मी ना होने पर सरेआम खाद तस्कर हरियाणा से यूपी में खाद ले जा रहे हैं । और कृषि विभाग भी खाद तस्करों पर कोई कार्रवाही ना करने से खाद तस्करी का धंधा जोरो पर चल रहा हैं । किसान विपिन, संदीप, सतीस, रमेश, सुनील आदि ने संबधित विभाग व जिला प्रशासन से यूपी की आरे जाने वाली खाद को रोकने की मांग की हैं। हरियाणा से यूपी में जाते यूरियां खाद से भरे ट्रैक्टर-ट्राली को कृषि विभाग के ब्लॉक कृषि अधिकारी सतीस कुमार का कहना है कि हरियाणा से यूपी में यूरियां खाद आदि पर रोक लगाई हुई हैं। हरियाणा से यूपी में खाद ना ले जाने के आदेश दिए हुए हैं । पहले सनौली यमुना बार्डर पर पुलिस नाका होने पर पुलिस हरियाणा से यूपी में खाद नही जाने देते थे अब कई महिने से यमुना पर पुलिस नाका ना होने पर खाद तस्कर आसानी से खाद ले जाने की सुचना आ रही हैं । खाद ना ले जाने पर कृषि अधिकारियों को भेजा जाता हैं । खाद तस्करी पर पूरी तरह से रोक लगाई हुई हैं । अगर रोक के बावजूद खाद तस्करी में पकडा जाने पर कार्रवाही की जाएगी । कृषि विभाग ने हरियाणा से यूपी में खाद ले जाने पर रोक बताया और कहा कि किसी भी किमत पर हरियाणा से यूपी में यूरियां, डीएपी खाद की तस्करी नही होने दी जाएगी । एसएचओं सनौली थाना वेदपाल का कहना है कि हरियाणा से यूपी में यूरियां खाद पर रोक लगाने के आदेश बार कोई जानकारी नही हैं । अगर रोक आदेश है तो जांच कर रोक लगाई जाएगी।

**हरियाणा में यूपी से कम भाव है यूरियां व डीएसपी खाद का तभी होती है तस्करी**

सनौली हरियाणा से यूपी में यूरियां, डीएपी खाद सहित शराब का भाव कम है ।

## तुर्कमान गेट मामले में जामिया की महिला भी पुलिस की रडार पर, पूछताछ के लिए बुलाया

भास्कर ब्यूरो/नई दिल्ली। दिल्ली के तुर्कमान गेट के पास अतिक्रमण रोधी अभियान के दौरान झड़प और पथराव की घटना के पीछे सोशल मीडिया पोस्ट को भी बड़ी वजह मानी जा रही है। इसमें पुलिस के रडार पर एक महिला भी है। ऐमन रिजवी नाम की इस महिला को आज पूछताछ के लिए बुलाया है। इस महिला पर भड़काऊ पोस्ट करना का आरोप है। महिला जामिया इलाके की रहने वाली है। अभी तक 10 लोगों की लिस्ट बनाई गई है, जिन्होंने ऐसे भड़काऊ पोस्ट किए। सभी को समन कर जांच में शामिल होने के लिए कहा गया है। इन सभी लोगों को अच्छे खासे फॉलोअर्स सोशल मीडिया पर है। अदालत के आदेश के बाद संचालित अतिक्रमण रोधी अभियान के दौरान बुधवार तड़के मध्य दिल्ली के तुर्कमान गेट में झड़पें और पथराव की घटना के मद्देनजर वहां कड़ी सुरक्षा व्यवस्था बनी रहेगी। पुलिस ने गुरुवार को इस बारे में जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों की पर्याप्त तैनाती की गई है। वरिष्ठ अधिकारी स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं।

**तुर्कमान गेट के पास फिलहाल शांति : पुलिस**

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, "इलाके में फिलहाल शांति है। बुधवार तड़के झड़पें उस समय हुईं जब दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के अधिकारियों ने दिल्ली हाई कोर्ट के निर्देशों के बाद तुर्कमान गेट के सामने रामलीला मैदान क्षेत्र में फैज-ए-इलाही मस्जिद और कब्रिस्तान के पास अवैध कब्जा हटाने का अभियान चलाया।

## दिल्ली में सभी स्कूलों का होगा सर्वे, हाईकोर्ट ने दिए आदेश

### फीस पर प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर लगकर रहेगी लगाम

नई दिल्ली। दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली सरकार के उस नोटिफिकेशन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया, जिसमें राष्ट्रीय राजधानी के प्राइवेट स्कूलों को उनके द्वारा ली जाने वाली फीस को रेगुलेट करने के लिए स्कूल-लेवल कमेटियां बनाने का निर्देश दिया गया था। प्राइवेट स्कूलों द्वारा फीस बढ़ोतरी में कथित मनमानी पर लगाए लगाने के मकसद से लाए गए दिल्ली सरकार के नए कानून को तमाम निजी स्कूलों ने चुनौती दी है, जिस पर कोर्ट ने दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग और उपराज्यपाल (एलजी) से जवाब मांगा है। साथ में कोर्ट ने यह भी कहा कि संबंधित कानून के संबंध में लिया जाने वाला एक्शन मौजूदा कार्यवाही के नतीजे के अधीन होगा। चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तेजस करिया की डिवीजन बेंच ने आदेश में कहा कि कमेटियां 10 जनवरी की पिछली तारीख के बजाय 20 जनवरी तक बनाई जा सकती हैं। इसके अलावा, बेंच ने निर्देश दिया कि स्कूल मैनेजमेंट द्वारा कमेटी को प्रस्तावित फीस जमा करने की आखिरी तारीख 5 फरवरी तक बढ़ा दी जाएगी। पहले यह 25 जनवरी तक करना था।

**इस कमेटी की स्वीकृति से ही होगी लागू**

हाई कोर्ट ने यह आदेश राष्ट्रीय राजधानी के तमाम प्राइवेट स्कूलों की ओर से दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए पारित किया। उन्होंने दिल्ली स्कूल शिक्षा (फीस तय करने और रेगुलेशन में पारदर्शिता) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी है। नए कानून में यह जरूरी है कि प्राइवेट स्कूलों में सभी फीस बढ़ोतरी को पैरंट्स, स्कूल मैनेजमेंट और सरकारी प्रतिनिधियों वाली एक पारदर्शी, तीन-स्तरीय कमिटी सिस्टम के जरिए से अप्रूव किया जाना चाहिए। दिल्ली के शिक्षा निदेशालय द्वारा 24 दिसंबर, 2025 को जारी एक नोटिफिकेशन को भी कोर्ट में चुनौती दी गई हैचुनौती दी है और नोटिफिकेशन पर रोक लगाई जानी चाहिए क्योंकि यह अधिनियम के विपरीत और अवैध है। दिल्ली सरकार की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ने कानून का बचाव किया। दलील दी कि यह संवैधानिक है और स्कूलों द्वारा मनमानी फीस वसूलने पर रोक लगाने के लिए बनाया गया है।

**सिख गुरुओं के अपमान वाले फर्जी वीडियो का मामला**

# दिल्ली विधानसभा में आज तीसरे दिन भी जोरदार हंगामा, आतिशी की सदस्यता रद्द करने की मांग

### आप-भाजपा विधायक आमने-सामने; कई बार रुकी कार्यवाही

भास्कर ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान बृहस्पतिवार को सिख गुरुओं के अपमान से जुड़े कथित फर्जी वीडियो को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों के बीच भारी हंगामा देखने को मिला। आप विधायकों ने इस वीडियो को फर्जी बताते हुए सदन में विरोध प्रदर्शन किया और भाजपा पर साजिश रचने का आरोप लगाया। आप विधायकों ने फर्जी वीडियो बनाने के नाम पर भाजपा विधायकों से माफी मांगने की मांग की। वहीं, सरकार की ओर से मंत्री कपिल मिश्रा ने आप नेता आतिशी को 'भगोड़ा' बताते हुए कहा कि उन्होंने गुरुओं का अपमान किया है और सदन का सामना करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही हैं। कपिल मिश्रा ने कहा कि आतिशी गुरुओं के खिलाफ अपमान करके एक पेशेवर अपराधी की तरह सदन से भाग चुकी हैं। केजरीवाल इस पाप में उन्हें बचाने का अपराध कर रहे हैं। एक तो चोरी, ऊपर से सीना जोरी। गुरुओं के खिलाफ इस अपमान के लिए केजरीवाल को ईश्वर कभी माफ नहीं करेंगे। हंगामे के चलते विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही 30 मिनट के लिए स्थगित कर दी। आधे घंटे बाद सदन की कार्यवाही शुरू होने पर भाजपा विधायकों ने फिर से आतिशी से माफी की मांग को लेकर नारेबाजी शुरू कर दी। भाजपा विधायक विधानसभा अध्यक्ष के आसन के सामने आकर ह्लगुरुओं का अपमान नहीं सहेंगेह्व के नारे लगाने लगे। भाजपा विधायकों का विरोध खत्म न होने पर सदन की कार्यवाही को एक बार फिर 30 मिनट के लिए स्थगित करना पड़ा। गतिरोध को खत्म करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष ने दिल्ली सरकार के विधायी कार्य मंत्री प्रवेश वर्मा, भाजपा विधायक दल के चीफ व्हिप अभय वर्मा, आप के उप नेता प्रतिपक्ष मुकेश अहलावत और पूर्व मंत्री इमरान हुसैन को अपने कक्ष में बुलाने का निर्देश दिया और दोनों पक्षों से सदन को सुचारु रूप से चलाने के लिए सहयोग की अपील की। इधर, सदन में आप विधायकों ने मंत्री कपिल मिश्रा के इस्तीफे की मांग को लेकर भी जोरदार प्रदर्शन किया, जिससे पूरे शीतकालीन सत्र के दौरान लगातार गतिरोध बना रहा। सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होते ही अबकी बार आप विधायक और भाजपा विधायक दोनों की ओर से एक-दूसरे के खिलाफ जोरदार नारेबाजी शुरू हो गई। भाजपा विधायक जहां आतिशी से माफी की मांग को लेकर 'गुरुओं का अपमान नहीं सहेंगे' के नारे लगा रहे थे, वहीं आप विधायक मंत्री कपिल मिश्रा के इस्तीफे की मांग करते हुए उनके खिलाफ नारेबाजी करने लगे। दोनों पक्षों के आमने-सामने आ जाने से सदन का माहौल पूरी तरह गरमा गया और हंगामा थमने का नाम नहीं ले रहा था, जिसके चलते विधानसभा अध्यक्ष को एक बार फिर सदन की कार्यवाही 30 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी।



**नेता प्रतिपक्ष को देना चाहिए स्पष्टीकरण**

विधानसभा अध्यक्ष ने हंगामा देखते हुए पहले सदन की कार्यवाही को 10 मिनट के लिए स्थगित किया। दोबारा सदन शुरू हुआ तो विधायकों ने फिर हंगामा किया। फिर सदन की कार्रवाई को दोबारा 30 मिनट के लिए स्थगित करना पड़ा। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने नेता प्रतिपक्ष को सदन में आकर स्पष्टीकरण देने की बात कही। उन्होंने माना कि मंगलवार को आतिशी ने जो बोला है वह आपत्तिजनक है। यह बेहद गंभीर मुद्दा है। इस पर नेता प्रतिपक्ष को आकर स्पष्टीकरण देना चाहिए। मगर आतिशी सदन में नहीं आई। विपक्ष के विधायक चुप्पी साधे रहे।

## आतिशी द्वारा सिख गुरूओं का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे : बीजेपी

भास्कर ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आज एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा है कि दिल्ली विधानसभा जैसे सर्वोच्च लोकतांत्रिक मंच पर आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी मालेर्ना द्वारा सिख गुरू तेगबहादुर सिंह जी के विरुद्ध की गई आपत्तिजनक टिप्पणी न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि यह आम आदमी पार्टी की सिख विरोधी और समाज को बांटने वाली सोच को भी उजागर करती है जिसे देशवासी स्वीकार नही करेंगे। इसी के साथ दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने 6 जनवरी की रात तुर्कमान गेट मस्जिद से अतिक्रमण हटाने के दौरान यू टयूबरस के भड़काने, पथराव होने और वहां समाजवादी पार्टी सांसद की उपस्थिती की जांच की मांग की और साथ ही पी.सी. में उपस्थित महापौर को तुरंत दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार जामा मस्जिद के चारों ओर का सर्वे शुरू करवाने का अनुरोध किया। सचदेवा ने कहा है कि इस सिख गुरू साहिब के असहनीय अपमान के खिलाफ कल शुक्रवार 11 बजे दिल्ली भाजपा सिख प्रकोष्ठ के साथ ही मुख्य पार्टी के कार्यकर्ता आम आदमी पार्टी के कार्यालय के बाहर जोरदार और विरोध प्रदर्शन करेगी। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि आम आदमी पार्टी को यह समझ लेना चाहिए कि दिल्ली की जनता अब इनके दोहरे चरित्र, झूठे नैरेटिव और अपमान की राजनीति को पहचान चुकी है। विधानसभा को अपमान का मंच बनाने वालों को लोकतांत्रिक तरीके से करारा जवाब दिया जाएगा। ऐसे गौरवशाली समाज के सम्मान पर चोट करना आम आदमी पार्टी की ओछी राजनीति और सत्ता की हताशा का परिणाम है। आतिशी का बयान कोई भूल नहीं, बल्कि 'आप' की उस मानसिकता का प्रतिबिंब है जो बार-बार देश की आस्था, संस्कृति और सम्मानित समुदायों को निशाना बनाती आई है। पहले सनातन पर प्रहार, अब सिख समाज का अपमान—यह साबित करता है कि आम आदमी पार्टी का असली एजेंडा विकास नहीं, बल्कि समाज को तोड़कर राजनीति चमकाना है।

**● आतिशी की शर्मनाक मानसिकता के खिलाफ कल करेंगे प्रदर्शन**

## मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का बयान भगत सिंह का अपमान, आम आदमी पार्टी ने लगाए आरोप

भास्कर ब्यूरो

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के एक बयान को आम आदमी पार्टी ने शहीद भगत सिंह का अपमान बताया है। बुधवार को 'आप' के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली विधानसभा सदन के पटल से झूठ बोला कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान शहीद भगत सिंह ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ बम फेंका था। उन्होंने कहा कि पूरा देश जानता है कि अंग्रेज कितने क्रूर थे, मगर मुख्यमंत्री इसे नहीं मानती, क्योंकि उनकी सहानुभूति अंग्रेजों के प्रति है। विधानसभा के भीतर एक फांसी घर बना हुआ है मगर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि अंग्रेज फांसी दे ही नहीं सकते।

**इतिहास की जानकारी नहीं या जानबूझकर किया अपमान**

पूर्व कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने कहा कि सीएम बताएं कि उन्हें इतिहास की जानकारी ही नहीं है या फिर उन्होंने जानबूझ कर शहीदों का अपमान किया। पार्टी के विधायक दल के चीफ व्हिप संजीव झा ने कहा कि सदन में शहीदों का अपमान कर क्रूर अंग्रजी हुकूमत को बीजेपी सरकार बचा रही है।

**सीएम को शहीदों से मांगनी पड़ेगी माफी**

'आप' विधायक कुलदीप कुमार ने कहा कि सदन से निष्कासन का मतलब सदन की कार्यवाही से दूर रहना होता है, लेकिन यह हमें परिसर में भी घुसने नहीं दे रहे हैं। जरनैल सिंह ने कहा कि सीएम को शहीदों से माफी मांगनी पड़ेगी। वहीं बुधवार को सदन की कार्यवाही शुरू होते ही जंगपुरा से विधायक तरविंदर सिंह मारवाह ने मंगलवार को गुरु तेग बहादुर को लेकर नेता प्रतिपक्ष की ओर से दिए गए आपत्तिजनक बयान को लेकर बोलना शुरू किया। साथ ही मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा और अरविंदर सिंह लवली नेता प्रतिपक्ष पर कार्रवाई की मांग करने लगे।

## मुख्यमंत्री ने दिया दिल्ली के नागरिकों को दिया कौन सा भरोसा, बोलीं- जल्द करेंगे समाधान

भास्कर ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को राजनिवास मार्ग स्थित मुख्यमंत्री जनसेवा सदन में जनसुनवाई की। इस दौरान दिल्ली के विभिन्न इलाकों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं, शिकायतें और सुझाव मुख्यमंत्री के सामने रखे। सीएम ने अधिकारियों को समस्याओं के जल्द और समयबद्ध समाधान के सख्त निर्देश दिए। सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार सुशासन, पारदर्शिता और त्वरित समाधान के सिद्धांत पर काम कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक शिकायत पर नियमित फॉलो-अप का निर्देश दिया। जनसुनवाई के दौरान एक भावनात्मक और आत्मीय दृश्य देखने को मिला, जब छोटे बच्चों ने मुख्यमंत्री को फूल देकर स्वागत किया।



**सुनवाई में समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई हुई**

मुख्यमंत्री ने बच्चों से बातचीत की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान कई नागरिकों ने पहले से दर्ज शिकायतों के समाधान पर सीएम और दिल्ली सरकार का आभार भी जताया। नागरिकों का कहना था कि जनसुनवाई के माध्यम से उनकी समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई हुई है, जिससे सरकार के प्रति उनका भरोसा और मजबूत हुआ है।

**भारत की सबसे बड़ी शक्ति**

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली के छात्रों के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी में जो ऊर्जा, दृष्टि और राष्ट्र के प्रति समर्पण दिखाई देते हैं, वही भारत की सबसे बड़ी शक्ति है। उट ने कहा कि छात्रों का यह संकल्प इनोवेशन, परिश्रम और सकारात्मक सोच के साथ भारत को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है। दिल्ली के युवाओं की ऊर्जा, प्रतिभा और इनोवेशन की समझ ही सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित दिल्ली की आधारशिला है।

# डीसी ने योग शिविरों में बीपी, शुगर व जोड़ों के दर्द की जांच करने के निर्देश दिए

भास्कर ब्यूरो

रोहतक। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने आयुष विभाग को निर्देश दिए हैं कि योग शिविरों में भाग लेने वाले नागरिकों को मौके पर ही ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर तथा जोड़ों से संबंधित रोगों की जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जाए, ताकि सर्दी के मौसम में होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं का समय रहते समाधान किया जा सके। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने आयुष विभाग की मासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि आयुष विभाग को स्वास्थ्य विभाग की नव-प्रारंभित स्वास्थ्य वाहिनी पहल के साथ समन्वय बनाकर स्वास्थ्य जांच व निवारक स्वास्थ्य सेवाएं आमजन तक पहुंचानी चाहिए। उन्होंने कहा कि योग एवं आयुष पद्धतियों के माध्यम



से निवारक स्वास्थ्य देखभाल जन स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से इन पहलों में सक्रिय भागीदारी की अपील की। बैठक में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सतपाल, मुख्यमंत्री के गुड गवर्नेंस एसोसिएट तनुमय दत्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। उपायुक्त ने विशेष रूप से निर्देश दिए कि योग शिविरों में आने वाले वरिष्ठ नागरिकों पर विशेष ध्यान दिया जाए और उनके बीपी, शुगर व जोड़ों के दर्द की नियमित जांच की जाए। जांच के साथ-साथ आवश्यकतानुसार चिकित्सीय परामर्श एवं दवाइयां भी उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि आवश्यकता होने पर इन जांच सेवाओं के लिए नाममात्र शुल्क निर्धारित किया जा सकता है तथा विशेष आउटरीच अभियान के तहत रैंडम हेल्थ स्क्रीनिंग ड्राइव भी आयोजित की जाए। उन्होंने आयुष विभाग को औषधीय पौधों के रोपण को बढ़ावा देने के भी निर्देश दिए। आयुष ओपीडी सेवाओं की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि ओपीडी में आने वाले नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जिला में 68 आयुष ओपीडी केंद्रों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। उपायुक्त ने आयुष विभाग को योग के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने तथा इसे व्यायामशालाओं, आयुष आरोग्य मंदिरों, औषधालयों व विद्यालयों के माध्यम से प्रचारित करने के निर्देश दिए। आयुष योग प्रशिक्षकों को निर्देशित किया गया कि वे इन स्थानों पर विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का नियमित प्रदर्शन करें, ताकि अधिक से अधिक लोग जुड़ सकें और स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने विद्यालयों में योग प्रशिक्षण शुरू करने के लिए विभागीय योग प्रशिक्षकों के माध्यम से एक सुव्यवस्थित योजना तैयार करने के भी निर्देश दिए।

## कलानौर खुर्द व खेरड़ी में अवैध निर्माणों पर चला बुलडोजर



रोहतक। जिला प्रशासन द्वारा नियंत्रित एवं शहरी क्षेत्रों में अवैध रूप से किये जा रहे निर्माणों पर अंकुश लगाने के लिए नियमित रूप से चलाए जा रहे अभियान के तहत गांव कलानौर खुर्द व खेरड़ी में एक डीपीसी व एक अवैध निर्माण को गिराया गया। उपायुक्त ने कहा कि जिला में अवैध निर्माण अथवा अवैध कॉलोनियों को नहीं पनपने दिया जाएगा। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि अवैध निर्माण/कॉलोनी के विरुद्ध ये अभियान निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने नागरिकों का आह्वान किया कि वे अपने जीवन की कमाई को अवैध निर्माण या कॉलोनी में निवेश न करें। जिला नगर योजनाकार सुमनदीप ने भी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने जीवन की पूंजी अवैध निर्माणों या डीलर/भू-मालिकों द्वारा काटी जा रही अवैध कालोनियों में निवेश न करें।

# मधुमक्खी पालकों के लिए हरियाणा सरकार की बड़ी पहल

## भावांतर भरपाई योजना के तहत शहद का संरक्षित मूल्य 120 रुपये प्रति किलो तय

भास्कर ब्यूरो

रोहतक। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि हरियाणा सरकार ने प्रदेश के मधुमक्खी पालकों के हित में एक अहम कदम उठाते हुए भावांतर भरपाई योजना के तहत शहद का संरक्षित मूल्य 120 रुपये प्रति किलोग्राम निर्धारित किया है। इस पहल से मधुमक्खी पालकों को उनके उत्पाद का उचित मूल्य सुनिश्चित होगा और उनकी आय में स्थायित्व आएगा। उपायुक्त ने बताया कि हरियाणा सरकार की शहद का संरक्षित मूल्य निर्धारित करने की यह पहल मधुमक्खी पालकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के साथ-साथ राज्य में शहद उत्पादन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। उन्होंने मधुमक्खी पालकों का आह्वान किया है कि वे योजना का लाभ उठाने के लिए मधुक्रांति पोर्टल madhukranti.in तथा भावांतर भरपाई योजना पोर्टल (शहद) hortharyana.gov.in पर पंजीकरण अवश्य करवाये। सत्यापन की अवधि आगामी 30 जून 2026 तक निर्धारित की गई है। प्रत्येक बक्से पर परिवार पहचान पत्र के अंतिम चार अंक तथा बक्सा नंबर अंकित करना अनिवार्य होगा। अधिक जानकारी के लिए रामनगर स्थित आई.बी.डी.सी. के उद्यान उप-निदेशक के फोन नंबर 70820-09127 पर संपर्क किया जा सकता है अथवा संबंधित जिला उद्यान अधिकारी से भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## गणतंत्र दिवस के पर होंगे समारोह : उपायुक्त

भास्कर ब्यूरो

रोहतक। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। जिला स्तर के अलावा उपमंडल स्तरों पर भी गणतंत्र दिवस समारोह होंगे। जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपब्धियां हासिल करने वाले एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले महानुभावों/गैर सरकारी संगठनों को सम्मानित किया जायेगा। सभी विभाग व गैर सरकारी संगठन 10 जनवरी तक निर्धारित प्रोफार्मा में ऑनलाइन सिफारिशें भिजवाये। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि 26 जनवरी को स्थानीय राजीव गांधी खेल स्टेडियम में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। सभी विभाग अपने कार्यालय से उत्कृष्ट कार्य करने वाले कम से कम एक अधिकारी/कर्मचारी की सिफारिश निर्धारित प्रोफार्मा में भरकर 10 जनवरी 2026 तक उपायुक्त कार्यालय की मेल आईडी dcroh@hry.nic.in व awards.rohtak@gmail.com पर ऑनलाइन भिजवाये।

विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले गैर सरकारी संगठन भी प्रशंसा पत्रों के लिए प्रोफार्मा में पूरा विवरण भरकर 10 जनवरी तक उपरोक्त मेल आईडी पर ऑनलाइन सिफारिशें भिजवा सकते है।

उन्होंने स्पष्ट किया केवल ऑनलाइन सिफारिशें ही स्वीकार की जाएगी तथा निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त होने वाली किसी सिफारिश को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

## खेड़ा खलीलपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

गुरुग्राम। लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और उन्हें निशुल्क व जरूरी आवश्यक दवाएं मुहैया कराए जाने के क्रम में गुरुवार को बीपीसीएल समर्थित "जन आरोग्यम" सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत, बिस्नौली सर्वोदय ग्रामोद्योग सेवा संस्थान (बीएसजीएसएस) ने गुरुवार को ग्राम खेड़ा खलीलपुर, जिला नूहं में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। जिसमें डॉक्टरों और तकनीशियनों की एक टीम ने 217 लोगों की विभिन्न स्वास्थ्य जांच की। एनीमिया, मधुमेह और उच्च रक्तचाप की जांच पर विशेष ध्यान दिया गया, जिसमें हृदय रोग (सीवीडी) भी शामिल थे। रक्त परीक्षण के साथ-साथ रक्तचाप, ऑक्सीजन संतृप्ति स्तर, ईसीजी आदि की भी जांच की गई। इसके अलावा लोगों को दवाइयां, पोषण पूरक और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले उत्पाद निःशुल्क वितरित किए गए।

# महिला कौशल विकास से मजबूत होगा विकसित भारत : जयंत चौधरी

भास्कर ब्यूरो

पानीपत। भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने गुरुवार को पानीपत के राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (महिला), परिसर में नवनिर्मित अत्याधुनिक बालिका छात्रावास का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं को सुरक्षित आवास, गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण और उद्योग आधारित कौशल उपलब्ध कराने के लिए लगातार काम कर रही है। मंत्री ने कहा कि जब युवा महिलाएं बिना किसी रुकावट के तकनीकी शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करती हैं, तो देश की विकास यात्रा और अधिक सशक्त होती है। हरियाणा प्रतिभा, ऊर्जा और खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जाना जाता है और यहां की बेटियां देश का नाम रोशन कर रही हैं। नया छात्रावास अधिक से



- एआई की नई विधि के लिया पीढ़ी को होना होगा तैयार

अधिक छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ उच्च कौशल वाले करियर की ओर बढने में मदद करेगा। मंत्री जयंत चौधरी ने कहा,सरकार औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को मजबूत करने के लिए 60 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी योजना चला रही है। इस योजना से प्रशिक्षण की गुणवत्ता बढ़ेगी और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। न्होंने बताया कि इस योजना के तहत पांच औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का एक समूह (क्लस्टर) बनाया गया है, जिससे संसाधनों का बेहतर उपयोग हो सके। उन्होंने कहा कि पाठ्यक्रम तैयार करते समय यह सुनिश्चित किया जाएगा कि उद्योग को किस प्रकार की दक्षता चाहिए। इससे छात्रों की गुणवत्ता बढ़ेगी, उद्योग को कुशल कार्यबल मिलेगा और रोजगार की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। जयंत चौधरी ने जानकारी दी कि पलवल, कुरुक्षेत्र और सोनीपत को प्रमुख समूहों के रूप में चुना गया है और औद्योगिक प्रशिक्षण क्षेत्र में बड़े स्तर पर निवेश किया जाएगा। उन्होंने उद्योग जगत से इस पहल में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान भी किया। कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लिए कौशल तत्परता (एसओएआर) - स्किल द नेशन अभियान का उल्लेख करते हुए छात्राओं से इसमें सक्रिय भागीदारी करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता सीखना हर क्षेत्र में नए अवसर खोलता है और युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करता है। इस अवसर पर प्रशिक्षण महानिदेशालय के उप महानिदेशक सुनील कुमार गुप्ता, हरियाणा क्षेत्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता निदेशालय के क्षेत्रीय निदेशक सुशील कुमार अग्रवाल, सहायक निदेकश यश गर्ग, राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (महिला) की प्रचार्या और सहायक निदेशक बबीता, हरियाणा कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के अतिरिक्त निदेशक संजीव शर्मा, आईटीआई के प्रिंसीपल डॉ. कृष्ण कुमार तथा वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षक, प्रशिक्षु छात्राएं एवं स्थानीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पहुंचने पर भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी को विभाग की ओर से महानिदेशालय के उप महानिदेशक सुनील कुमार ने स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

इस अवसर पर मंत्री जयंत चौधारी ने नवनिर्मित छात्रावास का अवलोकन भी किया। उन्होंने परिसर में पौधारोपण भी किया।

# फाउंडेशन डे पर मनोविज्ञान विभाग में यज्ञ आयोजित



भास्कर ब्यूरो/रोहतक। फाउंडेशन डे के उपलक्ष्य में एमडीयू के मनोविज्ञान विभाग में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें विभाग के सभी शिक्षक, गैर-शिक्षक कर्मियों तथा विद्यार्थियों ने भाग लिया। यज्ञ के यजमान विभाग के कार्यालय लिपिक देवेंद्र कुमार रहे। मातुराम यज्ञशाला समिति के अध्यक्ष आर्य आकाश हुड्डा तथा यज्ञ के पुरोहित आर्य मंदीप द्वारा विधिवत यज्ञ संपन्न कराया गया। विभागाध्यक्ष प्रो. अंजलि मलिक ने कहा कि यज्ञ केवल परंपरा नहीं, बल्कि एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है, जिसका आत्मिक एवं मानसिक उन्नति पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने फाउंडेशन डे की शुभकामनाएं देते हुए सभी के मंगलमय भविष्य की कामना की। यज्ञ उपरांत प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान प्रो. शालिनी सिंह, प्रो. दीप्ति हुड्डा, प्रो. सर्वदीप कोहली, डॉ. शशि रश्मि एवं डॉ. बिंदु कुमारी सहित अन्य मौजूद रहे।




# पुलिस मुठभेड में गोली लगने से घायल हुआ फायरिंग का आरोपित

## पुलिस ने बदमाश के कब्जे से एक तमंचा, एक बाइक की बरामद, महिला के घर फायरिंग कर दहशत फैलाने में वांछित था आरोपित



**भास्कर ब्यूरो**
**कांधला।** गांव इस्सोपुर टील में महिला के घर पर फायरिंग कर दहशत व दबंगता दिखाने के मामले में कांधला पुलिस ने एक आरोपित को मुठभेड के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड के दौरान पुलिस की गोली लगने से आरोपित घायल हो गया जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने एक तमंचा, कारतूस, खोखा व पल्सर बाइक भी बरामद की है। इस मामले में तीन अन्य आरोपित अभी फरार है।
कांधला क्षेत्र के गांव इस्सोपुर टील निवासी ममता उर्फ मोनी पत्नी रतन के घर पर बुधवार की सुबह उसी के गांव के चार आरोपितों द्वारा दबंगता दिखाते हुए जान से मारने के नीयत से फायरिंग की थी। पीडिता ने आरोपितों के खिलाफ कांधला थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एसपी ने भी मामले का संज्ञान लेते हुए आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश दिए थे। बुधवार की देर रात कांधला थाना प्रभारी सतीश कुमार व अन्य पुलिसकर्मियों ने चेकिंग के दौरान फायरिंग करने के एक आरोपित को गंगेरू रोड पर मुठभेड के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की गोली लगने से आरोपित मनेन्द्र उर्फ कल्लू पुत्र फैला घायल हो गया। पुलिस ने आरोपित के पास से एक तमंचा, कारतूस, खोखा व एक पल्सर बाइक भी बरामद की है। पुलिस ने घायल आरोपित को उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया है। एसएसपी सुमित शुक्ला ने बताया कि घायल आरोपित को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, उसके अन्य तीन साथियों की भी तलाश की जा रही है जिन्हें जल्द ही पकड लिया जाएगा।

### फायरिंग प्रकरण में पीड़िता ने दी परिवार सहित आत्महत्या की चेतावनी, सीएम से की शिकायत



कांधला। थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील में हुई फायरिंग प्रकरण में पीड़ित की पत्नी ने वीडियो वायरल कर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ सहित उच्च अधिकारियों को शिकायत की है। न्याय ना मिलने पर अपने परिवार सहित आत्महत्या की चेतावनी दी है। थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील निवासी रतन सिंह की दस वर्ष पूर्व यमुना नदी में डूबकर मौत हो गई थी। रतन की पत्नी मोनिका उर्फ मोदी ने गांव के ही रविंद्र पुत्र पालेराम से शादी कर ली थी, तभी से गांव के ही फाले सिंह का परिवार पीड़ित के परिवार से रंजिश रखता है। कई दिन पूर्व फाले सिंह के पुत्र मनेन्द्र मोनिका उर्फ मोनी के घर पर फायरिंग कर दी थी। पीड़िता ने एसपी शामली को शिकायत कर कार्रवाई की मांग की थी। पीड़िता ने गुरुवार को वीडियो वायरल करते हुए आरोप लगाया कि पुलिस में तैनात सुरेंद्र ने अपने साथियों बृजेश, पंकज सहित कई अन्य लोगों के साथ मिलकर बुधवार की दोपहर पुलिस के सामने ही पीड़िता के पति पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की थी। सभी लोग फायरिंग करते हुए मौके से फरार हो गए थे। पीड़िता ने वीडियो वायरल करते हुए चेतावनी दी है कि अगर पीड़िता को 24 घंटे में न्याय नहीं मिला तो वह अपने दोनों बच्चों के साथ मिलकर आत्महत्या कर लेगी।

# दो युवकों पर जानलेवा हमला, दी तन सिर से जुदा करने की धमकी

## पीडित ने 70 हजार रुपए व सोने की चैन लूट ले जाने का लगाया आरोप





**भास्कर ब्यूरो**
**शामली।** शहर के माजरा रोड पर खाना खाने आए दो युवकों पर आधा दर्जन से अधिक हमलावरों ने हमला कर उसे बुरी तरह घायल कर दिया तथा सर तन से जुदा करने की धमकी देकर फरार हो गए। घटना से मौके पर अफरातफरी मच गयी। सूचना पर आदर्श मंडी पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायल को उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया। पीडित का आरोप है कि हमलावर उससे 70 हजार रुपये नकदी व सोने की चेन भी लूट ले गए हैं। पुलिस ने 8-10 अज्ञात युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।
शहर के मौहल्ला ब्राह्मणान निवासी दीपक बंसल अपने साथी जितिन के साथ अपनी दुकान बंद करने के बाद माजरा रोड पर खाना खाने के लिए आया था। इसी दौरान वहां पर बुलेट सवार दो युवक पहुंचे तथा दीपक के साथ गाली गलौच शुरू कर दी जिसका दीपक ने विरोध किया, उस समय तो मामला शांत हो गया, लेकिन करीब दस मिनट के बाद ही वहां आठ-दस युवक पिस्टल, लाठी, डंडे लेकर पहुंच गए तथा दीपक व जितिन पर हमला बोल दिया जिसमें दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे जिन्हें देखकर आरोपित गोली मारने व सर तन से जुदा करने की धमकी देकर फरार हो गए। सूचना मिलते ही आदर्श मंडी पुलिस मौके पर पहुंच तथा घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पीडित दीपक बंसल ने आदर्श मंडी थाना में अज्ञात युवकों के खिलाफ दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालकर हमलावरों की पहचान शुरू कर दी है।

# सड़क हादसे में किसान की मौत, तीन घायल

## आर्यपुरी बाईपास के निकट हुई बाइकों की भिड़ंत हादसे से मृतक के परिजनों में कोहराम



**भास्कर ब्यूरो**
**कैराना।** आर्यपुरी बाईपास के निकट हाईवे के कट पर दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। हादसे में एक किसान की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। नगर के मोहल्ला आर्यपुरी निवासी कासिम (45) का खेत भूराकृजगनपुर रजवाहा की पटरी के निकट स्थित है। गुरुवार दोपहर करीब ढ़ाई बजे किसान अपने भाई राशिद के साथ बाइक पर सवार होकर खेत के लिए जा रहा था। आर्यपुरी बाईपास के निकट हाईवे के कट से जैसे ही किसान बाइक क्रॉस कर रहा था, तभी वहां से गुजर रही तेज रफ्तार बाइक से भिड़ंत हो गई। हादसे में कासिम, उसका भाई राशिद के अलावा दूसरी बाइक पर सवार शुभम निवासी विद्यानगर कॉलोनी पानीपत हरियाणा व मोनू निवासी सहारनपुर घायल हो गया। राहगीरों की मदद से घायलों को उपचार के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां से कासिम को गंभीर हालत के चलते रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन घायल को लेकर पानीपत हॉस्पिटल ले रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। परिजन शव को लेकर कोतवाली में पहुंचे। जहां से उन्हें सीएचसी भेजा गया। सीएचसी में चिकित्सकों ने कासिम को मृत घोषित कर दिया। बाकी तीनों घायलों को उपचार दिया गया। वहीं, किसान की मौत के बाद अस्पताल में परिजनों और मोहल्लेवासियों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि किसान के दो बेटे और एक बेटी है। हादसे से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस का कहना है कि तहरीर आने के बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# शामली की विद्युत समस्याओं को लेकर मुखर हुए भवन विधायक अशरफ अली खान

### लखनऊ में सार्वजनिक उपक्रम व नगर संयुक्त समिति की बैठक में हुए सम्मिलित



**भास्कर ब्यूरो**
**जलालाबाद।** गुरुवार को लखनऊ में सार्वजनिक उपक्रम एवं नगर संयुक्त समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें नवनिर्वाचित सदस्य एवं थानाभवन विधायक अशरफ अली खान ने सक्रिय रूप से भाग लिया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश भर में व्याप्त विभिन्न विद्युत समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।
बैठक में विभिन्न सार्वजनिक उपक्रमों एवं निगमों से संबंधित विषयों पर विस्तृत समीक्षा एवं विचार-विमर्श किया गया। समिति के समक्ष पूर्व वर्षों की ऑडिट रिपोर्ट, निगमों की कार्यप्रगति, वित्तीय स्थिति तथा भावी योजनाओं से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर थानाभवन विधायक अशरफ अली खान ने शामली जनपद की प्रमुख विद्युत समस्याओं को मजबूती से उठाया। विशेष रूप से आवासीय क्षेत्रों के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइनों को स्थानांतरित किए जाने की समस्या को गंभीरता से उठाते हुए इसे जनसुरक्षा से जुड़ा अहम विषय बताया, उन्होंने क्षेत्र में बार-बार हो रही बिजली कटौती, लो-वोल्टेज की समस्या, जर्जर विद्युत लाइनों, ट्रांसफार्मरों की कमी तथा समय पर समस्या का समाधान व मरम्मत कार्य न होने जैसे मुद्दों को समिति के समक्ष रखा। विधायक अशरफ अली खान ने कहा कि विद्युत व्यवस्था की खराब स्थिति से आम जनता, किसान, व्यापारी और उद्योग सभी प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने शामली जिले में विद्युत आपूर्ति को सुचारु करने, पुराने उपकरणों को बदलने तथा पर्याप्त ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने की मांग रखी। समिति के समक्ष रखे गए प्रस्तावों पर संबंधित विद्युत अधिकारियों ने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। बैठक में प्रदेश की विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए ठोस कदम उठाने पर भी सहमति बनी। थानाभवन विधायक अशरफ अली खान की इस पहल से क्षेत्रवासियों में उम्मीद जगी है कि जल्द ही शामली जिले में लाइन लॉस, लो वोल्टेज और ट्रांसफार्मर आदि की विद्युत समस्याओं का समाधान होगा।

# चाचा की हत्या में भतीजे समेत दो दोषियों को उम्रकैद

### एडीजे एससी/एसटी कोर्ट ने सुनाया फैसला, 20-20 हजार का लगाया अर्थदंड

**भास्कर ब्यूरो**
**कैराना।** जमीन हड़पने के लिए चाचा की हत्या करने के मामले में एडीजे एससी/एसटी कोर्ट ने मृतक के भतीजे समेत दो आरोपियों को दोषी करार दिया। दोषियों को आजीवन कारावास और 20-20 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अशोक कुमार पुंडीर ने बताया कि शामली कोतवाली पर गांव लांक निवासी विनोद ने मुकदमा दर्ज कराया था। बताया था कि वह चार भाई है, जिनमें वेदपाल व अजीत अविवाहित थे तथा वे दोनों एक साथ रहकर खेती करते थे। उसके बड़े भाई किरणपाल के लड़के मोनू की नियत वेदपाल व अजीत की जमीन हड़पने के लिए थी। इसी के चलते वेदपाल को पूर्व में जान से मारने की धमकी दी गई थी। 20 मई 2020 की रात्रि करीब साढ़े नौ बजे वेदपाल के सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसके बाद किसी अन्य द्वारा गोली मारने का शोर मचाया गया। हत्याकांड में मोनू व सागर निवासी गांव लांक को आरोपी बनाया गया था। पुलिस ने विवेचना पूर्ण करने के पश्चात आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल कर दिया था। अभियोजन पक्ष की ओर से कोर्ट में दस गवाह पेश किए गए। गुरुवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एससी/एसटी कोर्ट) सुरेन्द्र कुमार राय ने दोनों पक्षों की दलील सुनने एवं पत्रावलियों का अवलोकन करने के पश्चात उपरोक्त दोनों आरोपियों को दोषी कर दिया, जिन्हें आजीवन कारावास व 20कृ20 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गई। अर्थदंड अदा नहीं करने पर तीनकृतीन माह के अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

## बाल विवाह रोकने को छात्र-छात्राओं ने ली शपथ

**भास्कर ब्यूरो शामली।** शहर के श्री सत्यनारायण इंटर कालेज में गुरुवार को बाल विवाह के दुष्परिणामों पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने बाल विवाह से होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराया, साथ ही छात्र-छात्राओं को बाल विवाह रोकने में सहयोग देने की शपथ भी दिलाई गई। गुरुवार को कालेज में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि बाल विवाह एक अभिशाप है जिस आयु के बच्चों को शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए उस आयु में उनका विवाह कर देना एक बड़ी कुप्रथा है, सरकार ने बाल विवाह को लेकर कडा कानून भी बनाया है, किन्तु सामाजिक सहयोग के बिना इसे रोकना सम्भव नहीं है। छात्र-छात्राओं को भी इसके लिए विशेष रूप से जागरूक करना आवश्यक है।

# 21 मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

### महिला कल्याण विभाग द्वारा कलेक्ट्रेट में सम्मान समारोह का आयोजन

**भास्कर ब्यूरो**



**शामली।** गुरुवार को कलेक्ट्रेट में शैक्षिक सत्र 2024-25 में यूपी बोर्ड हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट में सर्वोच्च स्थान हासिल करने वाली छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 21 मेधावी छात्राओं को प्रमाण पत्र, कैप व टीशर्ट प्रदान कर सम्मानित किया गया।
गुरुवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित सम्मान समारोह में एमएलसी वीरेन्द्र सिंह, सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, एडीएम सत्येन्द्र सिंह व एसडीएम न्यायिक हामिद हुसैन ने संयुक्त रूप से शैक्षिक सत्र 2024-25 में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाली 21 मेधावी छात्राओं को बेटी बचाओ बेटी पढाओ प्रमाण पत्र, कैप व टीशर्ट प्रदान कर सम्मानित किया। एमएलसी वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि आज लड़कियां हर क्षेत्र में नाम रोशन कर रही है। प्रदेश में कानून व्यवस्था बहुत अच्छी हुई है आज किसी की हिम्मत नहीं की कोई बहन बेटी की तरफ आंख उठाकर भी देख सके। शामली विधायक प्रसन्न चौधरी ने कहा कि एक समय था जब बेटियों को पढ़ने नहीं दिया जाता था। आज समय बदल गया है आज हर घर की बेटी पढ़ रही है। उन्होंने कहा कि बेटियां पढ़ेगी तो देश का विकास होगा। एडीएम सत्येन्द्र सिंह ने मेधावी छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि बच्चों की सफलता के पीछे उनके माता-पिता और उनके शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि कक्षा-12 के बाद आपको करियर विकल्प चुनना होता है आपको जिस भी क्षेत्र में जाना है उसके लिए आपको तैयारी करनी होती है। उन्होंने कहा कि करियर विकल्प ध्यानपूर्वक चुने क्योंकि कभी-कभी आदमी की विफलता उसके द्वारा लिए गए निर्णय से होती है। छात्राएं मेहनत से पढाई कर अपने माता-पिता, परिवार व जनपद का नाम रोशन करें। एसडीएम न्यायिक हामिद हुसैन ने बताया कि कक्षा-10 एवं कक्षा-12 की 21 प्रत्येक मेधावी छात्राओं को रुपए 5 हजार की धनराशि जिसमें कक्षा 12 की जनपद टॉपर 1 मेधावी छात्रा रिया को 10 हजार की धनराशि उनके खाते में हस्तांतरित की जाएगी। कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग से अजरा, सदफ, जेंडर स्पेशलिस्ट कुलदीप शर्मा, पूजा गिरी, श्रीकांत, राहुल सहित सभी मेधावी छात्राओं के अभिभावक और उनका स्कूल स्टाफ मौजूद रहा। इस अवसर पर एमएलसी वीरेन्द्र सिंह ने बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई गई। मंच का संचालन अनुराग शर्मा ने किया।

### इन छात्राओं को किया गया सम्मानित

शामली। इंटरमीडिएट में रिया, खुशी मलिक, खुशी शर्मा, शुभ्रा चौधरी, जानवी चौधरी, सुरभि राजपूत, हिमानी पवार, शगुन चौधरी, पूर्वा मालिक, रिया शर्मा, कनिका वर्मा को सम्मानित किया गया वहीं हाईस्कूल में अर्पण, बुशरा सैफी, एकता, भूमिका, अंशिका वर्मा, अनुका, गेरी जैन, वंशिका चौहान, वंशिका अफशा को सम्मानित किया गया।

## ठग ने महिला को जाल में फंसाकर लाखों रुपए ठगे, मुकदमा दर्ज

**भास्कर ब्यूरो कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना निवासी महिला से एक ठग ने अपनी बातों में फंसा कर एक लाख रुपए से ऊपर की नगदी ठग ली। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। असदपुर जिडाना निवासी महिला मीरा पुत्री राजवीर ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि 4 नवंबर 25 को पीड़िता के फोन पर एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया था। उक्त व्यक्ति ने बताया कि आपका आपके पति के साथ विवाद चल रहा है और आपके तीन बच्चे भी हैं, मैं आपसे शादी करना चाहता हूं, मेरी पत्नी भी मुझे छोड़कर मेरे अधिकारी के साथ चली गई है। आरोप है कि उक्त व्यक्ति ने अपने आप को मर्चेंट नेवी में कर्मचारी बताते हुए बताया था कि उसके पास काफी सारे जेवर है और वह फ्लाइट से दिल्ली आ रहा है। पीड़िता का आरोप है कि अगले दिन उक्त व्यक्ति का फोन आया कि मुझे हवाई अड्डे पर कस्टम विभाग ने पकड़ लिया है जो गहनों के बदले मुझसे दो लाख रुपए की मांग कर रहे है। पीड़िता उक्त व्यक्ति के झांसे में आ गई और उक्त व्यक्ति के खाते में एक लाख चार हजार रुपए की रकम डलवा दी। पीड़िता को अपने साथ ठगी का एहसास हुआ।

## अध्यक्ष व महासचिव पद समेत 19 नामांकन दाखिल

**भास्कर ब्यूरो**
**कैराना।** बार एसोसिएशन कैराना के वार्षिक चुनाव हेतु नामांकन के प्रथम दिन अध्यक्ष एवं महासचिव पद समेत अन्य पदों के लिए 19 नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। शुक्रवार को नामांकन जमा करने का अंतिम दिन हैं। बार एसोसिएशन कैराना की वर्ष 2026 की नई कार्यकारिणी के गठन हेतु गुरुवार को एल्डर कमेटी के सत्यवीर सिंह शर्मा, ब्रह्मपाल सिंह चौहान, ब्रह्म सिंह, चौधरी रियासत अली, ओमप्रकाश चौहान व शगुन मित्तल एडवोकेट की देखरेख में बार भवन में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई। प्रथम दिन जहां नामांकन पत्रों की बिक्री हुई, वहीं प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल भी किए गए। एल्डर कमेटी ने बताया कि अध्यक्ष पद पर अवनीश कुमार व शैलेन्द्र चौधरी तथा महासचिव पद पर अफसर अली व शहजाद अहमद ने नामांकन पत्र जमा किए हैं। इनके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु सतपाल सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर जयदीप सिंह चौहान, सहसचिव प्रशासनिक पद पर जानशेर अली, सहसचिव पुस्तकालय पद पर अदनान, कोषाध्यक्ष पद पर राकेश कुमार प्रजापति, वरिष्ठ सदस्य पद पर खड़क सिंह चौहान, विकास कुमार, कनिष्ठ सदस्य पद पर आकाश भारद्वाज, अमीर अहमद, दुष्यंत भार्गव, कृष्णा गौत्रा, खालिद अली, महताब, राहुल, तहसीम अहमद ने अपने अपने नामांकन दाखिल किए हैं। शुक्रवार को प्रातरू 11 बजे से दोपहर दो बजे तक नामांकन पत्रों की बिक्री व जमा करने का अंतिम दिन है। 12 जनवरी को नामांकन पत्रों की जांच होगी।

# तीन इंटर कालेजों में सौर ऊर्जा पैनल का कैराना सांसद ने किया लोकार्पण

## पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल द्वारा कराए गए कार्य को सहारा, कहा जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों को ऐसे विद्यालयों पर देना चाहिए ध्यान



**भास्कर ब्यूरो**
**शामली।** शहर के हिन्दू कन्या इंटर कालेज, जैन कन्या इंटर कालेज व आरडी इंटर कालेज सिक्का सिलावर में पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल द्वारा लगवाए गए सौर ऊर्जा पैनलों का गुरुवार को कैराना सांसद इकरा हसन ने लोकार्पण किया। इकरा हसन ने कहा कि जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों को ऐसे विद्यालयों में ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है जहां मध्यम एवं गरीब परिवारों के बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं।
पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल द्वारा शहर के हिन्दू कन्या इंटर कालेज में 15 किलो वाट, जैन कन्या इंटर कालेज में 10 किलो वाट व आरडी इंटर कालेज सिक्का सिलावर में 10 किलो वाट के पैनल लगवाए गए हैं। गुरुवार को कैराना सांसद इकरा हसन ने इन पैनलों का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि जो परिवार संपन्न हैं वो अपने बच्चों को महंगे प्राइवेट स्कूलों में पढाते हैं जबकि माध्यमिक एवं सरकारी स्कूलों में पढाई कम नहीं होती, इन विद्यालयों में मध्यम एवं गरीब परिवारों के बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं। जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों को ऐसे विद्यालयों में ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि हम सब मिलकर इन विद्यालयों में पढने वाले बच्चों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा मुहैया करा सके। पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल ने जनपद में कई विद्यालयों में बच्चों के हित में कराए जा रहे कार्यों की जानकारी दी तथा आगे भी ऐसे कार्य जारी रखने का आश्वासन दिया। राजेश्वर बंसल ने आरडी इंटर कालेज में पढने वाली आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं को कालेज में आने जाने के लिए 26 साइकिलें व कालेज में आधुनिक कंप्यूटर लैब तैयार कराने की भी घोषणा की। इस अवसर पर प्रबंध समिति अध्यक्षर विक्रम सिंह, आरडी इंटर कालेज सिक्का सिलावर के प्रबंधक प्रवीण तरार, जैन कन्या इंटर कालेज के प्रबंधक वीरेन्द्र जैन, प्रधानाचार्या रूचिता ढाका, हिन्दू कन्या इंटर कालेज के प्रबंधक मनीष कुमार संगल, डीएवी इंटर कालेज ऊन के प्रबंधक शांतनु मित्तल, प्रधानाचार्य हरविन्द्र सिंह, शैलेन्द्र मित्तल, रणदीप मलिक, ऋषिपाल सिंह, वीरपाल सिंह, संजीव कुमार प्रधान धनैना, डा. चयन सिंह पुंडीर, बिजेन्द्र पाल शर्मा, ओमवीर सिंह, स्वदेश पाल तरार, अरविन्द शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

# सार सुर्खियां

## पशुचर की भूमि पर अतिक्रमण कर मिटटी बेचने का आरोप

जलालाबाद। जलालाबाद क्षेत्र के गांव चन्देना माल निवासी मैनपाल पुत्र महिपाल द्वारा मुख्यमंत्री को षिकायती पत्र भेजकर गांव के ही बुच्चा पुत्र लेखू पर गांव मे पशुचरान की भूमि पर कब्जा कर वहां से दो फीट तक मिटटी बेचने का आरोप लगाते हुए कार्यवाई की मांग की थी मामले की जांच हल्का लेखपाल विशू कुमार को दी गई थी परन्तु शिकायत कर्ता का आरोप है कि हल्का लेखपाल द्वारा मौके पर जाये बगैर ही मामले मे फाइनल रिर्पोट लगा दी गई कि जांच मे उक्त खसरा न0 182 जिसका रकबा 0.1020 जो राजस्व अभिलेखो मे प्शुचर मे दर्ज है। उस पर मौके पर जांच की गई तो वहहा से कोई मिटटी नही उठाये गई है। जबकि शिकायत कर्ता द्वारा मिडिया को मौके की विडियो बनाकर दिखाया कि किस प्रकार से उक्त स्थान से बडे पैमाने पर मिटटी का खनन किया गया है। इस सम्बन्ध मे हल्का लेखपाल विशू से बात की गई तो उनका कहना था कि अगर मिटटी उठाई गई है तो आरोपी से रायल्टी वसूली जायेगी जबकि मुख्यमंत्री पोर्टल की शिकायत पर गलत रिर्पोट लगाने के सवसल पर उन्होने फोन काट दिया। उक्त मामले मे मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायतो को अधिकारी किस प्रकार से निपटा रहे यह उसका जीता जागता उदाहरण है ।

## ठंड में स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए किया प्रेरित



थानाभवन। गुरुवार को कस्बा स्थित कालेज में जर्सी एवं चश्मा वितरण, छात्राओं के स्वास्थ्य तथा प्रीबोर्ड परीक्षा को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कालेज के निर्धन कोष के माध्यम से कालेज की 150 निर्धन छात्राओं को जर्सियों का वितरण किया गया। प्रधानाचार्या डा. पूजा मलिक ने छात्राओं को सर्दी से बचाव के आवश्यक उपायों पर जानकारी देते हुए उन्हें स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद कालेज की उन छात्राओं, जिनकी दृष्टि कमजोर पाई गई थी, को चश्मों का वितरण भी किया गया। छात्राओं की आंखों की जांच पूर्व में सरकारी अस्पताल में कराई गई थी, तथा चिकित्सकीय परामर्श के आधार पर आवश्यक चश्मे उपलब्ध कराए गए ताकि छात्राओं को पढाई के दौरान कोई परेशानी न हो। इसके अतिरिक्त प्रधानाचार्या ने 9 जनवरी से प्रारंभ हो रही प्री-बोर्ड परीक्षाओं के संबंध में छात्राओं को आवश्यक टिप्स दिए। इस अवसर पर रिंकी सिंह, पूनम गोयल, नीलम, गीता सिंह, अंशु सुमन, प्रेमलता सैनी, सौरभ, ललित सहित कालेज का स्टाफ भी मौजूद रहा।

## ठंड से बचाव को 101 जरूरतमंदों को बांटी निशुल्क जैकेट



शामली। लायंस क्लब शामली सिनर्जी द्वारा कडाके की ठंड को देखते हुए 101 जरूरतमंदों को निशुल्क जैकेट वितरित की। गुरुवार को क्लब द्वारा जैन धर्मशाला में कडाके की ठंड को देखते हुए निशुल्क जैकेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ लायन संजय संगल ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर 101 जरूरतमंद लोगों को जैकेट का वितरण किया गया। क्लब अध्यक्ष डा. अजय वर्मा प्रतीक गर्ग, भारत संगल, सिद्धार्थ गर्ग, रूचिर संगल, निशांत गर्ग, तुषार धवन, मोहित कांबोज, वैभव गुप्ता, विश्वास कुमार, अमन शर्मा, शिवम विश्वकर्मा, पुनीत जैन, प्रियांक गोयल, अनंत गुप्ता, शिवम अरोडा आदि भी मौजूद रहे।

## दभेड़ीखुर्द में मनरेगा में फजीवड़े का आरोप

कैराना। दभेड़ीखुर्द के पूर्व प्रधान ने मनरेगा योजना के तहत फजीर्वाड़े का आरोप लगाया है। मामले में आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत की गई है। गांव दभेड़ीखुर्द के पूर्व प्रधान व भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिला महामंत्री चौधरी मुंशाद अली चौहान ने आईजीआरएस पर शिकायत की है। आरोप है कि उनके गांव में प्रधान द्वारा मनरेगा योजना में बड़ा फजीर्वाड़ा किया गया है। पतिकृपत्नी और बच्चे के अलगकृअलग जॉब कार्ड बनाकर 100 दिन से अधिक रोजगार लिया जा रहा है। जबकि नियम यह है कि एक परिवार 100 दिन से अधिक रोजगार नहीं ले सका है।

## बाल लीलाओं और कालिया नाग उद्धार का किया वर्णन

झिंझाना। कस्बे में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के अंतर्गत आज के दिन कथा स्थल पर भक्तिमय और उल्लासपूर्ण वातावरण देखने को मिला। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का मनोहारी और भावपूर्ण वर्णन किया गया, कथावाचक ने बताया कि किस प्रकार कालिया नाग के विष से यमुना का जल विषैला हो गया था, जिससे ब्रजवासियों का जीवन संकट में पड़ गया था। भगवान कृष्ण ने अपनी लीला के माध्यम से कालिया नाग के अहंकार को समाप्त किया और उसे यमुना से बाहर भेजकर जीवनदान दिया। इस प्रसंग के माध्यम से कथावाचक ने यह संदेश दिया कि अहंकार और अधर्म का अंत निश्चित है तथा करुणा और भक्ति से ही मुक्ति संभव है।

## दुष्कर्म और धोखाधड़ी में एक आरोपी गिरफ्तार

कैराना। दुष्कर्म करने तथा अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर धोखाधड़ी से जमीन नाम कराने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया। क्षेत्र में एक महिला के साथ दुष्कर्म की घटना प्रकाश में आई थी। पीड़िता का आरोप था कि आरोपी ने उसकी अश्लील वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी देते हुए धोखाधड़ी से जमीन को अपने नाम करा लिया। इस मामले में गत 29 दिसंबर को तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। गुरुवार को पुलिस ने उक्त घटना में मुकरिम निवासी गांव गोगवान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है।

## महिला सुरक्षा व साइबर अपराध को लेकर किया जागरूक

शामली। महिलाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण और साइबर अपराधों से बचाव को लेकर मिशन शक्ति अभियान के तहत गुरुवार को पुलिस ने जिलेभर में जागरूकता अभियान चलाया। थानों की मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं, युवतियों को सरकार की योजनाओं से अवगत कराया तथा हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। मिशन शक्ति टीम की ने महिलाओं को साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, संदिग्ध लिंक, अनजान कॉल और सोशल मीडिया के दुरुपयोग से होने वाले नुकसान के प्रति सतर्क किया।

‘अमरोहा में रैन बसेरों की सुरक्षा और सेवा बनी मिसाल’

# कंबल वितरण और अलाव से पिघली बर्फानी हवाओं की सख्ती, चारों तहसीलों में युद्धस्तर पर चल रहा सेवा अभियान



- शासन ने कंबलों के लिए जारी की 22.22 लाख रुपये की दूसरी किश्त,
- जिले में अब 4581 और जरूरतमंदों को मिलेगी राहत,

भास्कर ब्यूरो,

अमरोहा। कड़ाके की ठंड और घने कोहरे की चादर में लिपटे अमरोहा में इस बार बेसहारा और मुसाफिरों को ठिठुरने की जरूरत नहीं पड़ रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ‘जीरो टॉलरेंस’ नीति अब केवल अपराध पर ही नहीं, बल्कि प्रकृति की मार पर भी लागू दिख रही है। जनपद की चारों तहसीलों में प्रशासन ने ऐसी



मुस्तैदी दिखाई है कि रैन बसेरों की सुख-सुविधाएं निजी होटलों को मात दे रही हैं। यहां ठहरने वालों को केवल छत ही नहीं, बल्कि सुरक्षा, सम्मान और अपनों जैसा सत्कार मिल रहा है।

जिले में स्थापित 12 रैन बसेरों (4 स्थाई और 8 अस्थाई) को केवल रात काटने की जगह नहीं, बल्कि एक सुरक्षित आश्रय स्थल बनाया गया है। सुरक्षा की दृष्टि से पहली बार इन केंद्रों को सीसीटीवी कैमरों से लैस किया गया है, ताकि यहां रुकने वाली महिलाएं और पुरुष पूरी तरह सुरक्षित महसूस करें। 115 पुरुषों और 58 महिलाओं के लिए बनाए गए पृथक कक्षों में स्वच्छता का स्तर ऐसा है कि यहां रुकने वाले यात्री इसे देखकर अचंभित हैं।

प्रशासन ने केवल रैन बसेरों के भीतर ही नहीं, बल्कि सडकों पर भी राहत की आंच पहुंचाई है। 168 प्रमुख स्थानों (राजस्व व निकाय द्वारा) पर अलाव की व्यवस्था की गई है। वहीं, शासन ने जनपद में कंबल वितरण के लिए 22.22 लाख रुपये की दूसरी किस्त जारी कर दी है, जिससे जिला प्रशासन द्वारा 4581 नए कंबल खरीदे जा रहे हैं। हालांकि, अब तक 4123 जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए जा चुके है।

### मुसाफिरों की जुबानी: ‘हैरान है आम आदमी’

हाथरस से आए संदीप और पीलीभीत के यूनुस के अनुभव योगी सरकार के दावों की पुष्टि करते हैं। जोया नगर पंचायत के रैन बसेरे में रुके संदीप ने बताया, ÷दोपहर में जब यहां पहुंचा तो उम्मीद नहीं थी कि रूम हीटर और रसोई जैसी सुविधाएं मिलेंगी। यहां की व्यवस्था देखकर हैरानी होती है कि सरकार गरीबों का इतना ख्याल रख रही है। साफ़ बिस्तर और फिल्टर पेयजल की सुविधा ने घर जैसी कमी महसूस नहीं होने दी। गजरौला नगर पंचायत के रैन बसेरे में रुकने आए मथुरा निवासी इमरान और आसिफ ने बताया कि वह नौकरी के लिए यहां आए है और दो दिन से यहीं पर रह रहे है। उन्हें यहां पर गर्म पानी, बिस्तर व स्वच्छ कमरें और शौचालय मिले। उन्हें यहां रुकने में किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हुई और इस भीषड़ ठंड में सिर छिपाने के लिए छत मिली। अमरोहा, धनौरा, नौगांवा सादात और हसनपुर में एसडीएम व नगर पालिका/पंचायत के ईओ खुद देर रात निकलकर रैन बसेरों का जायजा ले रहे हैं।

### इंतजाम एक नजर में

नया बजटः शासन द्वारा दूसरी किस्त के रूप में 22.22 लाख रुपये आवंटित।

नए कंबलों की खरीदः 4581 अतिरिक्त कंबल खरीदने की प्रक्रिया शुरू।

173 बेडः कुल क्षमता (पुरुष 115, महिला 58)

126 अलावः नगर निकायों द्वारा विभिन्न चौराहों पर संचालित।

42 अलावः राजस्व विभाग द्वारा ग्रामीण और अन्य क्षेत्रों में।

आधुनिकताः रूम हीटर, सीसीटीवी और स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता।

शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में कोई भी व्यक्ति खुले में सोने को मजबूर न हो, इसके लिए हम प्रतिबद्ध हैं। जिले के सभी 12 रैन बसेरों में उच्च स्तरीय सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं। हमने राजस्व और नगर निकायों के माध्यम से 168 स्थानों पर अलाव जलाए हैं और अब तक 4123 कंबल बांटे जा चुके हैं। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश हैं कि वे नियमित निरीक्षण करें। सुविधाओं में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**निधि गुप्ता वत्स, जिलाधिकारी, अमरोहा**

# सन प्लाजा मार्केट में लगी भीषण आग, दस से अधिक दुकानें चपेट में, लाखों का नुकसान

- मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू,

भास्कर ब्यूरो,

अमरोहा। शहर के सन प्लाजा मार्केट में गुरुवार की सुबह शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। थोड़ी देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। पुलिस और दमकल विभाग की टीम के पहुंचने से पहले आग ने दस दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। अग्निकांड में तीन दुकानों में भारी नुकसान होने का अनुमान है।

सीओ सिटी अभिषेक यादव ने भी मौके पर पहुंचकर जानकारी हासिल की है। भीषण अग्निकांड में कोई जनहानि नहीं हुई है।

आग लगने की यह घटना गुरुवार की सुबह करीब चार बजे हुई। सन प्लाजा मार्केट में डिडौली कोतवाली क्षेत्र के तोहफापुर गांव के रहने वाले राजकुमार आरो की बिक्री और मरम्मत की दुकान चलाते हैं। जबकि शशिकांत गोयल मोबाइल की दुकान करते हैं। इसके अलावा इस मार्केट में कंप्यूटर व अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान की दुकान भी हैं। रोजाना की तरह बुधवार की रात भी सभी दुकानदार अपनी दुकान बंद करके घर चले गए थे। मार्केट के सामने ही ट्रांसफार्मर रखा हुआ है, जिसके चलते तारों का मकडज़ाल बना रहता है।

गुरुवार की सुबह करीब चार बजे अचानक शॉर्ट सर्किट से पूरी मार्केट में आग लग गई। थोड़ी देर में आग नहीं विकराल रूप धारण कर लिया। दुकानों से निकला धुआं आसमान छूने लगा। आग की लपटें उठता देख आसपास के घरों में रहने वाले लोग बाहर निकल आए। सूचना मिलते ही नगर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई और फायर ब्रिगेड की टीम को भी बुला लिया गया। थोड़ी देर में लोगों की भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने पुलिस व स्थानीय लोगों की मदद से करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बुझने से पहले आग ने मार्केट की दस दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। जानकारी मिलते ही सीओ सिटी अभिषेक यादव भी मौके पर पहुंच गए और अग्निकांड के बारे में जानकारी जुटाई।

सीओ ने बताया कि आग में मोबाइल और आरओ समेत तीन दुकानों में भारी नुकसान होने की बात सामने आई है। कोई भी जनहानि नहीं हुई है।




# कलेक्ट्रेट बार एसो. चुनाव में ‘राजेश कुमार राणा’ की जीत, 18 वोट पाकर बने अध्यक्ष

- सुरेंद्र सिंह गोले सचिव और आदिल हुसैन कोषाध्यक्ष चुने गए,

भास्कर ब्यूरो,

अमरोहा। गुरुवार को अधिवक्ता कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन का चुनाव संपन्न हुआ। इसमें 32 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। चुनाव अधिकारियों ने दोपहर बाद परिणाम घोषित किये।

राजेश कुमार राणा ने 18 मत प्राप्त कर अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी सतीश कुमार को कुल 12 मत प्राप्त हुए। सचिव पद पर सुरेंद्र सिंह गोले ने अपने प्रतिद्वंद्वी मुकेश कुमार यादव को 04 मतों से पराजित किया। कोषाध्यक्ष पद पर आदिल हुसैन 19 मत प्राप्त हुए और उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी सुभाष चंद्र चौहान को 07 मतों से हराया। अध्यक्ष पद के 02 और कोषाध्यक्ष पद का 01 मत निरस्त हुआ। वहीं, उपाध्यक्ष पद पर भूपेंद्र सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुए। परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेश कुमार राणा ने सभी मतदाताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि वे बार एसोसिएशन की गरिमा बनाए रखते हुए अधिवक्ताओं के हितों के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। इस चुनाव प्रक्रिया के दौरान व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक इंतजाम किए गए थे। पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ चुनाव अधिकारी मोबीन अहमद तुर्क, अनोज कुमार यादव, सत्यपाल सिंह व मधुर अग्रवाल की देखरेख में संपन्न हुई। चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने पर बार के सभी सदस्यों ने संतोष व्यक्त किया और नवनिर्वाचित अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारियों को सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर विपिन गोयल, शमीम अहमद, विकास कुमार, भूपेंद्र कुमार, अनूप अग्रवाल, अनिल शर्मा, धनीराम, रामवीर सिंह, अशोक कुमार, रिजवान तुर्क, पुष्पेंद्र सिंह, महेश राणा, संजय चौहान, हिमांशु त्यागी, मोहम्मद उस्मान आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# मोबाइल हैक कर बैंक खाते से उड़ाए चार लाख रुपये

भास्कर ब्यूरो,



अमरोहा। साइबर अपराधियों ने कारोबारी का मोबाइल हैक कर लिया। उसके बाद पांच बार में खाते से चार लाख रुपये निकाल लिए। हालांकि पीड़ित के मोबाइल पर ओटीपी आते रहे, लेकिन उसने ध्यान नहीं दिया। बाद में खाते से पैसे निकाले जाने का मैसेज मिला तो होश उड़ गए। पीड़ित ने अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कस्बा जोया के मोहल्जला पधानोंवाला में मोहम्मद सादिक का परिवार रहता है। पेशे से कारोबारी मोहम्मद सादिक का खाता अमरोहा नगर में स्थित इंडियन ओवरसीज बैंक की शाखा में है। 30 दिसंबर 2025 की रात को साइबर अपराधियों ने उनका मोबाइल हैक कर लिया। लगभग नौ बजे उनके मोबाइल पर कई ओटीरपरी भी आए थे, लेकिन उन्होंने ध्यान नहीं दिया था। बाद में जब उनके मोबाइल पर खाते से पैसे निकाले जाने का मैसेज मिला तो होश उड गए। साइबर अपराधियों ने उनके खाते से पांच बार में चार लाख रुपये निकाल लिए। यह धनराशि दूसरे खातों में ट्रांसफर की गई थी। पीड़ित ने तत्काल 1930 हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराई। उसके बाद पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी। एक शिकायती पत्र एसपी कार्यालय में भी दिया था।

प्रभारी निरीक्षक हरीशवर्धन सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# गेहूं गबन प्रकरण: जिलापूर्ति अधिकारी और मंडी सचिव समेत चार पर एफआईआर दर्ज

भास्कर ब्यूरो,

अमरोहा। किसान का गेहूं पकड़ कर उसकी फर्जी तरीके से नीलामी कराने के आरोप में तत्कालीन जिला पूर्ति अधिकारी और मंडी समिति के तत्कालीन प्रभारी सचिव समेत चार लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। अदालत के आदेश पर रजबपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोप है कि सभी आरोपियों ने पकड़े गए गेहूं की फर्जी नीलामी कर 70 हजार रुपये हड़प लिए थे।

मामला रजबपुर थानाक्षेत्र के गांव अतरासी कलां का है। यहां रहने वाले किसान महताब का आरोप है कि दिसंबर 2024 में उनकी बेटी की शादी होनी थी। लिहाजा पैसे का इंतेजाम करने के लिए वह 28 नवंबर 2024 को अपना गेहूं बेचने के लिए गजरौला मंडी जा रहे थे। आरोप है कि हाईवे पर रजबपुर थाने के पास पूर्ति निरीक्षक अमरोहा ने गेहूं लदी गाड़ी को रोक लिया तथा छोडने के एवज में पैसे की मांग की गई। महताब ने पैसे देने से इन्कार किया तो वह गाड़ी को रजबपुर थाने ले गए तथा महताब के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करी दी थी। साथ ही गाड़ी में लदे गेहूं को कब्जे में लेकर पूर्ति निरीक्षक शौदान सिंह उनके साथी सहायक पूर्ति निरीक्षक संजय मिश्रा ने महताब की मौजूदगी में गेहूं को धर्म कांटे पर तोला था। इस दौरान गेहूं का वजन 119 कुंतल 50 किलो था।

आरोप है कि आरोपित ने दर्ज कराई रिपोर्ट में केवल 100 कुंतल गेहूं दर्शाया था। महताब का आरोप है कि अधिकारियों ने 19.5 कुंतल गेहूं गबन कर लिया था। उधर पुलिस की विवेचना में गेहूं सरकारी खाद्यान्न का नहीं पाया गया था। लिहाजा पुलिस ने अदालत में अंतिम रिपोर्ट प्रेषित कर दी थी। इस मामले में विवेचक ने जब तत्कालीन अमरोहा मंडी सचिव अरविंद कुमार को रिपोर्ट भेजी तो मंडी सचिव ने 9 अप्रैल 2025 को महताब को नोटिस जारी कर दिया। बाद में पीड़ित महताब ने अपना गेहूं रिलीज करने के लिए 19 मई 2025 को अदालत में प्रार्थना पत्र दायर किया था। न्यायालय ने 19 जून 2025 को मंडी सचिव अरविंद कुमार से रिपोर्ट मांगी थी। जिसमें 14 मई 2025 को अरविंद कुमार द्वारा 1800 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं की नीलामी करने की जानकारी दी गई। जबकि बाजार में गेहूं की कीमत 2600 रुपये प्रति कुंतल थी। मंडी सचिव ने जवाब में यह भी स्पष्ट किया था कि उनके द्वारा गेहूं की नीलामी तत्कालीन जिला पूर्ति अधिकारी के आदेश पर की गई है। महताब का आरोप है कि तत्कालीन जिला पूर्ति अधिकारी अमरोहा, तत्कालीन मंडी सचिव अरविंद कुमार, जिला पूर्ति निरीक्षक शौदान सिंह, उनके सहायक संजय मिश्रा ने 19.5 कुंतल गेहूं का गबन किया है। साथ ही गेहूं की फर्जी तरीके से नीलामी करा कर 70 हजार रुपये हड़पे हैं।

इस मामले में महताब की तहरीर पर पुलिस ने कार्रवाई नही की तो उन्होंने अपने अधिवक्ता जुल्फेकार अली के माध्यम से अदालत की शरण ली थी। अदालत ने रजबपुर पुलिस को आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया था। अब गुरुवार को पुलिस ने चारों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# कार्रवाई: गरजी अमरोहा नगर पालिका की जेसीबी, अवैध निर्माण ध्वस्त कराया

भास्कर ब्यूरो,



अमरोहा। नगर पालिका परिषद, अमरोहा ने क्षेत्र में शासकीय भूमि पर किए गए अवैध निर्माण पर बड़ी कार्रवाई की है।



टीम ने जेसीबी की मदद से भूमि पर हुए अवैध निर्माण को ध्वस्त कराया। इस कार्रवाई से कब्जाधारियों में हडकंप मचा है।

पालिका के उप नगर आयुक्त डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि धनौरा रोड पर निज़ामपुर गर्बी में स्थित भूमि जो विशुद्ध रूप से ग्राम समाज/शासकीय भूमि है इसपर शमशान भी स्थित है, पालिका सीमा विस्तार के उपरांत इस भूमि का स्वामित्व नगर पालिका परिषद अमरोहा में निहित है। इसी भूमि में शासन द्वारा कल्याण मंडप का निर्माण कराया गया है। पालिका द्वारा इसी भूमि पर जीर्णोद्धार कार्य भी कराये जा रहे हैं पूर्व में भी पालिका द्वारा इस भूमि पर हुए कब्जे़ को हटवाया गया था। लेकिन, पालिका को बीते दिन सूचना प्राप्त हुई की इस शासकीय/पालिका भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से निर्माण कार्य कराया जा रहा है, सूचना पर तत्काल मौके पर पालिका टीम को भेजकर कार्य को रुकवा दिया गया। गुरुवार को कर अधीक्षक के नेतृत्व में पालिका टीम ने जेसीबी से उक्त अवैध निर्माण को ध्वस्त कर भूमि को समतल कर दिया है। साथ ही भूमि पर अवैध कब्ज़ा करने वाले लोगों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं मे विधिक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

उप नगर आयुक्त ने चेतावनी देते हुए कहा कि शासकीय/पालिका भूमि पर यदि किसी के द्वारा कब्ज़ा/अतिक्रमण का मामला संज्ञान में आता है तो संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। टीम में अवर अभियंता, राजस्व निरीक्षक, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सहित बड़ी संख्या में पालिका स्टॉफ उपस्थित रहा।

### कार्रवाई: गैंगस्टर एक्ट में 2 साल 9 महीने 15 दिन की जेल की सजा

भास्कर ब्यूरो, अमरोहा। दस साल पुराने गैंगस्टर एक्ट के मामले में न्यायालय ने डिडौली के दोषी को 2 साल 9 महीने 15 दिन की सजा सुनाई है। साथ ही 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। फिलहाल दोषी जमानत पर जेल से बाहर था।

गैंगस्टर एक्ट का यह मामला मंडी धनौरा थाने से जुड़ा है। 11 अक्तूबर 2015 को तत्कालीन थानाप्रभारी दयाचंद शर्मा ने डिडौली कोतवाली क्षेत्र के पतेई खालसा से गांव के रहने वाले धीरसिंह के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस मामले की विवेचना तत्कालीन इंस्पेक्टर ब्रजमोहन गिरी ने की थी। मामले में पुलिस ने धीरज सिंह के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया था। बाद में पुलिस में धीरसिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। फिलहाल वह जमानत पर जेल से बाहर था। इस मुकदमे की सुनवाई एफटीसी द्वितीय की अदालत में चल रही थी। बुधवार को न्यायालय में मुकदमा में आखिरी सुनवाई थी और साक्ष्यों व सबूतों के आधार पर धीरसिंह को दोषी करार दिया। साथ ही 2 साल 9 महीने 15 दिन की सजा सुनाई और 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत तुलसीपुर विकासखंड सैफई इटावा**

पत्रांक मीमो निविदा विज्ञप्ति प्रकाशन/तुलसीपुर — दिनांक 8/01/2026

**अति अल्पकालीन सोचना**

एतदद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत तुलसीपुर विकासखंड सैफई इटावा के अंतर्गत तुलसीपुर में निम्नलिखित विवरण के अनुसार कार्य पूर्ण कराए जाने हेतु सामग्री कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु विकासखंड सैफई में पंजीकृत सप्लायर/कॉन्ट्रैक्टर से निविदा/टेंडर दिनांक 09/01/2026 से13/01/2026 तक समय 1 बजे तक आमंत्रित है जो निविदा 13/01/2026 को 3:30 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय तुलसीपुर विकासखंड सैफई इटावा पर खोली जाएगी।

| क्र० सं० | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य का मद |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत तुलसीपुर में महाराज सिंह के घर से लेकर मस्जिद होते हुए नासिर के घर तक सीसी निर्माण कार्य | 322610.78 | 6455 | 200 | मनरेगा |
| 2 | ग्राम पंचायत तुलसीपुर में सत्येंद्र के घर से लेकर सुधीर के घर तक सी सी निर्माण कार्य | 170942.93 | 3420 | 200 | मनरेगा |
| 3 | ग्राम पंचायत तुलसीपुर में अजय पाल के घर से अनवरी के घर तक सीसी निर्माण कार्य | 131569.83 | 2632 | 200 | मनरेगा |
| 4 | ग्राम पंचायत तुलसीपुर में गीतम सिंह के प्लांट से धर्मेंद्र के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 163740.47 | 3275 | 200 | मनरेगा |
| 5 | ग्राम पंचायत तुलसीपुर में LED स्ट्रीट लाइट कार्य | 232560 | 4652 | 200 | 5 वित्त आयोग व 15 वित्त आयोग |

सरिता देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत तुलसीपुर
विकासखंड सैफई (इटावा)

इम्तियाज अतहर
सचिव
ग्राम पंचायत तुलसीपुर
विकासखंड सैफई (इटावा)

# शुगर मिल में वाहन चालकों को किया जागरूक, रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप भी लगाए

## एआरटीओ बोले-चालक कोहरा व धुंध होने पर वाहन चलाने में सतर्कता दिखाएं

- जागरुकता अभियान के अंतर्गत गन्ना आपूर्ति लाने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और ट्रक चालकों को किया जागरूक,

भास्कर ब्यूरो,



हसनपुर। सड़क सुरक्षा माह-2026 के तहत गुरुवार को संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) महेश शर्मा के नेतृत्व में त्रिवेणी शुगर मिल चन्दनपुर में जागरुकता अभियान चलाया गया। जिसमें गन्ना आपूर्ति लाने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और ट्रक चालकों को जागरूक किया गया। इस दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों और ट्रक पर रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप भी लगाए गए।

एआरटीओ प्रवर्तन महेश शर्मा ने कहा कि चालक विशेष रूप से कोहरा और धुंध होने पर वाहन चलाने में सतर्कता दिखाएं। शुगर मिल में गन्ना आपूर्ति नियमित रूप से होती रहती है। वाहनों में भरे गन्ने से आगे-पीछे वाले वाहनों को दिक्कतें आ जाती हैं। इसके लिए चालकों को विशेष ध्यान देने की जरूरत रहती है। उन्होंने अपने वाहनों पर रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप जरुर लगवाने की बात कही। मिल अधिकारियों से कहा कि ऐसे वाहन जो बिना रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप लगवाये गन्ना आपूर्ति कर रहे हैं उन्हें मिल के अन्दर प्रवेश नहीं दिया जाये और ना ही उनका गन्ना शुगर मिल द्वारा खरीदा जाये। एआरटीओ ने कहा कि अपने जीवन के साथ-साथ दूसरों के जीवन का भी ध्यान रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी होती है। प्रभारी यातायात अनुज मलिक ने भी यातायात नियमों के पालन पर जोर दिया।

इस मौके पर सडक़ सुरक्षा समिति के सदस्य अनिल जग्गा, मिल के उपाध्यक्ष (शुगर) आमोद कुमार शर्मा, महाप्रबंधक अमेज सिंह, रोडवेज अमरोहा के स्टेशन इंचार्ज मोहम्मद साजिद आदि उपस्थित रहे।

## सार सुर्खियां

### सदर तहसील बार एसोसिएशन की चुनाव प्रक्रिया शुरू

भास्कर ब्यूरो, अमरोहा। सदर तहसील बआर एसोसिएशन की चुनाव प्रक्रिया गुरुवार को शुरू हो गई। पहले दिन अध्यक्ष पद के लिए शकील अहमद ने अपना नामांकन कराया। जबकि, महासचिव पद के लिए संजीव कुमार, उप सचिव के लिए उमेश कुमार व कोषाध्यक्ष पद के लिए सुभाष चंद और इरफान एडवोकेड ने नामांकन कराया। चुनाव अधिकारी सुरेन्द्र सिंह, पुष्करलाल गुप्ता, गौरव शर्मा, अभिनव सक्सेना व मनजीत सिह मौजूद रहे। बताया कि शुक्रवार 09 जनवरी को अपरान्ह 03 बजे तक और 12 जनवरी को 01 बजे तक नामाकन पत्र विक्रय व स्वीकार किये जायेंगे।

### जिलाधिकारी ने किया कलेक्ट्रेट का औचक निरीक्षण

भास्कर ब्यूरो, अमरोहा। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने गुरुवार को कलक्ट्रेट परिसर का औचक निरीक्षण किया। उन्होने बाट माप निरीक्षक कार्यालय, जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) कार्यालय, औषधि निरीक्षक कार्यालय और अभियोजन कार्यालय सहित अन्य कार्यालयों का निरीक्षण किया। सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निदेश दिए। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर में सौंदर्यकरण कार्यों पर विशेष ध्यान देने को कहा। निर्वाचन कार्यालय के पास भूमि पर साफ-सफाई एवं पौधरोपण कराने के साथ



सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने परिसर में स्थित शौचालय की मरम्मत कराने के साथ स्वच्छता का ध्यान रखने के निर्देश नाजिर सदर को दिए। इसके साथ ही उन्होंने डिप्टी कलेक्टर एवं जनगणना के स्टॉफ के बैठने के दृष्टिगत भी भवन का निरीक्षण किया। निष्प्रयोज्य सामान का उचित निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गरिमा सिंह, जिला सूचना अधिकारी मोहम्मद दानिश, प्रशासनिक अधिकारी शैलेन्द्र शर्मा, नाजिर सदर राजेश कुमार सहित संबंधित उपस्थित रहे।

### द आर्यंस ने मॉडर्न पब्लिक स्कूल मुरादाबाद को सात विकेट से हराया

भास्कर ब्यूरो, जोया। द आर्यंस क्रिकेट अकादमी में चल रही जसवंत सिंह (साहब) अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार का मैच मॉडर्न पब्लिक स्कूल मुरादाबाद व द आर्यंस क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। मॉडर्न पब्लिक स्कूल मुरादाबाद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। टीम ने 40 ओवर में 166 रन बनाए। आयन ने 45 व विनीत ठाकुर ने 36 रन की पारी खेली। द आर्यंस की ओर से मोहम्मद सारिक ने 5 विकेट लिए। द आर्यंस क्रिकेट अकादमी ने मैच सात विकेट से जीत लिया। सात्विक सिरोही ने 61।और मोहम्मद मदनी ने 53 रनों का योगदान दिया। मॉडर्न पब्लिक स्कूल मुरादाबाद की ओर से आदित्य राठौर ने एक विकेट लिया। मैच का मैन ऑफ-द-मैच अमरोहा के कन्वीनर अमन लिट द्वारा द आर्यंस क्रिकेट अकादमी के मोहम्मद सारिक को दिया गया। वहीं, कोच चमन सिंह द्वारा मैच आफ-द-फाइटर का पुरस्कार मॉडर्न पब्लिक स्कूल मुरादाबाद के आयन को दिया गया। अंपायरिंग साने आलम और सौरभ ने जबकि स्कोरिंग विवेक चौहान ने की। इस दौरान अमरोहा के कन्वीनर अमन लिट, कोच चमन सिंह, पंकज चौधरी, कोच उमेर पाशा, स्कूल चेयरमैन अनिल लिट व प्रधानाचार्य आदर्श मौजूद रहे।

घायल तो यहां हर परिंदा है। मगर जो फिर से उड़ सका वहीं जिंदा है..

## आर्थिक रफ्तार कायम रखने की चुनौती

चालू वित्त वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का पहला अग्रिम अनुमान राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा बुधवार को जारी किया गया। वह दिखाता है कि 2025-26 में देश की अर्थव्यवस्था रियल यानी वास्तविक संदर्भों में 7.4 फीसदी की दर से वृद्धि हासिल कर सकती है। यह बहुत हद तक बाजार के अनुमानों के अनुरूप ही है। भारतीय रिजर्व बैंक ने चालू वर्ष के लिए 7.3 फीसदी की वृद्धि दर का अनुमान जताया था। चूंकि पहली छमाही में अर्थव्यवस्था 8 फीसदी की दर से बढ़ी इसलिए अनुमान है कि दूसरी छमाही में वृद्धि दर थोड़ी कम रह सकती है। इसके बावजूद, कठिन हालात में 7.4 फीसदी की अनुमानित वृद्धि प्रभावशाली है और यह गत वर्ष की 6.5 फीसदी की वृद्धि से काफी अधिक भी है। उच्च वास्तविक वृद्धि दर आंशिक रूप से कम मुद्रास्फीति दर की वजह से भी है। वर्ष के लिए नॉमिनल वृद्धि की 8 फीसदी की दर अनुमानित है। पहले अग्रिम अनुमान में नॉमिनल वृद्धि पर नजर रहती है क्योंकि यह बजट के लिए गुणाभाग का आधार बनती है।


वर्तमान मूल्यों के विशुद्ध संदर्भ में देखें तो अर्थव्यवस्था के 357.14 लाख करोड़ रुपये के आकार तक पहुंचने का अनुमान है, जो 2025-26 के बजट में अनुमानित स्तर से थोड़ा अधिक है। हालांकि राजस्व वृद्धि कमजोर रहने के कारण राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 4.4 फीसदी पर नियंत्रित करना अभी भी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। चूंकि सरकार अगले वित्तीय वर्ष से ऋण-जीडीपी अनुपात को राजकोषीय लक्ष्य के रूप में अपनाने वाली है, इसलिए अब नॉमिनल वृद्धि पर अधिक ध्यान आकर्षित होगा। आने वाली तिमाहियों में मुद्रास्फीति दर अपने वर्तमान निम्न स्तर से ऊपर जाने की उम्मीद है, जो नॉमिनल वृद्धि में सुधार करने में मदद करेगी। यह भी उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय अगले महीने संशोधित आधार के साथ नई जीडीपी श्रृंखला जारी करेगा। बताया जा रहा है कि यह वर्षों से अर्थशास्त्रियों और विश्लेषकों द्वारा वर्तमान श्रृंखला को लेकर जताई जा रही चिंताओं का समाधान करेगा। सांख्यिकी विभाग उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के लिए भी नई श्रृंखला जारी करेगा। इस प्रकार, समग्र रूप से भारत में आर्थिक गतिविधियों और कीमतों को मापने के तरीके में महत्त्वपूर्ण बदलाव हो सकते हैं।

यद्यपि आधार वर्ष में बदलाव और जीडीपी मापने की पद्धति में परिवर्तन के बावजूद यह मानना कठिन नहीं है कि अगला वित्त वर्ष अधिक चुनौतीपूर्ण हो सकता है। सरकार आने वाले वर्ष का प्रबंधन कैसे करना चाहती है यह कुछ सप्ताह बाद आने वाले बजट से स्पष्ट हो जाएगा। चुनौतियां मुख्यतः बाहरी मोर्चे से उत्पन्न हो रही हैं। महीनों की वार्ताओं के बावजूद, अमेरिका के साथ व्यापार समझौता अनिश्चित बना हुआ है। बहुत कुछ इस पर निर्भर करेगा कि परस्पर लाभकारी समझौता कितनी जल्दी हो पाता है। भारत यूरोपीय संघ के साथ भी मुक्त व्यापार समझौते के शीघ्र संपन्न की उम्मीद कर रहा है। ये दोनों समझौते अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं। यदि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में देरी होती है तो भुगतान संतुलन के मोर्चे पर चुनौतियां उभर सकती हैं, जो रुपये पर दबाव के रूप में नजर भी आ रही हैं। यदि अमेरिका को निर्यात करने में भारत को ज्यादा नुकसान होता है, तो यह प्रत्यक्ष और पोर्टफोलियो दोनों प्रकार के विदेशी निवेश को प्रभावित कर सकता है। उदाहरण के लिए, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने 2025 में 18 अरब डॉलर से अधिक मूल्य के भारतीय शेयर बेचे। हाल के वर्षों में उच्च सरकारी पूंजीगत व्यय वृद्धि को आगे ले जाने वाले कारकों में से एक रहा है। यह माना जाता है कि ऋण को आधार या लक्ष्य के रूप में अपनाने से घाटे के आकार को लेकर अधिक लचीलापन हासिल होगा लेकिन यह भी देखा जाना है कि पूंजीगत व्यय का स्तर और उसकी वृद्धि बरकरार रह सकती है या नहीं। इतना ही नहीं, घरेलू मोर्चे पर सुधारों पर नए सिरे से जोर देने के संकेत हैं। अगले वित्त वर्ष में वृद्धि की गति बनाए रखने के लिए अधिक प्रयासों की आवश्यकता होगी।

## प्रेम और दया से ही प्रसन्न होंगे ईश्वर

ईश्वर को खुश करने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय करते हैं। मंत्र साधक लाखों बार मंत्र जप करते हैं, भक्ति मार्ग पर चलने वाले लोग मंदिर जाकर ईश्वर की पूजा करते हैं। धूप-दीप आरती से भगवान को प्रसन्न करने की भी कोशिश करते हैं। इतना करने के बाद भी यह पता नहीं होता कि ईश्वर हमें प्यार करता है या नहीं। प्रेम में सफलता तभी मिलती है जब हमें जिसे प्यार करते हैं वह हमें प्यार करे। इसलिए हमेशा ऐसा काम करें जिससे ईश्वर आपको प्यार करे। यह काम पूजा-पाठ और मंत्र जप से भी आसान है। सभी धर्म एक बात पर सहमत है कि प्रेम और दया यह दो ऐसे साधन है जिसकी बदलौत हम ईश्वर को मजबूर कर सकते हैं कि वह हमें प्यार करे। प्रेम और दया ऐसी चीज है जिसके लिए न तो धन की जरूरत पड़ती है और न ही किसी दूसरे साधनों की। यह अपने आप में पूर्ण और पवित्र है। हम किसी के प्रति प्रेमपूर्ण व्यवहार करते हैं तो बदले में हमें भी प्रेम मिलता है। इसका कारण यह है कि जिसके प्रति हम प्रेम दर्शाते हैं उसके हृदय में मौजूद आत्मा जो ईश्वर का स्वरूप होता है वह प्रसन्न होता है और बदले में हमें अपने प्रेम की अनुभूति कराता है।

## प्रेरणाप्रद मोती



**मुस्कुराने की कला दुखों को आधा कर देती है।**

**पं श्रीराम शर्मा आचार्य**
**(गायत्री परिवार)**

## राशिफल

मेष राशि :- परिश्रम, भय, कष्ट व्यवसाय बाधा, लाभ पारिवारिक, समस्या उलझन भरी रहेगी।

वृष राशि :- राज भय, रोग, स्वजन सुख, शिक्षा व लेखन कार्य में सफलता व प्रगति होगी।

मिथुन राशि :- वाहन भय, हानि व अशान्ति का वातावरण रहेगा, लाभ के अवसर बनेंगे।

कर्क राशि :- सफलता उन्नति, शुभ कार्य विवाद राजकार्य, मामले मुकदमें की स्थिति कष्टप्रद रहेगी।

सिंह राशि :- शरीर कष्ट, व्यय कार्य में सफलता, आर्थिक सुधार होने के कार्य बन जायेंगे,

कन्या राशि :- खर्च विवाद, स्त्री कष्ट, विद्या लाभ में धीरे-धीरे सुधार होगा, सुधार होगा।

तुला राशि :- यात्रा से हर्ष, लाभ, शरीर कष्ट, खर्च की यात्रा बढ़ेगी, आर्थिक कष्ट बढ़ जायेगा।

वृश्चिक राशि :- कार्य वृत्ति से लाभ, यात्रा सम्पत्ति लाभ, व्यापारी गति में सुधार अवश्य होगा।

धनु राशि :- अल्प लाभ चोट और अग्नि शरीर भय, मानसिक परेशानी अवश्य ही बनेगी।

मकर राशि :- शत्रु से हानि, कार्य व्यर्थ, शरीरिक सुख होवे, कुछ कष्ट अवश्य होगा।

कुंभ राशि :- सुख व्यय, संतान सुख, कार्य सफलता होगी। उत्साह की कमी होगी, ध्यान दें।

मीन राशि :- पदोन्नति राजभय, न्याय लाभ हानि, अधिकारियों से मनमुटाव अवश्य बनेगा।

पं. दिलीप पाण्डेय

# कैसे बदली भारतीय रेलवे की सूरत और सीरत?



डॉ. अनिल कुमार निगम

आज का भारत वर्ष 2014 के भारत से अलग नजर आ रहा है। यह कहानी यदि किसी एक व्यवस्था के साथ सबसे गहराई से जुड़ी है, तो वह है रेलवे। आज जब देश बुलेट ट्रेन, वंदे भारत और सुदूर सीमांत क्षेत्रों तक रेल संपर्क की उपलब्धियों पर चर्चा कर रहा है, तब यह समझना आवश्यक है कि आखिर जिस स्तर का रेलवे विस्तार, आधुनिकीकरण और तेज़ गति की ट्रेनों का सपना पिछले दस वर्षों में साकार हुआ, वह आज़ादी के बाद लंबे समय तक सत्ता में रही कांग्रेस सरकारें क्यों नहीं कर पाईं? इस दौरान कांग्रेस पार्टी की प्राथमिकताएं क्या थीं? सवाल यह भी है कि क्या उसने निहितार्थों से ऊपर उठकर जनता और देश के विकास के लिए काम किया? लेकिन इसके पूर्व यह समझना भी आवश्यक है कि आज़ादी से पहले रेलवे का स्वरूप कैसा था और आज किस तरह वह भारत के विकास का इंजन बन चुका है।भारत में रेलवे की शुरुआत 1853 में हुई थी। अंग्रेज़ों ने इसे आधुनिक परिवहन का माध्यम बताया, लेकिन इसका वास्तविक उद्देश्य औपनिवेशिक था। रेलवे लाइनों का जाल इस तरह बिछाया गया कि कच्चा माल आसानी से बंदरगाहों तक पहुंच सके और सैनिकों औरप्रशासन को तीव्र गति से एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाया जा सके।

वर्ष 1947 में स्वतंत्रता के समय देश में लगभग 53,600 किलोमीटर रेलवे लाइन थी। यह नेटवर्क असंतुलित था। बड़े शहरों और बंदरगाहों को तो रेल से जोड़ा गया, लेकिन पहाड़ी, सीमावर्ती और उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों में रेल पहुंच लगभग नामुमकिन मानी जाती थी। स्वतंत्रता के बाद रेलवे को केवल परिवहन का साधन नहीं, बल्किराष्ट्र निर्माण का आधारमाना गया। 1951 में रेलवे का राष्ट्रीयकरण हुआ औरभारतीय रेलवेदेश की जीवनरेखा बन गई।धीरे-धीरे नए ज़ोन बने, स्टेशनों का विकास हुआ और यात्री सुविधाओं में सुधार किया गया। लेकिन वास्तरविक बदलाव पिछले दस–बारह वर्षों में दिखाई देता है। 2014 के बाद रेलवे में जिस पैमाने पर निवेश, नई लाइनों का निर्माण और तकनीकी विकास हुआ, वह भारतीय इतिहास में अभूतपूर्व है।2014 में कुल रेल नेटवर्क लगभग65,000 किमीथा, वह 2025 तक यह बढ़कर 70,000 किमी से अधिकहो गया। जहां 2014 में केवल एक-तिहाई रेल मार्ग विद्युतीकृत थे, वहीं आज90 प्रतिशत से अधिक ब्रॉड गेज नेटवर्कबिजली से संचालित हो रहा है। इससे डीज़ल पर निर्भरता घटी, लागत कम हुई और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिला।एक समय जम्मू-कश्मीर और उत्तर-पूर्व भारत में रेल पहुंचाना असंभव माना जाता था। कठिन भूगोल, सुरंगें और सुरक्षा चुनौतियां बड़ी बाधा थीं। आज स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है।जम्मू तक नियमित रेल सेवाएं, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा और मिज़ोरम जैसे राज्यों में ट्रेन संचालनऔर सीमांत क्षेत्रों तक रेलवे का विस्तारकेवल तकनीकी उपलब्धि नहीं, बल्किराष्ट्रीय एकता का मजबूत प्रतीकहै। वंदे भारत एक्सप्रेसभारतीय रेलवे की आधुनिक छवि बन चुकी है।तेज़ रफ्तार, आरामदायक कोच और स्वदेशी तकनीक से बनी यह ट्रेन कम समय में लोकप्रिय हो गई।आज देश के विभिन्न हिस्सों में50 से अधिक वंदे भारत ट्रेनेंचल रही हैं, जो यात्रा समय को घंटों में घटा रही हैं।रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की है कि रेलवे 18–19 जनवरी 2026 से गुवाहाटी–कोलकाताके बीच स्लीपर वंदे भारत ट्रेन चलाएगा। इससे उत्तर-पूर्व भारत की कनेक्टिविटी और भी सुदृढ़ होगी और व्यापार-पर्यटन को नया बल मिलेगा।

भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजनामुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेनहै, जो जापान की शिंकानसेन तकनीक पर आधारित है।सरकारी घोषणाओं के अनुसार15 अगस्त से सूरत–बिलिमोरा सेक्शनमें बुलेट ट्रेन का संचालन प्रस्तावित है।यह परियोजना केवल तेज यात्रा नहीं, बल्कि तकनीकी हस्तांतरण, कौशल विकास और वैश्विक स्तर पर भारत की नई पहचान का माध्यम है। दरअसल, रेलवे में निवेश के आँकड़े भी बदलाव की कहानी कहते हैं। 2013–14 में रेलवे बजटः लगभग₹1.25 लाख करोड़ था जो 2024–25 में पूंजीगत व्ययः₹2.5 लाख करोड़ पहुंच गया।केवल बुलेट ट्रेन परियोजना में ही₹1 लाख करोड़ से अधिकका निवेश अनुमानित है। आज इस विस्तार का सीधा लाभ आम नागरिकों को मिला है। इसके चलते यात्रा समय में कमीआई है, लोगों को बेहतर सुरक्षा और सुविधाएंमिलीं, रोज़गार के नए अवसर बने, पर्यटन एवं व्यापार को बढ़ावा मिला और दूरदराज़ क्षेत्रों का मुख्यधारा से जुड़ाव हो सका। लेकिन यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आजादी के बाद बहुत लंबे अरसे तक देश में शासन करने वाली कांग्रेस पार्टी के कार्यकाल में रेलवे की हालत क्योंश नहीं बदली जा सकी। मैं यह तो नहीं कहूंगा कि उसने इस दिशा में कोई काम ही नहीं किया लेकिन जिस गति और तत्प्रता के साथ इसका विकास होना चाहिए था, वह नहीं हुआ।

स्वतंत्र भारत में लंबे समय तक सत्ता में रहीकांग्रेससरकारों के सामने शुरुआती दशकों में प्राथमिकताएं अलग थीं। रेलवे का विस्तार हुआ, लेकिन उसेरणनीतिक विकास इंजनके रूप में नहीं देखा गया।रेलवे को अधिकतरसब्सिडी आधारित सामाजिक सेवामाना गया, न कि निवेश आधारित अधोसंरचना।इसके विपरीत, पिछले दस वर्षों में भारतीय जनता पार्टी सरकार ने रेलवे कोआर्थिक विकास, राष्ट्रीय सुरक्षा और तकनीकी आत्मनिर्भरतासे जोड़कर देखा।

इसके अलावा कांग्रेस पार्टी और उसके सहयोगी दलों में राजनीतिक इच्छाशक्ति का अभाव था। इसलिए उसके शासनकाल में बड़ी परियोजनाएं अक्सरगठबंधन दबाव,राज्यों-केंद्र के बीच खींचतान और पर्यावरण व भूमि अधिग्रहण में अनिर्णयके कारण वर्षों तक अटकी रहीं।

वहींनरेंद्र मोदीके नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने बड़े और कठिन फैसलों को प्राथमिकता दी। समयबद्ध लक्ष्य तय किए, परियोजनाओं की नियमित निगरानी की। इसका प्रभाव रेलवे जैसी विशाल प्रणाली पर साफ दिखाई दिया। यही नहीं, पिछले दशक मेंरेलवे बजट में रिकॉर्ड बढ़ोतरी की गई।नई लाइनों, विद्युतीकरण और हाई-स्पीड ट्रेनों पर जोरदिया गया और निजी भागीदारी और आधुनिक तकनीक का समावेश किया गया।यही कारण है कि वंदे भारत, बुलेट ट्रेन और सीमांत क्षेत्रों में रेलवे जैसी योजनाएँ तेजी से आगे बढ़ीं।नई सरकार ने रेलवे कोमेक इन इंडियाऔरआत्मनिर्भर भारतसे जोड़ा। वंदे भारत जैसी ट्रेनें इसी सोच का परिणाम हैं। यह तो नहीं कहा जा सकता कि कांग्रेस सरकारें रेलवे का विकास नहीं चाहती थीं।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**



# न्याय की धीमी रफ्तार... पीढ़ियों से कायम है पीड़ा और प्रतीक्षा!

केन्द्रीय विधि एवं न्याय मंत्रालय के गत वर्ष के आंकड़ों की ही मानें तो देश के उच्च न्यायालयों और जिला न्यायालयों में ही 65 लाख से अधिक मुकदमे निर्णय के इंतजार में दशकों से प्रतीक्षारत हैं। 3 हजार से अधिक मामले तो 50 साल भी अधिक समय से लंबित हैं। 10 साल या इससे अधिक समय से निर्णय का इंतजार कर रहे मुकदमों की बात करें तो यह संख्या इतनी अधिक है कि सोचने पर मजबूर कर देती है। देश के 25 उच्च न्यायालयों व राज्यों के जिला अदालतों में लबित मुकदमों की बात की जाए तो यह सामने आ रहा है कि 54 लाख 58 हजार 832 मुकदमे 10 से 20 साल की अवधि के हैं और निष्पादन का इंतजार कर रहे हैं। 20 से 30 साल और 30 से 40 साल की अवधि के निर्णय के इंतजार के मुकदमे भी लाखों में हैं। सालों से लोक अदालतें भी लग रही हैं पर मुकदमों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है।



अदालतों की कार्यप्रणाली पर टिप्पणी नहीं की जा सकती क्योंकि नित नए सुधार और मुकदमों के अंबार से स्वयं अदालतों में बैठे माननीय न्यायाधीश, सर्वोच्च अदालत और सरकार चिंतित और गंभीर है। इसका हल खोजने के प्रयास जारी हैं। चिंता की बात यह है कि उच्च न्यायालयों और जिला न्यायालयों में 50 साल से अधिक समय से आज भी 3442 मुकदमे चल रहे हैं। इनमें से 2329 मुकदमे उच्च न्यायालयों व 1113 मुकदमे जिला न्यायालयों में पेंडिंग हैं।

मुकदमों की संख्या को लेकर सवाल नहीं है क्योंकि यदि 50 साल से एक मुकदमा भी पेंडिंग है तो यह अपने आप में गंभीर है। सवाल 50 साल की अवधि का विश्लेषण करने का भी है। 50 साल की अवधि का मतलब कई मामलों में तो निश्चित रुप से अदालतों में हाजिरी देते-देते दो से तीन पीढ़ियां खप गई होंगी। दोनों ही अदालतों में 50 साल से अधिक अवधि के लंबित मुकदमों में सिविल प्रकरण ही अधिक है। निश्चित रुप में इनमें से अधिकांश मामले जमीन जायदाद को लेकर होंगे। हालांकि दोनों अदालतों के मिलाकर 459 मुकदमें आपराधिक श्रेणी के हैं और 50 साल से अधिक समय से निर्णय के इंतजार में है। अब आज से 50 साल पहले जिसने भी जैसा भी अपराध किया था या जिसने भी जैसा भी अपराधी के कारण मानसिक-शारीरिक संताप या प्रताड़ना झेली थी उनमें से कई तो हो सकता है दुनिया में न हों या उनकी शारीरिक-मानसिक हालत का अंदाजा लगाया जा सकता है। सरकार और सर्वोच्च न्यायालय के स्तर पर इस समस्या पर गंभीर चिंतन किया जाता रहा है। इसके समाधान खोजने के प्रयास भी किये जाते रहे हैं। अच्छी बात है कि अब सर्वोच्च न्यायालय में माननीय न्यायाधीशों के अधिकांश पद भरे रहने लगे हैं। समग्र प्रयासों से उच्च न्यायालयों और जिला अदालतों के न्यायमूर्तियों के पद भी भरने के प्रति गंभीर प्रयास जारी हैं। पर तस्वीर का दूसरा पहलू यह है कि एक मोटे अनुमान के अनुसर उच्च न्यायालयों के करीब 1100 से अधिक स्वीकृत पदों में से 300-350 से अधिक पद रिक्त चल रहे हैं। जहां तक जिला अदालतों का प्रश्न है, एक मोटे अनुमान के अनुसार करीब 4 से 5 हजार पद रिक्त हैं। इसमें दो राय नहीं कि इससे काम प्रभावित होता है। पर दस साल से अधिक के कुल मिलाकर 65 लाख से अधिक मुकदमों में निर्णय का इंतजार कहीं ना कहीं हमारी व्यवस्था पर प्रश्न तो उठाता ही है।

इसी तरह से निस्तारण में देरी के लिए किसी पर दोष जड़ने से भी कोई समाधान नहीं होने वाला है। यह कोई विवाद का विषय भी नहीं होना चाहिए। कुछ इस तरह का सिस्टम विकसित करना होगा जिससे पुराने मुकदमों को प्राथमिकता से निपटाया जा सके। सरकार ने कुछ माह पहले कानून में संशोधन कर सुधार की दिशा में कदम बढ़ाये हैं। उससे निस्तारण की समय-सीमा तय होगी। पर कुछ इस तरह का रोस्टर सिस्टम या केवल और केवल पुराने मुकदमों के निस्तारण के लिए अलग से ही माननीय न्यायाधीशों की बेंच बना दी जाएं तो प्राथमिकता से वर्षों से न्याय की आस में चल रहे मुकदमों का निष्पादन हो सके। न्यायालयों व सरकार दोनों के पास मुकदमों की वर्षवार बकाया सूची उपलब्ध है। यह तय हो जाए कि प्रति कार्यदिवस निश्चित संख्या में पुराने मुकदमों की भी सुनवाई होगी तो बैकलॉग निपटाना आसान हो जाएगा। इन मुकदमों से जुड़े वकीलों का भी यह दायित्व हो जाता है कि पक्ष-विपक्ष दोनों के वकील मुकदमे के निस्तारण में सहभागी बनें। इससे अदालतों में पुराने मुकदमों का बोझ कम होगा और लोगों को न्याय मिल सकेगा। अदालत और संबंधित व्यक्तियों दोनों को राहत मिल सकेगी।

**-डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# वैश्विक टकराव को बढ़ावा देती वेनेजुएला पर ट्रंप की सख्ती

वेनेजुएला को लेकर डोनाल्ड ट्रंप की हालिया आक्रामक कार्रवाई ने एक बार फिर वैश्विक राजनीति एवं सामरिक तनाव को तेज कर दिया है। प्रतिबंधों को सख्ती से लागू करना, समुद्री मार्गों पर निगरानी बढ़ाना और कथित तौर पर रूस से जुड़े जहाज की जब्ती जैसे कदम केवल वेनेजुएला तक सीमित नहीं हैं। इनके दूरगामी अंतरराष्ट्रीय प्रभाव जल्द ही देखने को मिल सकते हैं। यह घटनाक्रम स्पष्ट संकेत देता है, अमेरिका, लैटिन अमेरिका क्षेत्र में अपने वर्चस्व को आर्थिक एवं सामरिक दृष्टिकोण अपनाते हुए ट्रम्प कब्जा करना चाहते हैं। भले ही इसके लिए रूस और चीन के साथ सीधा टकराव लेने की ट्रंप की सोच है। अमेरिका और वैश्विक स्तर पर आर्थिक मंदी और अर्थव्यवस्था पर जो संकट देखने को मिल रहे हैं उसके बाद यह कहने में कोई संकोच नहीं हो रहा है, आने वाले दिनों में अमेरिका अपनी डॉलर मुद्रा तथा वैश्विक व्यापार के वर्चस्वको बनाए रखना चाहता है। उसके लिए ट्रंप अंतिम लड़ाई लड़ रहे हैं। ट्रम्प ने टेरिफ के बहाने जो नया खेल खेला था। उसमें वह असफल हो गए है।



अमेरिका में मंहगाई और आर्थिक स्थिति पर इसके दुष्परिणाम दिखने लगे है। इससे बचने के लिये अब ट्रम्प ने वेनेजुएला का मुद्दा खड़ा करके अमेरिका में अपनी स्थिति को मजबूत करना चाहते है? वेनेजुएला लंबे समय से रूस और चीन का रणनीतिक साझेदार है। रूस ने वहां ऊर्जा, हथियार और सैन्य सहयोग किया है। जबकि चीन ने कर्ज, बुनियादी ढांचा और तेल समझौतों के जरिए अपनी गहरी पैठ बनाई है। रूस और चीन के हथियार भी वेनेजुएला में है। ऐसे में किसी रूसी जहाज की जप्ति केवल एक कानूनी या तकनीकी कार्रवाई के रूप में नहीं देखी जा सकती है। इस कार्रवाई को रूस के प्रभाव को खुली चुनौती के रूप में ही देखा जाएगा। मॉस्को ट्रंप की इस कार्रवाई को अपनी संप्रभुता और अंतरराष्ट्रीय व्यापार स्वतंत्रता पर हमला बताकर कूटनीतिक विरोध, जवाबी प्रतिबंध या समुद्री सुरक्षा को बढ़ाने जैसे कदम उठा सकता है। हालांकि रूस सीधे सैन्य टकराव से बचता हुआ दिख रहा है। समय आने पर इसकी प्रतिक्रिया बड़े रूप में हो सकती है। इससे इनकार नहीं किया जा सकता है। दुनिया के देशों में अमेरिका, विरोधी मंचों पर इस मुद्दे का जोर-शोर से उठना तय है।

चीन का रुख अपेक्षाकृत संतुलित होते हुए भी व्यापारिक दृष्टिकोण से दीर्घकालिक होगा। बीजिंग आमतौर पर प्रत्यक्ष टकराव से बचते हुए अंतरराष्ट्रीय कानून, बहुपक्षवाद और संप्रभुता के सिद्धांतों की बात करते हुये इस समस्या के समाधान की कोशिश करेगा, ऐसी संभावना देखने को मिलती है। अमेरिका की कार्रवाई को चीन "एकतरफा दबाव नीति" करार देकर वैश्विक मंच पर अमेरिका को अलग-थलग करने की कोशिश करेगा। संयुक्त राष्ट्र के विभिन्न मंचों तथा वैश्विक व्यापार संधिकरण की नीति को लेकर अपना विरोध दर्ज करा सकता है। इसके साथ चीन वेनेजुएला में अपने आर्थिक हितों की रक्षा के लिए वैकल्पिक भुगतान प्रणालियों, गुप्त या अप्रत्यक्ष रूप से वेनेजुएला की मदद रूस के साथ तालमेल कर ट्रंप की दादागिरी को चुनौती देने का काम कर सकता है। इस पूरे घटनाक्रम का वैश्विक प्रभाव तेल बाजारों,समुद्री व्यापार, वैश्विक व्यापार और विकासशील देशों की आर्थिक एवं विदेश नीति पर पड़ना तय है। वह देश जो अमेरिकी प्रतिबंधों से असहमत हैं। वह चीन-रूस खेमे की नीतियों की ओर झुक सकते हैं।


अमेरिका समर्थक देश भी ट्रंप की इस तरह की कार्यवाही के खुले समर्थक नहीं है। इसका असर नाटो देश और यूरोपियन संगठन में भी देखने को मिल रहा है। वह ट्रंप की इन नीतियों का कितना समर्थन करेंगे, वर्तमान में कहना मुश्किल है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जिस तरह की नीतियां आ रही हैं। उसके बाद दुनिया एक बार फिर आर्थिक एवं सामरिक ध्रुवीकरण की ओर बढ़ती हुई दिख रही है। विकासशील देश एवं वेनेजुएला जैसे देश महाशक्तियों की रस्साकशी का मैदान बन रहे हैं। यह स्थिति वैश्विक शांति के लिए सबसे बड़ा खतरा बनकर सारी दुनिया के सामने है। अमेरिका की इस कार्रवाई से वैश्विक व्यापार संधि के बाद जो आर्थिक परिवर्तन सारी दुनिया के देशों में देखने को मिला था। निश्चित रूप से वह तेजी के साथ सिमटने लगेगा। जिसका दुष्प्रभाव आर्थिक मंदी के रूप में जल्द ही सामने आ सकता है। इसको लेकर तरह-तरह की वैश्विक चिंताएं सामने आने लगी हैं।

**सनत जैन**
**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

*अमेरिका में मंहगाई और आर्थिक स्थिति पर इसके दुष्परिणाम दिखने लगे है। इससे बचने के लिये अब ट्रम्प ने वेनेजुएला का मुद्दा खड़ा करके अमेरिका में अपनी स्थिति को मजबूत करना चाहते है? वेनेजुएला लंबे समय से रूस और चीन का रणनीतिक साझेदार है। रूस ने वहां ऊर्जा, हथियार और सैन्य सहयोग किया है। जबकि चीन ने कर्ज, बुनियादी ढांचा और तेल समझौतों के जरिए अपनी गहरी पैठ बनाई है। रूस और चीन के हथियार भी वेनेजुएला में है। ऐसे में किसी रूसी जहाज की जप्ति केवल एक कानूनी या तकनीकी कार्रवाई के रूप में नहीं देखी जा सकती है। इस कार्रवाई को रूस के प्रभाव को खुली चुनौती के रूप में ही देखा जाएगा। मॉस्को ट्रंप की इस कार्रवाई को अपनी संप्रभुता और अंतरराष्ट्रीय व्यापार स्वतंत्रता पर हमला बताकर कूटनीतिक विरोध, जवाबी प्रतिबंध या समुद्री सुरक्षा को बढ़ाने जैसे कदम उठा सकता है। हालांकि रूस सीधे सैन्य टकराव से बचता हुआ दिख रहा है। समय आने पर इसकी प्रतिक्रिया बड़े रूप में हो सकती है। इससे इनकार नहीं किया जा सकता है। दुनिया के देशों में अमेरिका, विरोधी मंचों पर इस मुद्दे का जोर-शोर से उठना तय है।*

## कोसीकलां में 21 जनवरी से सजेगा श्रीरामकथा महोत्सव और महायज्ञ का दरबार

# कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण और मौनी बाबा ने किया निमंत्रण कार्ड का विमोचन, सीएम योगी का आगमन प्रस्तावित



**आयोजन की मुख्य तिथियां**

- कलश यात्रा : 21 जनवरी (बुधवार)
- श्रीराम महायज्ञ : प्रतिदिन सुबह 8 :00 से दोपहर 12 :00 बजे
- पूर्णाहुति व विशाल भंडारा : 31 जनवरी (शनिवार)

**देशभर के प्रख्यात संतों का होगा समागम**

कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने बताया कि इस अनुष्ठान में योग गुरु स्वामी रामदेव, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद, विजय कौशल महाराज और मलूक पीठाधीश्वर सहित देश के कई जगद्गुरु और प्रख्यात संत शिरकत करेंगे। प्रतिदिन सुबह 8 से 12 बजे तक डॉ. मनीषाचार्य वत्स (बरसाना) के सानिध्य में श्रीराम महायज्ञ संपन्न होगा। विमोचन के दौरान पालिकाध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल, नरदेव चौधरी, कमलकिशोर वार्ष्णेय, अजय गोयंका और विभिन्न गांवों के प्रधान व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। पूज्य मौनी बाबा ने समस्त ब्रजवासियों और रामभक्तों से इस धर्म लाभ को प्राप्त करने की अपील की है।

**भास्कर ब्यूरो**

**कोसीकलां (मथुरा)।** कोटवन क्षेत्र स्थित ठाकुर श्री बृजभूषण जी मंदिर में आगामी 21 जनवरी से भव्य श्रीरामकथा महोत्सव, श्रीराम महायज्ञ और संत समागम का आयोजन होने जा रहा है। इस पावन अवसर पर लोक कल्याण हेतु 'ठाकुर बृजभूषण पार्थ व्यास नेत्र चिकित्सालय' का शिलान्यास भी किया जाएगा। शुक्रवार को प्रदेश के कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण ने पूज्य संत मौनी बाबा व अन्य गणमान्य लोगों के साथ कार्यक्रम के निमंत्रण पत्र का विमोचन किया।

### शंकराचार्य और मलूकपीठाधीश्वर सुनाएंगे कथा

महोत्सव में श्रीमद् जगद्गुरु शंकराचार्य अग्रपीठाधीश्वर और मलूकपीठाधीश्वर स्वामी श्री राजेन्द्रदास देवाचार्य जी महाराज अपने मुखारविंद से श्रीरामकथा की अमृत वर्षा करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का शामिल होना भी प्रस्तावित है। 21 जनवरी को सुबह 10 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ महोत्सव का शुभारंभ होगा, जिसकी पूर्णाहुति 31 जनवरी को विशाल भंडारे के साथ होगी।

# वृंदावन से आगरा तक निकलेगी सनातन जन-जागरण एकता पदयात्रा



**भास्कर ब्यूरो**

**वृंदावन।** सनातन संस्कृति के संरक्षण, गौ रक्षा और सामाजिक चेतना के उद्देश्य से वृंदावन से आगरा तक पांच दिवसीय सनातन जन-जागरण एकता पदयात्रा निकाली जाएगी। यह पदयात्रा चार से आठ फरवरी तक आयोजित होगी, जिसमें हजारों साधु-संत, धमार्चार्य और सनातन अनुयायी भाग लेंगे। गुरुवार को परिक्रमा मार्ग स्थित तपोवन आश्रम में सनकादिक सेवा ट्रस्ट द्वारा पदयात्रा के आमंत्रण-पत्र का विमोचन किया गया।

मीशेश्वर धाम के पीठाधीश्वर डॉ. विनितानंद आचार्य ने बताया कि पदयात्रा पंच संकल्पों के साथ चार फरवरी को वृंदावन स्थित कात्यायनी माता मंदिर से प्रारंभ होगी। यात्रा विभिन्न स्थानों पर विश्राम और जनसंवाद करते हुए आठ फरवरी को आगरा के राजपुर चुंगी स्थित श्री राजेश्वर महादेव मंदिर पर सम्पन्न होगी। तपोवन फलाहारी आश्रम के महंत गंगादास महाराज ने कहा कि यह पदयात्रा सनातन धर्म की एकता, भारतीय संस्कृति की रक्षा और सामाजिक पुनर्जागरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। ट्रस्ट अध्यक्ष जितेंद्र गोयल ने संयुक्त परिवार की पुनर्स्थापना, धर्मांतरण के विरोध और घर वापसी अभियान जैसे विषयों को प्रमुख बताया।

कार्यक्रम समन्वयक अमन शुक्ला के अनुसार, संकल्पों में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध, ब्रज क्षेत्र में मांस-मदिरा निषेध, गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा, विद्यालयों में संस्कृत व श्रीमद्भागवत गीता का अध्ययन शामिल है। पदयात्रा में मथुरा-वृंदावन के विद्यार्थियों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी।

## कोहरे का कहर: मथुरा में पेड़ से टकराई सिपाही की कार, बाल-बाल बचे सवार



**भास्कर ब्यूरो**

**गोवर्धन।** राधाकुंड-छटीकरा मार्ग पर गुरुवार सुबह घने कोहरे के कारण एक भीषण सड़क हादसा हो गया। नगला मोहर सिंह के पास एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे नीम के पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पेड़ जड़ से उखड़ गया और कार के परखच्चे उड़ गए।

कार बदायूं में तैनात सिपाही साहब सिंह की बताई जा रही है। हादसे के वक्त दृश्यता कम होने के कारण सामने से आ रहे वाहन को बचाने के चक्कर में कार का संतुलन बिगड़ गया। गनीमत रही कि कार सवार सुरक्षित बच गए। मौके पर पहुंची राल चौकी पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को हटवाया। पुलिस ने कोहरे के दौरान वाहन चालकों को धीमी गति और सावधानी से चलने की अपील की है।

# स्वामी विवेकानंद जयंती पर निकलेगी हिन्दू चेतना यात्रा, बैठक में हुआ मंथन

## विराट हिन्दू सम्मेलन की बनेगी भूमिका, बैठक में कई लोग उपस्थित रहे

**भास्कर ब्यूरो**

**गोवर्धन।** गोवर्धन में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर 12 जनवरी को 'हिन्दू चेतना यात्रा' निकालने का निर्णय लिया गया है। यह यात्रा सुबह 10 बजे श्री गिरिराज जी के मुखारविंद, जतीपुरा से शुरू होगी। इसका उद्देश्य जन-जन तक हिन्दू एकता, संस्कार, संगठन और राष्ट्र चेतना का संदेश पहुंचाना है। हिन्दू चेतना यात्रा का पहला चरण जतीपुरा से प्रारंभ होकर गांठौली, सकरवा, मलसराय, देवसेरस, मुड़सेरस, जानू, महरौली, पलसों, सींह, भगौसा, पाडल, नीमगांव, कुंजेरा, राधाकुंड, जमुना बटा और पाली ब्राह्मण होते हुए अड़ींग पर समाप्त होगा। यात्रा मार्ग में पड़ने वाले



प्रत्येक गाँव में श्रद्धालुओं और हिन्दू समाज के लोगों द्वारा इसका स्वागत किया जाएगा।

यह यात्रा 15 जनवरी से 15 फरवरी तक आयोजित होने वाले 'विराट हिन्दू सम्मेलन' की भूमिका तैयार करेगी। इस सम्मेलन का आयोजन गोवर्धन खंड के प्रत्येक मंडल में किया जाएगा, जिसका लक्ष्य हिंदुत्व की चेतना को व्यापक स्तर पर प्रसारित करना है। यात्रा को लेकर बीती देर शाम गोवर्धन में एक बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में धर्मेंद्र शर्मा प्रधानाचार्य, मुरारी कुंज विद्या मंदिर एवं सह जिला बौद्धिक प्रमुख, अमित जी (प्रचारक, गोवर्धन), श्याम सुंदर उपाध्याय खंड संयोजक, ज्ञानेंद्र सिंह राणा, कान्हा प्रचार प्रमुख, विपिन सिंह सह संयोजक, हिन्दू सम्मेलन), हेमंत जी सह सचिव, भानु भारद्वाज अधिवक्ता और विजय यादव सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

इस अवसर पर हिन्दू सम्मेलन के सह संयोजक विपिन सिंह ने कहा कि यह सम्मेलन गोवर्धन खंड के प्रत्येक मंडल में ऐतिहासिक रूप से आयोजित होगा और हिंदुत्व का संदेश दूर-दूर तक पहुँचाएगा।

उन्होंने समाज से संगठित होकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान भी किया।

## बाइक सवार को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पलटा कंक्रीट मिक्सर ट्रक, चालक घायल

**भास्कर ब्यूरो**

**चौमुहां।** थाना जैंत क्षेत्र के अंतर्गत जैंत-रामताल मार्ग पर गुरुवार को एक बड़ा हादसा होने से टल गया। वासुदेव एलीमेंट के समीप एक अनियंत्रित कंक्रीट मिक्सर कैप्सूल ट्रक सड़क किनारे बम्बे में पलट गया। यह दुर्घटना सामने से आ रहे एक बाइक सवार को बचाने के प्रयास में हुई।



हादसे में ट्रक चालक को मामूली चोटें आई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कंक्रीट मिक्सर कैप्सूल ट्रक रामताल की दिशा से आ रहा था। तभी अचानक सामने से एक बाइक सवार आ गया। उसे बचाने के फेर में चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और भारी-भरकम ट्रक असंतुलित होकर सड़क किनारे गहरे गड्ढे में जा गिरा।

दुर्घटना होते ही आसपास के लोग और राहगीर मौके पर जमा हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए ट्रक के केबिन में फंसे घायल चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। गनीमत रही कि चालक को गंभीर चोटें नहीं आईं। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। भारी-भरकम मिक्सर ट्रक को गड्ढे से बाहर निकालने के लिए प्रशासन और स्थानीय स्तर पर काफी मशक्कत करनी पड़ी। अंततः दो बड़ी हाइड्रोलिक क्रेन बुलाई गईं, जिनकी मदद से काफी घंटों की कोशिश के बाद ट्रक को सीधा कर बाहर निकाला जा सका।

# नीमगांव फाटक पर बनेगा रेलवे ओवरब्रिज, सीएम योगी ने दी हरी झंडी

### लंबे समय से लग रहे जाम से मिलेगी मुक्ति, गोवर्धन क्षेत्र के विकास को मिलेगी नई रफ्तार

**कमल सिंह यदुवंशी**

**गोवर्धन।** मथुरा-अलवर रेलमार्ग पर गोवर्धन रेलवे स्टेशन के समीप नीमगांव रेलवे फाटक पर पुल निर्माण के प्रस्ताव को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंजूरी दे दी है। इस फैसले से गोवर्धन विधानसभा क्षेत्र के हजारों लोगों को रोजाना होने वाली बड़ी समस्या से निजात मिलने का रास्ता साफ हो गया है।



### जाम के झाम से मिलेगी राहत

नीमगांव फाटक पर ट्रेनों के आवागमन के कारण अक्सर फाटक बंद रहता था, जिससे बरसाना, छाता और आसपास के इलाकों को जाने वाले वाहनों की लंबी कतारें लग जाती थीं। घंटों जाम में फंसने के कारण श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। अब पुल बनने से आवागमन सुचारु होगा और समय की बचत होगी।

### क्षेत्रवासियों ने जताया आभार

पुल निर्माण की स्वीकृति मिलने पर गोवर्धन रेल विकास संघ के अध्यक्ष त्रिभुवन कौशिक समेत स्थानीय लोगों ने क्षेत्रीय विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है। इस घोषणा के बाद से स्थानीय व्यापारियों और ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है।

### मुख्य आकर्षण:

- मथुरा-अलवर रेलमार्ग पर सुगम होगा सफर।
- बरसाना और छाता मार्ग के यात्रियों को मिलेगा सीधा लाभ।
- श्रद्धालुओं और व्यापारियों के लिए समय की होगी बचत।

## राया पुलिस ने जुआ खेलते तीन दबोचे, नकदी और ताश बरामद

**भास्कर ब्यूरो**

**राया (मथुरा)।** थाना राया पुलिस ने क्षेत्र में अपराध रोकथाम अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए दयानंद नगर कॉलोनी में जुआ खेल रहे तीन अभियुक्तों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से नगद धनराशि और जुआ खेलने की सामग्री बरामद की है। प्रभारी निरीक्षक रवि भूषण शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बुधवार शाम भगवान रिसोर्ट के पीछे खाली प्लॉट पर छापेमारी की। मौके से राजेश (धंगोई), ताहिर (व्यापारी मोहल्ला) और राहुल (गंगा का नगला) को गिरफ्तार किया गया। पुलिस को इनके पास से 3900 रुपये की नगदी, ताश की गड्डी और अन्य सामग्री मिली है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ धारा 13 जी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है।

# शिक्षकों की मांगें पूरी तरह न्यायसंगत, सरकार करे सकारात्मक निर्णय: हेमा मालिनी

## मथुरा में माध्यमिक शिक्षक संघ का 58वां राज्य स्तरीय सम्मेलन शुरू

- सांसद ने पुरानी पेंशन और शिक्षक हितों का किया समर्थन



**भास्कर ब्यूरो**

**मथुरा।** किशोरी रमन इंटर कॉलेज के मैदान पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ का 58 वां तीन दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सिने स्टार व सांसद हेमा मालिनी ने कहा कि शिक्षक समाज की नींव होते हैं और राष्ट्र के भविष्य के निमार्ता हैं। उनकी निष्ठा, धैर्य और समर्पण के कारण ही आगे आने वाली पीढ़ी संस्कारपूर्ण और जिम्मेदार बनती है। सांसद ने कहा कि आज शिक्षक मथुरा में किसी टकराव के लिए नहीं बल्कि एकता और आशा के साथ एकत्र हुए हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की मांगें पूरी तरह न्यायसंगत, उचित और लंबे समय से लंबित हैं। यह मांगें किसी निजी स्वार्थ से नहीं बल्कि शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और शिक्षकों को सम्मान, सुरक्षा और न्याय दिलाने के उद्देश्य से रखी गई हैं। उन्होंने शिक्षक समुदाय को आश्वासन दिया कि वह सरकार से निवेदन करेंगी कि उचित मांगों पर सकारात्मक निर्णय भी लिया जाए। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित व भगवान श्रीकृष्ण को माल्यार्पण कर किया। संघ प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि समय-समय पर सांसद ने शिक्षा संबंधी सहायता व आशीष जनपद के अनेकों विद्यालयों को दिया है। उन्होंने शिक्षक समुदाय की ओर से सांसद का आभार प्रकट किया। शिक्षक एमएलसी ध्रुव त्रिपाठी ने शिक्षकों की पुरानी पेंशन योजना बंद होने के कारण प्रत्येक शिक्षकों की वृद्धावस्था की चिंता व्यक्त की। केआर गर्ल्स इंटर कॉलेज, चमेली देवी गर्ल्स इंटर कालेज की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम संयोजक संजय पचौरी व कॉलेज के प्रधानाचार्य मुरलीधर शर्मा, डॉ. मनवीर मधुर ने सांसद का स्वागत पुष्प व अंगवस्त्र देकर किया। सांसद ने संघ की 48 वीं राजाज्ञा वार्षिक संख्या पुस्तिका का विमोचन किया। विशिष्ट अतिथि एवं मंगलतनय विश्व विद्यालय के कुलपति पीके दशोरा ने भी विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर कुंवर नरेंद्र सिंह, पूर्व एमएलसी जगवीर किशोर जैन, सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा, प्रमोद मिश्रा, जिलाध्यक्ष वीरेंद्र उपाध्याय, जिला मंत्री अनिल सिंह छौंकर, उमेश सारस्वत, डॉ. मुकेश शर्मा, कोषाध्यक्ष मुकेश शर्मा, बालकिशन चतुर्वेदी, वृषभान गोस्वामी व पंकज पचौरी आदि उपस्थित थे।

# तिरंगा और संविधान देने जा रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने रोका, होली गेट पर भारी हंगामा

## आरएसएस प्रमुख को तिरंगा झंडा भेंट करने जिला कार्यालय से निकले थे कार्यकर्ता

**भास्कर ब्यूरो**

**मथुरा।** आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत से मिलने जा रहे कांग्रेस कार्यकताओं को पुलिस ने मथुरा के होली गेट पर रोक लिया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकताओं और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक और झड़प की स्थिति उत्पन्न हो गई। जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर के नेतृत्व में जैसे ही कांग्रेसी जिला कार्यालय से बाहर निकल कर जैसे ही कांग्रेसी सडक पर पहुंचे पुलिस ने उन्हें रोक लिया। हालांकि इस दौरान कांग्रेस कार्यकताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया और पुलिस को प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए बैरीकेडिंग लगानी पडी।



कांग्रेस कार्यकताओं का कहना था कि वे आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को संविधान की प्रति और तिरंगा झंडा भेंट करने जा रहे थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। जैसे ही पुलिस ने बैरिकेटिंग लगाकर कार्यकताओं को रोका, मौके पर नारेबाजी शुरू हो गई और माहौल कुछ देर के लिए तनावपूर्ण हो गया। पुलिस बल ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए कांग्रेस कार्यकताओं को वहीं रोक लिया। कांग्रेस नेताओं ने पुलिस कार्रवाई को लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताते हुए विरोध दर्ज कराया। वहीं पुलिस प्रशासन का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत यह कदम उठाया गया। इस दौरान कुंवर सिंह निषाद, राजन पाठक, हरवीर सिंह पुंडीर, संदीप हिंडोल, आदित्य तिवारी, अश्वनी शुक्ला, प्रवीन ठाकुर, हर्ष चौरसिया, दुर्गेश बघेल, हरीश पचौरी, प्रदीप सागर, प्रमोद शर्मा, धीरज शर्मा, आशीष अग्रवाल, राशिद खान, हाकिम सिंह छोकर, ललिता देवी, आशा चौधरी, अनाम धन्य तिवारी, उमाशंकर शर्मा, रमेश कश्यप, जिलानी कादरी, रवि वाल्मीकि, हाशिम हुमेर, दीपक आर्य, शैलेंद्र चौधरी, राजा गौतम, टिंकू धनगर, बालवीर सिंह, राजरानी निमेष, सुनील बाल्मीकि, विशाल वाल्मीकि, लक्ष्य गौड़, राकेश शुक्ला, हरिओम उपाध्याय, अमित राज, महेश चौबे, नितिन वार्ष्णेय, अशोक निषाद, करन निषाद, पूरन सिंह, अनवर फारुकी, शाहरुख खान, अजीम, शाह बंटी दिवाकर, अर्पित जादौन, अनिल खरे, राजेश कुमार, विवेक कुमार,, सहित सैकड़ो की संख्या में आदि कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## फिर आंदोलन की राह पर ऑटो, ई रिक्शा चालक, दी चेतावनी

**मथुरा।** मथुरा में टेंपो, ऑटो और ई-रिक्शा चालकों ने 10 जनवरी को धरना और पूर्ण हड़ताल का ऐलान किया। वे बढ़ते चालान और कथित अवैध वसूली के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। मथुरा शहर में टेंपो, ऑटो और ई-रिक्शा चालकों का आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। धोली प्याऊ स्थित रेलवे ग्राउंड में चालकों का प्रदर्शन जारी है। है, जहां बड़ी संख्या में चालक एकत्र होकर अपनी मांगों को लेकर आवाज उठा रहे हैं। चालकों का कहना है कि आए दिन हो रहे चालान, वाहनों को सीज किए जाने और कथित अवैध वसूली के कारण उनकी रोजी-रोटी पर सीधा असर पड़ रहा है। चालक संगठन के नेता गुलबीर चौधरी ने आरोप लगाया कि प्रशासन और संबंधित विभागों द्वारा की जा रही कार्रवाई से हजारों चालकों का सम्मान और जीवन-यापन संकट में है। उन्होंने कहा कि कई चालक नियमों का पालन करने के बावजूद परेशान किए जा रहे हैं।

# लांस नायक शहीद हेमराज की 13वी पुण्यतिथि पर लगा मेला

## कैबिनेट मंत्री ने प्रतिनिधि सहित ग्रामीणों के साथ माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

- शहीद की वर्षी पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा किया अनावरण

**भास्कर ब्यूरो**

**कोसीकलां।** गाँव शेरनगर के रहने वाले लांस नायक शहीद हेमराज की 13 वी पुण्यतिथि के अवसर पर गांव में परिजनों के द्वारा मेला लगाया गया। शुक्रवार की परिजनों माता मीना देवी, पिता पीताम्बर सिंह, पत्नी धर्मवती देवी, पुत्री शिवानी,निर्मल,पुत्र प्रिंस सहित ग्रामीणों ने सुबह शहीद पार्क पर स्थापित प्रतिमा के समक्ष बैदिक मंत्रो से हवन यज्ञ कर श्रद्धासुमन पुष्प अर्पित किये। इस अबसर पर उत्तरप्रदेश के कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण,ने प्रतिनिधि नरदेव चौधरी सहित ग्राम प्रधान रामेश्वर सैनी सहित मौजूद लोगों के साथ लांस नायक शहीद हेमराज को श्रद्धासुमन पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शहीद हेमराज की 13 वी पुण्यतिथि



के अवसर पर महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा का अनावरण भी केबिनेट मंत्री ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर मझोइ गाँव के स्कूल के छात्र छात्राओं के द्वारा दर्जनों सांस्कृतिक कार्यक्रम देशभक्ति और राष्ट्रभक्ति से भरी मनमोहक प्रस्तुति दी। जिसे देख शहीद पार्क पर मौजूद लोगों में जोश दिखाई दिया। शाहिद की पूर्ण स्मृति को लेकर आयोजित होने वाले कार्यक्रम को देखने के लिए आसपास के गांव के सैकड़ो लोग मौजूद रहे। मंच से संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रतिवर्ष शहीद हेमराज की वर्षी पर गाँव मे मेला लगता है। जिसे देखने लोग आते है। शहीद हेमराज की शहादत को हमेशा याद रखा जाएगा। आगामी समय मे शहीद की पुण्यतिथि पर अनेकों कार्यक्रम और भी भव्यता से किये जायेंगे। में शहीद परिवार के साथ हमेशा खड़ा हूँ। जहा मेरी आवश्यकता होगी मौजूद रहूँगा।

**जो लोग ठोकर खाकर भी चलते रहते हैं, वही एक दिन मंजिल पाते हैं।**

### मजबूरी और मजदूरी - ये रोज बिकने वाले

# ठंड की चुभन से ज्यादा बेरोजगारी का दर्द - दिहाड़ी मजदूरों की एक ही पुकार: हे भगवान, आज काम दिला दे

- ठंडी हवाओं से सिकुड़े जिस्म, फटे कंबलों व घिसे चप्पलों में लिपटी उम्मीदें कराती हैं हर दिन नया संघर्ष

राज ठाकुर

**आगरा।** भीषण ठंड की मार झेल रहे दिहाड़ी मजदूरों के लिए इस मौसम में सबसे बड़ी चिंता सिर्फ सर्द हवाएँ नहीं, बल्कि रोजगार है।


सुबह-सुबह जब शहर ठंड से सिहर रहा होता है, तब फुटपाथों, चौराहों और निर्माण स्थलों के किनारे खड़े ये मजदूर हाथ जोड़कर बस एक ही अरदास करते दिखते हैं- हे भगवान, काम दिला दे, आज घर में चूल्हा जल जाए। ठंडी हवाओं से सिकुड़े जिस्म, फटे कंबलों और कमजोर चप्पलों में लिपटी उम्मीदें हर दिन नए संघर्ष का सामना करती हैं। कई दिनों से लगातार ठंड और धुँध के कारण काम ठप पड़ा है। घरों में राशन कम हो रहा है, बच्चों की नजरें दरवाजे पर टिकी हैं, और बीमार बुजुर्गों की दवाइयाँ भी अधूरी पड़ी हैं। लेकिन इन सब के बीच सबसे बड़ा सवाल वही- आज काम मिलेगा या नहीं?

दिहाड़ी मजदूरों के चेहरे पर चिंता साफ पढ़ी जा सकती है। कोई सिर पर गमछा बाँधे इंतजार में खड़ा है, तो कोई हाथों को रगड़कर ठंड से लड़ रहा है। कई कहते हैं- ठंड से नहीं, बेकारी से डर लगता है; ठंड तो ओढ़-लपेटकर काट लेंगे, पर खाली चूल्हा कैसे जलाएँ? व्यवस्था और नीतियों के दावों के बीच इन हाथों की मेहनत अक्सर अनदेखी रह जाती है। यही हाथ शहरों को खड़ा करते हैं, सड़कों को सँवारते हैं, घरों को आकार देते हैंकृफिर भी रोजमर्रा की रोटी के लिए तरसते हैं।

यह तस्वीर सिर्फ मौसम की नहीं, एक क्रूर विडंबना की हैकृजहाँ मेहनतकश इंसान भीख नहीं, बस काम की दुआ माँग रहा है। ठंड बढ़ती जा रही है, पर इनकी उम्मीद अभी भी जिंदा है। हर सुबह नई ठंड लाती है।



सुबह कड़ाके की ठंड में काम के इंतजार में दाढ़ी मजदूर और बेलदार



प्रभादेवी, उम्र 35 वर्ष-दो बेटे, तीन बेटियों की माँ। किराए के छोटे से कमरे में गुजर-बसर कर रहीं हैं। पति राजमिस्त्री हैं, पर काम रोज नहीं मिलता। मजबूरी ऐसी कि बेटियों को गाँव में माँ के पास छोड़ना पड़ा। दो छोटे बेटों को गोद में लेकर कड़कड़ाती ठंड में भी बेलदारी करती हैं। हाथ फट जाते हैं, बदन काँपता है, पर हिम्मत नहीं काँपती। कहती हैं-पेट की आग और बच्चों का भविष्य ही मेरी ताकत है, सरकारी मदद आज भी सिर्फ कागजों में है।

**प्रभा देवी (महिला मजदूर)**



हम दोनों ने साथ जीने का सपना देखा था। परिवार ने छोड़ा तो बेलदारी ही सहारा बनी। महीने में 15-20 दिन काम मिलता है, 10 दिन खाली बैठना पड़ता है। रोज सोचते हैं, अगर आज काम न मिला तो चूल्हा कैसे जलेगा? फिर भी हिम्मत नहीं हारते, क्योंकि हम एक-दूसरे का साथ हैं। महज 28 साल के हरिराम बेलदारी करते हैं। दो साल पहले उन्होंने सोनम से प्रेम विवाह किया। प्यार तो मिला, पर साथ ही परिवार ने बेदखल भी कर दिया। अब दोनों पति-पत्नी रोजगार के लिए बेलदारी करते हैं। महीने में मुश्किल से 15-20 दिन ही काम मिलता है, बाकी दिन घर बैठना पड़ता है, बेरोजगारी और फिक्र के साथ। रोज की मजदूरी से ही किराया, खाना और जिंदगी की जरूरतें पूरी करनी पड़ती हैं।

**हरीराम (बेलदार)**



सिकंदरा के महल निवासी 65 वर्षीय हरी सिंह 1987 से बेलदारी कर रहे हैं। उम्र ढल चुकी है, शरीर कमजोर है, फिर भी परिवार की मजबूरी उन्हें आज भी दिहाड़ी पर खड़ा रहने को मजबूर करती है। तीन बेटियों की शादी कर चुके हैं, एक बेटा जूते की फैक्ट्री में काम करता है। महीने में केवल 10द्द15 दिन काम मिलता है और रोज की मजदूरी करीब 400 रुपये ही मिलती है। दुख की बात यह है कि उन्हें अब तक न राशन कार्ड, न लेबर कार्ड और न ही आयुष्मान कार्ड का लाभ मिला। इलाज और भविष्य दोनों अनिश्चित हैं। हरी सिंह की कहानी उन हजारों दिहाड़ी मजदूरों का दर्द है जिन तक आज भी सरकारी योजनाओं के लाभ नहीं पहुंचे। जरूरत है कि सरकार ऐसे बुजुर्ग मजदूरों की सुध ले और उन्हें सम्मानजनक जीवन दे।

**हरी सिंह (बेलदार)**



सिकंदरा के बजरंग नगर, दरगाह के पास किराए के एक छोटे से कमरे में रहने वाले पेशे से बेलदार रामबाबू की जिंदगी रोजी-रोटी के संघर्ष में सिमट गई है। कहते हैं-ह्लमैं हर रोज सुबह सिकंदरा चुंगी पर खड़ा हो जाता हूँ। सोचता हूँ कि आज मेरी बोली लगेगी और कोई काम पर ले जाएगा। महीने में बस 10-15 दिन ही काम मिलता है। मेरा इस दुनिया में कोई नहीं है। दिहाड़ी मजदूरी करके जैसे-तैसे पेट भर रहा हूँ। पहचान-पत्र न होने से उन्हें सरकारी सस्ती राशन योजना, श्रमिक पंजीकरण और स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है।

**रामबाबू (दिहाड़ी मजदूर)**



बेटी बहुत छोटी है, उसे गोद में लेकर काम नहीं कर सकती, इसलिए मकान मालिक के पास छोड़ जाती हूँ। बेटा गोद में लेकर बेलदारी करती हूँ। सर्दी में हाथ सुन्न हो जाते हैं, फिर भी ईंट-पत्थर ढोना पड़ता है। घर आकर चुपचाप रो लेती हूँ। आधार नहीं, राशन नहीं, श्रम कार्ड नहीं, मेरी सुनवाई कौन करेगा? यह कहानी सिर्फ सपना की नहीं, बल्कि उन सैकड़ों दिहाड़ी मजदूरों की है जो भयंकर ठंड में भी रोज बिकते हाथों के सहारे जिंदगी ढो रहे हैं, पर सरकारी योजनाओं के लाभ से अब भी कोसों दूर हैं। सिकंदरा क्षेत्र के किराए के छोटे कमरे में रहने वाली 20 वर्षीय सपना, लादूखेड़ा की मूल निवासी हैं। दो छोटे बच्चे, दो हजार रुपए महीने का कमरे का किराया और अनिश्चित रोजगार-इन्हीं के बीच उनकी जिंदगी गुजर रही है। आधार कार्ड खो जाने के बाद न राशन कार्ड बन पाया, न श्रम कार्ड। ऐसे में महीने भर काम की कोई गारंटी नहीं। ठंड में बदन अकड़ जाता है, मगर पेट की आग काम पर धकेल देती है।

**सपना (महिला मजदूर)**



## ओवरलोड वाहन पकड़ने पर धमकाया, खनन निरीक्षक ने केस दर्ज कराया

- तमाम कवायद बेकार, नहीं रुक रहा अवैध खनन, सैंया, खेरागढ़, शमसाबाद में दिन रात दौड़ रहे वाहन

भास्कर ब्यूरो

**खेरागढ़।** प्रशासन की तमाम कवायदों के बावजूद भी अवैध खनन परिवहन एवं ओवरलोड वाहनों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।बुधवार को खनन विभाग के सचल दल द्वारा चेकिंग अभियान के दौरान खेरागढ़ सैंया मृग पर ओवरलोड खनन के डंपर को पकड़ने पर स्कॉर्पियो से पहुंचे युवक ने कर्मचारियों से अभद्रता करते हुए धमकाया, खनन अधिकारी की सूचना पर थाना सैंया पुलिस के मौके पर पहुंचने पर आरोपी युवक भाग गया।खनन निरीक्षक सुशील वर्मा ने थाना सैंया पर आरोपी सतीश चंदेला निवासी राजपुरा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

वहीं चेकिंग अभियान के दौरान खेरागढ़ एवं सैंया पर खेरागढ़ कस्बा से दो पत्थर(पटिया) भरे ट्रक एवं सैंया पर ओवरलोड सिंध नदी के रेत से भरा डंपर पकड़ा है।खनन अधिकारी मिथलेश कुमार ने बताया कि सैंया,खेरागढ़ में कुल तीन वाहनों को पकड़ा गया है।अभद्रता करने वाले युवक के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है।पकड़े गए वाहनों पर लोड खनन सामग्री संबंधी कोई भी प्रपत्र नहीं मिलने पर वाहनों को पुलिस के सुपुर्द कर विधिक कार्रवाई की गई है, तथा अन्य संबंधित विभागों को भी कार्रवाई हेतु पत्र भेजा जाएगा।

## सार सुर्खियां

### वाछित वारंटी गिरफ्तार, न्यायालय में पेश

**भास्कर ब्यूरो, बाह (आगरा)।** थाना खेड़ा राठौर पुलिस टीम ने एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। थानाध्यक्ष योगेन्द्र सिंह के नेतृत्व में थाना खेड़ा राठौर पुलिस टीम द्वारा गुरुवार को थाना क्षेत्र में वारंटी एवं वांछित अभियुक्तों की चेकिंग व तलाश की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि वाछित वारंटी अभियुक्त अपने निवास स्थान पर मौजूद है।सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने ग्राम धांधूपुरा निवासी रामपाल सिंह पुत्र सुल्तान सिंह को उसके मकान से गिरफ्तार कर लिया। वह लंबे समय से वांछित चल रहा था।इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष योगेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक तरुण चौधरी एवं हेड कांस्टेबल राहुल कुमार शामिल रहे।

### समाजसेविका के निधन से क्षेत्र में शोक



**भास्कर ब्यूरो, बाह।** जैतपुर क्षेत्र के गांव नहटौली निवासी समाजसेविका सूरजमुखी देवी (86) के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार समाजसेविका सूरजमुखी देवी बहुत ही ज्यादा भक्ति में लीन रहती थी । समाज व गरीब तबके एवं असहाय लोगों के प्रति बहुत ही ज्यादा प्रेमभाव रखने एवं उनकी मदद करने के लिए आगे रहने वाली महिला थी । उनके निधन से पूरे गांव क्षेत्र में गमगीन माहौल है ।अंतिम विदाई के दौरान काफी संख्या में क्षेत्र के लोग मौजूद रहे गमगीन माहौल के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

### पुलिस उत्पीड़न के शिकार युवक को जअपा ने बंधायी ढांढस

**भास्कर ब्यूरो, सैंया।** थाना छत्ता की जीवन मंडी चौकी के दरोगा व पुलिस कर्मियों द्वारा थाना सैंया के गांव बाग किशोरा निवासी दूधिया युवक नरेन्द्र सिंह कुशवाह के साथ किए गए अत्याचार से पीड़ित से जन अधिकार पार्टी के पदाधिकारियों ने मुलाकात कर परिवार को ढांढस बंधाया तथा पुलिस के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इस दौरान जन अधिकार पार्टी की सुकन्या कुमारी, हाकिम सिंह कुशवाह, अशोक कुशवाह, अमित बघेल , तुलसी धनगर आदि लोग मौजूद रहे।

### दिसम्बर में टिकट चैकिंग में आगरा मंडल का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**भास्कर ब्यूरो, आगरा ।** वाणिज्य विभाग आगरा मंडल द्वारा बिना टिकट यात्रियों की रोकथाम हेतु माह दिसम्बर -2025 में विशेष टिकट जाँच अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत बिना टिकट यात्रा, अनियमित यात्रा,बिना बुक लगेज एवं गंदगी फैलाने व धुम्रपान करने वाले,अनाधिकृत वैंडरो एवं स्टेशन से गुजरने वाली गाड़ियों में सघन जाँच करायी गयी। जाँच के परिणाम स्वरूप आगरा मंडल के स्टेशनों पर बिना टिकट यात्रा करने वाले 21725 केस पर 1.74/-करोड़ रुपए, अनियमित यात्रा करने वाले 19830 केस पर 1.06/- करोड़ रुपए एवं बिना बुक लगेज यात्रा करने वाले 11 केस पर 6385 /- रुपए यात्रियों को प्रभारित किया गयाद्य जिसके परिणाम स्वरूप कुल 41566 केस से 2.81/-करोड़ रुपए रेल राजस्व प्राप्त किया गया। जनसम्पर्क अधिकारी आगरा, प्रशस्ति श्रीवास्तव ने बताया कि भविष्य में भी मंडल द्वारा रेलवे स्टेशनों एवं आरक्षित/अनारक्षित यात्री गाड़ियों में नियमित रूप से सघन टिकट जाँच कराई जायेगी ।

### टेढ़ी बगिया - हाथरस रोड पर नगर निगम ने खाली कराये फुटपाथ



**भास्कर ब्यूरो, आगरा।** शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने और आमजन को पैदल चलने में हो रही असुविधा से राहत दिलाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। यह अभियान टेढ़ी बगिया से हाथरस रोड एवं वाटर वर्क्स से बल्केश्वर रोड तक व्यापक स्तर पर संचालित किया गया। अभियान के दौरान फुटपाथों और सड़क किनारे अवैध रूप से ठेला लगाकर, ढाबा चला कर तथा तख्त और अस्थायी ढांचे रखकर सामान बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। नगर निगम की टीम ने दर्जनों की संख्या में ठेलद्दधकेल, अस्थायी दुकानों और अवैध कब्जों को हटवाया, जिससे लंबे समय से जाम और अव्यवस्था की स्थिति बनी हुई थी। कार्रवाई की भनक लगते ही क्षेत्र के दुकानदारों और अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। कई लोगों ने स्वयं ही अपना सामान समेटना शुरू कर दिया। निगम अधिकारियों ने मौके पर मौजूद दुकानदारों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में यदि दोबारा फुटपाथ या सार्वजनिक मार्ग पर अतिक्रमण पाया गया तो जुमार्ना लगाया जाएगा और कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने आमजन और व्यापारियों से अपील की है कि वे स्वेच्छा से सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण न करें, ताकि शहर की यातायात व्यवस्था और सौंदर्य दोनों बनाए रखे जा सकें।

### बाडे में आग लगने से दंपति सहित दर्जनों पशु झुलसे ,एक पशु की मौत

**भास्कर ब्यूरो, फतेहाबाद।** थाना डौकी के नगरिया में पशुओं के बाडे में आग से लगने से दंपति सहित एक दर्जन पशु झुलसे एक पशु की मौत। जानकारी पर पहुंची पशुपालन विभाग की टीम। प्राप्त जानकारी के अनुसार निरंजन सिंह पुत्र दौजी राम निवासी नगरिया पावसर थाना डौकी बीती रात अपने पशुओं के बाड़े में पत्नी सन्तुकिया देवी के साथ सो रहे थे। तभी रात्रि में भैंस का बच्चा जोर-जोर से रभाने लगा तो निरंजन सिंह ने आग जलाकर उसे तपाया तभी निरंजन सिंह सो गया और वही आग धीमे-धीमे आसपास रखी करब तथा अन्य में लग गई और विकराल रूप धारण कर लिया। तभी तपन व धुआ बढ़ने पर दंपति जागे और तभी निरंजन सिंह आग में ही पशुओं को बचाने के लिए कूद गया जहां बाड़े में लगभग एक दर्जन के करीब भैंस व बकरी बंधी हुई थी। आग भयंकर रूप से अपना विकराल रूप ले चुकी थी। इसी बीच निरंजन सिंह पशुओं को बाड़े से निकलने लगा इसी दौरान निरंजन सिंह व उसकी पत्नी गंभीर रूप से झुलस गए आसपास के लोग शोर सुनकर मौके पर पहुंचे और निरंजन सिंह तथा उसकी पत्नी को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां एक दर्जन के करीब भैंस व बकरी आग से झुलस गई है। तथा एक भैंस के बच्चे की मौत हो गई है। जानकारी पर थाना डौकी पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं जानकारी पर पशुपालन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घायल पशुपालन का इलाज किया जा रहा है।

## एसआईआर मतदाता ड्राफ्ट रोल जारी होने के बाद अधिकारियों ने की बैठक

### मतदाता सूची में नाम जोड़ने व त्रुटियों को दूर करने को लेकर की चर्चा

भास्कर ब्यूरो

**बाह (आगरा)।** एसआईआर मतदाता ड्राफ्ट रोल जारी होने के बाद मतदाता सूची को और अधिक शुद्ध व प्रभावी बनाने के उद्देश्य से प्रशासनिक स्तर पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपजिलाधिकारी बाह संतोष कुमार शुक्ला एवं नायब तहसीलदार सुधीर गिरी के साथ आगे की मतदाता सूची संबंधी कार्यों को बेहतर बनाने पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।बैठक के दौरान मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन करने एवं त्रुटियों को दूर करने की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने उपस्थित लोगों से सुझाव भी प्राप्त किए तथा कहा कि पात्र मतदाताओं का नाम सूची में शामिल करना और अपात्र नामों को हटाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरूक कर मतदाता सूची के सत्यापन में सहयोग करें। इस अवसर पर मानवेंद्र राठौड़, रामवरन कुशवाह, पं. श्याम शर्मा, कमलेश मिश्रा, एडवोकेट राजेश यादव, सुधीर दुबे, आदिल मिर्जा, विद्याराम बंसल, सत्यवान सिंह, अरविंद यादव, मोनू अहीर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने मतदाता सूची को निष्पक्ष, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने में सहयोग का आश्वासन दिया।

## ठंड से ठिठुरे खेत, आवारा पशुओं से पिट रही मेहनत

भास्कर ब्यूरो

**गजेन्द्र सिंह लोधी, अछनेरा।** क्षेत्र के किसानों पर इन दिनों मौसम और आवारा पशुओं की दोहरी मार पड़ी हुई है। लगातार पड़ रहे घने कोहरे और बढ़ती ठंड से खेतों में लगी रबी फसलों की बढ़वार पर बुरा असर पड़ा है। सरसों, मटर और आलू जैसी फसलें धूप की कमी और नमी से प्रभावित हो रही हैं।

किसानों का कहना है कि कोहरे के कारण फसलों में कीट और फफूंद रोग तेजी से बढ़ रहे हैं। आलू और मटर की फसल में झुलसा रोग का प्रकोप दिखाई देने लगा है, जिससे उत्पादन पर खतरा मंडरा रहा है। वहीं दूसरी ओर आवारा पशुओं ने किसानों की चिंता और बढ़ा दी है। रात के समय सांड और आवारा गायें खेतों में घुसकर फसलें चर जाती हैं। किसानों को अपनी फसलों की रखवाली के लिए रातभर ठंड में खेतों में डेरा डालना पड़ रहा है।

किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि खेतों में आवारा पशुओं को रोकने के लिए ठोस व्यवस्था की जाए। मौसम और पशुओं से राहत नहीं मिलने पर रबी की फसलों को भारी नुकसान हो सकता है।



किसानों का कहना है --

**अब तो खेती करना मुश्किल हो गया**

किसान लाखन सिंह मई का कहना है, दिन में कोहरा फसल को सुखा देता है, और रात में जानवर बर्बाद कर जाते हैं। अब तो खेती करना ही मुश्किल हो गया है। किसान उदयवीर सिंह कसौटी का कहना है अब किसान को खेती के साथ चौकीदारी भी करनी पड़ रही है। रात-रात भर ठंड में खेतों में पहरा देना पड़ता है। प्रशासन को जल्द व्यवस्था करनी चाहिए। किसान अर्जुन सिंह ने बताया अगर मौसम और आवारा जानवरों से राहत नहीं मिली तो गेंहू और सरसों की फसल आधी रह जाएगी। बीज, खाद और सिंचाई पर खर्च बढ़ गया है, लेकिन फायदा नहीं दिख रहा।

## गरीबों का सहारा बना, एक रुपए में भरपेट भोजन

- सर्व जन सेवा फाउंडेशन का भोजनालय बना मानवीय संवेदना की मिसाल, संस्था कंबल वितरण भी कर रही

भास्कर ब्यूरो



**आगरा।** सिकंदरा के भावना स्टेट रोड पर सर्व जन सेवा फाउंडेशन द्वारा संचालित भोजनालय इन दिनों मानवता की मिसाल बनकर सामने आया है। यहाँ मात्र एक रुपए में भरपेट भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे गरीब, असहाय, दिहाड़ी मजदूर और जरूरतमंद लोग सम्मान के साथ अपनी भूख मिटा सकें।

गुरुवार को फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रमोद दीक्षित एवं संरक्षक डॉ. हिमांशु शर्मा ने बताया कि गलन भरी सर्दी को देखते हुए संस्था द्वारा निःशुल्क कंबल वितरण किया जा रहा है, ताकि ठंड से जूझ रहे गरीब और बेसहारा लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने बताया कि फाउंडेशन केवल भोजन तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुँचाना इसका उद्देश्य है। इसी क्रम में समय-समय पर स्वच्छता अभियान, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाता है, जिसमें किसी भी प्रकार की जांच एवं प्राथमिक उपचार निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है।संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के इस दौर में जब एक वक्त का भोजन भी कई लोगों के लिए सपना बन गया है, ऐसे में एक रुपए में भोजनालय गरीबों के लिए जीवनरेखा साबित हो रहा है। इस सेवा कार्य में डॉ. हिमांशु शर्मा, प्रमोद दीक्षित, राजेश अग्रवाल, कमलकांत तिवारी, आर पी शर्मा, प्रभाकर पांडे, ठाकुर कृपाल सिंह एवं अमन कौशिक का विशेष सहयोग रहा। स्थानीय लोगों ने भी फाउंडेशन के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल समाज में संवेदनशीलता और मानवीय मूल्यों को जीवित रखने का सशक्त उदाहरण है।

## ब्राह्मण सम्मेलन व चिंतन शिविर को लेकर जनसंपर्क अभियान तेज

### 11 जनवरी को आयोजित शिविर में समाज की एकता व अधिकारों की रक्षा पर होगा मंथन



भास्कर ब्यूरो

**खंदौली।** कस्बा एम जी फार्म हाउस में 11 जनवरी को आयोजित होने वाले ब्राह्मण सम्मेलन एवं चिंतन शिविर को लेकर ब्राह्मण समाज द्वारा जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया गया है। सम्मेलन की सफलता और अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए समाज के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता रात में भी घर-घर जाकर लोगों से संपर्क कर रहे हैं।

जनसंपर्क के दौरान समाज के लोगों को ब्राह्मण समाज पर हो रहे कथित अत्याचारों से अवगत कराया जा रहा है। इनमें हाल की घटनाओं का उल्लेख करते हुए तान्या मिश्रा की अब तक बरामदगी न होना, राजू शर्मा के साथ हुई कथित पुलिसिया बर्बरता, समाज के गरीब परिवारों के युवाओं को सुविधा न मिलना, तथा संतोष वर्मा के खिलाफ कार्रवाई न होना जैसे मामलों को प्रमुखता से रखा जा रहा है।

इसके साथ ही जनसंपर्क के दौरान प्रमुख मांगों को भी लोगों के समक्ष रखा जा रहा है, जिनमें सवर्ण आयोग के गठन, यौन अपराध से पीड़ित बालिकाओं को सरकारी नौकरी देकर पुनर्वास, तथा मनुस्मृति जलाने व धार्मिक ग्रंथों से छेड़छाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग शामिल है।

आयोजन समिति का कहना है कि यह चिंतन शिविर समाज की एकता, सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए आयोजित किया जा रहा है। जनसंपर्क अभियान को समाज का व्यापक समर्थन मिल रहा है और लोग बड़ी संख्या में सम्मेलन में पहुंचने का आश्वासन दे रहे हैं।

## निर्माणाधीन अवैध कॉलोनी पर गरजा एडीए का बुलडोजर



भास्कर ब्यूरो

**आगरा।** एडीए (आगरा विकास प्राधिकरण) में गुरुवार को वार्ड छत्ता-2 के अंतर्गत लगभग 6 बीघा भूमि पर विकसित की जा रही अनाधिकृत कॉलोनी को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया है। छत्ता वार्ड-2 में राजकुमार शर्मा, अजय गर्ग, राजवीर, राजकुमार चौधरी, अनिल शर्मा, राकेश एवं मनोज चौधरी द्वारा मौजा-नगला चंदन, जलेसर रोड, आगरा पर लगभग 6 बीघा भूमि पर विकसित की जा रही थी। एडीए के प्रवर्तन दल ने इस अनाधिकृत कॉलोनी को उ०प्र० नगर योजना एवं विकास अधिनियम-1973 की धारा-27 के अन्तर्गत ध्वस्त कर दिया गया है।

## सप्त शक्ति संगम के तहत महिलाओं को सशक्त बनने का दिया संदेश

भास्कर ब्यूरो



**खेरागढ़।** ब्लॉक खेरागढ़ के गांव अयेला स्थित सरस्वती शिक्षा मंदिर स्कूल में सप्त शक्ति संगम के अंतर्गत आयोजित महिला सम्मेलन में मातृ शक्ति को उनके अधिकारों, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक किया गया। सम्मेलन में सरकार द्वारा महिलाओं के लिए संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं हेल्पलाइन सेवाओं की जानकारी देकर महिलाओं को सशक्त बनने का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता बबीता पाठक ने कहा कि जब तक महिलाएं अपने अधिकारों और उपलब्ध सुविधाओं से अवगत नहीं होंगी, तब तक सशक्तिकरण अधूरा रहेगा। उन्होंने महिलाओं से आगे आकर योजनाओं का लाभ लेने और समाज में नेतृत्व की भूमिका निभाने का आह्वान किया।

सम्मेलन में बड़ी संख्या में महिलाओं की भागीदारी रही। इस मौके पर प्रधानाचार्य केशव चाहर, सत्यवीर चाहर सहित जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

आयोजन ने महिलाओं में नई चेतना का संचार किया और उन्हें संगठित होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

## राजा नाहर सिंह का बलिदान दिवस जाट महासभा मनायेगा आज

भास्कर ब्यूरो



**फतेहपुर सीकरी।** 1857 की क्रांति में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाले बल्लबगढ़ नरेश राजा नाहर सिंह का बलिदान दिवस अखिल भारतीय जाट महासभा के बैनर तले शुक्रवार को फतेहपुर सीकरी स्वागत मैरिज होम में मनाया जाएगा । जिसकी तैयारीयो को लेकर गुरुवार आज अखिल भारतीय जाट महासभा के जिलाध्यक्ष कप्तान सिंह चाहर ने कार्यकताओं के साथ बैठक की और जिम्मेदारियों सौंपी । बैठक में प्रमुख रूप से महानगर महामंत्री भारत सिंह कुंतल ,जिला उपाध्यक्ष प्रमेंद्र फौजदार, जिला उपाध्यक्ष निपुण चौधरी ,अजीत चौधरी ,आदित्य फौजदार,यदुवीर माहुरा,राघवेंद्र राणा ,होला पहलवान,यश फौजदार ,प्रखर,युवी चौधरी समेत कई मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत निबोहरा विकास खण्ड फतेहाबाद (आगरा)**

पत्रांक ग्रा०पं०/निविदा/2025-26 दिनांक 08-01-2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

समस्त पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि 5वां राज्य वित्त/ 15वां वित्तयोजनान्तर्गत ग्राम पंचायत निबोहरा में कराये जाने वाले निम्न स्वीकृत कार्यो को कराये जाने के लिये ग्राम पंचायत द्वारा वांछित सामग्री की आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्म से मुहर बन्द निविदायें दिनांक 09-01-2026 से दिनांक 12-01-2026 अपराह्न 2.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 13-01-2026 को सांय 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष समिति के द्वारा खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से उक्त दिनांकों में प्राप्त किये जा सकते हैं । यदि निविदा प्राप्त करने एवं खोलने के दिनांक को राजकीय अवकाश होता है तो निविदा प्राप्त एवं खोलने की तिथि अगला कार्य दिवस होगी। निविदा खोलने के समय एवं स्थान में कोई परिवर्तन नहीं होगा । निविदा की वैधता मूल तिथि से मानी जायेगी। निविदा की निर्धारित शर्तें किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय में अवलोकन किया जा सकता है ।

| क्रम सं० | कार्य का नाम | सामग्री की धनराशि | धरोहर धनराशि | निविदा का मूल्य | कार्य होने की अवधि | कार्यदायी संस्था |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत निबोहरा के मजरा गढ़ी जहान में मोहन सिंह के घर से मेन रोड तक सी०सी० एवं नाली निर्माण कार्य | 128845.00 | 2 % | 100-00 | 1 माह | ग्राम पंचायत |
| 2 | ग्राम पंचायत निबोहरा के मजरा टोकरपुरा में चौहान सिंह के घर से मान सिंह के घर तक सी०सी० एवं नाली निर्माण कार्य | 121509.00 | 2% | 100-00 | 1 माह | ग्राम पंचायत |

1. निविदा के साथ जी०एस०टी० व आयकर आदि प्रमाण पत्रों की छाया प्रतियां संलग्न करना अनिवार्य है।
2. जी०एस०टी० कर व आयकर कटौती नियमानुसार होगी ।
3. धरोहर की धनराशि 2 प्रतिशत अधोहस्ताक्षरी अधिकारी /ग्राम निधि के नाम बन्धक होगी ।
4. प्रत्येक निविदा के साथ 100 रु का जुडिशियल स्टाम्प संलग्न करना अनिवार्य है ।
5. सामग्री की मात्रा घट -बढ़ सकती है अथवा सामग्री का भुगतान मापन के बाद किया जायेगा ।
6. सशर्त एवं अपूर्ण निविदा अथवा आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा ।

सचिव
ग्राम पंचायत निबोहरा
विकास खण्ड फतेहाबाद आगरा

प्रधान
ग्राम पंचायत निबोहरा
विकास खण्ड फतेहाबाद आगरा

# एसएसपी ने पुलिस अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

## अवैध शराब, जुआ, सटटा व मादक पदार्थ की बिक्री आदि पर कार्यवाही करने के अधिकारियों को दिए आदेश





**भास्कर ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर।** एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने पुलिस अधिकारियों के साथ अपराध गोष्ठी कर कानून व्यवस्था की समीक्षा की और आवश्यक दिशा -निर्देश दिये। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा गुरुवार को रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में जनपद के पुलिस अधिकारियों के साथ अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा तथा कानून व्यवस्था को लेकर अपराध गोष्ठी की।

अपराध गोष्ठी की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ हुई। कप्तान ने सभी को क्षेत्र के टॉप-10/हिस्ट्रीशीटर अपराधियों पर लगातार सतर्क दृष्टि रखते हुए उनके क्रियाकलापों की निगरानी करने, असामाजिक तत्वों पर विधिक कार्यवाही करने, थानाक्षेत्र के सभी ग्राम प्रधानों, सम्भ्रान्त व्यक्तियों, जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रहरियों, पुलिस मित्रों आदि के साथ गोष्ठी आयोजित कर आपसी समन्वय स्थापित करने सहित थानाक्षेत्र में शराब, खनन, पशु तस्करी, शस्त्र तस्करी तथा महिलाओं व बालिकाओं संबंधी अपराधों सहित आदि अपराधो में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाकर वैधानिक कार्यवाही करने के सम्बन्धित को निर्देशित किया। इसके अलावा निर्देशित किया कि थाने पर आने वाले आगन्तुकों, फरियादियों, जनप्रतिनिधियों के साथ विनम्र व्यवहार/शालीन व्यवहार करने एवं स्वच्छ वातावरण स्थापित कर उनके बैठने की व्यवस्था, स्वच्छ पेय जल, प्रसाधन आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे कि आमजनता बिना किसी भय के अपनी शिकायतों के निस्तारण के लिए थानो पर आ सकें। इसी क्रम में समस्त क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारियों को डायल -112 के अन्तर्गत जनपद में संचालित पी0आर0वी0 वाहनों के रूट की समीक्षा कर नियमित पेट्रोलिंग की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए निर्देशित किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा व मादक पदार्थ की बिक्री आदि संगठित अपराधों पर पूर्णत: रोक लगाने के लिए सभी थाना प्रभारियों को अभियान चलाकर ऐसे अपराधों में लिप्त अपराधियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कड़ी कानूनी करने कार्यवाही के लिए निर्देशित किया।

वहीं उच्चाधिकारियों द्वारा जनपद में चलाये जा रहे विशेष अभियानों लंबित विवेचनाओं का निस्तारण, लंबित माल निस्तारण, हिस्ट्रीशीटरों का सत्यापन तथा शराब/गौतस्करों का सत्यापन, ऑपरेशन सवेरा पर गंभीरतापूर्वक कार्य करते हुए प्राप्त दिशा-निर्देशों का पूर्णत: अनुपालन के निर्देश दिए। एसएसपी संजय वर्मा ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले क्षेत्राधिकारी सदर डा. रवि शंकर, क्षेत्राधिकारी फुगाना यतेन्द्र सिंह नागर, न्यायालय में पैरवी कर आरोपियों को सजा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पैरोकार तथा जनपद में विभिन्न सराहनीय कार्य करने वाले अन्य पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और भविष्य में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। गोष्ठी में एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत, एसपी ग्रामीण आदित्य बंसल, एसपी अपराध इन्दु सिद्धार्थ, एसपी यातायात अतुल कुमार चौबे, एएसपी सिद्धार्थ के0 मिश्रा सहित समस्त क्षेत्राधिकारीगण, प्रभारी निरीक्षक एलआईयू, एसओजी प्रभारी व जनपद के समस्त थाना/शाखा प्रभारी मौजूद रहे।

# एसएसपी ने फ्लैग मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**भास्कर ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर।** एसएसपी ने नगर क्षेत्र में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए अधिनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

ज़िले में कानून-व्यवस्था को लेकर एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने गुरुवार को पुलिस बल के साथ नगर क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च के दौरान कप्तान संजय वर्मा ने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था, बाजार क्षेत्र की स्थिति, ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल की सतर्कता, ट्रैफिक नियंत्रण तथा संवेदनशील स्थानों की निगरानी व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया तथा ड्यूटी पर मौजूद पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देशित किया कि वे अपराधिक गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखें, संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की प्रभावी चैकिंग करें, एवं किसी भी आपात स्थिति में शीघ्र और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल, पुलिस अधीक्षक यातायात अतुल कुमार चौबे सहायक पुलिस अधीक्षक / क्षेत्राधिकारी नगर सिद्धार्थ के0मिश्रा सहित समस्त क्षेत्राधिकारी एवं अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# एसएसपी ने किया पुलिस कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण



**भास्कर ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर।** एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने गुरुवार को पुलिस कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण कर अधीनस्थों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपार्टमेंट सार्जेंट गार्ड द्वारा सार्जेंट की स्थिति के बारे में जानकारी दी गई। तदोपरांत सरकार द्वारा प्रधान लिपिक शाखा, आंकिक शाखा, आई.जी.आर.एस. कार्यालय, जन शिकायत शाखा, महिला सम्मन पासपोर्ट, पेशी कार्यालय वरिष्ठ पुलिस कप्तान, रिकार्ड रम, पत्रावली शाखा, डीसीआरबी शाखा, विशेष जांच जांच शाखा, रिट सेल, पासपोर्ट शाखा, पासपोर्ट शाखा, साइबर चिकित्सा इकाई कार्यालय, स्थानीय अभिसूचना इकाई कार्यालय आदि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सारिणी में नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों से बातचीत कर उनके कामकाज की जानकारी दी गई और सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को समय-समय पर कार्यालय में उपस्थित रहकर मनोयोग से कार्य करने तथा कार्यालय अभिलेख को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया गया। दस्तावेजों के निरीक्षण के दौरान दस्तावेजों के रख-रखाव की जांच की गई और साफ-सफाई और राजकीय कार्य समय से सम्पादित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को पूरी तरह से पूरा करने का निर्देश दिया। एसोसिएशन द्वारा कार्यालय में नियुक्त अधिकारियों व कर्मचारियों से उनकी समस्याओं के बारे में भी पूछा गया तथा संबंधितों को उनके हित में काम करने का निर्देश दिए।

# लोन के नाम पर एक लाख की धोखाधड़ी को दिया अंजाम, रिपोर्ट दर्ज

**भास्कर ब्यूरो**

**बुढ़ाना।** कस्बे के मुहल्ले नई बस्ती निवासी फुरकान ने आरोप लगाया कि लोन के नाम पर उससे एक लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई। पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। फुरकान ने बताया कि गत वर्ष गांव कुरालसी निवासी रीतिक राजपूत और बड़ौत निवासी विशाल ने उसे एक लाख रुपये का लोन दिलाने का झांसा दिया था।

आरोपितों ने फुरकान के दस्तावेजों का इस्तेमाल कर इंडसइंड बैंक शामली से एक लाख रुपये का लोन करा लिया, उसे इस धोखाधड़ी का पता तब चला जब बैंक से लोन की किस्त जमा करने के लिए फोन आने लगे।

पहले तो आरोपितों ने पैसे लौटाने का वादा किया, लेकिन बाद में मुकर गए।

पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। पुलिस ने जल्द की घटना का खुलासा करने का आश्वासन दिया है।

# भूमि विकास बैंक के चेयरमैन के आवास पर सुना अमित शाह का भाषण



**भास्कर ब्यूरो**

**बुढ़ाना।** मंदवाडा रोड़ स्थित भूमि विकास बैंक के चेयरमैन विनोद सैनी के आवास पर एक अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

लोकसभा में एसआईआर गहन पुनरीक्षण अभियान पर स्क्रीन के माध्यम से गृह मंत्री अमित शाह का लोकसभा में एसआईआर विशेष गहन पुनरीक्षण विषय पर दिया गया ओजस्वी और राष्ट्रहितकारी भाषण सुना गया।

इस कार्यक्रम के बुढ़ाना मण्डल के संयोजक भूमि विकास बैंक के चेयरमैन विनोद सैनी को बनाया गया। केन्द्रीय मंत्री अमित शाह के सम्बोधन के बाद भूमि विकास बैंक के चेयरमैन विनोद सैनी ने बताया की एसआईआर का मुख्य उद्देश्य हमारी मतदाता सूची का शुद्धिकरण करना है।

यहां पर मुख्य रूप बुढ़ाना मण्डल महामंत्री मुकेश शर्मा, बुढ़ाना सोशल मीडिया संयोजक शाहिद असलम, पूर्व युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष पुनीत शर्मा, अंकुश, आशु, आनंद सैनी, सोनू उपाध्यय, नीरज कुमार, श्रेषिपाल सैनी, पूर्व सभासद राम नरेश, सौरभ, रमेश चंद सैनी, पंकज सैनी, धर्मेंद्र सिंह, सिद्धांत, राधेश्याम आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थिति रहे और केंद्रीय मंत्री अमित शाह का भाषण सुना गया।


# गन्ना समिति अध्यक्षों को मिला गन्ना तौल कांटे चैक करने का अधिकार

**भास्कर ब्यूरो**

**खतौली।** गन्ना किसानों के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए गन्ना आयुक्त लखनऊ द्वारा आदेश जारी किया गया है, जिसके तहत अब गन्ना समिति के अध्यक्ष गन्ना समिति सचिव एवं बाट-नापतोल अधिकारियों के साथ मिलकर गन्ना तौल एवं क्रय केंद्रों की जांच कर सकेंगे। लंबे समय से गन्ना समिति पदाधिकारियों और किसानों द्वारा गन्ना क्रय केंद्रों पर घटतौली की शिकायतें की जा रही थी, जिसको देखते हुए यह फैसला लिया गया है। मंसूरपुर गन्ना समिति के पूर्व अध्यक्ष अरुण बालियान तथा गन्ना परिषद के अध्यक्ष रूपेंद्र सिंह ने समिति कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि यह आदेश किसानों के लिए राहत भरा है। उन्होंने कहा कि गन्ना तौल कांटों की नियमित जांच से क्रय केंद्रों पर होने वाली घटतौली पर प्रभावी रोक लगेगी तथा दोषी लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई संभव हो सकेगी। उन्होंने यह भी बताया कि अब समिति अध्यक्षों की सक्रिय भागीदारी से गन्ना खरीद प्रक्रिया अधिक पारदर्शी होगी। किसानों को उनके गन्ने का सही वजन मिलेगा, जिससे उनका आर्थिक नुकसान रुकेगा और गन्ना क्रय प्रणाली पर विश्वास बढ़ेगा। यह निर्णय खासतौर पर छोटे और मध्यम किसानों के लिए बेहद लाभकारी साबित होगा। गन्ना समिति कर्मचारी वेदपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गन्ना आयुक्त लखनऊ द्वारा जारी आदेश समिति को प्राप्त हो चुका है और शीघ्र ही इसके तहत कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि आदेश के अनुसार जांच के दौरान यदि किसी तौल कांटे में गड़बड़ी पाई जाती है तो संबंधित केंद्र के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

किसानों ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि लंबे समय से उनकी मांग को अब पूरा किया गया है। उन्हें उम्मीद है कि समिति अध्यक्षों को मिले इस अधिकार से गन्ना खरीद प्रक्रिया निष्पक्ष होगी और किसानों का शोषण रुकेगा।

# नो हेलमेट नो हाईवे अभियान, दोपहिया वाहन चालकों को किया जागरुक



**भास्कर ब्यूरो**

**खतौली।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा वाहन चालकों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से खतौली पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नो हेलमेट नो हाईवे अभियान के अंतर्गत गत रात्रि हाईवे पर विशेष चैकिंग एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व सीओ खतौली राम आशीष यादव ने किया।

अभियान के दौरान हाईवे पर चल रहे दोपहिया वाहन चालकों को रोककर उन्हें हेलमेट पहनने, गति सीमा का पालन करने तथा यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया। बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों को समझाया गया कि हेलमेट न पहनने से दुर्घटना की स्थिति में गंभीर चोट या जान जाने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट संदेश दिया कि हेलमेट नही तो हाईवे पर एंट्री भी नही।

वहीं जो वाहन चालक नियमों का पालन करते हुए हेलमेट पहनकर दोपहिया वाहन चला रहे थे, उनकी पुलिस द्वारा प्रशंसा की गई और उन्हें सुरक्षित ड्राइविंग के लिए प्रेरित किया गया। अभियान में सीओ खतौली रामाशीष यादव तथा खतौली थाना प्रभारी दिनेश बघेल भी सक्रिय रूप से मौजूद रहें। पुलिस टीम ने हाईवे पर लगातार निगरानी रखते हुए वाहन चालकों को समझाया कि यातायात नियम केवल चालान के लिए नही, बल्कि लोगों की जान बचाने के लिए बनाए गए हैं। पुलिस प्रशासन ने आम जनता से आग्रह किया कि वे अपनी और दूसरों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अनिवार्य रूप से हेलमेट का प्रयोग करें, निर्धारित गति सीमा का पालन करें तथा नशे की हालत में वाहन न चलाएं।

# नैनो उर्वरक का असर देखने को इफको अधिकारियों ने किया दौरा

## गेहूं की फसल का निरीक्षण कर बताया रोगों से बचाव का तरीका



**भास्कर ब्यूरो**

**बुढ़ाना।** क्षेत्र के गांव मंदवाड़ा में प्रगतिशील खेती कर रहे किसान नैनो उर्वरक का प्रयोग कर रहे है। इफको के अधिकारियों ने गेंहू की पैदावार देखने को खेतों का दौरा किया। गुरुवार को इफको के क्षेत्रीय अधिकारी ईश्वर सिंह तालियान और खाद्य सहायक सक्षम पूनिया ने गांव मंदवाड़ा के प्रगतिशील किसान तैमूर अली राणा के खेतों का भ्रमण किया और गेहूं की फसल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि इस खेत में गेहूं की बुवाई के समय बीजों को नैनो डीएपी से उपचारित किया गया था। जिसके परिणाम स्वरूप फसल बेहद स्वस्थ और उन्नत खड़ी है। भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने नैनो यूरिया का स्प्रे भी कराया। ईश्वर सिंह तालियान ने फसल की गुणवत्ता पर संतोष जताते हुए कहा कि नैनो उर्वरक के परिणाम बहुत प्रभावी है। उन्होंने घोषणा की कि जल्द ही गांव में किसान गोष्ठी आयोजित की जाएगी, ताकि क्षेत्र के अन्य किसानों को भी नैनो तकनीक के फायदों के प्रति जागरूक किया जा सके। किसान तैमूर अली राणा ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि नैनो डीएपी और नैनो यूरिया के इस्तेमाल से न केवल लागत में कमी आती है, बल्कि फसल की पैदावार भी बेहतर दिख रही है।

# कृषि विभाग किसानों को दे रहा 75 प्रतिशत अनुदान

**भास्कर ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर।** कृषि रक्षा अधिकारी राहुल सिंह तेवतिया ने गुरुवार को बताया कि किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि आई.पी.एम. को बढ़ावा देने तथा कीटों के नियंत्रण के लिए रसायन / दवाईयों के प्रयोग को कम करने तथा मित्र कीटों को बचाने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा विभिन्न पारिस्थितिकीय संसाधनों द्वारा कीट / रोग नियंत्रण योजनार्न्तगत किसानों के लिये सोलर लाईट ट्रैप की व्यवस्था की गई है।

जनपद में किसानों को खेतों में लगाने के लिये 900 सोलर लाईटें प्राप्त हुई हैं जिसमें प्रत्येक विकास खण्ड को 100-100 का लक्ष्य दिया जा रहा है। सोलर लाईट ट्रैप किसानों को 75 प्रतिशत अनुदान पर प्रथम आवक प्रथम पावक के आधार पर उपलब्ध करायी जायेगी, इसके लिये किसानों को ऑनलाईन पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा। लाईट की कीमत 635 रूपये होगी और इस पर विभाग द्वारा 75 प्रतिशत अनुदान दिया जायेगा, जो कि 431 रूपये होगा, अनुदान की धनराशि डी.बी.टी. के माध्यम से सीधे उनके बैंक खाते में स्थानान्तरित की जायेगी। सोलर लाईट ट्रैप कय करने के इच्छुक कृषक विभागीय पोर्टल https%@@agridarshan-up-gov-in के माध्यम से पंजीकृत कृषक योजना का लाभ उठा सकते हैं।

अधिक जानकारी के लिये अपने विकासखण्ड के भण्डार प्रभारी कृषि रक्षा इकाई से अथवा कार्यालय कृषि रक्षा अधिकारी, मुजफ्फनगर में सुनील कुमार, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक, ग्रुप-बी कृषि रक्षा के मो.नं. 9451916185 से सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।

# मंत्री कपिलदेव ने एसटीपी प्लांट का किया निरीक्षण

## मोहल्लेवासियों की समस्याएं सुन अधिकारियों को दिए निर्देश



**भास्कर ब्यूरो**

**मुज़फ्फरनगर।** विधानसभा क्षेत्र के मोहल्ला कृष्णापुरी एवं ग्राम पीन्ना में मंत्री कपिल देव अग्रवाल के प्रयास से जल निगम द्वारा 272 करोड़ की लागत से अत्याधुनिक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट STP स्थापित हुआ है। यह महत्वपूर्ण परियोजना क्षेत्र के नालों से निकलने वाले दूषित जल को वैज्ञानिक और तकनीकी प्रक्रियाओं के माध्यम से शुद्ध कर उसे पुन: उपयोग योग्य बनाने तथा पर्यावरण को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से स्थापित की गई है, जो प्रदेश सरकार की स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जनस्वास्थ्य के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाती है। मंत्री कपिल देव अग्रवाल द्वारा गुरूवार को मोहल्ला कृष्णापुरी स्थित एसटीपी प्लांट का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों ने प्लांट से उत्पन्न दुर्गंध, जलभराव एवं अन्य असुविधाओं से संबंधित समस्याओं से मंत्री कपिल देव को अवगत कराया। इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि योगी सरकार में जनता की सुविधा, स्वास्थ्य और सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नही किया जाएगा।

उन्होंने प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में कार्यरत भाजपा सरकार की जनहितैषी नीतियों के अनुरूप संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि STP प्लांट से उत्पन्न सभी समस्याओं का तत्काल, स्थायी एवं तकनीकी समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

इसके साथ ही मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सड़क के बीच खड़े विद्युत पोल एवं ट्रांसफार्मर को शीघ्र स्थानांतरित करने के लिए समयबद्ध कार्ययोजना तैयार कर तुरंत कार्य प्रारंभ किया जाए, जिससे आवागमन सुचारु हो, यातायात में किसी प्रकार की बाधा न आए और संभावित दुर्घटनाओं की आशंका पूरी तरह समाप्त की जा सके। इस अवसर पर वार्ड सभासद योगेश मित्तल, राजीव शर्मा , नवनीत गुप्ता , भाजपा नेता शिवकुमार त्यागी, मनोज गोयल सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# कार सवारों ने बाईक चालक को मारपीट कर किया घायल

**भास्कर ब्यूरो**

**भोपा।** भोपा में मारपीट की घटनाएँ आम बात हो गयी है। बस स्टेण्ड पर कार सवारों ने बाईक चालक को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव बेहड़ा थ्रू निवासी अंकित राठी ने थाने पर शिकायत कर बताया कि तीन दिन पूर्व वह अपने पिता के साथ बाइक पर सवार होकर निकटवर्ती गांव भोपा बाजार में खरीदारी करने गया था। आरोप है की जैसे ही वह बस स्टैंड स्थित पैट्रोल पंप से तेल लेकर चला तभी क्षेत्र के गांव अथाई निवासी अंकित ने अपनी ब्रेजा कार को उसके बराबर में रोककर अकारण ही गाली गलौज करनी शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने अपने साथी महक सिंह के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की, साथ ही उसे जान से मारने की धमकी भी दी है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी हैं।

# शाहपुर में दिन में धूप, शाम को शीतलहर

**भास्कर ब्यूरो**

**शाहपुर।** दिन में धूप निकलने से लोगों को सर्दी से कुछ राहत मिली, लेकिन शाम ढलते ही शीतलहर चलने से एक बार फिर ठंड का असर बढ़ गया। ठंडी हवाओं के चलते लोग घरों में दुबकने को मजबूर नजर आए।

बृहस्पतिवार की शाम के समय तापमान गिरकर करीब आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सर्दी बढ़ने के साथ ही बाजार में गर्म चीजों की मांग भी तेजी से बढ़ी है। ठंड अधिक पड़ने से मूंगफली, गुड़ और तिल से बनी वस्तुओं की बिक्री में इजाफा हुआ है। इसके साथ ही मेवाओं की दुकानों पर भी ग्राहकों की अच्छी-खासी भीड़ देखी गई। वहीं ठंड के मौसम का असर शराब की बिक्री पर भी दिखा, जहां ठेकों पर खरीदारों की संख्या बढ़ी रही।

नगर पंचायत द्वारा विभिन्न स्थानों पर जलाए जा रहे अलावों के पास लोग हाथ सेंकते नजर आए।

कई दुकानदारों ने निजी खर्चे से भी ईंधन की व्यवस्था कर अलाव जलाए, ताकि ठंड से बचाव किया जा सके। बाजारों में गर्म कपड़ों की बिक्री भी बीते एक सप्ताह से बढ़ी है।

पहले जहां दुकानदार ग्राहकों का इंतजार करते नजर आते थे, वहीं अब गर्म कपड़ों की अच्छी बिक्री होने से वे संतुष्ट दिखाई दे रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ सकती है, जिससे लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

# बुआड़ा रोड रेलवे फाटक पर फ्लाईओवर निर्माण तेज




**भास्कर ब्यूरो**

**खतौली।** बुआड़ा रोड पर स्थित रेलवे फाटक के ऊपर उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम द्वारा फ्लाईओवर ओवर ब्रिज निर्माण का कार्य तेजी से प्रगति पर है। क्षेत्र में लगने वाले जाम की समस्या से निजात दिलाने तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के उद्देश्य से यह महत्वपूर्ण परियोजना संचालित की जा रही है। फ्लाईओवर निर्माण के लिए सड़क के दोनों ओर स्थित दुकानों, मकानों तथा किसानों की भूमि का आपसी सहमति से अधिग्रहण किया जा रहा है। निर्माण कार्य के अंतर्गत जिन दुकानदारों, मकान मालिकों एवं किसानों की भूमि या संपत्ति फ्लाईओवर की जद में आ रही है, उनसे विभाग द्वारा बातचीत कर सहमति के आधार पर अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम द्वारा महामहिम राज्यपाल के नाम भूमि, दुकान एवं मकानों की रजिस्ट्री कराई जा रही है। अब तक आपसी सहमति से लगभग एक दर्जन लोगों ने अपनी संपत्तियों की रजिस्ट्री करा दी है। गुरुवार को भी इस प्रक्रिया के तहत ओमपाल तथा विधि जैन ने अपनी भूमि एवं संपत्ति की रजिस्ट्री कराई, जिसके बदले उन्हें विभाग की ओर से निर्धारित मुआवजे के चेक प्रदान किए गए। विभाग द्वारा मुआवजा राशि समय से दिए जाने पर लोगों में संतोष देखा गया। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी के सुशील कुमार, उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम के सहायक अभियंता ओपी राम, जूनियर इंजीनियर मोहम्मद हुसैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जेई मोहम्मद हुसैन ने बताया कि फ्लाईओवर निर्माण में किसी को असुविधा न हो, इसके लिए आपसी सहमति के आधार पर अधिग्रहण किया जा रहा है तथा सभी रजिस्ट्रियां महामहिम राज्यपाल के नाम कराई जा रही हैं। उन्होंने यह भी बताया कि ओवर ब्रिज निर्माण का कार्य तेजी से कराया जा रहा है और तय समय सीमा के भीतर पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है।

# सीएमओ ने नगरीय आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का किया निरीक्षण



**भास्कर ब्यूरो**

**मुजफ्फरनगर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील तेवतिया ने गुरुवार को नगरीय क्षेत्र स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर सूरज विहार एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर अवध विहार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध चिकित्सीय सुविधाओं, साफ-सफाई व्यवस्था, दवाओं की उपलब्धता, ओपीडी संचालन, अभिलेखों के रख-रखाव एवं मरीजों को प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तार से समीक्षा की।

सीएमओ ने उपस्थित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर आने वाले प्रत्येक मरीज को शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध एवं संवेदनशील स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

सीएमओ डा. सुनील तेवतिया ने साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने, दवाओं की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने, मरीजों से शालीन व्यवहार करने तथा स्वास्थ्य अभिलेखों को अद्यतन रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन, गर्भवती महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों को प्राथमिकता देने तथा आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने पर जोर दिया।

निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को शीघ्र दूर करने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने आशा व्यक्त की कि सभी स्वास्थ्य कर्मी अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेंगे।

जिअदगी बहुत छोटी है इसलिए हर पल को महत्व देअ और खुशियोअ से भरपूर रहेअ।

# सेक्टरवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना प्राधिकरण की सर्वोच्च प्राथमिकता : सुनील कुमार सिंह

## डेल्टा-1 में दूषित जलापूर्ति की शिकायत पर एसीईओ ने मौके पर लिया जायजा

- निवासियों ने कहा—अब मिल रहा स्वच्छ पानी, पाइपलाइन लीकेज भी किया दुरुस्त



राजेश गौतम

ग्रेटर नोएडा। सेक्टर डेल्टा-1 में दूषित पानी की आपूर्ति की शिकायत के बाद ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण हरकत में आ गया। अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एसीईओ) सुनील कुमार सिंह ने जल विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। एसीईओ ने शिकायत करने वाले निवासियों और सेक्टरवासियों से बातचीत की, जिन्होंने बताया कि अब पानी साफ आ रहा है। एसीईओ ने सेक्टर की आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों से भी मुलाकात कर जलापूर्ति व्यवस्था पर चर्चा की। आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों ने प्राधिकरण की कार्रवाई पर संतोष जताया। इस दौरान प्राधिकरण की ओर से शिकायतकर्ताओं के घरों से पानी के सैंपल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए। वहीं, जिन दो स्थानों पर पाइपलाइन में लीकेज और कनेक्शन में खामी पाई गई थी, उन्हें तत्काल दुरुस्त कर दिया गया। एसीईओ सुनील कुमार सिंह ने बताया कि दूषित पानी के नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं रिपोर्ट आने में दो-तीन दिन का समय लगेगा उसके बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी कि सीवर का पानी सप्लाई में पहुंचा था या नहीं जैसे ही रिपोर्ट आएगी सार्वजनिक कर दी जाएगी, वहीं उन्होंने कहा कि सेक्टर वासियों को शुद्ध पेयजल पहुंचना प्राधिकरण की पहली प्राथमिकता है उसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं बरती जाएगी और संबंधित विभाग के अधिकारियों को भी निर्देशित किया गया है कि सेक्टरों में पानी की जांच समय-समय पर अवश्य करते रहें। प्राधिकरण के जल विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में कहीं भी दूषित जलापूर्ति की समस्या होने पर वरिष्ठ प्रबंधक जल (9205691408) और प्रबंधक जल (8937024017) को तुरंत सूचना दें, ताकि समस्या का शीघ्र समाधान किया जा सके। इधर, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एनजी रवि कुमार ने शहरभर में जलापूर्ति की रैंडम जांच कराने के निर्देश दिए हैं। प्राधिकरण क्षेत्र में जहां पानी की आपूर्ति स्वयं करता है, वहां जांच प्राधिकरण द्वारा कराई जाएगी। वहीं, बिल्डर सोसायटियों और आवासीय समितियों में प्रबंधन समिति (बिल्डर या एओए) को पानी की जांच कराकर रिपोर्ट जल विभाग में जमा करनी होगी। औद्योगिक, व्यावसायिक, आईटी और संस्थागत क्षेत्रों में भी जल गुणवत्ता जांच के निर्देश जारी किए गए हैं।

# मैट्रो स्टेशन पर गुम हुआ छात्रा का बैग पुलिस ने किया बरामद

- सेक्टर-49 पुलिस की त्वरित कार्रवाई, छात्रा को सकुशल सौंपा गया सामान





भास्कर ब्यूरो

नोएडा। मैट्रो स्टेशन पर परीक्षा देने जा रही छात्रा का गुम हुआ बैग थाना सेक्टर-49 पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बरामद कर छात्रा को सौंप दिया। पुलिस की इस संवेदनशील और त्वरित कार्रवाई की छात्रा व उसके परिजनों ने सराहना की है। पुलिस के अनुसार, 8 जनवरी 2026 को थाना सेक्टर-49 पर एक छात्रा ने शिकायत दर्ज कराई कि वह 7 जनवरी को सेक्टर-51 मैट्रो स्टेशन से ग्रेटर नोएडा स्थित अपने कॉलेज परीक्षा देने जा रही थी। मैट्रो स्टेशन पर चेकिंग के दौरान उसने अपना बैग लगेज एक्स-रे मशीन पर रखा था, जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति ने उठा लिया। काफी तलाश के बाद भी बैग नहीं मिला। सूचना मिलते ही थाना सेक्टर-49 पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मैट्रो स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में एक व्यक्ति गलती से छात्रा का बैग ले जाते हुए दिखाई दिया। इसके बाद पुलिस ने अन्य सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय सूचना तंत्र के माध्यम से जानकारी जुटाई, जिससे पता चला कि संबंधित व्यक्ति बरौला टी-प्वाइंट पर काम की तलाश में खड़ा रहता है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर उक्त व्यक्ति से पूछताछ की, जिसमें उसने बताया कि गलती से उसके बैग के साथ छात्रा का बैग भी आ गया था। पुलिस ने उसके पास से छात्रा का बैग सकुशल बरामद किया। बैग में आधार कार्ड, कॉलेज आईडी कार्ड, एयरपॉड्स, परीक्षा का प्रवेश पत्र, पेन और अन्य परीक्षा सामग्री भी सुरक्षित मिली। इसके बाद पुलिस ने बैग व उसमें रखा समस्त सामान छात्रा को सौंप दिया। छात्रा और उसके परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया।

## जेवर -मूत्रालय बनेगा शौचालय की दांयी ओर, जिला पंचायत की टीम ने किया दौरा

जेवर। गल्ला मंडी व्यापार संघ एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच मूत्रालय को लेकर छिड़े विवाद को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष के दौरे के बाद गुरुवार को जिला पंचायत की टीम नई अनाज मंडी पहुंची और दोनों पक्षों से वार्ता करने के बाद मंदिर साइड से मूत्रालय हटाकर शौचालय के दायी ओर बनवाने का निर्णय लिया। बताते की एक सप्ताह पूर्व अनाज मंडी में मंदिर के समीप बना मूत्रालय को हिन्दू संगठनों ने तोड़ दिया था जिसको लेकर गल्ला व्यापार संघ जेवर के संरक्षक कुलदीप पंडित ने दर्जनों लोगों के साथ नगर पंचायत जेवर के चेयरमैन नारायण माहेश्वरी के पास पहुंचकर कड़ा ऐतराज जताया था व्यापारियों के साथ अनाज मंडी पहुंचे चेयरमैन नारायण माहेश्वरी ने रातों रात शौचालय को बनवाकर व्यापारियों और किसान मजदूरों के फिर सुचारू करा दिया। शौचालय बनाने जाने से नाराज हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने अनाज मंडी पहुंचकर हनुमान चालीसा का पाठ कर मूत्रालय बनवाने का विरोध किया था। मंगलवार को हिन्दू संगठन के कार्यकर्ताओं ने मूत्रालय के गेट पर लकड़ी का बोर्ड लगाकर उसे नट बोल्ट से खींचकर पूर्ण रूप से बंद कर दिया था बुधवार को मूत्रालय का गेट बन्द होने से नाराज व्यापारियों ने हंगामा कर मंडी बंद करने की धमकी दी। गुरुवार को जिला पंचायत अध्यक्ष अमित चौधरी गांव गोपालगढ़ में विकास कार्यों का लोकार्पण करने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ अनाज मंडी पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया और विवादित मूत्रालय से शौचालय के दायी गेट के समीप मात्र चार फीट की दुरी पर मूत्रालय बनवाने का आश्वासन दिया।

# ऑनलाइन गेमिंग के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, सरगना सहित तीन पुरुष व पांच महिला आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े





भास्कर ब्यूरो

ग्रेटर नोएडा। ऑनलाइन गेमिंग और गैंबलिंग एप के जरिए लोगों से ठगी करने वाले गिरोह का थाना बिसरख पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गिरोह के सरगना समेत तीन पुरुष और पांच महिला आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 18 मोबाइल फोन, चार लैपटॉप, 155 फर्जी सिम, 50 पेमेंट क्यूआर कोड, 45 हजार रुपये नकद समेत भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, 7 जनवरी 2026 को लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर बिसरख पुलिस ने गौर सिटी सेंटर, चार मूर्ति चौराहा स्थित एक फ्लैट पर छापा मारकर गिरोह को धर दबोचा। पुलिस के अनुसार, 7 जनवरी को लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना के आधार पर गौर सिटी सेंटर, चार मूर्ति चौराहा स्थित एक फ्लैट पर छापा मारकर कार्रवाई की गई। इस दौरान गर्व पुत्र राजकुमार चौहान, अजय सिंह पुत्र रामेश्वर सिंह, सोनल उर्फ अनिरुद्ध पुत्र राजेंद्र तथा महिला आरोपी रुचि पुत्री अशोक, कोमल पुत्री सुनील सिंह, सुषमा पुत्री दिलवर रावत, तनीषा पुत्री विशाल मित्तल और सानिया सिंह पुत्री कमल प्रताप को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी "Mazabook, Maze se Jeeto" नाम से ऑनलाइन गेमिंग एप चलाकर लोगों को ज्यादा पैसा जीतने का लालच देते थे। शुरूआत में पीड़ितों को थोड़ी रकम जितवाकर भरोसे में लिया जाता था, इसके बाद अधिक पैसे लगवाकर जानबूझकर हार दिलाई जाती थी। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि गेम जीत-हार का पूरा नियंत्रण आरोपियों के पास होता था। यदि कोई व्यक्ति जीतकर रकम निकालने की मांग करता, तो उसे ब्लॉक कर पूरा पैसा हड़प लिया जाता था। आरोपियों द्वारा फर्जी आईडी पर सिम कार्ड, कूटरचित केवाईसी दस्तावेज और पहले से छपे क्यूआर कोड का इस्तेमाल किया जा रहा था। गिरोह का संचालन सोनल उर्फ अनिरुद्ध कर रहा था, जो कॉलिंग के लिए डाटा उपलब्ध कराता और अन्य आरोपियों से लोगों को फोन कराकर गेमिंग में निवेश के लिए प्रेरित करता था। आरोपियों के पास से कई बैंकों के खातों और ट्रेडर्स की जानकारी भी मिली है। पुलिस उपायुक्त सेंट्रल नोएडा ने इस सफल कार्रवाई के लिए पुलिस टीम को 15 हजार रुपये का नकद पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया है। इस मामले में थाना बिसरख पर आईटी एक्ट, जुआ अधिनियम और बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अन्य राज्यों में फैले नेटवर्क की भी जांच कर रही है।

# डॉ. रजत गुप्ता का कहना: 5 वर्षों में गाइनेकोमास्टिया के मामले दोगुने से भी अधिक बढ़े, हर महीने 30-35 पुरुष करा रहे हैं इलाज



भास्कर समाचार सेवा

नई दिल्ली। अनुभवी प्लास्टिक सर्जन एवं RG Aesthetics के संस्थापक, तथा इंडियन एसोसिएशन ऑफ एस्थेटिक प्लास्टिक सर्जन्स IAAPS के राष्ट्रीय सचिव डॉ. रजत गुप्ता के अनुसार, पिछले पाँच वर्षों में भारत में गाइनेकोमास्टिया पुरुषों में असामान्य रूप से ब्रेस्ट टिश्यू का बढ़ जाना के मामले दोगुने से भी अधिक बढ़ गए हैं। यह समस्या भारतीय पुरुषों के बीच तेजी से बढ़ती एक चिंताजनक स्थिति बनती जा रही है। करीब पाँच साल पहले हम हर महीने 10-15 गाइनेकोमास्टिया के मामलों का इलाज करते थे। आज यह संख्या बढ़कर लगभग 30-35 मरीज प्रति माह हो गई है डॉ. गुप्ता ने बताया। गाइनेकोमास्टिया को आम भाषा में मैन बूब्स या मर्दों में स्तन उभार कहा जाता है। यह स्थिति तब होती है जब पुरुषों के शरीर में ब्रेस्ट टिश्यू विकसित होने लगता है। डॉ. गुप्ता के अनुसार, इसके मुख्य रूप से दो कारण होते हैं। पहला किशोरावस्था के दौरान हार्मोन का असंतुलन। युवावस्था में शरीर में हार्मोनल बदलाव सामान्य होते हैं, लेकिन लगभग 6-8 किशोरों में से 1 में यह असंतुलन ब्रेस्ट टिश्यू के बढ़ने का कारण बन सकता है। यह हार्मोनल बदलाव समय के साथ सामान्य हो जाता है, लेकिन जो ब्रेस्ट टिश्यू बन जाता है, वह अपने आप खत्म नहीं होता। दूसरा और तेजी से बढ़ता कारण है-स्टेरॉयड का गलत इस्तेमाल। कई युवा मसल्स बनाने के लिए स्टेरॉयड लेते हैं, बिना यह जाने कि ये दवाइयाँ शरीर में ऐसे हार्मोन में बदल सकती हैं, जिससे ब्रेस्ट टिश्यू बढ़ने लगता है और गाइनेकोमास्टिया हो सकता है, डॉ. गुप्ता ने बताया इलाज कराने आने वाले अधिकांश मरीज 20-40 वर्ष की उम्र के होते हैं, हालांकि 40 वर्ष से अधिक उम्र में भी इसके मामले देखे जा रहे हैं। कुछ गंभीर मामलों में किशोरों को भी ऑपरेशन की आवश्यकता पड़ सकती है। डॉ. गुप्ता ने 14 वर्षीय एक लड़के का उदाहरण साझा किया, जिसे गाइनेकोमास्टिया की गंभीर स्थिति थी और लगातार मजाक उड़ाए जाने के कारण उसने स्कूल जाना बंद कर दिया था। मानसिक तनाव इतना बढ़ गया कि उसने स्वयं को नुकसान पहुँचाने की कोशिश भी की। ऐसे में उम्र की सामान्य सलाह 17-18 वर्ष तक प्रतीक्षा को न मानते हुए, मानसिक स्थिति को ध्यान में रखकर उसकी सर्जरी की गई। डॉ. गुप्ता ने साफ किया कि एक बार ब्रेस्ट टिश्यू विकसित हो जाने के बाद, दवाइयों, व्यायाम या डाइट से इसका इलाज संभव नहीं होता। सर्जरी ही इसका एकमात्र असरदार इलाज है उन्होंने कहा पहले गाइनेकोमास्टिया की सर्जरी में छाती के सामने बड़े चीरे लगाने पड़ते थे, जिससे स्थायी निशान रह जाते थे। इसी समस्या के समाधान के लिए डॉ. गुप्ता ने ऑकल्ट O-C-C-U-L-T तकनीक विकसित की। यह एक आधुनिक सर्जरी पद्धति है, जिसमें छाती के सामने कोई निशान नहीं पड़ता।

इसमें केवल 4-5 मिलीमीटर एमएम का छोटा-सा चीरा छाती के किनारे लगाया जाता है, जो समय के साथ लगभग दिखाई नहीं देता। यह सर्जरी डे-केयर प्रक्रिया होती है, यानी मरीज उसी दिन घर जा सकता है और कुछ ही दिनों में सामान्य जीवन शुरू कर सकता है। डॉ. गुप्ता के अनुसार, सर्जरी के बाद आमतौर पर यह समस्या दोबारा नहीं होती और यह मरीजों के लिए स्थायी और जीवन बदल देने वाला समाधान साबित होती है बशर्ते हार्मोन से जुड़ी समस्या न हो या स्टेरॉयड का सेवन जारी न रखा जाए।

# क्राइम ब्रांच की बड़ी कामयाबी: 2014 से फरार घोषित अपराधी गिरफ्तार



भास्कर समाचार सेवा

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच सेंट्रल रेंज की टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए वर्ष 2014 से फरार चल रहे घोषित अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपी लंबे समय से गिरफ्तारी से बचता आ रहा था। क्राइम ब्रांच के सेंट्रल रेंज की टीम ने अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजबीर सिंह और पुलिस उपायुक्त क्राइम विक्रम सिंह के समग्र पर्यवेक्षण तथा इंस्पेक्टर वीर सिंह के नेतृत्व में मिली पुख्ता गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बुनियाद अली उर्फ बुनियाद, पुत्र जमीरुद्दीन, उम्र करीब 65 वर्ष के रूप में हुई है। आरोपी पर वर्ष 2012 में थाना सागरपुर के तहत 60 लाख रुपये की ठगी का गंभीर आरोप है। इस मामले में शिकायतकर्ता सुफिया खानम, पत्नी वली खान, निवासी जगदंबा विहार, पश्चिम सागरपुर ने की थी कार्यवाही के दौरान अभियुक्त बुनैद अली के परिजनों ने मकान का मुख्य द्वार नहीं खोला बार-बार प्रयास किए जाने के बावजूद मुख्य द्वार बंद रखा गया। तत्पश्चात थाना जामिया नगर एवं क्राइम ब्रांच, कमला मार्केट की पुलिस टीम द्वारा निरंतर प्रयास किए गए तथा लगभग आधे घंटे के बाद मुख्य द्वार खोलने में सफलता प्राप्त की, मुख्य द्वार खुलने के पश्चात मकान की विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान अभियुक्त बुनैद अली को शौचालय के अंदर एक महिला के साथ छिपा हुआ था और टीम को बार बार गुमराह कर रहे थे की शौचालय मे महिला है हेड कांस्टेबल संजय के सूझबूझ द्वारा तत्परता दिखाते हुए अभियुक्त को मौके पर ही गिरफ्तार किया गया। इस मामले मे हेड कांस्टेबल संजय द्वारा अभियुक्त के संबंध में गोपनीय सूचना विकसित की गई।

# एस.आई.आर: कोई राजनीतिक हथियार नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र का मौन प्रहरी है: डॉ. मोनिका बी.सूद



भास्कर समाचार सेवा

नई दिल्ली। बौद्धिक प्रकोष्ठ प्रमुख-भाजपा, चंडीगढ़ डॉ. मोनिका बी.सूद का कहना है कि एस.आई.आर को लेकर जो शंकाएँ फैलाई जा रही हैं, वे वास्तव में प्रक्रिया से अधिक राजनीति प्रेरित दिखाई देती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने हमेशा यह सिद्धांत अपनाया है कि लोकतंत्र की मजबूती नारेबाजी से नहीं, बल्कि सिस्टम की शुद्धता से आती है। सर कोई अचानक गढ़ी गई व्यवस्था नहीं है और न ही इसका उद्देश्य किसी के अधिकारों को कमजोर करना है। यह एक प्रशासनिक और संवैधानिक प्रक्रिया है, जिसका मकसद व्यवस्था को अधिक स्पष्ट, पारदर्शी और जवाबदेह बनाना है। आज जब तकनीक और डेटा के युग में शासन चलाया जा रहा है, तब प्रक्रियाओं का अद्यतन होना लोकतंत्र के विरुद्ध नहीं, बल्कि उसके संरक्षण के लिए आवश्यक है। बिना इसके स्वरूप और उद्देश्य को समझे, इसे लोकतंत्र पर हमला बताना एक आसान लेकिन भ्रामक निष्कर्ष है। किसी भी निष्पक्ष मूल्यांकन से पहले यह जानना जरूरी है कि 'सर' क्यों लाई गई, किस संवैधानिक ढांचे के तहत लाई गई और इससे आम नागरिक को क्या लाभ मिलता है।

**एस.आई.आर का वास्तविक अर्थ क्या है**

एस.आई.आर का अर्थ है स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन-अर्थात मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण। सरल शब्दों में कहें तो यह वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से भारत अपनी मतदाता सूचियों को साफ, अद्यतन और प्रमाणिक बनाता है। इसमें मृत मतदाताओं के नाम हटाना, एक ही व्यक्ति के एक से अधिक स्थानों पर दर्ज नामों को हटाना, 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके योग्य नागरिकों के नाम जोड़ना, और गैर-नागरिकों व अवैध घुसपैठियों को सूची से हटाना शामिल है। न इससे अधिक, न इससे कम।एस.आई.आर किसी वास्तविक भारतीय नागरिक का मताधिकार नहीं छीनता। यह केवल उन लोगों से मतदान का भ्रम छीनता है, जो इसके हकदार ही नहीं थे। संविधान स्पष्ट करता है कि मतदान नागरिकता का अधिकार है, केवल निवास का नहीं।

**भूली-बिसरी सच्चाई: एस.आई.आर मोदी सरकार की देन नहीं है- एस.आई.आर का निरंतर लोकतांत्रिक इतिहास**

एस.आई.आर के खिलाफ उठ रही सबसे ऊँची आवाज एक बुनियादी असत्य पर टिकी है कि यह वर्तमान सरकार की नई खोज है। इतिहास कुछ और ही कहता है। भारत में पहला एस.आई.आर 1952 में हुआ था–देश के पहले आम चुनाव के समय। उस समय प्रधानमंत्री थे पंडित जवाहरलाल नेहरू। इसके बाद 1957 और 1961 में भी एस.आई.आर हुआ तब भी नेहरू जी ही प्रधानमंत्री थे। 1965-66 में, फिर 1983-84 में इंदिरा गांधी के कार्यकाल में, 1987-89 में राजीव गांधी के समय, 1992-95 में पी. वी. नरसिंह राव के नेतृत्व में, और 2002-04 में जो डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल में पूरा हुआ एस.आई.आर लगातार होता रहा। पाँच दशकों से अधिक समय तक एस.आई.आर को वही माना गया जो वह है लोकतंत्र की नियमित स्वच्छता प्रक्रिया, न कि कोई राजनीतिक साज़िश। ध्यान देने योग्य है कि इन दशकों में किसी भी राजनीतिक दल ने सर का विरोध नहीं किया, क्योंकि इसका उद्देश्य स्वयंसिद्ध था चुनावों की पवित्रता बनाए रखना।

**एस.आई.आर क्यों संवैधानिक रूप से अनिवार्य है**

भारत का संविधान चुनावों को हल्के में नहीं लेता। अनुच्छेद 324, 325 और 326 चुनाव आयोग को यह पवित्र जिम्मेदारी सौंपते हैं कि चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष और वैधानिक हों। अनुच्छेद 326 स्पष्ट है केवल भारतीय नागरिक, जो 18 वर्ष से अधिक आयु के हों और कानूनी रूप से योग्य हों, वही मतदाता हो सकते हैं। इसका एक असहज लेकिन अपरिहार्य अर्थ है गैर-नागरिक का मतदान लोकतांत्रिक सहभागिता नहीं, बल्कि अतिक्रमण है। एस.आई.आर इसी संवैधानिक रेखा की रक्षा करता है, उसे धुंधला नहीं करता।

**वह प्रश्न जिसे हम पूछने से बचते हैं अब विरोध क्यों हो रहा है**

आइए एक प्रश्न ईमानदारी से पूछें-क्या कोई लोकतंत्र सुरक्षित रह सकता है यदि उसका प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री उन वोटों से चुना जाए जो मृत लोगों, दोहरी प्रविष्टियों या गैर-नागरिकों द्वारा डाले गए हों? दुनिया का कोई भी लोकतंत्र-न अमेरिका, न यूरोप, न जापान-ऐसा स्वीकार नहीं करता। तो भारत से यह अपेक्षा क्यों? एस.आई.आर बहिष्कार नहीं है-यह संरक्षण है। यदि एस.आई.आर शकों से होता रहा है, तो आज इतना हंगामा क्यों? उत्तर सिद्धांत में नहीं, राजनीतिक गणित में छिपा है। वर्षों तक मतदाता सूचियों में मौजूद खामियों ने दोहरे मतदान, स्थानांतरण के बावजूद नाम न कटने और अवैध घुसपैठियों को चुनावी अंकगणित में चुपचाप शामिल होने दिया। जब ये खामियां बंद होती हैं, तो कुछ राजनीतिक लाभ स्वतः समाप्त हो जाते हैं। और जब लाभ समाप्त होता है, तो विरोध जन्म लेता है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी स्पष्ट कहा है कि नागरिकता की जांच वैकल्पिक नहीं, बल्कि चुनाव अधिकारियों का कर्तव्य है। एस.आई.आर उसी कर्तव्य का क्रियान्वयन है। भारत ने एक बार पहले जनसांख्यिकीय लापरवाही की भारी कीमत चुकाई है। विभाजन चुनावों के कारण नहीं हुआ, बल्कि इसलिए हुआ क्योंकि जनसंख्या की राजनीति को समय रहते नहीं समझा गया। एस.आई.आर इसलिए है ताकि आने वाली पीढ़ियां फिर कभी मौन विकृतियों से पैदा हुए निर्णयों का बोझ न उठाएँ। यह भय नहीं, बल्कि इतिहास की शांत चेतावनी है।

**एस.आई.आर क्या नहीं है**

यह स्पष्ट होना चाहिए– एस.आई.आर मतदाता दमन नहीं है। यह गरीब-विरोधी नहीं है। यह अल्पसंख्यक-विरोधी नहीं है। यह प्रवासी भारतीय नागरिकों के खिलाफ नहीं है। एस.आई.आर धोखाधड़ी के खिलाफ है। दोहराव के खिलाफ है। अवैधता के खिलाफ है। और यह अंतर अत्यंत महत्वपूर्ण है। सच्चा लोकतंत्र इस पर निर्भर नहीं करता कि कितने वोट हैं, बल्कि इस पर कि कितने वैध वोट हैं। दूषित मतदाता सूची चुपचाप परिणामों को बिगाड़ देती है। शुद्ध मतदाता सूची बिना शोर विश्वास बहाल करती है। एस.आई.आर बिना नारों, बिना कैमरों के काम करता है-क्योंकि लोकतंत्र की सबसे मजबूत सुरक्षा अक्सर अदृश्य होती है। आज के विमर्श की सबसे बड़ी त्रासदी मतभेद नहीं, बल्कि इतिहास को भुलाकर राय चिल्लाना है। एस.आई.आर नरेंद्र मोदी से शुरू नहीं हुआ। यह भारतीय लोकतंत्र के जन्म के साथ शुरू हुआ। जो लोग लोकतंत्र का सम्मान करते हैं, उन्हें पहले उसकी नींव का सम्मान करना चाहिए। और कभी-कभी लोकतंत्र की रक्षा का अर्थ होता है-वह करना जो अलोकप्रिय हो, जैसे उस व्यवस्था को साफ करना जिसे कुछ लोग धुंधला ही रहने देना चाहते हैं। यही एस.आई.आर है - न कोई आविष्कार। न कोई हथियार। बल्कि एक संवैधानिक दर्पण-जो भारत से उसकी चुनावी आत्मा में ईमानदारी से झाँकने को कहता है।

**नाम परिवर्तन**

मैं कमलेश देवी पत्नी नंदकिशोर भारती निवासी गांव बिरौंडी चक्रसेनपुर, ग्रेटर नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश ने अपना नाम बदलकर सीमा कर लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना जाए।

**सूचना : संबंध विच्छेद**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र शाहिद एवं उसकी पत्नी नगमा को उनके गलत आचरण, गलत संगत तथा परिवार के प्रति दुर्व्यवहार के कारण आज से सभी प्रकार के पारिवारिक, सामाजिक एवं आर्थिक संबंधों से पूर्ण रूप से विच्छेद कर दिया है।

खुरशीद
पुत्र इस्माइल
निवासी डेरा इलाहीपुरा,
जैन कॉलेज रोड सहारनपुर

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती डॉ० अनुराधा रॉय ने स्वंय को चैरी काउन्टी अपार्टमेन्ट ऑनर्स एसोसिएशन, चैरी काउन्टी प्लॉट नं०-05बी, टेकजोन-चतुर्थ, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्धनगर का अध्यक्ष बताते हुए सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 के अन्तर्गत पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व आलेख प्रस्तुत किये हैं। आलेखों के अनुसार सर्वश्री हरेन्द्र कुमार उपाध्यक्ष, जतिन कुमार बंसल सचिव, इन्दुप्रकाश सिंह कोषाध्यक्ष, सुजीत कुमार, दिवा कान्त झा, राहुल चौधरी, आदर्श तिवारी व मनोज कुमार गर्ग सदस्य के रूप में दर्शाये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति को प्रश्नगत समिति / संस्था के पंजीकरण के विरूद्ध आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशित होने की तिथि से 15 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्रमाणों सहित प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पत्र पर विचार किया जाना सम्भव न होगा और गुण दोष के आधार पर समिति के पंजीकरण के सम्बन्ध में कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सोसाइटीज रजिस्ट्रीकरण की धारा-3(1) के परन्तुक के अन्तर्गत जारी की जा रही है।

आज्ञा से,
डिप्टी रजिस्ट्रार,
फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स,
गाजियाबाद

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरे आधार कार्ड पर सत्यभान नाम दर्ज था लेकिन फर्द खतौनी में सत्यभान के नाम की जगह कुलदीप दर्ज हो गया। सत्यभान और कुलदीप एक ही व्यक्ति के नाम है। मुझे दोनों नामों से जाना पहचाना जाए।

कुलदीप उर्फ सत्यभान पुत्र सुबोध नि. ग्राम मांडई तहसील शिकोहाबाद जिला फिरोजाबाद।

**सूचना**

मैं अमित शर्मा उर्फ मोनू शर्मा पुत्र राकेश शर्मा निवासी मकान नं0 309 गऊ शाला फाटक गली नं0 6 कैलाश नगर गाजियाबाद है मेरा पंजाब नेशनल बैंक राइट गंज घंटाघर गाजियाबाद शाखा में 00192121012410 नंबर का एक खाता है जिसमें मेरा नाम मोनू शर्मा लिखा है मैं अमित शर्मा उर्फ मोनू शर्मा एक ही आदमी है अगर किसी को इससे कोई आपत्ति हो तो वह बैंक शाखा में जाकर संपर्क कर सकता है

**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

भूखण्ड सअख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310 जिला-गौतमबुद्ध नगर।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवासीय भूखण्ड संख्या 198, ब्लाक-ए, क्षेत्रफल 200 वर्गमीटर, सैक्टर-ALPHA-01, अलॉटमेन्ट नं A013866 ग्रेटर नौएडा SH. SAROJ KUMAR SHARMA S/O SH. MITHILESH SHARMA के पक्ष में पंजीकृत है। आवंटी SH. SAROJ KUMAR SHARMA S/O SH. MITHILESH SHARMA की मृत्यु दिनांक 18.05.2021 को हो जाने के उपरान्त वारिसान के आधार पर उक्त भूखण्ड आवंटी की पत्नी SADHNA KUMARI W/O LATE SH. SAROJ KUMAR SHARMA द्वारा अपने पक्ष में म्यूटेशन / नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण कार्यायल में आवेदन किया गया है। इस म्यूटेशन / नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में SH. SAROJ KUMAR SHARMA S/O SH. MITHILESH SHARMA के स्थान पर आवंटी की पत्नी SADHNA KUMARI W/O LATE SH. SAROJ KUMAR SHARMA के नाम पूर्ण रूप से दर्ज कर दिया जायेगा।

विशेष कार्याधिकारी (सम्पत्ति)
ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण ।

नौएडा
**नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा, गौतमबुद्ध नगर (उ.प्र.)
Website: www.noidaauthorityonline.in

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

अर्ह निविदाकारों से निम्न जॉब हेतु ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई–निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा संबन्ध में समस्त विवरण व शर्ते नौएडा प्राधिकरण की अधिकारिक **website: www.noidaauthorityonline.in & https://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधित एवं अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइट देखते रहें।

| ए) अल्पकालीन एवं रि–टेण्डर कार्यः– | | निविदा की धनराशि (रू0 लाख में) |
|---|---|---|
| जॉब संख्या | कार्य का नाम | |
| 1. 19 / उ0म0प्र. / वरि.प्र. (व0स0–6) / 2025–26 (Short Term) | आकस्मिक कार्य (नौएडा क्षेत्र में वर्क सर्किल–6 के अन्तर्गत शीत ऋतु के दौरान अलाव एवं रैन बसेरा की व्यवस्था का कार्य), नौएडा। | 12.73 |
| 2. 25 / उ0म0प्र / वरि.प्र (व0स0–9) / ई0नि0 / 2025–26 (Short Term) | आकस्मिक कार्य (वर्क सर्किल–9 के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत शीत ऋतु में अलाव जलाने एवं रैन बसेरा की व्यवस्था का कार्य), नौएडा। | 11.18 |
| 3. 06 / वरि.प्र.(व0स0–8) / ई0नि0 / 2025–26 (Short Term) | विविध / अन्य अनुरक्षण कार्य (वर्क संर्किल–8 के क्षेत्रान्तर्गत दिसम्बर–2025 से जनवरी–2026 तक अस्थायी रैन बसेरा बनाने एवं अलाव लगाने का कार्य), नौएडा। | 24.18 |
| 4. 09 / वरि.प्र.(व0स0–7) / ई0नि0 / 2025–26 | ग्राम विकास एवं अनुरक्षण (ग्राम इलाबांस की गली नं0–17 में नाली की मरम्मत का कार्य), नौएडा। | 20.45 |

उपरोक्त निविदा को दिनांक 15.01.2026 सायं 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं की प्री क्वालिफिकेशन दिनांक 16.01.2026 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी।

**बी) फ्रेस– टेण्डर कार्यः–**

| | | |
|---|---|---|
| 4. 15 / वरि.प्र.(व0स0–7) / ई0नि0 / 2025–26 | ग्राम विकास एवं अनुरक्षण (ग्राम नयागांव के बारातघर में विभिन्न अनुरक्षण का कार्य), नौएडा। | 20.22 |

उपरोक्त निविदा को दिनांक 23.01.2026 सायं 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं की प्री क्वालिफिकेशन दिनांक 24.01.2026 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी।

महाप्रबन्धक (सिविल)
नौएडा

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा

# अवैध खनन पर सहारनपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## सरसावा पुलिस व राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने ओवरलोड रेत से भरे 02 डम्पर व 03 ट्रैक्टर-ट्राली किए सीज

भास्कर ब्यूरो

सहारनपुर। जनपद में अवैध खनन, ओवरलोडिंग एवं खनन सामग्री के अवैध परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सहारनपुर पुलिस द्वारा लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निदेर्शानुसार अपराध की रोकथाम, यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा अवैध खनन पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से यह अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी नकुड़ के निकट पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष सरसावा प्रवेश कुमार शर्मा एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम के



नेतृत्व में 7 जनवरी 2026 की रात्रि चैकी शाहजहापुर पर संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान थाना सरसावा पुलिस व राजस्व विभाग की टीम ने दो डम्पर एवं तीन ट्रैक्टर-ट्राली की जांच की, जो बिना किसी वैध प्रपत्र के ओवरलोड रेत का परिवहन कर रहे



थे। जांच के दौरान वाहनों के पास खनन से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके, जिस पर नियमानुसार सभी वाहनों को कब्जे में लेकर सीज कर दिया गया। पुलिस एवं प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध खनन एवं नियम विरुद्ध परिवहन करने वालों में हड़कंप मच गया। सीज किए गए वाहनों में एक 18 टायरा डम्पर रजिस्ट्रेशन नंबर भ्ट 58 ॠ 2929, एक डम्पर वाहन रजिस्ट्रेशन नंबर न्च 20 ा्ज 8710, एक ट्रैक्टर-ट्राली रजिस्ट्रेशन नंबर न्च 11 ॅ 4820, एक बिना नंबर की ट्रैक्टर-ट्राली तथा एक ट्रैक्टर-ट्राली जिसका चैसिस नंबर डठछळ। ।स्र्थ्त्छज्ञ01233 शामिल है। इस संयुक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी सरसावा प्रवेश कुमार शर्मा, एसडीएम सदर सहारनपुर तथा थाना सरसावा पुलिस बल शामिल रहा। प्रशासन का कहना है कि इस प्रकार की कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य जनपद सहारनपुर में अवैध खनन, ओवरलोडिंग एवं पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाना तथा कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना है। भविष्य में भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे। अवैध खनन के खिलाफ इस सख्त कार्रवाई से स्पष्ट है कि जिला प्रशासन नियमों का उल्लंघन करने वालों के प्रति किसी भी प्रकार की ढिलाई बरतने के मूड में नहीं है।

# मिशन शक्ति फेज-5.0: गंगोह में महिला सशक्तिकरण अभियान

- एंटी रोमियो टीम ने चौपाल लगाकर महिलाओं को योजनाओं व हेल्पलाइन की दी जानकारी

भास्कर ब्यूरो



गंगोह (सहारनपुर)। महिला सशक्तिकरण अभियान मिशन शक्ति फेजद्द5.0 के अंतर्गत गुरुवार को थाना गंगोह क्षेत्र में एंटी रोमियो टीम द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत महिला उप निरीक्षक खुशबू, महिला कांस्टेबल संगीता, पीआरडी आदेशना तथा हेड कांस्टेबल चालक विकास चैधरी की टीम ने कस्बा गंगोह, ननौता चैक, कस्बा बाजार, विभिन्न तिराहों, शिव चैक, लखनौती तिराहा, मेटाडोर स्टैंड, मेन मार्केट पीएनबी बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक, मोहल्ला कोटल, मोहल्ला छत्ता, मोहल्ला टांकान, रामकृष्ण मेहता इंटर कॉलेज सहित अन्य स्थानों पर चैपाल लगाकर महिलाओं से संवाद किया। इस दौरान महिलाओं से उनकी समस्याएं पूछी गईं और सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। टीम ने बाल विवाह रोकथाम अभियान, विधवा पेंशन योजना, सुमंगला योजना, बाल कल्याण योजनाएं, बाल मजदूरी न कराने, गुड टच और बैड टच जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया। इसके साथ ही महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी गई, जिनमें 1090 वूमेन पावर लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा और 112 पुलिस आपातकालीन सेवा शामिल हैं। टीम ने डिजिटल अरेस्ट, साइबर फ्रॉड, फर्जी कॉल, अनचाहे लिंक और ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपाय भी बताए। पुलिस टीम ने महिलाओं को आश्वस्त किया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर वे बिना संकोच संबंधित हेल्पलाइन या नजदीकी थाने से संपर्क करें। अभियान का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना, उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और समाज में महिला सशक्तिकरण को मजबूती देना बताया गया।

# नकुड ब्लॉक की ग्राम पंचायत रानियाला दयालपुर में हुए सबसे ज्यादा विकास कार्य



- लगभग 1 करोड़ 27 लाख की लागत के हुए विकास कायर्खंड विकास अधिकारी नकुड़ राम

भास्कर ब्यूरो

अम्बैहटा (सहारनपुर)। नकुड ब्लॉक सभागर में बुधवार को आयोजित एक कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी राम आशीष यादव ने बताया अंम्बैहटा की निकटवर्ती ग्राम पंचायत रानियाला दयालपुर में नकुड ब्लॉक में सबसे ज्यादा विकास कार्य प्रधान सुभाष रावल के द्वारा कराए गए हैं। उन्होंने कहा सभी ग्राम पंचायतों के प्रधानों को प्रधान सुभाष रावल से सिख लेकर ऐसे ही विकास कार्य कराने चाहिए। उन्होंने स्कूल से लेकर लाइब्रेरी, खम्भों पर लाईटे, आर,सी,सी की पक्की सडके, पंक्की ईटों के कूड़ादन स्थल, आदि बहुत से विकास कार्य अपनी ग्राम पंचायत में कराए हैं जो बहुत ही सराहनीय है। नकुड़ ब्लॉक प्रमुख सुभाष चैधरी ने भी प्रधान की प्रशंसा करते हुए कहा की मेरे द्वारा भी सबसे ज्यादा विकास कार्य ग्राम पंचायत रनियाला दयालपुर गांव में ही कराएं गए हैं। क्योंकि सुभाष प्रधान, की लगन और मेहनत को देखते हुए ही उनकी ग्राम पंचायत में सभी विकास कार्य हुए हैं। जिसके कारण ही नकुड ब्लॉक में प्रधानों में पहले नंबर सुभाष प्रधान आते हैं जिन्होने अपनी ग्राम पंचायत में सबसे ज्यादा विकास कार्य करने का काम किया हैं।

# लोकदल में रहने पर घुटन महसूस होने लगी थी: राव केसर सलीम

- राव केसर सलीम ने थामा आजाद समाज पार्टी का दामन, चंद्रशेखर आजाद को बताया संघर्षशील नेता

भास्कर ब्यूरो



सहारनपुर। राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व जिला अध्यक्ष राव केसर सलीम ने गुरुवार को आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) की सदस्यता ग्रहण करने की औपचारिक घोषणा की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल में रहते हुए उन्हें लगातार घुटन महसूस हो रही थी, क्योंकि पार्टी अपने मूल सिद्धांतों और विचारधारा से भटक चुकी है। उन्होंने नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद को वर्तमान समय का एकमात्र संघर्षशील नेता बताते हुए कहा कि वे सड़क से लेकर संसद तक सर्व समाज और आम जनता की आवाज को मजबूती के साथ उठा रहे हैं। गांधी पार्क स्थित रोटरी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष सचिन खुराना ने राव केसर सलीम के पार्टी में शामिल होने की औपचारिक घोषणा की। इस अवसर पर सचिन खुराना ने कहा कि सर्व समाज का आजाद समाज पार्टी से लगातार जुड़ना आने वाले समय के लिए सकारात्मक संकेत है और पार्टी सभी वर्गों को साथ लेकर आगे बढ़ने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। राव केसर सलीम ने कहा कि बीते डेढ़ वर्षों में राष्ट्रीय लोकदल अपनी नीतियों और सिद्धांतों से भटक गया है। पूर्व प्रधानमंत्री चैधरी चरण सिंह और बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की विचारधारा को पीछे छोड़कर पार्टी केवल सत्ता प्राप्ति तक सीमित रह गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा से गठबंधन के बाद रालोद को एमएलसी, दो सांसद और आठ विधायक जैसे पद मिले, लेकिन इनमें अल्पसंख्यक समाज को कोई प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया, जिससे मजदूरों, किसानों और सर्व समाज की उपेक्षा स्पष्ट होती है। उन्होंने बताया कि साथियों के साथ विचार-विमर्श के बाद 5 जनवरी को उन्होंने सांसद चंद्रशेखर आजाद के समक्ष आजाद समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

राव केसर सलीम ने कहा कि आगामी वर्ष 2026 के जिला पंचायत चुनाव और 2027 के विधानसभा चुनाव में आजाद समाज पार्टी जिसकी जितनी हिस्सेदारी, उतनी उसकी भागीदारी के सिद्धांत पर टिकट वितरण करेगी। कार्यक्रम में ननौता के पूर्व अध्यक्ष अफजल खान, राव फरमान, असद सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रदेश का पहला रैबीज फ्री सिटी बनेगा सहारनपुर

- महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि ने हरी झण्डी दिखाकर की अभियान की शुरूआत
- सभी 70 वार्डो को 300 दिन में किया जायेगा कवर

भास्कर ब्यूरो



सहारनपुर। महानगर सहारनपुर प्रदेश का पहला एंटी रेबीज शहर बनेगा। महापौर डॉ. अजय कुमार और नगरायुक्त शिपू गिरि ने वार्ड 40 के नगर निगम परिसर से आज कुत्तों में एंटी रेबीज वैक्सीनेशन कराकर तथा वार्डो में जाने वाली टीमों को हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरूआत की। सहारनपुर प्रदेश का पहला महानगर है जहां राष्ट्रीय रेबीज नियत्रंण कार्यक्रम के अंतर्गत एंटी रेबीज वैक्सीनेशन की शुरूआत पांच टीमों के साथ युद्ध स्तर पर की गयी है। अभियान की शुरूआत में चिकित्सकों ने सबसे पहले पकड़े गए कुत्तों को एंटी रैबीज इंजेक्शन लगाए तथा महापौर डॉ. अजय कुमार ने नगरायुक्त शिपू गिरि के साथ हरी झण्डी दिखाकर वार्ड के लिए टीमों को रवाना किया। महापौर डॉ. अजय कुमार ने बताया कि आज वृहद स्तर पर सहारनपुर के वार्ड 40 से इसकी शुरूआत की गयी है। उन्होंने निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा को निर्देश दिए कि सार्वजनिक स्थानों बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, धर्म स्थलों आदि के आसपास यह अभियान प्राथमिकता के साथ चलाया जाए। महापौर ने बताया कि भारत सरकार ने राष्ट्रीय रेबीज नियत्रंण कार्यक्रम की शुरूआत की है, इसका उद्देश्य 2030 तक भारत को रेबीज मुक्त बनाना और 2030 तक रेबीज के कारण कुत्तों से होने वाली मौतों को शून्य पर लाना है। नगरायुक्त शिपू गिरि ने बताया कि कुत्तों में एंटी रेबीज वैक्सीनेशन अभियान लगातार चलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा अब तक लगभग 24 हजार कुत्तों की नसबंदी भी की गयी है। नसबंदी के दौरान कुत्तों में एंटी रेबीज वैकसीनेशन भी किया जाता है। उन्होंने बताया कि जिन कुत्तों में नसंबंदी के दौरान वैक्सीनेशन किया गया था उन्हें भी बूस्टर डोज दिया जायेगा। नगरायुक्त ने कहा कि यह नगर निगम की उपलब्धि है कि सहारनपुर प्रदेश का पहला रैबीज फ्री सिटी बनेगा। उन्होंने सार्वजनिक स्थानों पर रेबीज से बचाव के सम्बंध में प्रचार प्रसार करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मानव-पशु संघर्ष को कम करने की दिशा में भी यह एक बड़ा कदम है। निगम के पशु चिकित्साधिकारी डॉ. संदीप मिश्रा ने अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि अभियान के लिए पांच टीमें गठित की गई है, हर टीम में चार डॉग कैचर, एक वैक्सीनेटर और एक पशु चिकित्सक तथा एक वाहन शामिल है। उन्होंने बताया कि महानगर को वार्डवार कवर किया जायेगा। आज पांचों टीम बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन सहित वार्ड 40 को कवर करेगी। प्रयास रहेगा कि लगभग 4 दिन में एक वार्ड कवर कर लिया जाए। उन्होंने बताया कि पहचान के लिए वैक्सीनेशन के बाद कुत्तों को विष रहित कलर मार्क लगाकर छोड़ा जायेगा। डॉ.मिश्रा ने बताया कि अनुमानित शहर में 40 हजार कुत्ते है। प्रयास रहेगा कि 300 दिन में सभी वार्डो को कवर कर लिया जाए। कुत्तों को हर वर्ष रेबीज का बूस्टर डोज दिया जायेगा। डॉ. मिश्रा ने बताया कि रैबीज एक वायरस जनित बीमारी है, इससे बचाव ही इसका उपाय है। इस दौरान अपर नगरायुक्त मृत्युंजय, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह, लेखाधिकारी मनोज त्रिपाठी सहित निगम के अनेक अधिकारी तथा क्षेत्रीय पार्षद राजेंद्र कोहली, पार्षद मुकेश गक्खड व पूर्व सभासद प्रवेश धवन आदि शामिल रहे।

# विवाहिता के साथ मारपीट



भास्कर ब्यूरो

नागल। क्षेत्र के गांव ताजपुर निवासी एक विवाहिता ने अपने पति तथा जेठ पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित महिला हिना ने पुलिस को बताया कि करीब 6 माह से उसका पति तथा जेठ बिना किसी वजह के उसके साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट करते हैं और बुधवार सुबह भी इन्होंने उसके साथ मारपीट की है। महिला का यह भी आरोप है कि जनपद फरुर्खाबाद में उसका मायका है वह नोएडा में मेहनत मजदूरी करती थी।

इसी बीच उसकी मुलाकात एक ट्रक चालक निवासी ताजपुर थाना नागल से हुई थी और दोनों ने अपनी सहमति जताते हुए 15 जून सन् 2025 को समाज की रीति रिवाज के अनुसार शादी कर ली थी। शादी के कुछ समय बाद से ही उसके ससुरालीजन उसे घर से निकालने को लेकर मारपीट करते चले आ रहे हैं। थाना प्रभारी राजकुमार चैहान ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नकुड़ में चिकित्सक के घर लूट, बदमाशों के हौसले बुलंद

- नगर के प्रमुख चिकित्सक के घर घुसकर डेढ़ तोला सोने की चेन लूटी, सीसीटीवी में कैद हुए बदमाश

भास्कर ब्यूरो



नकुड़ (सहारनपुर)। नगर के मोहल्ला चैधरीयान में बुधवार देर शाम बेखौफ बदमाशों ने बड़ी लूट की वारदात को अंजाम दिया। नगर के प्रमुख चिकित्सक डॉ. पंकज शर्मा के घर घात लगाकर बैठे नकाबपोश बदमाशों ने हमला कर उनके गले से करीब डेढ़ तोला सोने की चेन लूट ली और मौके से फरार हो गए। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है। पीड़ित डॉ. पंकज शर्मा ने बताया कि बुधवार रात्रि करीब सवा आठ बजे वह अपने सहायक वैभव के साथ रोजाना की तरह घर पहुंचे थे। जैसे ही वे घर के अंदर दाखिल हुए, पहले से मौजूद दो नकाबपोश बदमाशों ने उन्हें पकड़ लिया और गले में पड़ी सोने की चेन झपटने लगे। विरोध करने पर बदमाशों ने डंडे से हमला करने का प्रयास किया, जिसमें डंडा सहायक वैभव को लग गया। वैभव के शोर मचाने पर बदमाश चेन लूटकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही नगर में सनसनी फैल गई।

रात्रि में ही नगर पालिका चेयरमैन शिव कुमार गुप्ता सहित कई लोग मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से घटना की जानकारी ली। वहीं गुरुवार सुबह विधायक मुकेश चैधरी ने भी घटना की जानकारी लेते हुए पुलिस को शीघ्र खुलासे के निर्देश दिए। घटना के बाद से पुलिस व एसओजी टीम सक्रिय हो गई है और देर रात से ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

डॉ. पंकज शर्मा के घर के बाहर लगे कैमरों में दो युवक भागते हुए दिखाई दे रहे हैं, जिनके आधार पर पुलिस बदमाशों की पहचान में जुटी है। इस संबंध में थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस पूरी मुस्तैदी से जांच में लगी हुई है और जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# सवालों के घेरे में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के जिलाध्यक्ष, पार्टी को हो सकता है बड़ा नुकसान

- जिलाध्यक्ष की कार्यशैली से परेशान हुए पदाधिकारी व कार्यकर्ता मामला पहुंचा, शीर्ष नेतृत्व के करीब

भास्कर ब्यूरो



बेहट। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी वर्तमान में सहारनपुर के जिलाध्यक्ष से खासा नाराज है। पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं का आरोप है कि जनपद में तैनात पार्टी के जिलाध्यक्ष पिछले काफी समय से जनपद के कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों के साथ बदसलूकी एवं गाली गलोच कर उन्हें अपमानित कर उनके मान सम्मान को ठेस पहुंचा रहे। जिलाध्यक्ष कहते हैं कि मुझे किसी पदाधिकारी व कार्यकर्ता की जरूरत नहीं है पार्टी की बैठकों में भी उन्हें यहां तक कहा जाता है कि आप यहां से जा सकते हो। यदि पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष को कहीं बुलाने की बात करते हैं तो वह झूठ बोल कर उनको गुमराह कर रहे है जिससे कार्यकताओं का मनोबल टूटता जा रहा है। जो कार्यकर्ता लगातार कार्य कर रहे हैं एवं अन्य कार्यकताओं को भी उनका सहयोग ना करने व मीटिंग में आने से मना करते हैं ताकि पार्टी का प्रचार प्रसार सही तरीके से ना हो सके। जनपद के अंदर पार्टी मै हूं जो चाहूंगा वही होगा। सूत्रों का कहना है कि उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को पत्र भेजकर कहा कि इन बातों के पुख्ता सबूत हमारे पास है जिलाध्यक्ष की कार्यशैली से पार्टी से जुड़े कार्यकताओं व क्षेत्र में गलत संदेश जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश नेतृत्व ऐसे पदाधिकारियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही कर पार्टी के कार्यकताओं एवं क्षेत्रीय लोगों को निजात दिलाने की जरूरत है।

# मस्जिद की जिम्मेदारी को लेकर हुए पथराव के बाद पुलिस ने की पांच लोगों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई

भास्कर ब्यूरो

नागल। गांव नोजली दनियालपुर में मस्जिद की जिम्मेदारी को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद हुए पथराव की घटना को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए दोनों पक्षों की तहरीर पर एक दूसरे के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मामला दर्ज करते हुए दोनों पक्षों के पांच लोगों के विरुद्ध शांति भंग की कार्रवाई भी की है।

थाना प्रभारी राजकुमार चैहान ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब 7:30 बजे नमाज पढ़ने के दौरान एक इकराम पक्ष एवं अब्दुल कादिर पक्ष के लोगों में मस्जिद के मौहतबिन की जिम्मेदारी को लेकर कहासुनी के बाद दोनों पक्षों के लोगों ने मकान की छतो पर चढ़कर पदराव करना शुरू कर दिया था घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा था मौके पर पहुंची पुलिस ने गांव में शांति व्यवस्था कायम करते हुए इकराम तथा अब्दुल कादिर की तहरीर पर एक दूसरे के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करते हुए एक पक्ष से गफ्फार, अफजल तथा सोनू एवं दूसरे पक्ष से अब्दुल कादिर तथा यूनुस के विरुद्ध शांति भंग की कार्रवाई भी की गई है।

# सुरक्षा बलों में भर्ती के लिए युवाओं का सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन, युवतियों के प्रशिक्षण का शुभारंभ

भास्कर ब्यूरो



नागल। क्षेत्र के सीडकी चैराहा स्थित एमएसडी इंटर कॉलेज में सुरक्षा बलों में भर्ती के लिए अखंड हिंद फाऊंडेशन संस्था के द्वारा युवाओं को प्रशिक्षण के लिए चल रहे सात दिवसीय शिविर का विधिवत रूप से समापन हुआ वही युवतियों के लिए सात दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ मुख्य अतिथि लोकपाल नीरज शर्मा एवं इंटर कॉलेज के प्रबंधक नवीन त्यागी द्वारा मां सरस्वती चित्र सम्मुख दीप प्रज्वलित करते हुए किया गया। संस्था के प्रशिक्षक हिमांशु कुमार के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि युवाओं के प्रशिक्षण शिविर में तीन राज्यों से 25 जनपदों से 2500 युवाओं को पुलिस, आर्मी, आरएएफ, बीएसएफ तथा अन्य सुरक्षा बलों में भर्ती होने के लिए प्रशिक्षण दिया गया है प्रशिक्षण के दौरान उन्हें दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, पीटी, अनुशासन, सामान्य ज्ञान एवं भर्ती की सभी प्रक्रियाओं से संबंधित प्रशिक्षण देकर उन्हें भर्ती के काबिल बनाया गया है और उन्होंने बताया कि उनकी संस्था के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को सुरक्षा बालों में भर्ती के लिए प्राथमिकता दी जाती है। वहीं बृहस्पतिवार को अखंड हिंद फाऊंडेशन के द्वारा युवाओं के प्रशिक्षण समापन के बाद विभिन्न प्रदेशों से 30 जनपदों की करीब 2000 युवतियों के सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का भी शुभारंभ किया गया है इस दौरान मुख्य अतिथि नीरज शर्मा एवं प्रबंधक नवीन त्यागी ने संयुक्त रूप से प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं एवं यूवतीयो के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इस प्रकार की संस्था देश के भविष्य को प्रशिक्षण देकर उसे योग्य बनाते हुए देश सेवा करने का मौका देती है और एक बेरोजगार को रोजगार का अवसर भी प्राप्त होता है।

# गांव दैदपुरा में जरूरतमंद लोगों को ठंड से बचने के लिए रजाईयां वितरण की गई

भास्कर ब्यूरो



अम्बैहटा (सहारनपुर)। अम्बैहटा के निकटवर्ती गांव दैदपुरा में अक्षय चैधरी के द्वारा कमजोर वर्गों, दिव्यांग, विधवा महिलाओं व वृद्धजनों की मदद के लिए एक सराहनीय पहल की गई है। अक्षय चैधरी ने गुरूवार को अपने आवास पर कार्यक्रम आयोजित किया है। जिसमें जरूरतमंद सैकड़ो लोगो को रजाईयां वितरण कि गई है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को ठंड से बचाव प्रदान करना व गरीब असहाय लोगों की मदद करना था। कार्यक्रम के दौरान अक्षय चैधरी ने कहा नर सेवा नारायण सेवा है। उन्होंने जोर देकर बताया कि समाज के कमजोर तबके की मदद करना हम सभी का कर्तव्य है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरजमल ओर संचालन गो रक्षा दल के जिला अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने किया है। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष सुशील पंवार, ओम सिंह, अशोक धीमान, इंद्रसेन, जगदीश बाल्मीकि, कैलाश चंद, अनिल लम्बदार, योगराज चैधरी, जसवंत सिंह और विरेंद्र पंवार, आदेश पंवार, संजय पांचाल, भरत सिंह रोहिला, अर्नव गुप्ता आदि शामिल रहे।

घायल तो यहां हर परिंदा है। मगर जो फिर से उड़ सका वहीं जिंदा है..

# पांच दिन से फुंका ट्रांसफार्मर, पानी व प्रकाश के लिए तरसे ग्रामीण

भास्कर ब्यूरो



खैरगढ़, फिरोजाबादः जनपद फिरोजाबाद के विकासखंड हाथवंत के विद्युत उपकेंद्र प्रतापपुर के अंतर्गत गांव बैरनी में पांच दिन से ट्रांसफार्मर फुका हुआ है ग्रामीणों ने कई बार अवर अभियंता से शिकायत की एवं विद्युत हेल्पलाइन नंबर 112 पर भी कॉल करके अपनी समस्या बताई किंतु पांच दिन बीत जाने के बावजूद भी विभाग के कर्मचारियों व अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी।

पूर्व प्रधान प्रतिनिधि रामसेवक यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव बैरनी के तराई इलाके में कमलेश आचार्य जी के घर के पास करीब पांच दिन से ट्रांसफार्मर फूका हुआ है जिससे ग्रामीण पानी व प्रकाश के लिए भी परेशान है इस संबंध कई बार प्रतापपुर विद्युत उप केंद्र पर तैनात अवर अभियंता अशोक कुमार से शिकायत की गई तो उन्होंने ट्रांसफार्मर की अनुपलब्धता की बात कह कर पल्ला झाड़ लिया।

**ग्रामीणों का आरोप**

ग्रामीणों का कहना है कि करीब चार माह पहले भी ट्रांसफार्मर हो गया था जिसको ग्रामीणों ने 50-50 रुपए चंदा इकट्ठा करके बदलवाया था अब भी अवर अभियंता अशोक कुमार पैसे लेकर ट्रांसफार्मर बदलने की बात कह रहे हैं।

**लोगों ने यह भी कहा:**

- 1- बृजमोहन का कहना है की इस ट्रांसफार्मर से करीब 200 घरों की विद्युत आपूर्ति सुचारू की जाती है किंतु विद्युत विभाग का इस और कोई ध्यान नहीं है।
- 2- देवेश का कहना है की जेई साहब को कई बार बता दिया है कि ट्रांसफार्मर खराब है लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है।
- 3- रवीश कुमार का कहना है की पांच दिन से मवेशियों तक के लिए पानी की व्यवस्था नहीं हो पा रही है लैंप जलाकर खाना पकाया जाता है।
- 4- धर्मेंद्र का कहना है कि हमने विद्युत हेल्पलाइन नंबर 112 पर भी कॉल करके ट्रांसफार्मर की सूचना दी थी किंतु अभी तक कोई सुनवाई नहीं हो सकी है।
- 5- आज के समय पर हर आदमी विद्युत आपूर्ति पर ही निर्भर है बिना विद्युत के ना तो पानी भरा जा सकता है और ना ही प्रकाश की व्यवस्था हो सकती है विभाग द्वारा सर्दी के मौसम में घोर लापरवाही की जा रही है।

**अवर अभियंता अशोक कुमार के सरकारी नंबर पर फोन लगाकर जानकारी की गई तो उन्होंने कहा अभी मैं व्यस्त हूं अभी कोई बात नहीं कर सकता और फोन काट दिया।**

# युवक का मिला चोटिल शव, पुलिस जांच में जुटी

भास्कर ब्यूरो

खुर्जा ! थाना खुर्जा नगर क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 34 अगवाल कट के पास खाली खेत में एक युवक का शव मिला जिसके चेहरे व अन्य स्थानों पर चोट के निशान थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेज दिया। सूचना पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने भी अपने नमूने लिए, मृतक के हाथ पर नीरज लिखा हुआ था पुलिस उसके अनुसार युवक की जानकारी करने का प्रयास कर रही है।



# चौधरी जयंत सिंह युवाओं के हृदय सम्राटः धीरज उज्जवल

- देश के पहले सांसद हैं, जिन्होंने अपनी संपूर्ण सांसद निधि खेलों ओर खिलाड़ियों पर खर्च करने की घोषणा...
- धीरज उज्वल ने बिजवाड़ा गांव में करीब एक हजार जरूरत मंद लोगों को बांटे कंबल

भास्कर ब्यूरो



बागपत। जनपद के बिजवाड़ा गांव में गुरुवार को पद रही कड़ाके की सर्दी में रालोद नेता धीरज उज्ज्वल ने सैकड़ो जरूरतमंदों को कंबलो का वितरण किया।उसके बाद बीजवाड़ा गांव में राष्ट्रीय लोकदल पार्टी की एक बैठक आयोजित हुई। जिसमें रालोद के प्रांतीय उपाध्यक्ष ने कहा रालोद पार्टी ही सभी वर्गों की सच्ची हितेषी पार्टी हैं। रालोद अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह किसान मजदूरों और नोजवानों के हितों के लिये कार्य कर रहे हैं। रालोद के प्रांतीय उपाध्यक्ष धीरज उज्ज्वल ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह युवाओं के हृदय सम्राट हैं। वे भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की विचार धारा को आगे बढ़ा रहे हैं और किसान हितों के लिये निरंतर संघर्षरत रहते हैं। वे युवाओं और खिलाड़ियों को मजबूत और उनका भविष्य संवारने के लिए कार्य कर रहे हैं। वह देश के ऐसे पहले सांसद हैं, जिन्होंने अपनी संपूर्ण सांसद निधि खेलों ओर खिलाड़ियों पर खर्च करने की घोषणा की। वे देश के युवा और खिलाड़ियों को मजबूत और विकसित करने तथा उनका भविष्य संवारने के लिए कार्य कर रहे हैं। सभा में उन्होंने गांव के करीब एक हजार जरूरत मंद लोगों को कंबल भी वितरित किये। सभा में बेद सिंह, राजू तोमर सिरसली,ओमपाल फौजी, रणबीर सिंह,लेखराज प्रधान, मोहनवीर उज्ज्वल,जगपाल सिंह, प्रभातशील, इकबाल सिंह, महक सिंह आदि उपस्थित रहे।

# ऊंचागांव अनिववास मार्ग पर सिल्ट पडा होने से मार्ग बाधित

भास्कर ब्यूरो

बुगरासी। ऊंचागांव अनिवास मार्ग पर सिल्ट पडा होने से 30 किलोमीटर अधिक चलकर पहुंच रहे हैं अपने गंतव्य पर। राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अनूपशहर से स्याना जाने वाले वाहनों को अब 30 किलोमीटर अतिरिक्त चलकर जहांगीराबाद से होकर जाना पड रहा है। स्याना से उंचा गांव तक डबल लेन सडक बनी है।जहा पर एक लाईन बंद होने के कारण वाहनों को वनवे चलाया जा रहा है।बडे वाहनों को तो पूरी तरह बंद कर दिया गया है क्योंकि बडे वाहन तो किसी भी तरह निकल ही नही सकते हैं।जिसके कारण अब वाहन स्वामी सडक से नीचे गंतव्य को जाने के लिये कच्ची चकरोड का स्तेमाल कर रहे हैं। इस स्थिति में पिलखनी खंदोई सफीनगर चरौरा महुआ खेडा के ग्रामीणों के सामने भंयकर समस्या पैदा हो गई है।सिल्ट के कारण उडने वाली धूल से आंखों में जलन व सांस लेने मे परेशानी हो रही है। किसानों को गन्ना मिल तक अपना उत्पाद ले जाने में भी परेशानी हो रही है। क्योंकि वनवे होने के कारण भारी वाहनो को बंद कर दिया गया है।वाहन स्वामियों को 30 किलोमीटर अतिरिक्त चलकर अपने गंतव्य पर पहुचना पड रहा है।वाहन स्वामियों को आर्थिक नुकसान भी उठाना पड रहा है। दैनिक यात्री विवेक आकाश देवेन्द्र ललित से शीघ्र समस्या के समाधान की मांग की है। सिंचाई विभाग के एसडीओ अनुज समी का कहना है कि शीघ्र ही सिल्ट की नीलामी की प्रक्रिया शुरू कर सिल्ट को शीघ्र हटा दिया जायेगा।

# भाजपा ने बूथ स्तर पर मतदाताओं से सम्पर्क करने की अपील

भास्कर ब्यूरो



टूंडला। भारतीय जनता पार्टी विधानसभा टूंडला की बैठक एटा रोड स्थित शिविर कार्यालय पर आयोजित की गई। जिसमें विधानसभा के सभी सभी मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री, मंडल प्रभारी, शक्ति केंद्र संयोजक एवं एसआई आर की जिला टोली उपस्थिति रही।

इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा की सभी मंडल अध्यक्ष एवं मंडल महामंत्री बूथ स्तर पर जनसंपर्क अभियान चलाकर मतदाताओं से संपर्क करेंगे जिससे नव मतदाताओं का नाम सूची में जुड़वाने के लिए फॉर्म सिक्स भरवाया जा सकेगा। गहन मतदाता पुनरीक्षण द्वितीय चरण अत्यंत महत्वपूर्ण है 6 जनवरी से 6 फरवरी तक दावे आपत्तियों के साथ-साथ नए वोट बनाने में हमारे बूथ अध्यक्ष बीएलओ को सक्रिय करने की जिम्मेदारी सभी मंडल अध्यक्षों की है बार-बार बूथ पर मंडल की टीम संपर्क करेगी। बैठक में शैलेंद्र सिंह ,शिव शंकर शर्मा, शैलेंद्र प्रताप, महिपाल निषाद, आकाश शर्मा, सतीश बघेल, दिनेश गुप्ता, धर्मेंद्र प्रताप संजू, महावीर बघेल, पूरन बीडीसी, धर्मेंद्र, अजीत जुरेल, अजीत कुशवाह, सूरज धाकरे, सुनील पाठक, चौधरी जयवीर सिंह, देवेंद्र बेनीवाल, वीरेंद्र प्रताप सचिन जैन, पुष्पेंद्र पाल सिंह जुबिन भारद्वाज, देवांशु उपाध्याय, रामू कुशवाहा, महेश माहौर, ब्रजवीर सिंह चौहान, अजय प्रधान, कप्तान सिंह निषाद आदि मौजूद रहे।

# भाकियू अराजनैतिक ने विद्युत उपकेंद्र पर किया धरना प्रदर्शन

भास्कर ब्यूरो



खैरगढ़, फिरोजाबादः विकासखंड हाथवंत के अंतर्गत विद्युत उप केंद्र प्रतापपुर पर तैनात अवर अभियंता द्वारा भारतीय किसान यूनियन के अराजनैतिक पदाधिकारी के साथ अभद्र व्यवहार करने को लेकर भारतीय किसान यूनियन अराज नैतिक के पदाधिकारियों ने विद्युत उपकेंद्र प्रतापपुर पर धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन की जानकारी होने पर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और किसानों को शांत करने का प्रयास किया। अवर अभियंता के आश्वासन के बाद किसानों ने अपना प्रदर्शन समाप्त कर दिया

प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्युत उपकेंद्र प्रतापपुर पर तैनात अवर अभियंता अशोक कुमार ने भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष शशिकपूर कुशवाह के साथ अभद्र व्यवहार किया था ।शशि कपूर कुशवाह ने गांव इटौली मे जर्जर विद्युत केबिलों को बदलने के लिए अवर अभियंता से शिकायत की थी जिस पर अवर अभियंता अशोक कुमार ने जिला अध्यक्ष के साथ अमानवीय व्यवहार करते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया। अभद्र भाषा से आहत होकर शशि कपूर कुशवाह जिला अध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन अराज नैतिक व्यापार प्रकोष्ठ के साथ-साथ अजीत यादव, रुमाल सिंह कुशवाह, अजय गुप्ता, राजवीर कुशवाह, ज्ञानेंद्र कुशवाह, सुनील कुशवाह के साथ-साथ सैकड़ो किसान विद्युत उप केंद्र प्रतापपुर पर धरने पर बैठ गए। धरना प्रदर्शन की जानकारी होते ही थाना प्रभारी प्रेम सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और किसानों को समझाने का प्रयास किया। किसान अवर अभियंता द्वारा माफी मांगने एवं ग्राम इटौली के जर्जर बिधुत तार बदलवाने की जिद पर अड़े रहे। किसानों की जिद पर अवर अभियंता अशोक कुमार ने माफी मांगते हुए तत्काल प्रभाव से गांव इटौली में विद्युत केबिल बदलवाने की व्यवस्था की तब कहीं जाकर धरना प्रदर्शन समाप्त हुआ।

# बार एसोसिएशन सिरसागंज को बार कॉन्सिल ऑफ उत्तरप्रदेश से किया गया सम्बद्ध

भास्कर ब्यूरो



लम्बे समय से बार एसोसिएशन सिरसागंज के पदाधिकारी बार एसोसिएशन सिरसागंज को बार कॉन्सिल ऑफ उत्तरप्रदेश से सम्बद्ध कराने के लिए प्रयासरत थे ।इसी के चलते तथा बार कॉन्सिल उत्तर प्रदेश के बेहतरीन सहयोग एवं प्राथमिक वरीयता के फलस्वरूप तहसील सिरसागंज को बार कॉन्सिल ऑफ उत्तर-प्रदेश से सम्बद्ध किया गया है। यह सफलता मिलते ही बार एसोसिएशन सिरसागंज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों में खुशी की लहर दौड़ गई ।

एडवोकेट गणेश शंकर वर्मा ने खुशी जाहिर करते हुये बताया कि लम्बे समय से संघर्षशील बार एसोसिएशन सिरसागंज के अध्यक्ष श्यामेंद्र यादव के अथक प्रयासों एवं डॉ अवनीश यादव,गणेश शंकर वर्मा,नवनीत यादव,अंकुर यादव,प्रमोद शर्मा आदि के विशेष सहयोग एवं चेयरमैन बार कॉन्सिल उत्तर प्रदेश के सहयोग एवं प्राथमिक वरीयता के फलस्वरूप तहसील सिरसागंज को बार कॉन्सिल ऑफ उत्तरप्रदेश से सम्बद्ध किया गया है। जिसका प्रमाण पत्र आगरा में चेयरमैन शिव किशोर गौड ने अध्यक्ष सिरसागंज श्यामेंद्र यादव को सौंपा है। इस दौरान श्यामेंद्र यादव, डॉ अवनीश यादव अंकुर यादव प्रमोद शर्मा आदि अधिवक्ता मौजूद रहे ।यह सफलता मिलते ही बार एसोसिएशन सिरसागंज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों में खुशी की लहर दौड़ गई तथा सभी ने एक - दूसरे को शुभकामना दी तथा मिठाई बांट कर खुशी का इजहार किया ।

# फिरोजाबाद में 232 पात्रों को सौंपे गए सीएम आवास के प्रमाण पत्र

भास्कर ब्यूरो



फिरोजाबाद। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सबका साथ सबका विकास संकल्प को साकार करते हुए जिला प्रशासन ने गुरुवार को 232 पात्र परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत पक्के घर के प्रमाण पत्र सौंपे। कड़ाके की ठंड के बीच पक्की छत का यह तोहफा निराश्रित महिलाओं, दिव्यांगों और वंचित समुदायों के लिए नए साल का सबसे बड़ा उपहार है, जिससे उन्हें सुरक्षा और सामाजिक गरिमा मिली है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक जिले के कुल 1207 जरूरतमंदों को इस योजना का लाभ मिल चुका है। विकास खंड नारखी में आयोजित भव्य कार्यक्रम में विधायक टूंडला प्रेमपाल धनगर, भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह और ब्लॉक प्रमुख रविता चक ने मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

**समाज के अंतिम पायदान पर खड़े वंचितों को मिली प्राथमिकता**

वक्ताओं ने कहा कि योगी सरकार का मूल मंत्र उन वर्गों को मुख्यधारा में लाना है, जो दशकों से उपेक्षित थे। इस योजना के तहत विशेष रूप से प्राकृतिक आपदाग्रस्त परिवारों, कुष्ठरोग प्रभावितों, नट, लोहार जैसे घुमंतू समुदायों, दिव्यांगजनों और निराश्रित विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर चुना गया है। सिर पर पक्की छत होने से न केवल इन परिवारों को मौसम की मार से सुरक्षा मिलेगी, बल्कि समाज में उनकी गरिमा और मान-सम्मान भी बढ़ेगा।

**पारदर्शिता के साथ लाभार्थियों का चयन**

जिलाधिकारी रमेश रंजन ने बताया कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि फिरोजाबाद में हमने पूरी पारदर्शिता के साथ लाभार्थियों का चयन किया है। कड़ाके की ठंड को देखते हुए हमारी प्राथमिकता थी कि जल्द से जल्द पात्रों को प्रमाण पत्र सौंपे जाएं, ताकि वे निर्माण कार्य शुरू कर सकें।

## सार सुर्खियां

### बाइक सवार को टक्कर मारने वाले मैक्स चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

भास्कर ब्यूरो, शिकोहाबाद। थाना नसीरपुर क्षेत्र के नगला मिश्री के पास मैक्स की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल हो जाने के मामले में घायल के बेटे ने मैक्स चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। रामनरेश सिह पुत्र हजारी लाल निवासी शेरपुर नानेमऊ थाना नसीरपुर अपने भाई दुष्यन्त पुत्र जयप्रकाश 8 दिसंबर को किसी काम से शिकोहाबाद आए थे। वह काम कर बाइक से घर वापस लौट रहे थे। तभी सामने से आ रही मैक्स पिक्प के चालक ने तेजी, लापरवाही से चलाते हुए नगला मिश्री के पास बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों भाई गम्भीर रुप से घायल हो गये। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज आगरा रेफर कर दिया। परिजनों ने घायलों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां दोनों का उपचार जारी है। घायल के बेटे असित पुत्र रामनरेश ने मैक्स चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

### तीन सदस्यीय टीम ने अस्पताल में जांची स्वास्थ्य सेवाएं

भास्कर ब्यूरो, शिकोहाबाद। इंक्वास से तीन सदस्यीय टीम ने असेसमेंट करने के उद्देश्य से नगर के सयुक्त जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। इस दौरान डॉक्टर की टीम ने लक्ष्य को लेकर डॉक्टरों से बातचीत की। टीम 3 दिन अस्पताल में रहकर व्यवस्थाओं का जायजा लेगी जिससे मरीजों को बेहतर सुविधा मिल सके। गुरुवार को इंक्वास से डॉ महेंद्र कुमार के नेतृत्व में डॉ गरिमा पंत, विमला रानी सहित तीन सदस्यीय टीम ने असेसमेंट करने के उद्देश्य से नगर के सयुक्त जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने सीएमएस डॉ आर सी केशव से लेकर अन्य डॉक्टरों की टीम से बातचीत की। टीम का लक्ष्य है कि नगर क्षेत्र में मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिले। उनके लिए क्या क्या बेहतर हो सकता है उसको लेकर मंथन किया। इस दौरान टीम ने अस्पताल की इमारत के साथ ही सभी विभागों का बारीकी से निरीक्षण किया। तीन दिवसीय निरीक्षण के दौरान अपनी विस्तृत रिपोर्ट की तैयार कर शासन को सौंपेगी। इस बारे में सीएमएस ने बताया कि टीम के आने का उद्देश्य नगर की चिकित्सा सुविधा को कैसे बेहतर किया जाए। क्या क्या संसाधन उपलब्ध कराए जाए। इसके साथ अन्य क्या उपाय किए जाए। अभी टीम 3 दिन अस्पताल में अपनी जांच करेगी।



### पूर्वी यमुना नहर में मिला अज्ञात युवक का शव,शिनाख्त में जुटी पुलिस

भास्कर ब्यूरो, रमाला। थाना क्षेत्र के किशनपुर की पूर्वी युमना नहर में गुरुवार सुबह अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला।सूचना मिलने पर रमाला पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को नहर से निकलकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस युवक की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। रमाला थाना क्षेत्र के किशनपुर पूर्वी युमना नहर में गुरुवार सुबह एक अज्ञात युवक शव पड़ा मिला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने नहर से शव को बाहर निकाला तथा शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए बागपत भेज दिया। नहर में पड़े युवक को देखने के लिए राहगीरों की भीड़ लगीं रही। पुलिस मृतक युवक की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। वहीं इस संबंध में रमाला इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ने बताया कि नहर युवक का शव मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है।

### एडीओ व ग्राम प्रधान ने बांटे असहाय व जरूरतमंद लोगों को कंबल

भास्कर ब्यूरो, टूंडला। लाइनपार के गांव में कड़ाके की सर्दी से बचने के लिए ग्राम सचिवालय में असहाय व जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण किए गए। इस दौरान वृद्धों को सर्दी में घर से न निकलने की सलाह दी गई। विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत टूंडला खाम के गांव नगला रति स्थित ग्राम सचिवालय पर ग्राम प्रधान भगवान देवी के नेतृत्व में असहाय व जरूरतमंद 40 लोगों को कंबल वितरण किया गया। ग्राम प्रधान ने वृद्धों को कड़ाके की सर्दी में घर से न निकलने की सलाह दी। इस दौरान एडीओ पंचायत इंद्रलता तोमर, सचिन भावना वर्मा, प्रधान प्रतिनिधि रघुवीर सिंह उर्फ भाईजी, चौकी प्रभारी राजावत, चौकी सहायक नदीम अली, लेखपाल प्रबलप्रताप सिंह, पंचायत सहायक विशाखा, समाजसेवी पूर्व प्रधान धर्मप्रकाश, बबलू बाबा, अरुण कुमार देव, अंकुश मास्टर आदि उपस्थित रहे।



# जल संरक्षण के लिए तालाब का लोकार्पण किया

भास्कर ब्यूरो



गागलहेड़ी। आईटीसी मिशन सुनहरा कल के अंतर्गत जल बचाओ अभियान के दृष्टिगत गांव लखनौती खुर्द में तालाब के लोकार्पण के कार्यक्रम का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी नीरू मलिक ने फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया।इस दौरान बीडीओ नीरू मलिक ने कहा कि आईटीसी मिशन सुनहरा कल का अभियान भविष्य के लिए एक सराहनीय कदम है जिसके अंतर्गत तालाबों में जल को संचय करके आने वाले समय में जल की समस्या दूर की जा सकती है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी को जल बचाओ की शपथ भी दिलाई। भूजल विभाग के अधिशासी अभियंता नूपुर गुप्ता ने कहा कि हम सभी को चाहिए कि जल की बबार्दी ना करें और उपयोगिता के आधार पर ही उपयोग करते हुए अनावश्यक रूप से बर्बाद ना करें क्योंकि भविष्य में जल समस्या को लेकर एक संकट आ सकता है। आईटीसी मिशन के द्वारा सुनहरा कल अभियान की सराहना करते हुए कहा कि अभियान से समाज को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। वहीं कार्यक्रम का संचालन कर रहे परियोजना प्रबंधक भुवन जोशी ने सभी अतिथियों का सम्मान करते हुए कहा कि कल के लिए जल को अवश्य बचाए। कार्यक्रम में दीपक आर्य, कर्मवीर सिंह, करण सिंह ,अभिषेक, अर्जुन, सचिन कुमार, विनोद, राजपाल, नाथीराम आदि मौजूद रहे।

# पेड़ चोरी के वांछित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

भास्कर ब्यूरो



नागल। पेड़ चोरी के एक मामले में वांछित चल रहे एकआरोपी को पुलिस ने बृहस्पतिवार सुबह गिरफ्तार कर उसे न्यायालय पेश कर दिया। थाना प्रभारी राजकुमार चैहान ने बताया कि सहारनपुर की अंबेडकरपुरम कॉलोनी निवासी सुनीता ने 2 जनवरी को पुलिस से शिकायत करते हुए बताया था कि क्षेत्र के गांव कपासा में उसके कृषि की भूमि में पॉपुलर के पेड़ लगे हुए हैं। उसका आरोप था कि गांव कपासा के एक व्यक्ति ने उसके पॉपुलर के पेड़ काट लिए हैं पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी प्रदीप निवासी कपासा के विरोध संबंधित धाराओं में मामला दर्ज करते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने बृहस्पतिवार सुबह मुखबिर की सूचना पर वादी के खेत से गांव जाने वाले रास्ते पर प्रदीप को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर कांटे गए पॉप्युलर के पेड बरामद करते हुए उसे न्यायालय पेश कर दिया।

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला-गौतमबुद्ध नगर।
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम / सैक्टर-डाबरा की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-डी.ए.बी.01317. भूखण्ड संख्या-14, पकेट-के, क्षेत्रफल 310 वर्ग मीटर, सर्व श्री गजराज, हाकम सिंह, श्रीमती धर्मवती भगवत सिंह पुत्र/पत्नी श्री जयपाल सिंह, अनूप, निवासी ग्राम डाबरा, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। सहःआवंटी श्री हाकम सिंह पुत्र श्री जयपाल सिंह की मृत्यु के उपरांत इनके वसीयती श्रीमती शकुन्तला देवी पत्नी स्व० श्री हाकम सिंह, निवासी-प्रहलाद भवन रेलवे रोड दादरी, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० द्वारा अपने पक्ष में नामांतरण करने हेतु रजि० वसीयत के आधार पर नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। उक्त प्रस्तुत वसीयत की बही संख्या-3, जिल्द संख्या-455, पृष्ठ संख्या-135 से 154 पर कमांक 425 दिनांक 24.05.2023 को उप निबन्धक, दादरी, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के कार्यालय में पंजीकृत किया गया है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्राकशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में श्रीमती शकुन्तला देवी पत्नी स्व० श्री हाकम सिंह. निवासी-प्रहलाद भवन रेलवे रोड दादरी, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० का नाम आवंटी के रूप दर्ज कर दिया जायेगा।
प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला-गौतमबुद्ध नगर।
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम / सैक्टर-रायपुर बांगर की प्रस्तावित आबादी में आवंटित आवंटन संख्या-आर.पी.बी.01284, भूखण्ड संख्या-154, क्षेत्रफल 370 वर्ग मीटर, सर्व श्री गजराज, हाकम सिंह, भगवत सिंह पुत्र श्री जयपाल सिंह, अनूप सिंह, निवासी ग्राम रायपुर बांगर, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के पक्ष में आवंटित किया गया था। सहःआवंटी श्री हाकम सिंह पुत्र श्री जयपाल सिंह की मृत्यु के उपरांत इनके वसीयती श्रीमती शकुन्तला देवी पत्नी स्व० श्री हाकम सिंह, निवासी-प्रहलाद भवन रेलवे रोड दादरी, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० द्वारा अपने पक्ष में नामांतरण करने हेतु रजि० वसीयत के आधार पर नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। उक्त प्रस्तुत वसीयत की बही संख्या-3, जिल्द संख्या-455, पृष्ठ संख्या-135 से 154 पर क्रमांक 425 दिनांक 24.05.2023 को उप निबन्धक, दादरी, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० के कार्यालय में पंजीकृत किया गया है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्राकशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में श्रीमती शकुन्तला देवी पत्नी स्व० श्री हाकम सिंह, निवासी-प्रहलाद भवन रेलवे रोड दादरी, जिला-गौतमबुद्धनगर, उ०प्र० का नाम आवंटी के रूप दर्ज कर दिया जायेगा।
प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

कार्यालय ग्राम पंचायत बाढ विकास खंड चरथावल (मु.नगर)
पंत्राक– मीमो/पं०वि०कार्य/2025–26 दिनांकः 08.01.2026
अति अल्पकालीन निविदा सूचना
एतद्वारा सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बाढ विकास खंड चरथावल में 'वित्तीय वर्ष 2025–26' में अंत्येष्टि स्थल निर्माण के अन्तर्गत प्राप्त होनी वाली धनराशि से अंत्येष्टि स्थल निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की निविदा आमंत्रित की गयी है, जिसका विवरण निम्न है:–

| क्र.सं. | समाग्री का विवरण | मात्रा |
|---|---|---|
| 1. | सीमेंट (ओ.पी.सी./पी.पी.सी.) | आवश्यकता अनुसार |
| 2. | कोरसेण्ड | " |
| 3. | फाइन सेण्ड | " |
| 4. | ईट अव्वल + कच्चा रोडा | " |
| 5. | एम.एस. स्टीलबार (सरिया) | " |
| 6. | रोडी पत्थर (20mm) | " |
| 7. | वाल पेंटिंग/चित्रकारी | " |
| 8. | एम.एस. आईज शीट (दरवाजा) | " |
| 9. | अन्य निर्माण सामग्री | " |

आवश्यकतानुसार सामाग्री घट/बढ़ सकती है। आपूर्ति हेतु वस्तु एवं सेवाकर विभाग/ व्यापार कर विभाग एवं आयकर विभाग में पंजीकृत फर्मो से सील बंद लिफाफे में निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क कार्यालय में जमाकर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा दिनांक 14.01.2026 को दोपहर 04 :00 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में डाली जायेगी तथा उसी दिनांक को सायं 05 :00 बजे खोली जायेगी। सामाग्री की आपूर्ति प्राक्कलन के अनुसार ग्राम पंचायत सचिव व प्रधान के आदेशों पर कार्य स्थल पर ही होगी। ग्राम पंचायत के पदाधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा निविदा नहीं डाली जायेगी। एक अथवा समस्त निविदाओं का बिना किसी कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी हो होगा। नियम एवं शर्तो और विस्तृत सामग्री निविदा की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत बाढ विकास खंड चरथावल (मु.नगर)

# परीक्षा देकर निकल रहे छात्र पर पेट्रोल डालकर लगाई आग, गंभीर

## छात्र को आग की लपटों में घिरा देख कर्मचारी हुए बदहवास, मची चीख पुकार

भास्कर ब्यूरो,

मुरादाबाद। प्रतिष्ठित हिन्दू कॉलेज से एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। बीकॉम थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा देकर कॉलेज परिसर से बाहर निकल रहे एक छात्र पर दो छात्रों ने पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी, जिससे कॉलेज में अफरा-तफरी मच गई। यह घटना किसी साजिश से कम नहीं मानी जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, परीक्षा समाप्त होने के बाद छात्र जैसे ही कॉलेज परिसर में आगे बढ़ा, तभी पहले से घात लगाए बैठे बीए थर्ड सेमेस्टर के दो छात्रों ने उस पर पेट्रोल डाल दिया और आग के हवाले कर दिया। आग लगते ही छात्र चीखने-चिल्लाने लगा और पूरा परिसर दहशत में आ गया। कॉलेज में मची चीख-पुकार, आग की लपटें उठती देख कॉलेज में मौजूद छात्र और कर्मचारी बदहवास हो गए। आनन-फानन में किसी तरह आग बुझाई गई और





झुलसे छात्र को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

सूत्रों के अनुसार, छात्रा फरहाद पर भी पेट्रोल डालने की बात कही जा रही है, कि आरोपित छात्रों ने फरहाद नाम की छात्रा पर भी पेट्रोल डाला था, हालांकि समय रहते बड़ा हादसा टल गया। इस खुलासे के बाद मामला और भी गंभीर हो गया है। घटना के बाद दोनों आरोपी छात्र मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही सीओ कोतवाली भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी है। कॉलेज परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। कॉलेज प्रशासन पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। घटना के बाद छात्रों और परिजनों में भारी आक्रोश है। आरोप है कि कॉलेज प्रशासन और प्रिंसिपल सत्यवत रावत की लापरवाही के चलते यह खौफनाक वारदात हुई। कॉलेज जैसे संवेदनशील स्थान पर न तो सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे और न ही निगरानी। यह सनसनीखेज मामला सदर कोतवाली क्षेत्र के बुध बाजार स्थित हिन्दू कॉलेज का है।

पीड़ित छात्र के भाई अफरीदी ने कहा कि मेरे भाई को जिंदा जलाने की कोशिश की गई है। अगर समय रहते आग न बुझाई जाती तो आज वह जिंदा नहीं होता। दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

बड़ा सवाल उठता है क्या कॉलेज परिसरों में छात्र अब सुरक्षित नहीं हैं? पुलिस की जांच के बाद ही पूरे सच का खुलासा हो सकेगा, लेकिन फिलहाल मुरादाबाद में यह घटना खौफ और आक्रोश का कारण बनी हुई है।

# धोखधड़ी: फोन-पे के नाम पर पशु चिकित्सक के खाते से उड़ाई 85 हजार की रकम,

भास्कर ब्यूरो,

मुरादाबाद। ठाकुरद्वारा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम इनायत नगर निवासी पशु चिकित्सक जयप्रकाश सिंह के साथ फोन-पे के नाम पर साइबर ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। ठगों ने शातिर तरीके से झांसे में लेकर उनके बैंक खाते से 85 हजार रुपये साफ कर दिए।

पीड़ित जयप्रकाश सिंह निजी तौर पर पशुओं का इलाज करने का कार्य करते हैं। उन्होंने बताया कि चार जनवरी को उनके मोबाइल फोन पर एक कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को कमालपुरी निवासी शर्मा जी बताते हुए कहा कि उससे गलती से फोन-पे के माध्यम से पांच हजार रुपये ट्रांसफर हो गए हैं, जिन्हें वह अगली सुबह वापस ले लेगा।

करीब दस मिनट बाद आरोपी ने दोबारा फोन कर पैसों की तत्काल जरूरत बताते हुए रकम वापस करने को कहा। आरोपी की बातों में आकर जयप्रकाश सिंह ने उसके बताए गए बैंक खाते में पांच हजार रुपये ट्रांसफर




कर दिए। इसके कुछ ही देर बाद जयप्रकाश सिंह के खाते से लगातार पैसे कटने लगे। जब तक उन्हें ठगी का एहसास हुआ, तब तक खाते से कुल 85 हजार रुपये निकालकर खाता शून्य कर दिया गया। घटना से स्तब्ध पीड़ित ने तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई, साथ ही ठाकुरद्वारा कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

पुलिस मामले की जांच में जुटी है और लोगों से अपील की जा रही है कि फोन-पे या अन्य डिजिटल भुगतान के नाम पर आने वाली कॉल्स से सावधान रहें।

## सार सुर्खियां

### हादसा: चंडीगढ़ सड़क हादसे में कुंदरकी के युवक की मौत, गांव में मचा कोहराम

भास्कर ब्यूरो, मुरादाबाद। चंडीगढ़ में हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में कुंदरकी क्षेत्र के एक युवक की मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही मृतक के गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार कुंदरकी थाना क्षेत्र के गांव अहलादपुर निवासी मुनाजिर (25) पुत्र मुनव्वर चंडीगढ़ में रहकर पिकअप वाहन चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। बताया गया कि बीती देर रात घने कोहरे के कारण अमृतसर हाईवे पर उसकी पिकअप वाहन सामने से आ रहे एक ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मुनाजिर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद उसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों में चीख-पुकार मच गई। बताया जा रहा है कि परिजन बिना किसी कानूनी कार्रवाई के शव को गांव ले आए। गांव के कब्रिस्तान में गमगीन माहौल में मुनाजिर को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। मृतक अपने पीछे पत्नी अंजुम, एक वर्षीय बेटी, मां हाजरा, भाई मुजफ्फर, जफर अली, अनवर अली और एक बहन को छोड़ गया है। मुनाजिर की असामयिक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और पूरे गांव में शोक का माहौल बना हुआ है।



### एसपी ग्रामीण ने ITSSO पोर्टल की गहन समीक्षा कर लंबित मामलों पर जताया कड़ा सख्त रुख

भास्कर ब्यूरो, मुरादाबाद। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुँवर आकाश ने पुलिस कार्यालय में ढ्ढञ्जस्स्ह्र पोर्टल पर लंबित अभियोगों के निस्तारण को लेकर संबंधित विवेचकों के साथ समीक्षा गोष्ठी की। बैठक के दौरान सभी लंबित मामलों की एक-एक कर गहन समीक्षा की गई। एसपी ग्रामीण ने विवेचकों को निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों में तेजी लाकर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि पीड़ितों को जल्द न्याय मिल सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि विवेचना में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और मामलों के शीघ्र निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।



### बाइक सवार अज्ञात बदमाश युवक से मोबाइल छीनकर फरार

भास्कर ब्यूरो, मुरादाबाद। थाना मझोला क्षेत्र में बाइक सवार बदमाशों द्वारा छिनैती की वारदात को अंजाम देने का मामला सामने आया है। पार्श्वनाथ प्रतिभा सेक्टर-4, फ्लैट नंबर 803 निवासी युवक अतुल्य योगी ने इंस्पेक्टर मझोला को ई-एफआईआर के माध्यम से घटना की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित के अनुसार बीती 24 दिसंबर की शाम वह अपने घर से कुछ ही दूरी पर खड़े होकर मोबाइल फोन पर बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान बाइक पर सवार दो अज्ञात बदमाश वहां पहुंचे और झपट्टा मारकर उनके हाथ से मोटोरोला एज-60 मोबाइल फोन छीन लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों बदमाश तेज रफ्तार बाइक पर मौके से फरार हो गए। इंस्पेक्टर मझोला द्वारा दर्ज की गई ई-एफआईआर को गंभीरता से लेते हुए घटनास्थल के आसपास लगे सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही बदमाशों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम को लगाया गया है। इंस्पेक्टर मझोला का कहना है कि घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। गौरतलब है कि दो दिन पूर्व भी बुलेट मोटरसाइकिल सवार दो बदमाशों ने इसी तरह एक युवक से मोबाइल फोन छीन लिया था, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

### महिला को जान से मारने की नीयत से चलाई गोली, दम्पति सहित तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

भास्कर ब्यूरो, मुरादाबाद। थाना सिविल लाइन क्षेत्र अंतर्गत हरथला रेलवे स्टेशन के पास स्कूल के पीछे रहने वाली एक महिला पर जानलेवा हमला किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दम्पति सहित तीन लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। पीड़िता ने इंस्पेक्टर सिविल लाइन मनीष सक्सेना को दी गई तहरीर में बताया कि बीती 6 जनवरी की शाम करीब साढ़े छह बजे वह हरथला से अकेली अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान हरथला मंगल का बाजार निवासी जरीफ, उसकी पत्नी शबनम व जरीफ का एक अन्य साथी उसे रास्ते में रोक लिया। आरोप है कि तीनों ने महिला के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की, जिससे वह घायल हो गई। महिला का आरोप है कि मारपीट के बाद जरीफ व उसके साथी ने उसके साथ अश्लील हरकतें कीं और जान से मारने की नीयत से अवैध असलहे से उस पर गोली चला दी। गनीमत रही कि गोली उसे नहीं लगी और वह बाल-बाल बच गई। इंस्पेक्टर सिविल लाइन मनीष सक्सेना ने तहरीर के आधार पर जरीफ, उसकी पत्नी शबनम व एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर महिला को उपचार व मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। इसके साथ ही इंस्पेक्टर सिविल लाइन द्वारा एक विशेष टीम का गठन कर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कराने के निर्देश दिए गए हैं। मौके से खाली खोखे, सीसीटीवी कैमरों की फुटेज सहित अन्य साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं।

### उचक्के ने युवक की जेब से उड़या पर्स, हजारों का नुकसान

भास्कर ब्यूरो, कुन्दरकी। उचक्के ने युवक की पीछे की पेंट की जेब से पर्स उड़या दिया। पर्स में रखे 5000 रुपए और ड्राइविंग लाइसेंस भी ले उड़ा। गांव सीलपुर निवासी गुलाम मोहम्मद ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ नगर से घरेलू सामान की खरीदारी करने आए थे की जेब कतरे ने पेट की पिछली जेब मैं रखा पर्स उड़ा दिया जिसमें 5000 रुपए और ड्राइविंग लाइसेंस रखा था। उनको जेब कटने का जब एहसास हुआ जब उन्होंने दुकानदार को सामान के पैसे देने के लिए पेट की पीछे की जेब में हाथ डाल कर देखा तो पर्स गायब था। यह देखकर उनके होश उड़ गए और जेब कतरे को आसपास तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं लग पाया । उधर नगर के लोगों ने पुलिस से मांग की है। कि नगर में पुरुष व महिला जेब कतरों का ग्रुप सक्रिय हो रहा है। आए दिन ऐसी घटनाएं नगर में हो रही है । जिसको लेकर नगर में पुलिस अगस्त बढ़ाई जाए ।

# महिला आयोग की सदस्य की अध्यक्षता में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन



भास्कर ब्यूरो, बिजनौर। जिला प्रोबेशन अधिकारी सौरभ सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह के द्वारा विकास भवन सभागार कक्ष बिजनौर में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया गया। महिला जनसुनवाई में लगभग 85 महिलाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया है, कार्यक्रम में 20 महिलाओं द्वारा अपनी-अपनी समस्याओं के प्रार्थना पत्रों के माध्यम से सदस्य के समक्ष प्रस्तुत किया गया है एवं जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों को अवनी सिंह द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए गए।

सौरभ सिंह जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी विमल सिंह चौबे, जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता, रविता राठी डी एम सी, HEW आशु सिंह, अनीता, शुभम, महिमा आदि के द्वारा सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक महिलाओं एवं बच्चों को लाभ दिलाए जाने की अपेक्षा की गई है। इस मौके पर सरकारी योजनाओं के पंपलेट वितरण भी किया गया है। महिला आयोग की सदस्य अवनी सिंह के द्वारा जिला अस्पताल बिजनौर एवं जिला कारागार बिजनौर का निरीक्षण किया गया एवं छोटे बच्चों को अन्नप्राशन महिलाओं की गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

# फर्जी दरोगा-वकील का पर्दाफाश: 12 लाख की रकम की जालसाजी का खुलासा

## दर्जन भर से अधिक जालसाजी की वारदातों को दे चुका है अंजाम, जांच में जुटी पुलिस

- मामले में खुद को दरोगा व वकील बताने वाले इशरत अली के खिलाफ मुकदमा दर्ज

भास्कर ब्यूरो,

मुरादाबाद। थाना सिविल लाइन के बाद अब थाना मझोला क्षेत्र में भी फर्जी दरोगा और खुद को वकील बताकर जालसाज़ी करने वाले शातिर के खिलाफ बड़ी कार्रवाई सामने आई है। आरोपी द्वारा अब तक दर्जन भर से अधिक लोगों को अपना शिकार बनाते हुए करीब 12 लाख रुपये की ठगी किए जाने का सनसनीखेज खुलासा हुआ है।

मझोला के पीर का बाजार छोटी मस्जिद बगिया निवासी मोहम्मद आलम ने इंस्पेक्टर मझोला को दी गई तहरीर में बताया कि बिलारी के एक गांव निवासी रियासत अली का पुत्र इशरत अली खुद को दरोगा व वकील बताकर उसके संपर्क में आया।



आरोपी ने कारोबार के लिए बैंक से मोटा लोन दिलाने का झांसा देते हुए कहा कि इसके लिए दो लाख रुपये खर्च करने होंगे।

पीड़ित के अनुसार, आरोपी ने लोन पास कराने के नाम पर किस्तों में 1 लाख 80 हजार रुपये वसूल लिए, लेकिन बैंक से कोई लोन स्वीकृत नहीं हुआ। इसी दौरान सिविल लाइन पुलिस द्वारा इशरत अली को जालसाज़ी के एक अन्य मामले में गिरफ्तार किए जाने की जानकारी मिली, तब पीड़ित को अपने साथ हुई




ठगी का एहसास हुआ। जब मोहम्मद आलम ने अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपी द्वारा जान से मारने की धमकी दी जाने लगी। पीड़ित की तहरीर के आधार पर इंस्पेक्टर मझोला ने खुद को दरोगा और वकील बताने वाले इशरत अली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और अन्य पीड़ितों की तलाश भी की जा रही है। गौरतलब है कि पिछले दिनों जिगर कालोनी निवासी व टेम्पटेशन में कर्मचारियों के हेड मध्यप्रदेश निवासी श्यामू तोमर ने एसएसपी सतपाल अंतिल व एसपी सिटी कुमार रणविजय को शिकायत करते हुए बताया कि उनके ही साथ जिगर कालोनी में रहने वाले इशरत अली ने सात लोगों से लाखों रुपए की धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम दे डाला था इशरत अली कभी खुद को वकील व कभी दरोगा बताया करता हैं। श्यामू तोमर व अन्य छह लोगों की शिकायत के आधार पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी इशरत अली को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया था। एसपी सिटी कुमार रणविजय ने बताया था कि आरोपी इशरत अली अबतक दर्जन से अधिक लोगों को अपना शिकार बना चुका है। आरोपी द्वारा फर्जी दस्तावेज फर्जी आधार कार्ड फर्जी आई कार्ड भी मिले हैं। इशरत अली लोगों को बैंक से लोन दिलाए जाने के नाम पर लाखों रुपए वसूलते हुए उन्हें डरा धमकाकर जान से मारने की धमकी दिया करता था उन्होंने बताया कि आरोपी मूल रूप से बिलारी इलाके का रहने वाला बताया जाता हैं।

# अभिभावकों से मनमानी फीस या अतिरिक्त किताबें खरीदने का दबाव किसी भी हाल में नहीं होगा बर्दाश्त

- जिले के सभी स्कूलों में एनसीआरटी की किताबें लागू करने को लेकर एक डीएम ने ली बैठक,

भास्कर ब्यूरो,

मुरादाबाद। कलक्ट्रेट सभागार में जिले के सभी स्कूलों में एनसीआरटी की किताबें लागू करने को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी अनुज सिंह ने की, जिसमें स्कूल प्रबंधक, प्रधानाचार्य तथा पुस्तक विक्रेता शामिल हुए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि विद्यार्थियों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ न पड़े, इसके लिए स्कूलों में केवल निर्धारित एनसीआरटी पुस्तकों का ही उपयोग कराया जाए। उन्होंने कहा कि



अभिभावकों से मनमानी फीस या अतिरिक्त किताबें खरीदने का दबाव किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मृणाली जोशी, जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र पांडे एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने स्कूल प्रबंधन को शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन कराने और दुकानदारों को तय दरों पर ही पुस्तकें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

प्रशासन ने साफ शब्दों में कहा कि एनसीआरटी पुस्तकों के अलावा अन्य किताबें थोपने पर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में मौजूद स्कूल प्रबंधकों और दुकानदारों को नियमों की पूरी जानकारी दी गई। प्रशासन की इस पहल से अभिभावकों और विद्यार्थियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# युवती से छेड़छाड़ के विरोध पर मारपीट, 3 पर रिपोर्ट

भास्कर ब्यूरो,

मुरादाबाद। थाना मझोला क्षेत्र अंतर्गत मंडी समिति एकता कॉलोनी में छेड़छाड़ की गंभीर घटना सामने आई है। लड़की को अकेला पाकर तीन युवकों ने उसके साथ अश्लील हरकतें कीं। राहगीर द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज व मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

मंडी समिति एकता कॉलोनी निवासी रमेश ने इंस्पेक्टर मझोला को दी गई तहरीर में बताया कि गत एक जनवरी की शाम वह दुकान जा रहा था। इसी दौरान उसने देखा कि तीन युवक एक लड़की को पकड़कर उसके साथ गलत हरकतें कर रहे हैं। जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपी युवक कुनाल, संजय और अरुण उर्फ कसिर उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए। शिकायतकर्ता ने पुलिस को यह भी बताया कि तीनों आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी।

# यात्रियों को सौगात: लक्सर स्टेशन पर दो प्रमुख ट्रेनों का नियमित ठहराव शुरू

भास्कर ब्यूरो,



मुरादाबाद। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उत्तर रेलवे, मुरादाबाद मंडल ने लक्सर स्टेशन पर दो प्रमुख ट्रेनों के नियमित ठहराव की सौगात दी है। रेलवे प्रशासन द्वारा जारी रिलीज के अनुसार अमृत भारत एक्सप्रेस और दुर्गियाना एक्सप्रेस को उनके संचालन दिवसों में लक्सर स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया गया है। गाड़ी संख्या 14627 सहरसाङ्कछेहरटा अमृत भारत एक्सप्रेस को 12 जनवरी 2026 से लक्सर स्टेशन पर शाम 18¬32 बजे आगमन तथा 18¬34 बजे प्रस्थान का नियमित ठहराव मिलेगा। वहीं गाड़ी संख्या 14628 छेहरटाङ्कसहरसा अमृत भारत एक्सप्रेस को 17 जनवरी 2026 से सुबह 06¬21 बजे से 06¬23 बजे तक लक्सर स्टेशन पर रोका जाएगा।इसके अतिरिक्त गाड़ी संख्या 12357 कोलकाताङ्कअमृतसर दुर्गियाना एक्सप्रेस को 13 जनवरी 2026 से सुबह 09¬42 से 09¬44 बजे तक तथा गाड़ी संख्या 12358 अमृतसरङ्ककोलकाता दुर्गियाना एक्सप्रेस को 12 जनवरी 2026 से दोपहर 12¬18 से 12¬20 बजे तक लक्सर स्टेशन पर नियमित ठहराव दिया गया है।वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि इस निर्णय से लक्सर एवं आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा और रेल यात्रा पहले से अधिक सुविधाजनक व सुलभ हो सकेगी।

# सीओ ने समीक्षा बैठक लेकर लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण के दिए निर्देश

भास्कर ब्यूरो, मुरादाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशानुसार क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन कुलदीप गुप्ता ने थाना मझोला पर समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में प्रभारी निरीक्षक मझोला सहित समस्त निरीक्षक व उपनिरीक्षकगण उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान क्षेत्राधिकारी ने लंबित विवेचनाओं की प्रगति, सम्मन तामील की स्थिति तथा प्राप्त प्रार्थना पत्रों एवं आईजीआरएस (IGRS) से संबंधित शिकायतों के निस्तारण की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि विवेचनाओं का निष्पक्ष व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा जनशिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण तरीके से निपटाया जाए। सीओ ने स्पष्ट कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रत्येक स्तर पर जवाबदेही तय की जाएगी। बैठक के अंत में थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने पर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में सीओ सिविल लाइन कुलदीप गुप्ता ने मौजूद सभी चौकी इंचार्ज को आदेश देते हुए कहा उनके क्षेत्रों में जो भी मुख्य स्थान है। उन सभी पर निरीक्षण करते हुए यह पूरी तरह सुनिश्चित करें कही कोई सीसीटीवी कैमरा खराब तो नहीं पड़ा है। अगर कैमरा खराब है। उसे जल्द ही ठीक कराया जाए



## छापेमारी | विकास मंजिल में जीएसटी व इनकम टैक्स टीम की बड़ी कार्रवाई

# खंगाले बिल, रजिस्टर, स्टॉक टैक्स रिकॉर्ड, छापेमारी से बाजार में मचा हड़कंप

भास्कर ब्यूरो,

मुरादाबाद के सदर कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित विकास मंज़िल में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब फिनाइल और प्लास्टिक रस्सी बेचने वाली एक दुकान पर त्स्ञ्ज विभाग ने अचानक बड़ी कार्रवाई की। इस छापेमारी से पूरे बाजार में हड़कंप मच गया और व्यापारी वर्ग में दहशत फैल गई।

जीएसटी विभाग की टीम वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में मौके पर पहुंची और दुकान से जुड़े बिल, रजिस्टर, स्टॉक और टैक्स रिकॉर्ड की गहन जांच शुरू की। जांच इतनी बारीकी से की जा रही है कि आसपास के व्यापारियों में भी डर का माहौल बन गया है।



कार्रवाई के दौरान इनकम टैक्स विभाग की टीम भी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। टीम ने 'फाइन' नाम से दुकान संचालित करने वाले व्यापारी के घर पर भी दबिश दी। अधिकारियों ने घर में मौजूद दस्तावेजों, लेन-देन से जुड़े कागजात और डिजिटल रिकॉर्ड की हर एंगल से जांच-पड़ताल की।

मौके पर मौजूद आला अधिकारियों से जब मीडिया ने बातचीत करने की कोशिश की, तो उन्होंने केवल इतना कहा कि जांच अभी जारी है। मामला गंभीर है और इसमें समय लग सकता है। जांच पूरी होने के बाद ही आधिकारिक जानकारी दी जाएगी। अधिकारियों की चुप्पी से मामले के बड़े और संवेदनशील होने के संकेत मिल रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार जांच एजेंसियां टैक्स चोरी, फर्जी बिलिंग, बेहिसाब लेन-देन और आय से अधिक संपत्ति जैसे बिंदुओं पर गंभीरता से जांच कर रही हैं। माना जा रहा है कि जांच पूरी होने के बाद बड़ा खुलासा हो सकता है।

कार्रवाई की खबर फैलते ही विकास मंज़िल और आसपास के पूरे बाजार में दहशत का माहौल बन गया है। व्यापारी वर्ग सहमा हुआ है और अब सभी की नजरें शाम को होने वाली आधिकारिक ब्रीफिंग पर टिकी हैं। जांच के नतीजे मुरादाबाद के कारोबार जगत में बड़ी हलचल मचा सकते हैं।

# खतौनी में हिस्सा दुरूस्त करने के नाम पर लेखपाल ने मांगे 25 हजार,आडियो वायरल

भास्कर ब्यूरो, मूंढापांडे। मूंढापांडे थाना क्षेत्र के रौडा निवानी अर्जुन सैनी भाजपा में बूथ अध्यक्ष है। उन्होंने शिकायती पत्र के द्वारा बताया कि उनकी खतौनी में हिस्से गलत दर्ज किए गए हैं, उनका आरोप है कि हिस्से को दुरूस्त करने के नाम पर लेखपाल ने 25 हजार रूपये मांगे है। जिसकी शिकायत उन्होंने कुंदरकी विधायक से की थी। जिस पर कुन्दरकी विधायक ने एसडीएम से इस मामले को निस्तारण करने के निर्देश दिए,अर्जुन सैनी ने कहना है, कि उसकी गाटा संख्या 796, भूमि 1.3200है खतौनी में हिस्सेदारी गलत दर्शाई गई है। जबकि दुरूस्तीकरण की परिवार के सभी सदस्यों ने पहले ही अपनी सहमति दे रखी है, जिसकी शिकायत हलका लेखपाल से की गई थी, लेकिन हल्का लेखकपाल द्वारा कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित का आरोप है कि हिस्से दुरूस्त करने को कहा गया तो, लेखपाल ने उनसे 25हजार रूपये की मांग कर दी। जिसका आडियो किसान ने अपने मोबाइल फोन में रिकार्ड कर लिया, और इसकी शिकायत जिलाधिकारी के साथ,साथ कुन्दरकी विधायक रामवीर सिंह से भी की गई जिस पर मामला गंभीर देखते हुए, उन्होंने इस पूरे मामले का निस्तारण करने को एसडीएम सदर से कहा है।



## सार सुर्खियां

### उत्तर प्रदेश दिवस 23 जनवरी ब्लैक आउट मॉक ड्रिल की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित



एटा। प्रदेश शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश दिवस 2026 के अंतर्गत नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्मदिवस के अवसर पर नागरिक सुरक्षा के तहत जनपद में प्रस्तावित ब्लैक आउट मॉक ड्रिल के आयोजन के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक का आयोजन एडीएम सत्यप्रकाश की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में मॉक ड्रिल को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु विभागीय समन्वय, आवश्यक तैयारियों एवं दायित्व निर्धारण पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने ने बताया कि ब्लैक आउट मॉक ड्रिल का उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में प्रशासन एवं नागरिकों की तैयारियों का परीक्षण करना तथा नागरिक सुरक्षा के प्रति जनसामान्य को जागरूक करना है। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि मॉक ड्रिल के दौरान आवश्यक सेवाएं सुचारु रूप से संचालित रहें तथा जनसामान्य को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक के दौरान एएसडीएम अनवर राशिद फारुकी, पीयूष रावत, एसीएम3 डॉ0 राममोहन तिवारी, सीओ राजेश कुमार, आपदा विशेषज्ञ राणा प्रताप सिंह, अधीक्षण अभियंता विद्युत सत्यनारायण, डीआईओएस डॉ0 इंद्रजीत सिंह, कर निर्धारण अधिकारी नगर पालिका जगजीवन राम सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### टीकाकरण को मजबूत बनाये जाने हेतु धर्म गुरुओं की बैठक आयोजित



अलीगंज। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर गुरुवार को नियमित टीकाकरण व अन्य स्वास्थ्य योजना के प्रति कार्यक्रम को मजबूती देने के उद्देश्य से क्षेत्र के धर्म गुरुओं एवं गणमान्य लोगों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सीएससी अधीक्षक डॉ0 शिवकुमार राजपूत संयोजन फातिमा अली एवं सौरभ शाक्य द्वारा किया गया। बैठक में टीकाकरण एवं स्वास्थ्य सेवाएं के बारे में जागरुक करने के लिए सहयोग मागा गया। साथ ही सभी धर्म गुरुओं से अपील की गई कि अपने-अपने क्षेत्र में टीकाकरण एवं स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा दिया जाए। जो परिवार टीका लगवाने से लगातार मना करते हैं उनकी धर्म गुरुओं के माध्यम से उस परिवार को जागरूक किया जाए। उन्होंने अपील की है। संस्थागत प्रसव, नसबंदी, टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं, 5 साल तक के बच्चों, 10 साल के बच्चों को विशेष ध्यान देने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के ऑपरेशन प्रसव की सुविधा भी सीएससी अलीगंज पर उपलब्ध है।

### पीएचसी पर पीएम जन आरोग्य औषधि का शुभारंभ



अलीगंज। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पीएम जन आरोग्य औषधि केंद्र का विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र प्रताप सिंह व सीएचसी अधीक्षक डॉ0 शिवकुमार राजपूत ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया। विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र प्रताप ने इस अवसर पर कहा कि सरकार सस्ते दामों पर दवाइयां व उपचार प्रदान करने के लिए तत्पर है। इस केंद्र के माध्यम से सभी मरीजों को सस्ते दामों पर अच्छी दवाइयां उपलब्ध हो सकेंगी। सीएचसी अधीक्षक ने कहा कि यह पहल मरीजों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाई प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। सीएससी में जन औषधि केंद्र खुलने से मरीजों को बाजार मूल्य से काफी कम दाम पर दवाई मिलेगी। जिसमें उनके इलाज का खर्च कम होगा। गरीब व मध्यम वर्ग के लोगों को इसका विशेष लाभ मिलेगा। यह सुविधा विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी।

### विद्युत पोल बदलवाने की मांग

कासगंज। गंजडुंडवारा कस्बा के कैनाल रोड स्थित हर नारायन इंटर कालेज के मेन गेट के पास जर्जर हो चुके विद्युत पोल को बदलवाने की मांग बिजली विभाग के अधिकारियों से की है। कालेज के प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि कालेज में प्रतिदिन छात्र छात्राएं शिक्षक कर्मचारी आते जाते हैं। इस पोल को प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र शाक्य ने अधिकारियों से मांग की है कि पोल का बदलवा कर दूसरा लगवाया जाए। इसकी जानकारी प्रधानाचार्य ने बिजली विभाग के जेई अभिषेक वर्मा को भी दी है।

### ओवरलोडिंग में दो ट्रैक्टर ट्राली जब्त, लगेगा जुर्माना

कासगंज। गंजडुंडवारा कोतवाली क्षेत्र से गुजर रहे ईटों से भरे दो ट्रैक्टर ट्राली ओवरलोडिंग के मामले में जब्त किए गए हैं। इन दोनों वाहनों पर जुर्माना भी लगाया जाएगा। फिलहाल दोनों वाहन कोतवाली परिसर में खड़े करा दिए गए हैं। एआरटीओ आरपी मिश्रा ने बताया कि उन्हें शिकायत मिल रही थी कि गंजडुंडवारा कस्बा के बीचोबीच से अक्सर ओवरलोड वाहनों का आवागमन होता है। इसी के चलते गुरुवार को वह गंजडुंडवारा कस्बा पहुंचे और कार्रवाई शुरू की। उन्हें ईंट लेकर जा रहे दो ट्रैक्टर ट्राली मिले, जिन्हें रुकवाकर जांच पड़ताल की तो वह ओवरलोड थे। इसके बाद पुलिस बुलाकर दोनों वाहनों को पुलिस के सुपुर्द कर दिया और जुर्माना आदि की कार्रवाई की जा रही है।

### ग्रामीण को दी जान से मारने की धमकी, एसपी से शिकायत

कासगंज। अमांपुर क्षेत्र के कमालपुर निवासी अस्साव पुत्र असफाक ने एसपी को शिकायती पत्र देकर नामजद व्यक्ति पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। आरोप है कि आरोपी द्वारा आपराधिक गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा है। उसने शिकायत की बात कही तो आरोपी ने उसे डराया धमकाया। उसने एसपी से मामले में कार्रवाई की मांग की है।

### झोपड़ी में लगी आग में दो भैंसों की मौत, एक भैंस झुलसी



कासगंज। ढोलना थाना क्षेत्र के गांव मुबारिकपुर माफी में बुधवार रात भीषण आग ने एक परिवार की आजीविका को गहरा नुकसान पहुंचा दिया। पप्पू सिंह पुत्र रामस्वरूप की झोपड़ी में अचानक आग भड़क उठी, जिसकी चपेट में आकर दो भैंसों की मौत हो गई, जबकि एक भैंस गंभीर रूप से झुलस गई। आग लगते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीण मौके पर दौड़े और आग बुझाने के प्रयास में जुट गए, लेकिन तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी। झोपड़ी में बंधे पशुओं को बचाया नहीं जा सका और आग ने भारी नुकसान कर दिया। घटना के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है, हालांकि प्रारंभिक अनुमान के अनुसार आग किसी अन्य कारण से भड़की हो सकती है। इस हादसे से पप्पू सिंह के परिवार पर आर्थिक संकट आ खड़ा हुआ है। सूचना पर भाजपा जिला मंत्री डॉ. कादम्बेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से मिलकर हालात का आंकलन किया। उन्होंने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा प्रदान करने की मांग की है।

# अपर नगर आयुक्त ने रैन बसेरों व अलाव का किया निरीक्षण





भास्कर ब्यूरो

अलीगढ़। वर्तमान भीषण शीत लहर से बचाव व खुले में सोने वाले असहाय लोगों व राहगीरों के लिए नगर निगम ने इस बार बेहतरीन व पुख्ता इन्तजाम अपने सभी अस्थायी रैन बसेरों व स्थाई शेल्टर होम में किये है। इसी क्रम में महत्वपूर्ण बैठक में प्रतिभाग करने लखनऊ गए नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने गुरुवार सुबह वीडियो कांफ्रेंसिंग से नगर निगम शेल्टर होम और अलाव की समीक्षा करते हुए नगर निगम के सभी रैन बसेरों में सुख सुविधाओं व व्यवस्था की जमीनी हकीकत जानने के लिए अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव को रैंडम रैन बसेरों का निरीक्षण करने भेजा। नगर आयुक्त के निर्देश पर अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव ने मीडिया सहायक अहसान रब के साथ नगर निगम के गांधी पार्क, गूलर रोड, भुजपुरा, नौरंगीलाल इंटर कालेज, मसूदाबाद बस स्टैंड, क्वारसी चैराहे, शमशाद मार्केट, सारसौल बस स्टैंड पर शेल्टर होम व रैन बसेरों के साथ नगर आयुक्त के निर्देश पर दिन में शीत लहर को देखते हुए 31 सार्वजनिक स्थानों पर दिन में जलाये जा रहे अलाव को चैक किया। अपर नगर आयुक्त ने सभी रैन बसेरों में रजाई, गद्दे, पलंग, सीसीटीवी कैमरे, पेयजल, शौचालय सुरक्षा गार्ड, अग्नि सुरक्षा यंत्र के साथ अन्य सुविधाओं का बड़ी बारीकी से निरीक्षण किया मौके पर जहाँ भी छोटी बड़ी कमी मिली उसको सुधार के लिए संबंधित अधिकारी को फोन पर नसीहत दी।60 व्यक्ति।106 अस्थायी आश्रय स्थलफ्रैन बसेरे कठपुला के पास अस्थायी रैन बसेरा महिला और पुरुष के लिए सुविधा क्षमतारू 75 व्यक्ति -शमशाद मार्केट रोड अस्थायी रैन बसेरा क्षमतारू 45 व्यक्ति–मसूदाबाद बस स्टैंड के अंदर अस्थायी रैन बसेरा क्षमतारू 75 व्यक्ति–सूतमील बस स्टैंड के पास अस्थायी रैन बसेरा क्षमतारू 75 व्यक्ति।-क्वारसी निकट टैंपो स्टैंड के पास अस्थायी रैन बसेरा क्षमतारू 50 व्यक्ति।-धनीपुर मंडी परिसर के पास अस्थायी रैन बसेरा क्षमतारू 50 व्यक्तिरैन बसेरों में उपलब्ध सुविधाएंअपर नगर आयुक्त ने बताया कि सभी रैन बसेरों में साफ और स्वच्छ बिस्तर, कंबल और रजाई, पानी की सुविधा स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं, सुरक्षा के लिए सीसीटीवी, अग्नि सुरक्षा यंत्र और चैकीदार की व्यवस्था की गई है।दिन में 31 स्थल जहाँ अलाव की व्यवस्था सर्द रातों में राहगीरों और खुले में काम करने वाले लोगों को राहत देने के लिए शहर के विभिन्न सार्वजनिक आवागमन के स्थानों पर रात्रि के अतिरिक्त लगभग 31 पॉइंट अलाव जलाने की व्यवस्था की गई है। जिनमे सारसौल चैराहा,सारसौल बस स्टैण्ड,सारसौल रैन बसेरा (अस्थाई),मसूदाबाद बस स्टैण्ड,मसूदाबाद रैन बसेरा(अस्थाई),गूलर रोड रैन बसेरा (स्थाई),माल गोदाम गेट न.-2,गाँधी पार्क बस अड्डा,गाँधी पार्क रैन बसेरा, सासनी गेट चैराहा, भुजपुरा शैल्टर होम (स्थाई),नौरंग लाल इंटर कालेज (अस्थाई रैन बसेरा),रेलवे पार्सल घर,सेन्टर पाईंट चैराहा,शमशाद मार्केट रैन बसेरा (अस्थाई), रामघाट रोड कृषि फार्म रैन बसेरा (अस्थाई),क्वार्सी चैराहा,एटा चुंगी चैराहा,धनीपुर मंडी (अस्थाई रैन बसेरा),नादा पुल चैराहा,हीरा नगर चैराहा पुलिया,मलखान सिंह जिला अस्पताल,मलखान सिंह महिला अस्पताल,गाँधी आई रामघाट रोड,एफ एम टावर अनूपशहर रोड,छर्रा अड्डा सब्जी मण्डी,तस्वीर महल चैराहा,केला नगर चैराहा,पं.दीनदयाल अस्पताल,गाँधी पार्क गेट (मजदूर),दुबे पड़ाव चैराहा शामिल है।

### हजारा नहर में युवक ने लगाई छलांग



भास्कर ब्यूरो/कासगंज। शहर कोतवाली क्षेत्र स्थित हजारा नहर में एक युवक ने नहर में छलांग लगा दी। युवक के नहर में कूद जाने से हड़कंप मच गया। घटना देख रहे राहगीरों ने तत्काल डायल 112 को सूचना दी, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं पुलिस ने वहां खड़ी मोटरसाइकिल पर दर्ज नंबर के आधार पर वाहन स्वामी की पहचान कासिम पुत्र शाहिद अहमद निवासी मोहल्ला नवाला पोटा, थाना सदर कोतवाली एटा के रूप में हुई है। हालांकि नहर में छलांग लगाने वाले युवक की पहचान अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। सूचना मिलते ही सदर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। नहर में युवक की तलाश के प्रयास एवं तलाश के लिए प्रयास जारी है।

### श्रीमद्भागवत कथा में कृष्ण रुक्मिणी विवाह प्रसंग, श्रद्धालु हुए भाव-विभोर



भास्कर ब्यूरो

हाथरस। बलकेश्वर महादेव सर्कुलर रोड पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के षष्ठम दिवस पर कथा व्यास रसराज दास जी महाराज ने विदर्भ की राजकुमारी रुक्मिणी और भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य विवाह प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण और मार्मिक वर्णन किया। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि विदर्भ नरेश भीष्मक की पुत्री रुक्मिणी अत्यंत रूपवती, बुद्धिमान और धर्मनिष्ठ थीं। उन्होंने श्रीकृष्ण के गुण, कीर्ति और लीलाओं को सुनकर बिना देखे ही उन्हें अपने मन में पति स्वीकार कर लिया था। कथा व्यास ने बताया कि रुक्मिणी के भाई रुक्मी, जो श्रीकृष्ण के शत्रु थे, ने रुक्मिणी का विवाह शिशुपाल से तय कर दिया। यह निर्णय रुक्मिणी के लिए अत्यंत पीड़ादायक था। उन्होंने अपनी सखी के माध्यम से सुदेव ब्राह्मण के हाथ श्रीकृष्ण को पत्र भेजा और उनसे विनती की कि यदि वे उन्हें लेने नहीं आए, तो वे प्राण त्याग देंगी। पत्र मिलते ही श्रीकृष्ण विदर्भ पहुंचे और शिशुपाल की बारात आने से पूर्व ही रुक्मिणी का हरण कर लिया। रुक्मिणी के भाई रुक्मी ने सैनिकों के साथ श्रीकृष्ण का पीछा किया, जहां दोनों के बीच घमासान युद्ध हुआ। युद्ध में श्रीकृष्ण की विजय हुई और वे रुक्मिणी को द्वारका ले जाकर विधि-विधान से विवाह रचाया। कथा व्यास ने कहा कि यह विवाह प्रेम, भक्ति और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि तुलसी और चंदन से प्रेम होता ही ब्रजवासी की पहचान है। कथा के दौरान श्रद्धालु भाव-विभोर होकर भक्ति में लीन नजर आए। आयोजकों ने बताया कि सप्तम दिवस की कथा में सुदामा चरित्र का वर्णन किया जाएगा।

### जिलाधिकारी ने जरूरतमन्दों को बांटे कंबल



भास्कर ब्यूरो

अलीगढ़ । भीषण शीतलहर के मद्देनजर जिले में कोई भी बेसहारा, असहाय अथवा जरूरतमंद परेशान न हो, यह जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी संकल्प के साथ जिले में संचालित सभी रैन बसेरों में समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।जिलाधिकारी संजीव रंजन ने बुधवार देर रात्रि नगर निगम द्वारा संचालित रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वहां उपलब्ध कंबल, बिस्तर, स्वच्छता, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया और रैन बसेरों में ठहरे लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी रैन बसेरों में आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता हर हाल में बनी रहनी चाहिए।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जिला प्रशासन हर नागरिक के साथ हर मौसम और हर परिस्थिति में कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। उन्होंने नगर निगम, तहसील प्रशासन एवं सभी नगरीय निकायों को सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने की व्यवस्था और अधिक प्रभावी ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने जरूरतमंदों को कंबल भी वितरित किए।जिलाधिकारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि शीतलहर के दौरान यदि किसी भी प्रकार की लापरवाही से अप्रिय घटना या जनहानि होती है तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से निरंतर भ्रमण कर व्यवस्थाओं की निगरानी करने तथा जरूरतमंदों तक तत्काल सहायता पहुंचाने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे इन प्रयासों से ठंड के मौसम में बेसहारा एवं जरूरतमंद लोगों को राहत पहुंचाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।इस अवसर पर एडीएम वित्त प्रमोद कुमार, सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह, एसपीएम दिग्विजय सिंह भी साथ रहे।

### जिलाधिकारी ने पर्यटन केंद्र सोरों (शूकरक्षेत्र) एवं गंगा घाट का किया निरीक्षण



भास्कर ब्यूरो

कासगंज। जिलाधिकारी प्रणय सिंह ने जनपद के पर्यटन केंद्र सोरों (शूकरक्षेत्र) एवं गंगा घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पर्यटन सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था, श्रद्धालुओं की सुरक्षा तथा घाट की साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने गंगा घाट पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, शौचालय एवं सुरक्षा प्रबंधों को सुदृढ़ रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि सोरों एक महत्वपूर्ण धार्मिक एवं पर्यटन स्थल है, जहाँ दूर-दूर से श्रद्धालु एवं पर्यटक आते हैं, इसलिए यहां मूलभूत सुविधाओं में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने घाट पर फैली गंदगी को तत्काल साफ कराने तथा नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सौंदर्यीकरण कार्यों में तेजी लाने एवं सुविधाओं के बेहतर रख-रखाव पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर संजीव कुमार एवं संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### यमराज बने यातायात दूत, नियम तोड़े तो उठा ले जाएंगे की दी चेतावनी



भास्कर ब्यूरो

हाथरस। उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए परिवहन विभाग ने अनोखा तरीका अपनाया। शहर की सड़कों पर यमराज की भेषभूषा में एक व्यक्ति को उतारकर वाहन चालकों को यातायात नियमों का महत्व समझाया गया। बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट लगाए वाहन चला रहे चालकों को यमराज ने रास्ते में रोककर नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी। इस दौरान यमराज बने परिवहन विभाग के प्रतिनिधि ने मजाकिया लेकिन सख्त लहजे में कहा अगर नियमों का पालन नहीं करोगे तो उठा लेंगे हम, आखिर यमराज हैं हम। यमराज का यह रूप देखकर सड़क पर मौजूद लोग चौंक गए और कई वाहन चालकों ने तुरंत हेलमेट व सीट बेल्ट लगाकर आगे की यात्रा की। परिवहन विभाग का उद्देश्य इस अनोखे अभियान के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना और सड़क हादसों पर अंकुश लगाना है। अभियान के दौरान राहगीरों और वाहन चालकों में खासा उत्साह देखने को मिला और लोगों ने इस पहल की सराहना भी की।

### तालाब चौराहे पर प्रशासनिक उदासीनता की तस्वीर, नाबालिगों के हाथों में ई-रिक्शा, हादसों को खुला न्योता



भास्कर ब्यूरो

हाथरस। शहर का सबसे व्यस्त और संवेदनशील इलाका तालाब चौराहा इन दिनों प्रशासनिक लापरवाही और कमजोर यातायात व्यवस्था का प्रतीक बनता जा रहा है। यहां नाबालिग बच्चों द्वारा खुलेआम ई-रिक्शा (मयूरी) चलाए जा रहे हैं, जो न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन है बल्कि सड़क पर चल रहे आम नागरिकों की जान के लिए भी गंभीर खतरा बन चुका है। हाल ही में एक नाबालिग चालक द्वारा तेज रफ्तार में चलाया गया ई-रिक्शा संतुलन खो बैठा और सामने से आ रहे ट्रक से टकराने से बाल-बाल बचा, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि तालाब चौराहा सहित शहर के अन्य प्रमुख मार्गों पर लंबे समय से नाबालिग चालक बिना ड्राइविंग लाइसेंस, बिना पंजीकरण और बिना किसी प्रशिक्षण के ई-रिक्शा चला रहे हैं। अव्यवस्थित तरीके से ई-रिक्शा खड़े करना, बीच सड़क पर सवारियां उतारना और मनमाने ढंग से वाहन मोड़ना यहां की रोजमर्रा की तस्वीर बन चुकी है, जिससे आए दिन जाम की स्थिति बनती है। स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और मरीज घंटों जाम में फंसे रहते हैं। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि एआरटीओ विभाग, यातायात पुलिस और बाल श्रम विभाग की मौजूदगी के बावजूद कोई प्रभावी कार्रवाई होती नजर नहीं आ रही है। नाबालिगों से ई-रिक्शा चलवाना बाल श्रम की श्रेणी में आता है, इसके बावजूद विभागीय निष्क्रियता कई सवाल खड़े करती है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि प्रशासन तत्काल सख्त कदम उठाए, ताकि किसी बड़े हादसे से पहले हालात पर काबू पाया जा सके।

### महिला को धमकाकर 60 हजार हड़पने का आरोप

भास्कर ब्यूरो

कासगंज। शहर की दुर्गा कालोनी गली नंबर एक निवासी रेखा पत्नी संतोष कुमार ने एक युवक पर रुपये हड़पने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता द्वारा पुलिस अधीक्षक कासगंज को दी गई तहरीर के अनुसार वह कई वर्षों से अपने पांच बच्चों के साथ किराए के मकान में रह रही है। रेखा ने बताया कि उसका पति संतोष कुमार से मनमुटाव होने के बाद से वह अलग रह रही है। इसी दौरान लगभग तीन वर्ष पहले उसके संपर्क में बांकनेर निवासी जितेंद्र पुत्र मुंशी लाल आया, जो फोन के जरिए उससे मेलजोल बढ़ाता रहा और भरणपोषण का भरोसा देकर घर आने-जाने लगा। आरोप है कि दो माह पहले जितेंद्र ने तीन बार में कुल 60,000 रुपये उधार लेकर पंद्रह दिन में वापस करने का वादा किया था। लेकिन तीन दिन पूर्व जब रेखा ने पैसे मांगे तो वह बहाना बनाकर घर से चला गया और वापस नहीं आया। पीड़िता ने बताया कि जब उसने फोन पर पैसे मांगे तो आरोपी ने न सिर्फ गाली-गलौज की, बल्कि पेट्रोल डालकर आग लगाने की धमकी भी दी। रेखा के मुताबिक आरोपी अब उसके और बच्चों के जान का खतरा बना हुआ है। फोन कॉल की रिकॉर्डिंग भी उसके पास सुरक्षित है। पीड़िता ने पुलिस से आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने तथा उसके रुपये वापस दिलाने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई।

### एसपी ने आरटीसी रिक्रूट आरक्षियों को दिए महत्वपूर्ण दिशा निर्देश



भास्कर ब्यूरो

हाथरस। पुलिस लाइन स्थित शैक्षिक कक्ष में पुलिस अधीक्षक हाथरस चिरंजीव नाथ सिन्हा द्वारा आरटीसी रिक्रूट आरक्षियों को संबोधित किया गया। अपने संबोधन में पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग की वर्तमान कार्यशैली, अनुशासन, प्रशिक्षण की महत्ता और पुलिसकर्मियों की सामाजिक जिम्मेदारियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज के दौर में पुलिस केवल कानून व्यवस्था बनाए रखने वाला बल नहीं है, बल्कि यह एक जनहितकारी, तकनीकी रूप से सक्षम, संवेदनशील और उत्तरदायी सेवा संगठन बन चुका है। पुलिस अधीक्षक ने प्रशिक्षु आरक्षियों को बताया कि एक आरक्षी पुलिस विभाग का वह चेहरा होता है, जो सीधे आम जनता के संपर्क में रहता है और उसके आचरण से ही जनता पुलिस की छवि बनाती है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कोई औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि पूरे पुलिस जीवन की नींव है। प्रशिक्षण जितना गंभीर, व्यावहारिक और अनुशासित होगा, सेवा उतनी ही प्रभावी और सराहनीय होगी। उन्होंने साइबर अपराध नियंत्रण, महिला एवं बाल सुरक्षा, सामुदायिक पुलिसिंग, भीड़ प्रबंधन, आपदा प्रतिक्रिया, मिशन शक्ति और नारी सम्मान जैसे अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाने पर जोर दिया। आधुनिक अपराधों पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी, बैंक फ्रॉड और सोशल मीडिया दुरुपयोग जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक पुलिसकर्मी को तकनीकी रूप से दक्ष होना आवश्यक है। अंत में उन्होंने प्रशिक्षु आरक्षियों को निष्ठा, ईमानदारी, सेवा भाव और निरंतर सीखने की भावना के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी।

# किसानों व महिलाओं पर पुलिसिया बर्बरता के विरोध में होगा धरना प्रदर्शन

भास्कर ब्यूरो

एटा/जलेसर। बुधवार की शाम कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला गोधी मजरा मढ़ई प्रहलाद नगर मे तहसीलदार संदीप सिंह की मौजूदगी मे पीड़ित किसानों और उनकी महिलाओं पर पुलिस द्वारा की गयी बर्बरतापूर्ण मारपीट की घटना मे अब नया मोड़ आ गया है। क्षेत्रीय किसानों ने तहसीलदार व कोतवाली पुलिस पर एक पक्षीय कार्रवाई किये जाने का आरोप लगाते हुएघटना के विरोध में विराट धरना प्रदर्शन किये जाने का ऐलान किया गया है। किसान नेता पंकज ठाकुर ने बताया कि इस घटना में एक महिला अभी तक बेहोश होकर जिंदगी-मौत से जूझ रही है जबकि दूसरी महिला की हड्डी टूटने से वह स्थायी दिव्यांग बन गई है जबकि एक दर्जन से अधिक महिला-पुरुष गंभीर रूप से घायल हैं। गौतम सिंह की पैतृक जमीन पर अवैध रूप से पैमाइश करने के नाम पर की गई तहसील प्रशासन की भूमाफियाओं को संरक्षण देने वाली प्रतीत हो रही है। उन्होंने कहा कि मंडलायुक्त कोर्ट के आदेश के बगैर पैमाइश कर भूमाफियाओं को कब्जा दिलाया जाना, महिला स्वामी की मृत्यु के उपरान्त एक अन्य छद्म महिला से कराये गये फर्जी बैनामा में पैतृक जमीन के बगैर कुराबन्दी के ही सड़क साइड में पैमाइश कराना तहसीलदार के शासनादेश के विरुद्ध कृत्य एवं पद का दुरुपयोग किये जाने के घोतक है। किसानो ने चेतावनी दी है कि यदि शासन ने पीड़ितों को तत्काल न्याय दिलाते हुए तहसीलदार पर मुकदमा, पीड़ितों का पूरा इलाज और क्षतिपूर्ति नहीं की तो पूरे जलेसर क्षेत्र में विशाल आंदोलन होगा। जिसकी जिम्मेदारी तहसीलदार एवं उपजिलाधिकारी जलेसर की होंगी।

### बड़ा हादसा,घने कोहरे के कारण रोडवेज बस और ट्रक की भिड़ंत ,आधा दर्जन घायल

भास्कर ब्यूरो /हाथरस। सासनी क्षेत्र में बड़ा हादसा, घने कोहरे के कारण रोडवेज बस और ट्रक की आमने-सामने की टक्कर, चालक परिचालक सहित अन्य सवारी घायल हुई, घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जारी। आज सुबह घने कोहरे के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग आगरा अलीगढ़ रोड पर हनुमान पुलिस चौकी के समीप रोडवेज बस और ट्रक की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई दुर्घटना में लगभग आधा दर्जन सवारियां घायल हुई हैं वहीं दोनों वाहनों के बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए दुर्घटना की खबर सुनते ही आसपास के दर्जनों की संख्या में व्यक्ति मौके पर एकत्रित होने लगे वहीं सूचना पर पहुंची इलाका पुलिस द्वारा घायलों को उपचार हेतु सासनी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां घायलों का उपचार जारी है दुर्घटना में बस चालक परिचालक सहित अन्य सवारियां भी घायल हुई है । जानकारी के अनुसार रोडवेज बस मेरठ से सवारियों को लेकर आगरा की तरफ जा रही थी गाने कौर के कारण यह दुर्घटना हुई है ।


राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र
(राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद)
प्रगति मैदान, गेट नंबर 4 के पास, भैरों रोड,
नई दिल्ली -110 001
दूरभाष : 011-7428693710-17
Website: www.nscd.gov.in

विज्ञापन संख्या: 02/2026
ई-निविदा आमंत्रण सूचना

भारतीय काल अवधारणा संग्रहालय, तारामंडल एवं एक प्रतीकात्मक मूर्ति के लिए डीपीआर (DPR) तैयार करने तथा परियोजना निष्पादन हेतु परामर्श सेवाओं के चयन के लिए ऑनलाइन ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। यह परियोजना तालुका वेरावल, जिला गिर सोमनाथ, गुजरात में प्रस्तावित है, जिसकी अनुमानित लागत ₹12,00,00,000/- (रुपये बारह करोड़ मात्र) है। विस्तृत विवरण एवं ऑनलाइन निविदा प्रक्रिया हेतु कृपया वेबसाइट http://eprocure.gov.in/eprocure/app पर जाएँ तथा निविदा आईडी: 2025_NCSM_892069_1 के माध्यम से खोज करें। प्री-बिड बैठक दिनांक 14 जनवरी 2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे, नेशनल साइंस सेंटर, दिल्ली के कॉन्फ्रेंस कक्ष में आयोजित की जाएगी। निविदाएँ जमा करने की अवधि: 15.01.2026 से 26.01.2026 तक।

## फोनपे के 10 साल भारत को सशक्त बनाने के एक दशक का जश्न

भास्कर समाचार सेवा

नई दिल्ली। फोनपे ने हाल ही में इनोवेशन और भरोसे का एक शानदार दशक पूरा किया। भारत के फिनटेक इकोसिस्टम में 10 साल का यह सफर सिर्फ एक मील का पत्थर नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का उत्सव है। इस दशक में फोनपे ने न केवल वित्तीय पहुँच को बढ़ाया है, बल्कि भारत में लेन-देन और पैसों को मैनेज करने के तरीके को भी बदला है। साल 2025 में, फोनपे ने 600 मिलियन रजिस्टर्ड यूजर्स का आँकड़ा पार करके एक बड़ी उपलब्धि हासिल की, जिसने भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था के आधार स्तंभ के रूप में इसकी भूमिका को और मजबूत कर दिया। इस सफर के बारे में बताते हुए, फोनपे के फाउंडर और सीईओ समीर निगम जी ने कहा कि हमारे दस साल के सफर का सबसे रोमांचक हिस्सा यह है कि, भले हम कितनी भी दूर आ गए हों, शिखर अभी भी नजर नहीं आ रहा है। फोनपे के फाउंडर और सीटीओ राहुल चारी जी ने कहा, मुझे इस बात पर बहुत गर्व है कि हमने फोनपे में क्या बनाया है। पूरी इंडस्ट्री और इकोसिस्टम से हमें जो सम्मान और समर्थन मिला है, उसने हमें और भी विनम्र बना दिया है।

## फेडरल बैंक ने पेश किया फॉच्युर्ना वेव

भास्कर समाचार सेवा

नई दिल्ली। फेडरल बैंक ने अपनी नई ब्रांड पहचान, द फॉच्यूर्ना वेव को लॉन्च किया। नई पहचान समय के साथ चलते हुए बैंक की तरक्की और भविष्य के विजन को दिखाती है। मुंबई में ब्रांड लॉन्च के समय बैंक के सीनियर अधिकारी और ब्रांड एंबेसडर विद्या बालन मौजूद थीं। 'फॉच्यूर्ना वेव' यह नई ब्रांड पहचान ईमानदारी, समृध्दी और दोस्ती की निशानी है और बैंक अपने ग्राहक, निवेशक और एम्प्लॉइज से यही उम्मीद करता है और देता भी है। ब्रांड के नई पहचान के पीछे मुख्य मकसद फेडरल बैंक के ब्रांड को और ज्यादा लोकप्रिय और खास बनाना है। इससे बैंक के फिजिकल और डिजिटल एसेट्स में भी एक अलग, एक जैसा लुक आएगा। नया डिजाइन समय के साथ ब्रांड को अगली पीढ़ी के ग्राहकों के मन में अलग पहचान बनाएगा। ब्रांड के नए लुक पर कमेंट करते हुए, मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ के. वी.एस. मणियन ने कहा, हमारी नई ब्रांड पहचान दिशा बदलने के बजाय एक हल्का बदलाव दिखाती है। हमारी नई पहचान समय के साथ तालमेल रखती है और डायनैमिक भी है।

## जयरंगम फ्रिंजेस दिल्ली 2026 का समापन दो शामों की सशक्त और आत्मस्पर्शी रंगमंच प्रस्तुतियों के साथ

भास्कर समाचार सेवा

नई दिल्ली। त्रिवेणी कला संगम में आयोजित जयरंगम फ्रिंजेस दिल्ली 2026 का समापन दो शामों की प्रभावशाली रंगमंच प्रस्तुतियों के साथ हुआ, जिसने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया। इस दो दिवसीय आयोजन में हाशिए की आवाजों, जीवन के यथार्थ और रंगमंच की परिवर्तनकारी शक्ति को केंद्र में रखा गया। 6 और 7 जनवरी को आयोजित इस दिल्ली संस्करण में दो चर्चित प्रस्तुतियाँ—नाचनीह्ल और कशीदा फूल-प्रस्तुत की गईं, जिन्हें



राजधानी के रंगमंच प्रेमियों, सांस्कृतिक अभ्यासकताओं, विद्यार्थियों और कलाकारों की उल्लेखनीय उपस्थिति मिली। संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम ने सामाजिक रूप से प्रासंगिक और कलाकार-केंद्रित कथाओं को मंच देने की जयरंगम फ्रिंजेस की प्रतिबद्धता को दोहराया। एक दर्शक के शब्दों में, जयरंगम फ्रिंजेस केवल प्रस्तुतियाँ नहीं दिखाता, बल्कि संवाद की शुरूआत करता है। ये ऐसी कहानियाँ हैं जिन्हें केवल देखना नहीं, महसूस करना जरूरी है।

## सरकार को गुमराह करने का लगाया आरोप

भास्कर समाचार सेवा

नई दिल्ली। सरकार को गुमराह कर बदनामी के काम करने का आरोप लगाते हुए भाजपा के युवा कार्यकर्ताओं ने प्रधान मंत्री जी को चिट्ठी लिख कर कार्यवाही की मांग की है। भाजपा कार्यकर्ता, हेमंत, राजीव, सुनील, आलोक कुमार ने अपने पत्र में लिखा है कि जब से देश में भाजपा की सरकार आई है और आपके नेतृत्व में जो भारत में सरकार चल रही है तब से देश में भ्रष्टाचार पर रोक लगी है और देश में एक कुशल शासन चल रहा है। लेकिन ऐसे में भाजपा नेतृत्व को गुमराह करते हुए कुछ लोग भाजपा सरकार को बदनाम करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। आपसे आग्रह है कि जो भाजपा को बदनाम कर घूम रहे है। सरकार को चूना लगा रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें ।बताते चलें मध्य प्रदेश में मनोज प्रजापति जो मूल रूप से इंदौर के हैं। वह प्रजापति समाज के वरिष्ठ लोगों को व प्रजापति समाज को नीचा दिखाने में लगे हैं और मध्य प्रदेश सरकार में जो कभी माटी बोर्ड के अध्यक्ष रहे हैं उनको भी गुमराह कर रहे हैं। मनोज प्रजापति इंदौर के रहने वाले हैं। इंदौर में पैसे वालों की गिनती शुमार है। वह पैसे के दम पर उन लोगों को पद दिलाने में लगे हुए हैं ।मनोज प्रजापति मध्य प्रदेश में खास मैसेज देते हैं कि मेरे संबंध ऊपर तक हैं। उन के दम पर किसी को कोई पद दिला सकता हूं। ऐसे में प्रधानमंत्री आपसे विनम्र आग्रह है कि ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी से कार्रवाई करें।

## युवा ने नए डिजाइन ऑर्बिस, क्वाड और ग्लोबलस्केप पेश किये

भास्कर समाचार सेवा

नई दिल्ली। नवनीत एज्युकेशन लिमिटेड के युवा केंद्रित स्टेशनरी ब्रांड युवा ने अपनी मौजूदा जियोमेट्री बॉक्स रेंज को और बेहतर बनाते हुए नए, और आकर्षक डिज़ाइन युवा ऑर्बिस , युवा क्वाड और युवा ग्लोबलस्केप पेश किए हैं। कार्यात्मकता और रचनात्मक डिजाइन के संतुलन के लिए पहचाना जाने वाला युवा, क्लासरूम में काम आने वाली जरूरी चीजों को आज की पीढ़ी से जोड़ने के लिए लगातार उन्हें नए रूप में सामने ला रहा है। 75 रुपये की कीमत वाला युवा ऑर्बिस जियोमेट्री अंतरिक्ष यात्रा से प्रेरित है। इसका अंतरिक्ष अभियान पर आधारित थीम, चमकदार रंगों



और आकाशगंगा से प्रेरित डिज़ाइनों के साथ, पैकेजिंग और अंदर के हर आइटम में एक अनोखा अनुभव देता है जो आम जियोमेट्री बॉक्स से बिल्कुल अलग है। युवा स्टेशनरी के चीफ स्ट्रेटजी ऑफिसर श्री. अभिजीत सान्याल ने कहा, नवनीत में हमारा हमेशा यही प्रयास रहता है कि हम विविधता से भरे और सोच-समझकर डिजाइन किए गए प्रोडक्ट्स के जरिए इनोवेशन लाएँ। हमारी जियोमेट्री बॉक्स रेंज में ये नए विकल्प, गुणवत्तापूर्ण और किफायती स्टेशनरी देने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं, जो पढ़ाई को न सिर्फ असरदार बल्कि मजेदार और आकर्षक भी बनाते हैं।

## स्मार्ट टूल्स के जरिए नए दौर का बेहतर निवेश अनुभव

भास्कर समाचार सेवा

नई दिल्ली। भारत में निवेश का माहौल पिछले दशक में काफी हद तक बदल गया है। यह परिवर्तन डिजिटलीकरण और रीटेल भागीदारों की नई पीढ़ी के जुड़ने से आया है। इस विकास ने लोगों के ट्रेड करने के तरीके और स्थान, दोनों को बदल दिया है। उद्योग के डेटा के अनुसार मोबाइल और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर होने वाली ट्रेड्स की हिस्सेदारी पहले के दौर में लगभग 40प्रतिशत थी, जो आज बढ़कर 80प्रतिशत से अधिक हो गई है। एक्सिस सिक्योरिटीज ने यह समझा कि लोग बाजार में दो अलग तरीकों से आते हैंः लंबे समय में संपत्ति बढ़ाने के लिए और सक्रिय ट्रेडिंग के लिए। इसका समाधान सिर्फ एक प्लेटफॉर्म नहीं, बल्कि दो अलग ऐप्स बनाना हैः एक्सिस डायरेक्ट इन्वेस्टर ऐप और एक्सिस डायरेक्ट ट्रेडर ऐप। इसका कारण नए, डिजिटल रूप से सहज निवेशकों की वृद्धि है। इस बदलाव से निवेश सबके लिए आसान हुआ है। कई नए डिमैट खाते टियर-2 और टियर-3 शहरों में खोले जा रहे हैं, जहाँ स्मार्टफोन निवेश का मुख्य साधन बन गया है। आज की चुनौती सिर्फ मोबाइल ऐप उपलब्ध कराना नहीं है, बल्कि यह देखना है कि तकनीक असल में लोगों की अलग-अलग जरूरतों के हिसाब से काम करे। लंबे समय तक निवेश करने वाले व्यक्ति के लिए, लक्ष्य तेज़ी से ट्रेड करना नहीं है; बल्कि स्पष्टता, सरलता और भरोसा है। उन्हें एक ऐसा साथी चाहिए जो उन्हें बाजार की हलचल में उलझाए बिना उनकी संपत्ति को संभालने में मदद करे। इन्वेस्टर ऐप लंबे समय की निवेश यात्रा को आसान बनाने के लिए डिजाइन किया गया है।

## पवन सिंह और निरहुआ ने द ग्रेट इंडियन कपिल शो में किया मजेदार खुलासा

भास्कर समाचार सेवा




नई दिल्ली। स्टेज पर गाना भी होगा, तालियां भी बजेंगी और हंसी तो रुकने वाली नहीं है। इस हफ्ते नेटफ्लिक्स पर द ग्रेट इंडियन कपिल शो सीजन 4 पूरी तरह भोजपुरी रंग में रंगा नजर आएगा, जब पवन सिंह, मनोज तिवारी और दिनेश निरहुआ लाल यादव शो में एंट्री लेते हैं, तो माहौल जोश और मस्ती से भर जाता है। कपिल शर्मा भी उसी जोश में अपने नेताजी अवतार में आ जाते हैं और मंच को एक छोटे से चुनावी मंच में बदल देते हैं। वह मनोज तिवारी की टांग खींचते हुए कहते हैं कि जहां गाना होता है और जहां जनता होती है, वहां मनोज तिवारी जरूर पहुंच जाते हैं । सिंगर हों, एक्टर हों या पॉलिटिशियन, मनोज तिवारी हर भूमिका को बड़ी सहजता से निभाते नजर आते हैं। कुछ ही मिनटों में हंसी की गूंज बढ़ जाती है और पूरा माहौल जोश और मस्ती से भर जाता है। निरहुआ जब मनोज तिवारी के ड्राइवरों को लेकर एक मजेदार बात बताते हैं, तो मस्ती और भी ज्यादा बढ़ जाती है। पहले रवि, फिर पवन और अब दिनेश। कपिल शर्मा तुरंत बात पकड़ लेते हैं, स्टेज पर ही सब कनेक्शन जोड़ देते हैं, दर्शक हंस-हंसकर लोटपोट हो जाते हैं और मनोज तिवारी इसे "सिर्फ एक संयोग" बताकर टालने की कोशिश करते हैं, जिससे बात और भी मजेदार हो जाता है। इसी बीच पवन सिंह अपनी एक खास आदत बताते हैं। अगर दिन अच्छा न हो तो वे कपड़े दोबारा नहीं पहनते और काला रंग तो बिल्कुल नहीं पहनते।

## ओशो धाम में 17 से 19 जनवरी तक होगा तीन दिवसीय ओशो डे सेलिब्रेशन

भास्कर समाचार सेवा

ओशो धाम में 17 से 19 जनवरी 2026 तक तीन दिवसीय ओशो डे सेलिब्रेशन का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर देश-विदेश से बड़ी संख्या में साधक, ध्यान प्रेमी और ओशो के अनुयायी ओशो धाम में एकत्रित होंगे। यह आयोजन महान आध्यात्मिक गुरु ओशो के महापरिनिर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में श्रद्धा, शांति और उत्सव के भाव के साथ मनाया जाएगा। गौरतलब है कि ओशो ने 19 जनवरी 1990 को देह त्याग किया था। उनके अनुयायी इस दिन को ओशो डे अथवा महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाते हैं। आयोजन का मुख्य उद्देश्य ओशो की शिक्षाओं, उनके जीवन दर्शन और जागरूक जीवन शैली के संदेश को समाज तक पहुँचाना है। कार्यक्रम के दौरान संगीत, ध्यान सत्र,



सत्संग और सामूहिक विचार-विमर्श जैसे विविध आयोजन किए जाएँगे। साधक ओशो की विभिन्न ध्यान विधियों का अभ्यास करेंगे और उनके प्रवचनों पर आधारित चचाओं में भाग लेंगे। ध्यान सत्रों का संचालन अनुभवी फैसिलिटेटर स्वामी रविंद्र भारती द्वारा किया जाएगा, जो प्रतिभागियों को आत्म-अन्वेषण और आंतरिक शांति की दिशा में मार्गदर्शन देंगे। इसके अलावा सुबह और शाम नियमित ध्यान सत्रों के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी आयोजित की जाएँगी। आयोजकों के अनुसार यह आयोजन प्रतिभागियों को नई ऊर्जा, मानसिक स्पष्टता और जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान करेगा। ओशो डे सेलिब्रेशन साधना और उत्सव का एक प्रेरणादायी संगम साबित होगा।

## REHAU ने भारत में अपना पहला एक्सपीरिएंशियल ब्रांड डेस्टिनेशन हाउस ऑफ REHAU लॉन्च किया

भास्कर समाचार सेवा

गुरुग्राम। REHAU इंटीरियर सॉल्यूशंस ने भारत में अपना पहला एक्सपीरिएंशियल ब्रांड डेस्टिनेशन, हाउस ऑफ REHAU लॉन्च किया है, जो मार्केट में कंपनी की लंबे समय की ग्रोथ जर्नी में एक अहम पड़ाव है। यह पहल REHAU के ट्रेडिशनल प्रोडक्ट-लेड रिटेल से एक्सपीरिएंस-ड्रिवन ब्रांड एंगेजमेंट की ओर स्ट्रेटेजिक बदलाव को दिखाती है, जो भारत के आर्किटेक्चर, इंटीरियर डिजाइन और कंस्ट्रक्शन कम्युनिटी की बदलती उम्मीदों के साथ अलाइन है। एक कन्वेंशनल शोरूम के बजाय एक इमर्सिव डेस्टिनेशन के तौर पर



कॉन्सेप्ट किया गया, हाउस ऑफ REHAU एक्सपीरिएंशियल सेंटर, जो 6/85, सेक्टर 11, गुरुग्राम, हरियाणा-122001 में है, ब्रांड की मैटेरियल साइंस, जर्मन इंजीनियरिंग और डिजाइन-लेड इनोवेशन में एक्सपर्टीज को एक ही छत के नीचे लाता है। यह जगह आर्किटेक्ट, इंटीरियर डिजाइनर, डेवलपर और पार्टनर को इंटीग्रेटेड, रियल-वर्ल्ड एप्लीकेशन के जरिए REHAU के इंटीरियर सरफेस, डेकोरेटिव सॉल्यूशन और फर्नीचर कंपोनेंट को एक्सप्लोर करने में मदद करती है। लॉन्च में REHAU इंटीरियर सॉल्यूशंस के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर डॉ. थॉमस ट्रोएगर और REHAU इंडिया एंड सबकॉन्टिनेंट के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट श्री तुषार वर्मा मौजूद थे। उन्होंने ब्रांड के ग्लोबल विजन, भारत के स्ट्रेटेजिक महत्व और डिजाइन-लेड कैटेगरी के तौर पर डेकोरेटिव सरफेस की बढ़ती जरूरत पर अपने विचार शेयर किए। लॉन्च पर कमेंट करते हुए, REHAU इंटीरियर सॉल्यूशंस के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर डॉ. थॉमस ट्रोएगर ने कहा हाउस ऑफ REHAU दिखाता है कि हम कैसे चाहते हैं कि कस्टमर हमारे ब्रांड से जुड़ें एक्सपीरियंस, बातचीत और मटीरियल इंटेलिजेंस के जरिए। भारत REHAU के लिए सबसे जरूरी ग्रोथ मार्केट में से एक है, न सिर्फ.डिमांड के नजरिए से बल्कि मैन्युफैक्चरिंग और कैपेबिलिटी हब के तौर पर भी। तुषार वर्मा, एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट REHAU इंडिया और सबकॉन्टिनेंट ने कहा हाउस ऑफ REHAU हमारी इंडिया जर्नी के अगले फेज को दिखाता है प्रोडक्ट प्रेजेंस से एक्सपीरियंस-लेड एंगेजमेंट तक। जैसे-जैसे डेकोरेटिव सरफेस फंक्शनल एलिमेंट से लाइफस्टाइल-डिफाइनिंग डिजाइन स्टेटमेंट में बदलते हैं।

## Citrine Group ने त्वचा रोग और एस्थेटिक चिकित्सा के क्षेत्र में अपने 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया

भास्कर समाचार सेवा

नई दिल्ली। Citrine Group ने त्वचा रोग और एस्थेटिक चिकित्सा के क्षेत्र में अपने 10 वर्ष पूरे होने के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। वर्ष 2016 में डॉ. नीति गौर द्वारा स्थापित Citrine Group आज गुरुग्राम के भरोसेमंद स्किन क्लिनिक्स में से एक माना जाता है। पिछले एक दशक में Citrine Group ने लाखों लोगों को त्वचा से जुड़ी समस्याओं में उपचार और मार्गदर्शन प्रदान किया है। यह अपनी ईमानदार चिकित्सा पद्धतियों, आधुनिक तकनीक और सुरक्षित उपचार के लिए जाना जाता



है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. नीति गौर ने बताया कि Citrine Group की यात्रा केवल उपचार तक सीमित नहीं रही, बल्कि उन लोगों का आत्मविश्वास लौटाने का प्रयास रही है, जिनका विश्वास त्वचा संबंधी समस्याओं के कारण प्रभावित हुआ था। 10वीं वर्षगांठ Citrine Group की निरंतर प्रगति, नवाचार और त्वचा स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## एयरटेल ने अपने एंटरटेनमेंट पोर्टफोलियो का किया विस्तार

भास्कर समाचार सेवा

नई दिल्ली। भारत की अग्रणी टेलीकॉम्युनिकेशन सर्विस प्रोवाइडर्स में से एक भारती एयरटेल ने आज एयरटेल कार्टून नेटवर्क क्लासिक्स के लॉन्च की घोषणा की है। यह एक एक्सक्लूसिव वैल्यू-ऐडेड सर्विस है, जिसे एयरटेल डिजिटल टीवी पर वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के सहयोग से पेश किया गया है। यह नया चैनल कार्टून नेटवर्क की कुछ सबसे प्रतिष्ठित और लोकप्रिय एनिमेटेड किरदारों को फ्रेंचाइज को एक मंच पर ला रहा है, जिससे सदाबहार कहानियों और पारिवारिक मनोरंजन के लिए एक खास प्लेटफॉर्म तैयार हुआ है। एयरटेल कार्टून नेटवर्क क्लासिक्स दर्शकों को टॉम एंड जेरी, द फ्लिंटस्टोन्स, लूनी ट्यून्स, स्कूबी डू, जॉनी ब्रावो सहित कई अन्य क्लासिक कार्टून की यादों को ताजा करेगा। यह चैनल उन दर्शकों के लिए विशेष रूप से तैयार किया गया है, जो इन लोकप्रिय शोज को देखते हुए बड़े हुए हैं। यह चैनल परिवारों को यह मौका भी देता है कि वे नई पीढ़ी को उन एनिमेटेड कहानियों से रूबरू करा सकें, जो 90 के दशक और 2000 के शुरूआती वर्षों में सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा बनीं और आज भी उतनी ही लोकप्रिय हैं। लॉन्च पर प्रतिक्रिया देते हुए, एयरटेल के डीटीएच बिजनेस हेड पुष्पिंदर सिंह गुजराल ने कहा एयरटेल कार्टून नेटवर्क क्लासिक्स हमारे एंटरटेनमेंट पोर्टफोलियो में एक अनोखा आयाम जोड़ता है और ग्राहकों को उन प्रतिष्ठित कहानियों और किरदारों से दोबारा जुड़ने का अवसर देता है, जिन्हें आज भी उतना ही पसंद किया जाता है।

## पीएनबी मेटलाइफ ने शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ की साझेदारी

भास्कर समाचार सेवा

नई दिल्ली। देश की जानी-मानी जीवन बीमा कंपनियों में से एक है, पीएनबी मेटलाइफ इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (पीएनबी मेटलाइफ) ने शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ एक महत्वपूर्ण साझेदारी का ऐलान किया है। इस साझेदारी का उद्देश्य अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा लोगों तक बीमा की सुविधा पहुँचाना है। इस करार के जरिए शिवालिक बैंक के करीब 10 लाख मौजूदा और संभावित ग्राहकों को पीएनबी मेटलाइफ के सेविंग्स, प्रोटेक्शन और रिटायरमेंट से जुड़े जीवन बीमा प्लान्स का लाभ मिलेगा। पीएनबी मेटलाइफ के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ समीर बंसल ने कहा, "हमें शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ जुड़कर बेहद खुशी हो रही है। इस साझेदारी के जरिए हम भारत के ग्रामीण और कम सुविधा



वाले क्षेत्रों में ज्यादा से ज्यादा परिवारों को जीवन बीमा की सुरक्षा पदे सकेंगे। शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक के एमडी और सीईओ अंशुल स्वामी ने कहा, "शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक में हमारा फोकस हमेशा से ही उभरते और कम सेवा वाले बाजारों में ग्राहकों को सशक्त बनाने पर रहा है। पीएनबी मेटलाइफ के साथ यह साझेदारी हमें अपनी बैंकिंग सेवाओं के साथ-साथ समग्र जीवन बीमा समाधान देने का मौका प्रदान करेगी। इससे ग्राहकों को लंबे समय के लिए बेहतर और मजबूत वित्तीय सुरक्षा मिल सकेगी।"

## शास्त्रीय सुरों और नृत्य की विरासत का भव्य संगमः स्वामी हरिदास तानसेन संगीत नृत्य महोत्सव 2026

भास्कर समाचार सेवा

नई दिल्ली। भारतीय शास्त्रीय संगीत और नृत्य की समृद्ध परंपरा को समर्पित स्वामी हरिदास तानसेन संगीत नृत्य महोत्सव एक बार फिर राजधानी में अपनी सांस्कृतिक आभा बिखेरने जा रहा है। यह प्रतिष्ठित महोत्सव 9 से 11 जनवरी 2026 तक शंकर लाल हॉल, मॉडर्न स्कूल, बाराखंबा रोड, नई दिल्ली में आयोजित होगा। श्रीराम सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स द्वारा, पद्म भूषण डॉ. उमा शर्मा और डॉ. विनय भारत राम के मार्गदर्शन में आयोजित इस तीन दिवसीय समारोह की प्रस्तुतियाँ प्रतिदिन शाम 6 बजे से शुरू होंगी। इस वर्ष का महोत्सव भारतीय शास्त्रीय कला के दिग्गजों की अनुपम प्रस्तुतियों से सुसज्जित होगा। मंच पर बांसुरी सम्राट पं. हरिप्रसाद चौरसिया, खयाल गायकी की महान स्वर-साधिका बेगम परवीन सुल्ताना, स्मिता अश्विनी भिड़े देशपांडे, पं. उल्हास कशालकर, सितार उस्ताद उस्ताद शुजात खान, मोहन वीणा के प्रवर्तक पं. विश्वमोहन भट्ट व



पं. सलील भट्ट (राजस्थान के मंगणियार कलाकारों के साथ), कथक में डॉ. उमा शर्मा अपने शिष्यों सहित, सरोद पर उस्ताद अमान अली बंगश तथा संतूर पर पं. राहुल शिवकुमार शर्मा की प्रस्तुतियाँ दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगी। स्वामी हरिदास और तानसेन को समर्पित यह महोत्सव अपने 27 वर्षों की यात्रा में भारतीय शास्त्रीय संगीत और नृत्य के श्रेष्ठ कलाकारों का सशक्त मंच बन चुका है। मुख्य प्रायोजक श्रीराम सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स के साथ भारतीय संगीत सदन (उमा शर्मा स्कूल ऑफ डांस एंड म्यूज़िक), एचसीएल, इंडियन नेशनल थिएटर ट्रस्ट, मॉडर्न स्कूल और एसआरएफ लिमिटेड के सहयोग से यह आयोजन भारतीय कला-संस्कृति का प्रकाशस्तंभ बना हुआ है।

## डिजाइनकैफे ने नोएडा में नया एक्सपीरियंस सेंटर लॉन्च कर उत्तर भारत में अपनी उपस्थिति बढ़ाई

भास्कर समाचार सेवा

नोएडा। भारत की प्रसिद्ध होम इंटीरियर कंपनी डिजाइनकैफे ने उत्तर भारत में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए नोएडा में अपना नया एक्सपीरियंस सेंटर शुरू किया है। यह पूरे भारत में कंपनी का 21वां स्टोर है। कंपनी देशभर में अपनी पहुंच को और बढ़ाते हुए अगले कुछ महीनों में देशभर में 6 और नए सेंटर खोलने की योजना बना रही है। नोएडा का यह नया एक्सपीरियंस सेंटर 2,700 वर्ग फुट में फैला हुआ है। इसे इस तरह बनाया गया है कि ग्राहक देख सकें कि असल घरों में इंटीरियर कैसा लगता है। यहाँ एक पूरा थ्री-बेडरूम अपार्टमेंट तैयार किया गया है, जिसमें मॉड्यूलर किचन, वार्डरोब और लिविंग रूम के बेहतरीन नमूने देखे जा सकते हैं। साथ ही, यहाँ चार अलग-अलग तरह के किचन और जगह बचाने वाले खास डिजाइन सॉल्यूशंस भी दिखाए गए हैं जोकि आपके रोजाना के रहनसहन को



बेहतर बनाते हैं। मॉड्यूलर डिजाइन जोन के अलावा, नोएडा का यह एक्सपीरियंस सेंटर प्रीमियम और मटेरियल पर आधारित अनुभव को प्राथमिकता देता है, जिसे इस क्षेत्र की पसंद को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। इस जगह को नोएडा और एनसीआर के लोगों की आधुनिक पसंद के हिसाब से सजाया गया है। डिजाइनकैफे की को-फाउंडर और सीईओ गीता रमनन का कहना है कि जब हमने डिजाइनकैफे की शुरूआत की थी, तो हमारा लक्ष्य बहुत सीधा सा था हर किसी के लिए व्यक्तिगत और उच्च गुणवत्ता वाले होम इंटीरियर तक पहुँचना और उस पर भरोसा करना आसान बनाना।

**गाजियाबाद विकास प्राधिकरण**
(ISO 9001 : 2015 एवं ISO 14001 : 2015 प्रमाणित संस्था)
विकास पथ गाजियाबाद

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि खसरा संख्या 955 से 960, 1010, 1011, 1015 व 1017 से 1051 ग्राम–करहैड़ा, 95 कटोरी मिल, मोहनगर, गाजियाबाद के क्षेत्रफल 87930.00 वर्ग मीटर भूमि पर मैसर्स फ्रैण्ड लैण्ड डवलपर्स प्रा०लि० द्वारा संशोधित ग्रुप हाउसिंग मानचित्र संख्या GDA/BP/25-26/0606 स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया गया है। उक्त स्थल पर पूर्व में ग्रुप हाउसिंग मानचित्र संख्या 568/टीएचए/जीएच/2006, दिनांक 15.11.2011 को 36 टावरों के निर्माण हेतु स्वीकृत किया गया था। स्वीकृति उपरान्त स्थल पर 29 टावरों का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण किया जा चुका है तथा निर्मित टावरों का विकासकर्ता द्वारा शमन दिनांक 20.01.2025 को प्राप्त कर लिया गया है। विकासकर्ता द्वारा पूर्व स्वीकृत तलपट मानचित्र के अन्तर्गत अवशेष रिक्त भाग में संशोधन करते हुए संशोधित ग्रुप हाउसिंग मानचित्र ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत किये गये हैं। विकासकर्ता द्वारा प्रस्तुत संशोधित ग्रुप हाउसिंग मानचित्र की स्वकृति से पूर्व जनसामान्य से आपत्ति/ सुझाव प्राप्त किया जाना आवश्यक है। यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उपरोक्त के सम्बन्ध में कोई आपत्ति/सुझाव देना है तो वे अपनी आपत्ति/सुझाव दो प्रतियों में स्वागत कक्ष–जी०डी०ए० एवं मुख्य नगर नियोजक–गा०वि० प्रा० के कार्यालय में इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 30 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकते हैं। केवल निर्धारित अवधि के अन्दर प्राप्त आपत्ति/सुझाव पर विचार किया जाना सम्भव हो सकेगा।

अपर सचिव

ई-मेल : helplinegda@gmail.com, @Gda Ghaziabad : gdagzb
हेल्पलाईन नं: 0120-4418384 व्हाट्सएप :9990988004,वेबसाईट : www.gdaghaziabad.in
एक सुन्दर शहर ............ हमारा संकल्प

## सर्दियों में ऑक्सीजन कम होना, हो सकता है घातक

भास्कर समाचार सेवा

गुरुग्राम। सर्दियों में सांस की तकलीफ और ऑक्सीजन लेवल कम होना एक आम समस्या हो सकती है, लेकिन इसे हल्के में लेना खतरनाक साबित हो सकता है। ठंड के मौसम में फेफड़ों की नलियां सिकुड़ जाती हैं, जिससे सांस लेने में दिक्कत हो सकती है। नारायणा हॉस्पिटल गुरुग्राम के डॉक्टर स्वदेश कुमार क्लस्टर हेड इमरजेंसी ट्रॉमा केयर और कैजुअल्टी बताते हैं कि बुजुर्ग, अस्थमा या सीओपीडी वाले मरीजों में यह और गंभीर हो जाता है। प्रदूषण और स्मॉग भी फेफड़ों पर दबाव डालते हैं और कभी-कभी हल्की खांसी या निमोनिया की वजह से भी ऑक्सीजन लेवल गिर सकता है। सामान्य रूप से ऑक्सीजन का स्तर 95-100 प्रतिशत होना चाहिए, 92-94 प्रतिशत पर सावधानी बरतनी चाहिए और 90 प्रतिशत या उससे कम होने पर तुरंत अस्पताल जाना जरूरी है। यदि ऑक्सीजन लगातार गिर रही हो, तो इंतजार करना खतरनाक हो सकता है। लक्षणों में तेज सांस फूलना, बोलते समय सांस टूटना, होंठ या उंगलियों का नीला पड़ना, चक्कर आना, सीने में जकड़न या दर्द और अचानक बेचैनी या घबराहट शामिल हैं। कुछ लोगों में ऑक्सीजन कम होने



के बावजूद सांस फूली नहीं दिखती, इसे साइलेंट हाइपोक्सिया कहते हैं, इसलिए हाई-रिस्क लोगों को रोजाना पल्स ऑक्सीमीटर से जांच करनी चाहिए। खासकर अस्थमा, सीओपीड या फेफड़ों की बीमारी वाले, हार्ट पेशेंट, बुजुर्ग, बच्चे, धूम्रपान करने वाले और हाल ही में कोविड या निमोनिया से ठीक हुए लोग सतर्क रहें।नारायणा हॉस्पिटल गुरुग्राम के क्लस्टर हेड इमरजेंसी ट्रॉमा केयर और कैजुअल्टी के डॉक्टर स्वदेश कुमार आगे कहते हैं कि घर पर रोज ऑक्सीजन लेवल चेक करना, ठंड से बचाव करना, मास्क पहनना और दवाइयां नियमित लेना मदद कर सकता है।

## 15 वर्ष की उम्र में 15+ कंपनियों के संस्थापक बने श्रेष्ट खुराना, युवा उद्यमिता की नई मिसाल

भास्कर समाचार सेवा

नई दिल्ली। श्रेष्ट खुराना मात्र 15 वर्ष की आयु में एक सफल उद्यमी के रूप में उभरे हैं। वे 15 से अधिक कंपनियों के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) हैं, जिनका विस्तार डिजिटल सेवाओं, शिक्षा, मीडिया और उपभोक्ता ब्रांड्स तक है। उनके प्रमुख उपक्रमों में Prowebmatrix, Alphabit School, Convertixpro, Woodane Wood, Storycrafters Magazine सहित कई तेजी से बढ़ते स्टार्टअप शामिल हैं। जिस उम्र में अधिकांश युवा अपने करियर विकल्पों की खोज कर रहे होते हैं, उसी उम्र में श्रेष्ट ने अवसरों की पहचान कर मजबूत टीमों का निर्माण और स्थायी व्यवसायों का विस्तार कर दिखाया है। श्रेष्ट की नेतृत्व शैली रणनीतिक सोच और प्रभावी क्रियान्वयन पर आधारित है। उनके डिजिटल समाधान व्यवसायों को विकास और परिवर्तन



में सहायता करते हैं, वहीं Alphabit School आधुनिक और सुलभ शिक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। Storycrafters Magazine के माध्यम से उन्होंने मीडिया और कंटेंट की दुनिया में कदम रखते हुए नई पीढ़ी के लिए कहानी, रचनात्मकता और विचार नेतृत्व को बढ़ावा दिया है। अनुशासन, स्पष्ट दृष्टि और उम्र से कहीं अधिक परिपक्व कार्यशैली के लिए श्रेष्ट खुराना को व्यापक पहचान मिल रही है। वे नवाचार, जिम्मेदारी और दीर्घकालिक सोच के साथ उद्यमिता को नई परिभाषा देने वाली युवा पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं।

## दिल्ली स्थित ब्राउन रिच मीडिया के संस्थापक मनीष भट्टाचार्य बना रहे हैं किफायती और प्रभावशाली पीआर का नया मॉडल

भास्कर समाचार सेवा

नई दिल्ली। ब्राउन रिच मीडिया, एक उभरती हुई और परिणाम-आधारित पब्लिक रिलेशंस एजेंसी, अपने संस्थापक मनीष भट्टाचार्य के नेतृत्व में भारत के पीआर उद्योग में नई पहचान बना रही है। यह एजेंसी स्टार्टअप्स, उद्यमियों और उभरते ब्रांड्स को किफायती दरों पर प्रभावशाली मीडिया कवरेज और ब्रांड विज़िबिलिटी प्रदान करने के लिए जानी जाती है। ब्राउन रिच मीडिया की खासियत इसकी रणनीतिक प्रेस रिलीज सेवाएं, पर्सनल ब्रांडिंग और विश्वसनीय मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर लक्षित प्लेसमेंट हैं। एजेंसी का मानना है कि किसी भी ब्रांड की सफलता विश्वास निर्माण से शुरू होती है, न कि केवल बिक्री से। इसी सोच के साथ ब्राउन रिच मीडिया अपने क्लाइंट्स को मजबूत और भरोसेमंद पहचान दिलाने में मदद कर रही है। असम में पले-बढ़े मनीष भट्टाचार्य का उद्यमिता सफर मेहनत, स्पष्ट




दृष्टिकोण और मीडिया की गहरी समझ का उदाहरण है। उन्होंने पारंपरिक पीआर मॉडल को तोड़ते हुए एक ऐसा प्लेटफॉर्म तैयार किया है, जहां गुणवत्ता और किफायत दोनों साथ-साथ चलती हैं। मनीष भट्टाचार्य का मानना है, "हर ब्रांड के पास एक कहानी होती है, जरूरत सिर्फ उसे सही मंच तक पहुंचाने की होती है।" इसी विजन के साथ ब्राउन रिच मीडिया दिल्ली और पुणे से अपने संचालन को आगे बढ़ाते हुए राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार की दिशा में लगातार काम कर रही है।

## पोको M8 5G भारत में लॉन्च, कर्व्ड एमोलेड डिस्प्ले और 5,520mAh बैटरी के साथ

भास्कर समाचार सेवा

आगरा। पोको ने भारतीय बाजार में अपना नया स्मार्टफोन पोको M8 5G लॉन्च कर दिया है। यह डिवाइस प्रीमियम कर्व्ड एमोलेड डिस्प्ले, मजबूत मिलिट्री-ग्रेड ड्यूरैबिलिटी और लंबी बैटरी लाइफ के साथ मिड-सेगमेंट में नए मानक स्थापित करने का दावा करता है। फोन में 6.77-इंच का फ्लो कर्व्ड एमोलेड डिस्प्ले दिया गया है, जो 120Hz रिफ्रेश रेट और 3200 निट्स की पीक ब्राइटनेस को सपोर्ट करता है, जिससे यूजर्स को हर परिस्थिति में शानदार विजुअल अनुभव मिलता है। पोको M8 5G Snapdragon® 6 Gen 3 मोबाइल प्लेटफॉर्म पर काम करता है और Android 15 आधारित HyperOS 2 के साथ आता है। यह डिवाइस रोजमर्रा की मल्टीटास्किंग, स्ट्रीमिंग और कैजुअल गेमिंग के लिए स्मूद और भरोसेमंद परफॉर्मेंस प्रदान करता है। फोन में IP66 डस्ट



और वॉटर रेज़िस्टेंस के साथ SGS MIL-STD-810H मिलिट्री-ग्रेड सर्टिफिकेशन भी दिया गया है, जो इसे रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए अधिक टिकाऊ बनाता है। पावर के लिए इसमें 5,520mAh की ईवी-ग्रेड बैटरी दी गई है, जो 45ह फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करती है। फोटोग्राफी के लिए फोन में 50MP डुअल अक रियर कैमरा और 20MP फ्रंट कैमरा मौजूद है, जो 4K वीडियो रिकॉर्डिंग को सपोर्ट करता है। पोको M8 5G की शुरूआती कीमत ₹15,999 रखी गई है और यह स्मार्टफोन फ्लिपकार्ट पर उपलब्ध होगा।






# 11 प्रापर्टियों की नीलामी से भरी गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की तिजोरी, हुई 193.82 करोड़ की आय

## इस वर्ष में हुई पहली नीलामी, शास्त्रीनगर योजना में हाकी स्टेडियम के लिए लगी सबसे अधिक बोली





**भास्कर ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** जीडीए यानि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत हिन्दी भवन, लोहिया नगर, गाजियाबाद में विभिन्न योजनाओं के रिक्त आवासीय एवं व्यवसायिक भूखण्डों की नीलामी आयोजित की गई। जीडीए उपाध्यक्ष नंदकिशोर कलाल के निर्देशन में आयोजित की गई नीलामी में बोलीदाताओं ने उत्साह के साथ भूखंडों की बोली लगाई। नीलामी के माध्यम से गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को 194 करोड़ रुपए की आय होने का अनुमान है। इस वर्ष की पहली ही नीलामी से प्राधिकरण को अच्छा रेस्पांस मिला है। जीडीए को अपेक्षा से कहीं अधिक राजस्व प्राप्त होगा। मधुबन-बापूधाम आवासीय योजना में पाकेट ए में रिक्त पड़े ग्रुप हाउसिंग के आठ भूखंडों की नीलामी हुई। प्राधिकरण का जोर भी सबसे अधिक मधुबन-बापूधाम आवासीय योजना में रिक्त पड़े भूखंड/ फ्लैटों की बिक्री पर है। गुरुवार को लोहियानगर स्थित हिन्दी भवन के सभागार में हुई नीलामी में बोलीदाताओं ने खुले दिल से बोली लगाई। एक-एक भूखंड पर कई-कई बोलीदाता दिखाई पड़े। जीडीए की प्रापर्टी को हर कोई अपने नाम करना चाह रहा था लेकिन मिली उन्हें ही जिन्होंने सर्वाधिक बोली लगाई। जीडीए की ओर से बोली लगाने के लिए नियुक्त अधिकारियों व कर्मचारियों ने बोलीदाताओं को योजना में रिक्त पड़े भूखंडों की खासियत भी विस्तार से बताई जिसके कारण उन भूखंडों की बोली अच्छी लगी। मधुबन-बापूधाम के पाकेट ए में ग्रुप हाउसिंग के 2382.30 स्क्वायर मीटर वाले तीन भूखंडों का रिजर्व प्राइज 52500 रुपए प्रति स्क्वायर मीटर था। ये तीनों ही भूखंड अपने निर्धारित मूल्य से कहीं अधिक क्रमशः 66500, 67100, 67300, प्रति स्क्वायर मीटर की दर से 47.86 करोड़ में बिके। इसी योजना में ग्रुप हाउसिंग का 8875 वर्ग मीटर के भूखंड का रिजर्व प्राइज 52500 रुपए प्रति वर्गमीटर था जिसे नीलामी में बोलीदाता ने 53200 रुपए प्रतिवर्ग मीटर की बोली लगाकर 47.21 करोड़ में व 8355 वर्ग मीटर के भूखंड को रिजर्व प्राइज 52500 रुपए से बढ़ाकर 53000 रुपए प्रतिवर्ग मीटर की बोली लगाकर 44.24 करोड़ में जीडीए से खरीद लिया गया। इसी आवासीय योजना के 1353 वर्गमीटर के कन्वीनियंट शापिंग भूखंड की नीलाम भी रिजर्व प्राइज से तीन सौ रुपए अधिक की बोली पर 71.43 लाख में, 1365 वर्गमीटर का व्यवसायिक भूखंड रिजर्व प्राइज 70000 रुपए प्रतिवर्ग मीटर की बोली से 79000 प्रतिवर्ग मीटर की अधिकतम बोली पर 10.78 करोड़ पर बेचा गया। वहीं 3190 वर्गमीटर का मिक्स लैंड यूज भूखंड रिजर्व प्राइज बोली से 23 सौ रुपए अधिक की बोली पर 23.06 करोड़ रुपए में बिका।

कुल मिलाकर बोली में मधुबन-बापूधाम योजना में 8 भूखंड लगभग 173.86 करोड़ रुपए में बिके हैं। इनके अलावा इन्दिरापुरम विस्तार योजना के बी ब्लॉक में 260 वर्गमीटर का व्यवसायिक भूखंड 11 करोड़ 50 लाख रुपए में, 135 वर्गमीटर का व्यवसायिक भूखंड 23 करोड़ 33 लाख 55 हजार रुपए में नीलाम हुआ। शास्त्रीनगर योजना में हाकी स्टेडियम की नीलाम भी रिजर्व प्राइज 399300 से बढ़कर 899000 तक पहुंची।

- मधुबन-बापूधाम आवासीय योजना में रिक्त पड़े ग्रुप हाउसिंग के सर्वाधिक आठ भूखंड बिके नीलामी में

# जोन-1 व 4 के क्षेत्र में अवैध निर्माणों के विरूद्ध जीडीए ने की ध्वस्तीकरण की कार्यवाही

## अवैध निर्माणों को जीडीए ने किया सील





**भास्कर ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** जीडीए उपाध्यक्ष के अवैध निर्माण/अवैध कालोनियों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के निर्देशों के क्रम में आज प्रभारी प्रवर्तन जोन-04 के नेतृत्व में निर्माणकर्ता कु0 पूनम दुआ पुत्री मदनलाल दुआ द्वारा भूखण्ड सं0-जे-38, सै0-12, प्रताप विहार, गाजियाबाद पर सैट बैक कवर करते हुए निर्माण कार्य प्रारम्भ करने पर वाद सं0-GDA/ANI/2025/0004060 दिनांक 19.05.2025 योजित करते हुए नोटिस प्रेषित किया गया था, परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा कारण बताओं नोटिस के सन्दर्भ में कोई सन्तोषजनक उत्तर प्रस्तुत न किये जाने के कारण तथा स्थल पर स्वीकृत बेसमेन्ट + स्टिल्ट + 03 तल के स्थान पर बेसमेन्ट का निर्माण न करते हुए स्टिल्ट + 04 तल का निर्माण कर लिये जाने के कारण पूर्व में भवन में अध्यासन रोकने तथा निर्माण पर प्रभावी रोक लगाने हेतु निर्माण को सील बन्द किया गया था। इसके उपरान्त प्रश्नगत अवैध निर्माण के विरुद्व ध्वस्तीकरण आदेश दिनांक 28.06.2025 पारित किये गये। उक्त आदेशों के अनुपालन में पूर्व में दो बार ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी थी। आज दिनांक 08.01.2026 को पुनः ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करते हुए अतिरिक्त तल को अनुपयोगी बनाया गया।

निर्माणकर्ता शैलेश सिंह पुत्र कुलदीप सिंह व निशान्त सिद्धु पुत्र विनोद सिद्धु द्वारा भवन/भूखण्ड सं0-एल-285, सै0-12, प्रताप विहार, गाजियाबाद पर निर्माण कार्य प्रारम्भ करने पर वाद सं0-GDA/ANI/2025/0003937 दिनांक 28.03.2025 योजित करते हुए कारण बताओं नोटिस प्रेषित किया गया। परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा कार्यालय में कोई सन्तोषजनक उत्तर प्रस्तुत नही किये जाने के कारण तथा स्वीकृत मानचित्र के विरुद्व स्थल पर एक अतिरिक्त तल का किये गये निर्माण पर प्रभावी रोक लगाने हेतु निर्माण को दिनांक 10.10.2025 में सील बन्द किया गया था।

निर्माणकर्ता श्रीमती शान्ती देवी पत्नी बलवीर सिंह द्वारा भूखण्ड सं0-एम-01, सै0-12, प्रताप विहार, गाजियाबाद पर निर्माण कार्य प्रारम्भ करने पर निर्माण के विरुद्व उ0प्र0 नगर योजना एवं विकास अधिनियम-1973 की धाराओं के अन्तर्गत वाद सं0-GDA/ANI/2025/ 0004110 दिनांक 14.05.2025 योजित करते हुए कारण बताओं नोटिस दिनांक 14.05.2025 एवं अनुस्मारक पत्र दिनांक 28.05.2025 प्रेषित किया गया था। परन्तु कारण बताओं नोटिस के सन्दर्भ में कोई सन्तोषजनक उत्तर प्रस्तुत नही किया गया। स्थल पर स्वीकृत मानचित्र के विपरीत सभी सेट बैक पूर्ण रुप से कवर करते हुए निर्माण किया गया था। इसलिए स्वीकृत मानचित्र से अतिरिक्त किये गये अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण की सस्तुंति के क्रम में ध्वस्तीकरण आदेश पारित किया जा चुका है।

चूंकि निर्माणकर्ता द्वारा कार्यालय में व्यक्तिगत रुप से मिलकर अपने निर्माण को नई शमन उपविधि-2025 के अन्तर्गत मिश्रित भू-उपयोग के अन्तर्गत शमन कराने हेतु लगभग 02 माह पूर्व आश्वासन दिया गया था, परन्तु वर्तमान तक शमन आवेदन प्रस्तुत नही किया गया। इसलिये ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। इसके अतिरिक्त प्रवर्तन जोन-01 में लगभग 25बीघा में निर्मित 03 अवैध कालोनियों में कालोनाईजर द्वारा बनायी गई सडक, बाउन्ड्रीवॉल, साईट ऑफिस, आदि को ध्वस्त कर दिया गया। उपरोक्त कार्यवाही प्रवर्तन जोन-01 व प्रवर्तन जोन-04 के समस्त स्टॉफ व प्राधिकरण पुलिस बल की सहायता से अवैध निर्माण/कालोनियों को ध्वस्त कर दिया। अवैध निर्माणों के विरुद्व ध्वस्तीकरण/सिलिंग की कार्यवाही इसी प्रकार आगे भी जारी रहेगी।

# जीडीए गेट पास हुई लूट का चंद घण्टे में खुलासा

## आठ घण्टे में खोल दिया सिहानीगेट पुलिस ने लूट की घटना

- तीन शातिर लुटेरे को किया गिरफ्तार
- लुटेरों के कब्जे से मोबाईल और असलाह बरामद



**भास्कर ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड़ के आदेश पर बदमाशों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत डीसीपी नगर धवल जायसवाल के निर्देशन में एसीपी सिहानी गेट और थाना प्रभारी सिहानीगेट के नेतृत्व में पुलिस ने जीडीए गेट के पास हुई होटल कर्मचारी के साथ लूट की घटना का खुलासा करते हुए तीन शातिर लुटेरों को गिरफ्तार किया है।

हथियार के बल पर लूट करने वाले शातिर बदमाशों को पांच मोबाइल व घटना में इस्तेमाल चाकू सहित गिरफ्तार किया गया है। कार्यवाहक एसीपी प्रियाश्री पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि 07जनवरी2026 को राजू वर्मा पुत्र केशर वर्मा निवासी ग्राम काऊसती जिला नोलपुर सुनौली बार्डर नेपाल ने उपस्थित थाना आकर सूचना दी कि मेरा भतीजा सुनील उडुपी नवयुग मार्किट से काम करके वापिस आ रहा था तभी जीडीए गेट के पीछे बाइक सवार दो अज्ञात युवकों ने चाकू से हमला कर उसका मोबाइल लूट लिया है।

घायल को इलाज के लिए तत्काल संतोष हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। जहाँ डॉक्टरों के अनुसार घायल खतरे से बाहर है। इस सूचना पर थाना सिहानीगेट पर तत्काल मुकदमा पंजीकृत कर घटना के खुलासे के लिए टीम का गठन किया गया। लगातार प्रयासों एवं मुखबिर खास की सूचना पर पुलिस द्वारा बस अड्डे के निकट रैन बसेरा के पीछे खाली स्थान से तीन युवकों को हिरासत में लिया गया।

नाम पूछने पर उन्होंने अपने नाम वीर उर्फ कल्लू उर्फ बल्लू पुत्र चन्द्र ,सोनू पुत्र रमेश. अमन पुत्र रामदूत बताया है। बदमाशों के कब्जे से पांच अदद मोबाइल, चाकू बरामद किया गया। डीसीपी नगर द्वारा पुलिस टीम के शानदार और चंद घण्टो में खुलासा होने पर उचित ईनाम की घोषणी की है।

पूछताछ में बदमाशों ने बताया की सोनू, हर्ष और कल्लू तीनो अच्छे दोस्त हैं। तीनो ने पूर्व में भी कई मोबाइल, रुपये पैसों की लूट,छिनैती, चोरी एवम बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है। तीनो ही नशाखोरी के एडिक्ट हैं। 6 जनवरी की रात्रि करीब 11 बजे इन तीनो ने जीडीए गेट के पास सुनसान स्थान पर घर जाते एक व्यक्ति का मोबाइल छीनने व चाकू मारकर घायल करने की घटना में शामिल होना स्वीकार किया।

साथ-ही सिहानी गेट व कोतवाली क्षेत्र के अन्य स्थानों पर मोबाइल चोरी, छीना जाना भी स्वीकार किया। तीनों शातिर बदमाशों के पकड़े जाने के बाद चोरी और लूट की घटनाओं में कमी आने की आशंका है।

# समर्थ सिंह की दमदार पारी, अर्जुन यादव की मैच-विनिंग गेंदबाजी से दिल्ली कोल्ट्स की 5 रन से जीत



**भास्कर ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** दिल्ली डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (डीडीसीए) लीग 2025-26 सत्र के एक बेहद रोमांचक मुकाबले में दिल्ली कोल्ट्स (Delhi Colts) ने जुझारू प्रदर्शन करते हुए रजनीगंधा क्लब (Rajnigandha Club) को कड़े संघर्ष के बाद 5 रन से पराजित किया। मैच का नतीजा आखिरी ओवर में जाकर तय हुआ।

पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली कोल्ट्स ने 247 रन बनाए। पारी के मुख्य आकर्षण रहे समर्थ सिंह, जिन्होंने आक्रामक लेकिन नियंत्रित बल्लेबाजी करते हुए 54 गेंदों में 80 रन बनाए। उनकी पारी में 5 छक्के और 5 चौके शामिल रहे, जिससे टीम को तेज गति मिली। दूसरे छोर से जसाकरण ने ज़िम्मेदारी निभाते हुए 77 रन जोड़कर स्कोर को मजबूत आधार प्रदान किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रजनीगंधा क्लब की टीम ने अंत तक संघर्ष किया और मुकाबले को पूरी तरह रोमांचक बनाए रखा। रन गति बनी रही और मैच किसी भी ओर जा सकता था, लेकिन निर्णायक क्षणों में दिल्ली कोल्ट्स के गेंदबाजों ने धैर्य और अनुशासन दिखाया।

**स्कोरकार्ड:**

दिल्ली कोल्ट्स 247 ऑलआउट; रजनीगंधा क्लब 242 ऑलआउट।

गेंदबाजी में अर्जुन यादव ने असली मैच-विनर की भूमिका निभाई। दबाव के पलों में गेंद हाथ में लेते हुए उन्होंने 50 रन देकर 4 महत्वपूर्ण विकेट झटके। शीर्ष बल्लेबाजों को पवेलियन भेजकर अर्जुन यादव ने रजनीगंधा की रनचेज की लय तोड़ी और दिल्ली कोल्ट्स की इस रोमांचक जीत की नींव रखी।

यह मुकाबला DDCA लीग 2025-26 सत्र के सबसे करीबी और उच्चस्तरीय मुकाबलों में शामिल किया जाएगा, जिसमें बल्लेबाजी और गेंदबाजी—दोनों विभागों में बेहतरीन क्रिकेट देखने को मिला। टीम के शानदार प्रदर्शन पर दिल्ली कोल्ट्स क्रिकेट क्लब (पंजीकृत) के चेयरमैन अनिरुद्ध त्रिपाठी ने सभी सदस्यों को बधाई दी।

# मोरारी बापू की नौ दिवसीय राम कथा दिल्ली में 17 जनवरी से

## पूर्व राष्ट्रपति की अध्यक्षता में होगा 'मानस सनातन धर्म' का आयोजन

- यूएनओ मुख्यालय, अमेरिका में भी राम कथा कर चुके हैं मोरारी बापू



**भास्कर ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** मानस वक्ता मोरारी बापू की 971वीं राम कथा ₹मानस सनातन धर्म₹ का आयोजन पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में देश की राजधानी दिल्ली में 17 से 25 जनवरी तक होने जा रहा है। अहिंसा विश्व भारत की तरफ से कथा का विशाल आयोजन प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में होगा।

मोरारी बापू की ये राम कथा होने से पहले ही चचाओं में है। उसका कारण है बापू द्वारा कथा से पूर्व ही इसके विषय की घोषणा कर देना। आमतौर पर मोरारी बापू राम कथा के पहले दिन व्यास पीठ से विषय (शीर्षक) की घोषणा करते हैं लेकिन राजधानी दिल्ली कि इस कथा के शीर्षक की घोषणा बापू ने महीनों पहले कर दी थी। चूंकि ये कथा सनातन धर्म पर केंद्रित होगी, इसलिए आज के वातावरण में इस कथा की चर्चा पूरे देश में कुछ ज्यादा ही हो रही है।

दरअसल, मोरारी बापू ने जुलाई 2023 में 12 ज्योतिर्लिंग की विशेष राम कथा के थे चौथे पड़ाव पर आंध्र प्रदेश के मल्लिकार्जुन में ये अपील की थी कि जो लोग सनातन धर्म छोड़कर गए हैं, वो वापस लौट आएं। बापू ने कहा था कि अपना सनातन हिंदू धर्म छोड़कर कहीं दूसरी जगह जो लोग चले गए हैं वो लौट आएं, व्यास पीठ उन्हें वापस घर बुला रही है। बापू का ये कथन खूब चर्चित हुआ था।

दिल्ली के भारत मंडपम में पहले दिन यानी 17 जनवरी को कथा की शुरूआत शाम चार बजे से होगी। उसके बाद प्रत्येक दिन कथा सुबह दस बजे शुरू होकर दोपहर लगभग डेढ़ बजे तक चलेगी। राम कथा श्रवण करने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसाद की व्यवस्था भी की गई है।

अब तक 970 राम कथा कर चुके मोरारी बापू अमेरिका में स्थित यूएनओ मुख्यालय में राम कथा करने वाले विश्व के पहले राम कथा वक्ता हैं। ये अति महत्वपूर्ण राम कथा जुलाई 2024 में हुई थी। अक्टूबर-नवंबर 2025 में रामवन गमन पथ पर की गई मोरारी बापू की राम यात्रा कथा भी चचाओं में रही है। वनवास जी दौरान चित्रकूट से रामेश्वरम तक भगवान राम जिस पथ पर चले थे, उसके अलग-अलग पड़ावों पर 9 दिन ये कथा हुई। रामेश्वरम से श्रीलंका और श्रीलंका से अयोध्या जाकर राम कथा ने विराम लिया था।

सत्य, प्रेम और करुणा को ईश्वर का स्वरूप मानने वाले मोरारी बापू व्यास पीठ से अकसर कहते हैं कि दूसरों को सुधारने के बजाय हमें दूसरों को स्वीकार करने की आदत डालनी चाहिए। बापू ये भी कहते हैं कि हम राम का नाम तो लेते हैं मगर राम का काम नहीं करते। भगवान राम ने किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया और मानव, पशु व राक्षस सभी को स्वीकार किया। भगवान राम ने सेतु की स्थापना कर जोड़ने का संदेश दिया मगर हम जोड़ने के बजाय तोड़ने के काम ज्यादा करते हैं। बापू ये भी कहते हैं कि संघर्ष से पहले समनव्य के सभी प्रयास किए जाने चाहिए।

मोरारी बापू की मोक्ष को लेकर भी अलग ही धारणा है। वो कहते हैं कि ईर्ष्या, द्वेष और निंदा से मुक्त हो जाना ही मोक्ष है। उल्लेखनीय है कि गाजियाबाद में लगभग साढ़े तीन दशक पूर्व मई 1990 में घंटाघर रामलीला मैदान में मोरारी बापू की राम कथा हुई थी। उसके बाद फरवरी 2016 में हिंदी भवन में हुए कवि सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में मोरारी बापू पधारे थे। उनकी तरफ से गाजियाबाद के शायर मासूम गाजियाबादी और जमील हापुड़ी का नागरिक अभिनंदन करते हुए उन्हें एक-एक लाख रुपए की सम्मान राशि भी दी गई थी।

# मकर संक्रान्ति पर बीकानेरवाला ने तैयार किया विशेष तरह का गजक



### बीकानेरवाला के गजक की खासियत

बीकानेरवाला का गजक सिर्फ मिठाई नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और परंपरा का अहम हिस्सा है, जो सर्दी के मौसम के अंत और नए मौसम के आगमन का प्रतीक है। तिल और गुड़ से बनी गजक शरीर को ऊर्जा देती है और ठंड से बचाती है, जिससे यह सेहतमंद भी होती है। यह बाहर से कुरकुरी और अंदर से नरम होती है, जो तिल और गुड़ के मीठे स्वाद के साथ मिलकर लाजवाब लगती है, और इसे चिक्की या पट्टी के रूप में भी बनाया जाता है। लोग इसे घर पर भी बनाते हैं और यह त्योहार के दौरान बनने वाली मिठाइयों में सबसे खास होती है, जिससे घरों में भी रौनक आ जाती है। गजक मकर संक्रांति के उत्सव का एक अभिन्न अंग है, जो स्वाद, स्वास्थ्य और परंपरा को एक साथ जोड़कर त्योहार की रौनक बढ़ाती है।

**भास्कर ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** हमारे भारतीय संस्कृति में धर्म शास्त्रों के साथ-साथ ज्योतिष शास्त्र में भी मकर संक्रांति का विशेष महत्व बताया गया है। इस पर्व पर सूर्य उपासना का यह पर्व नवग्रह शांति और जीवन में संतुलन के लिए बेहद शुभ माना जाता है। इसलिए सभी भारतीय मकर संक्रांति को बड़े धूमधाम से मनाते हैं। मकर संक्रांति पर गजक की बात न की जाए तो यह त्यौहार अधूरा सा लगता है।

इस मौके पर बीकानेरवाला के कर्मचारियों ने बताया कि मकर संक्रांति के त्यौहार पर उनकी तरफ से खास तैयारी है। उन्होंने बताया कि हमारे यहां मकर संक्रान्ति पर विशेष तरह का गजक बनाया जा रहा है जो लोगों के लिए खास होगी।

हमारे यहां की बनी मिठाई गजक की रौनक इसलिए खास होती है क्योंकि यह तिल और गुड़ से बनी एक पौष्टिक और पारंपरिक मिठाई है, जो सर्दियों में शरीर को गर्माहट देती है और त्योहार के उल्लास को बढ़ाती है, यह खुशियों, स्वास्थ्य और समृद्धि का प्रतीक है, जिसे परिवार और दोस्तों के साथ साझा किया जाता है, और इसके कुरकुरे, पिघलने वाले स्वाद से मुंह मीठा होता है, जिससे बाजारों में इसकी खूब बिक्री होती है और घर-घर में इसकी खुशबू फैल जाती है।

# अवैध कालोनियों को प्रशासन ने किया ध्वस्त

गाजियाबाद। रविन्द्र कुमार माँदड़, जिलाधिकारी गाजियाबाद के आदेशो के क्रम में दीपक सिंघनवाल ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी लोनी के निदेर्शानुसार राजस्व विभाग, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश औद्योगिक राज्य विकास प्राधिकरण द्वारा पुलिस टीम के साथ तहसील लोनी क्षेत्र के ग्राम मीरपुर हिन्दू एवं ग्राम बदरपुर मे यमुना नदी के डूब क्षेत्र एवं अन्य स्थानो पर अवैध रूप से काटी जा रही कालोनियों के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान लगभग 13.5 एकड क्षेत्र में फैली अवैध कालोनी को ध्वस्त किया गया। उक्त कार्यवाही के दौरान डॉ0 अरूण कुमार अग्रवाल तहसीलदार लोनी, श्री लीलू सिंह नायब तहसीलदार लोनी, अवर अभियंता एवं सुपरवाईजर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण तथा उत्तर प्रदेश औद्योगिक राज्य विकास प्राधिकरण के अधिकारी उपस्थित रहे।

संस्थापक स्व. महेश प्रसाद अग्रवाल। दैनिक भास्कर के स्वत्वाधिकारी संजय कुमार अग्रवाल के लिए मुद्रक व प्रकाशक अशोक निर्वाण द्वारा विवेक पब्लिशर्स ए–16 सेक्टर–7 नोएडा 201301 से मुद्रित एवं जे–2 बिशनपुरा सैक्टर, 58 नोएडा (उ0प्र0) से प्रकाशित, सम्पादक अशोक निर्वाण* (इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी*)। समस्त विवाद नोएडा न्यायालय के अधीन होंगे। वेबसाइट: danikbhaskarup.com आरएनआई नं. UPHIN/2010/33190, संपादकीय कार्यालय: 29, आरडीसी राजनगर निकट जिला न्यायालय व जिला जिलाधिकारी कार्यालय गाजियाबाद–201002 उत्तर प्रदेश, ई–मेल: nirwanjournalist.nirwan7@gmail.com, bhaskarnoidaadvertisement@gmail.com मो. 9711991712, लैंडलाइन +91125274802

# बिल्डर का कबूलनामा, जैद की पत्नी से खरीदी थी पिस्टल

भास्कर ब्यूरो



- पिस्टल की ऑनलाइन खरीद से जुड़े दस्तावेजों की एसटीएफ कर रही जांच
- जेल में जन्मदिन मनाने को लेकर जैद व बिल्डर की जोड़ी की हुई थी चर्चा

**आगरा।** सामने आए अवैध शस्त्र लाइसेंस प्रकरण में बड़ा खुलासा हुआ है। मामले से जुड़े एक बिल्डर ने एसटीएफ को जांच में सहयोग करने की बात कही है, लेकिन सार्वजनिक रूप से सामने आने से डर भी जताया है। बिल्डर ने अपने बयान में दावा किया कि उसने आरोपी जैद की पत्नी से पिस्टल खरीदी थी, जिसके बदले 50 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर किए गए थे।

बिल्डर के अनुसार, आरोपी जैद ने जांचकताओं को बताया था कि उसकी पत्नी के नाम कोई शस्त्र लाइसेंस नहीं है। इसके बावजूद कथित तौर पर पिस्टल का सौदा किया गया, जिससे पूरे लाइसेंस नेटवर्क पर सवाल खड़े हो गए हैं।बिल्डर और आरोपी जैद की पहली गहरी मुलाकात ताजगंज इलाके में एक मॉल और कॉलोनी के निर्माण के दौरान हुई थी। उस समय बिल्डर बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर था और उसने दोनों निर्माण स्थलों पर भारी मात्रा में बिल्डिंग मटेरियल की सप्लाई की थी।सूत्रों के अनुसार, मॉल और कॉलोनी प्रोजेक्ट के बाद बिल्डर ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। एक छोटी सी दुकान से बिल्डिंग मटेरियल का काम करने वाला व्यक्ति कुछ ही समय में बड़ा बिल्डर बन बैठा। इसी दौरान जैद से उसकी नजदीकियां और मजबूत होती चली गईं।जांच में यह भी सामने आया है कि जब सिकंदरा थाना क्षेत्र में बिल्डर ने अपने ऑफिस का उद्घाटन किया था, उस दौरान जैद अरब पोशाक पहनकर वहां पहुंचा था। यह दृश्य उस वक्त भी चचाओं में रहा था। जांच एजेंसियों को जानकारी मिली है कि बसपा विधायक से जुड़े लोगों ने एक बार बिल्डर की पिटाई की थी।

इस घटना के बाद एक पार्षद ने थाने पहुंचकर बिल्डर को छुड़ाया था। सूत्रों के मुताबिक, के आगरा जेल में रहने के दौरान जन्मदिन मनाने के प्रकरण में जैद और बिल्डर की जोड़ी चर्चा में आई थी। इसी प्रकरण के बाद मामले ने तूल पकड़ा। एसटीएफ सूत्रों का कहना है कि जैद की पत्नी को पूछताछ के लिए तलब किया जा सकता है। पिस्टल की खरीद-फरोख्त, ऑनलाइन भुगतान और लाइसेंस से जुड़े दस्तावेजों की गहन जांच जारी है।मुख्तार प्रकरण के बाद के बयान सामने आने के बाद बिल्डर ने दिखावे के तौर पर जैद से दूरी बनानी शुरू कर दी थी। हालांकि जांच एजेंसियां इस दूरी को औपचारिक मानते हुए सभी कड़ियों की पड़ताल कर रही हैं।इसी प्रकरण में एक अन्य आरोपी अरशद ने अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए अचानक कई हथियार सरेंडर कर दिए हैं। वर्तमान में अरशद के पास सिर्फ एक वैध लाइसेंस ही शेष बताया जा रहा है। एस टी एफ अब इस मामले में जैद, उसकी पत्नी, बिल्डर और उनसे जुड़े आर्थिक व आपराधिक नेटवर्क की कड़ियों को जोड़कर जांच कर रही है। अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त, ऑनलाइन ट्रांजैक्शन और लाइसेंस से जुड़े दस्तावेजों की गहन पड़ताल जारी है। सूत्रों का दावा है कि आने वाले दिनों में और भी बड़े नाम सामने आ सकते हैं।

# अवैध खनन पर गिरी गाजः 1010 गाड़ियां सीज, वसूले 489 करोड़

## डीएम के निर्देश पर विभाग ने अप्रैल से दिसम्बर तक चलाया विशेष अभियान

भास्कर ब्यूरो

**आगरा।** जिले में अवैध खनन और खनिजों के गैरकानूनी परिवहन पर रोक लगाने के लिये खनन विभाग द्वारा जिलाधिकारी अरविंद बंगारी मल्लप्पा के निर्देश पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत गिट्टी, पत्थर, बालू एवं मिट्टी के अवैध खनन व परिवहन में संलिप्त वाहनों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जा रही है।



खनन विभाग की टीमों ने विभिन्न मार्गों, खनन संभावित क्षेत्रों और परिवहन रूटों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। जांच के दौरान बिना वैध प्रपत्रों के खनिज परिवहन करते पाए गए कई वाहनों को रोककर उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई। कुछ वाहनों को सीज किया गया, जबकि अन्य पर भारी जुमार्ना लगाया गया है। खनन विभाग आगरा द्वारा अवैध खनन परिवहन को रोकने को लेकर 1 अप्रैल 2025 से 31 दिसम्बर 2025 तक विशेष अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत खनन विभाग ने अवैध खनन परिवहन करने वाली 1010 गाड़ियों को सीज कर उनसे 488.96 लाख रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया है।

खनन विभाग ने सिर्फ दिसम्बर माह में ही अवैध खनन परिवहन में 113 वाहनों को बंद किया गया है। जिनसे 41.81 लाख रुपए सम्मन शुल्क वसूल किया गया है।

ज्येष्ठ खनन अधिकारी एमके पांडेय ने बताया कि अवैध खनन न केवल सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि पर्यावरण को भी गंभीर क्षति पहुंचाता है। यह अभियान लगातार जारी रहेगा और लापरवाही या नियम उल्लंघन करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। खनन विभाग ने वाहन चालकों और खनन से जुड़े लोगों से अपील की है कि वे केवल वैध अनुमति और आवश्यक दस्तावेजों के साथ ही खनिजों का खनन व परिवहन करें।

# सार सुर्खियां

## बच्चों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**भास्कर ब्यूरो, आगरा।** आगनवाड़ी केंद्र नगला हवेली दयालबाग पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान ट्रस्ट आगरा के प्रतिनिधियों के सहयोग से सभी बच्चो के लिए एक स्वास्थ्य जागरूकता गतिविधि का आयोजन किया गया जिसमे सभी बच्चों से, उनके माता पिता से अलग अलग विषयों पर बात करी गई ,उनके स्वास्थ्य के बारे में जाना गया, टीकाकरण की स्थिति के बारे में चर्चा करी गई व बच्चो के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले कारणों का विश्लेषण भी किया गया । इस दौरान सभी बच्चो के लिए एक संगीत कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमे बच्चो को बांसुरी पर गीत सुनाए गए व कुछ बच्चो ने संगीत में अपनी रुचि भी जताई। टीम सदस्यों के द्वारा एक बच्चे के मानसिक स्वास्थ्य संबंधी कुछ परेशानी भी सामने आई जिसे ट्रस्ट सदस्यों द्वारा दूर करने का प्रयास किया जाएगा ।

## मानपाड़ा में फोर विंस ड्राइवः हर घर चार डस्टबिन की नगर निगम ने की सघन जांच



**भास्कर ब्यूरो, आगरा।** स्वच्छता व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने तथा स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों के तहत नगर आयुक्त के आदेश पर छत्ता जोन अंतर्गत वॉर्ड नंबर 92 के मानपाड़ा क्षेत्र में फोर विंस ड्राइव अभियान चलाया गया। इसका नेतृत्व जोनल स्वच्छता अधिकारी (जेड.एस.ओ) आशुतोष कुमार वर्मा के द्वारा किया गया। अभियान के तहत नगर निगम की आई.ई.सी टीम ने मानपाड़ा क्षेत्र के स्वच्छ मोहल्ले में घर-घर जाकर चार डस्टबिन की उपलब्धता की जांच की। टीम ने स्थानीय रहवासियों को गीले कचरे, सूखे कचरे, जैव अपशिष्ट एवं घरेलू हानिकारक कचरे के पृथक्करण की जानकारी दी और प्रत्येक श्रेणी के लिए अलग-अलग डस्टबिन रखने की अनिवार्यता से अवगत कराया। नगर निगम टीम ने स्पष्ट रूप से बताया कि यदि किसी घर में चार डस्टबिन नहीं पाए गए तो संबंधित परिवार पर एक हजार रुपये तक का जुमार्ना लगाया जा सकता है। इस दौरान लोगों को यह भी समझाया गया कि कचरे का स्रोत पर ही पृथक्करण करने से शहर की स्वच्छता व्यवस्था बेहतर होगी और कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण में भी सुविधा मिलेगी। अभियान के दौरान टीम ने नागरिकों से अपील की कि वे नगर निगम के साथ सहयोग करें और अपने मोहल्ले को स्वच्छ बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं। निगम अधिकारियों का कहना है कि इस प्रकार के अभियान आगे भी निरंतर चलाए जाएंगे, ताकि आगरा को स्वच्छ और स्वस्थ शहर के रूप में विकसित किया जा सके।

# अवंती वाई लोधी क्रिकेट टूर्नामेंट रॉयल इलेवन ने जीता

भास्कर ब्यूरो



**आगरा।** महारानी अवंती वाई इंटर कॉलेज श्यामों के मैदान खेले जा रहे 26 वे महारानी अवंती वाई लोधी क्रिकेट टूर्नामनेट में बृहस्पतिवार को तिरंगा क्रिकेट क्लब ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया ।निर्धारित 16 ओवरों में 166 रन बनाए । जवाब में उतरी रॉयल इलेवन की शुरूआत बहुत ही निराशाजनक रही। शानदार प्रदर्शन करके मुरारी लाल लोधी ने अंतिम वॉल में 6 छक्का लगाकर मैच जीत लिया । रॉयल इलेवन ने 170 रन बनाए जो इस क्रिकेट टूर्नामनेट का सर्वाधिक स्कोर है। सतीश लोधी को मैंन ऑफ द मैच मिला।

# खेरागढ़ विधानसभा क्रिकेट महासंग्रामः गोरऊ रिठौरी व पुसेता को मिली शानदार जीत

भास्कर ब्यूरो



**खेरागढ़।** खेरागढ़ विधानसभा क्रिकेट महासंग्राम के सातवें दिन मंडी समिति ग्राउंड पर क्रिकेट प्रेमियों का उत्साह अपने चरम पर नजर आया। दर्शकों से खचाखच भरे मैदान में खेले गए दोनों मुकाबलों ने रोमांच भरपूर परोसा, जिसमें गोरऊ रिठौरी ग्राम पंचायत और पुसेता न्याय पंचायत ने दमदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज कर अगले दौर में अपनी जगह पक्की की।

पहला मुकाबला गोरऊ रिठौरी ग्राम पंचायत और मिहावा न्याय पंचायत के बीच खेला गया। टॉस जीतकर मिहावा न्याय पंचायत ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। 15-15 ओवरों के इस मुकाबले में मिहावा न्याय पंचायत की टीम 9 विकेट खोकर 146 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोरऊ रिठौरी ग्राम पंचायत की टीम ने 5 विकेट के नुकसान पर 148 रन बनाकर मैच 5 विकेट से अपने नाम कर लिया। बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए देवेश (गोरऊ रिठौरी ग्राम पंचायत) को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।


दूसरा मुकाबला तहसील प्रशासन और पुसेता न्याय पंचायत के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर पुसेता न्याय पंचायत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट के नुकसान पर 128 रन बनाए। जवाब में तहसील प्रशासन की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 7 विकेट खोकर मात्र 80 रन ही बना सकी। इस तरह पुसेता न्याय पंचायत ने 48 रन से शानदार जीत दर्ज की। उत्कृष्ट ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए पुसेता न्याय पंचायत के करन को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

मैचों के समापन पर आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं चेयरमैन खेरागढ़ सुधीर गर्ग गुड्डू ने विजेता टीमों को सम्मानित कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर सत्यप्रकाश अग्रवाल बाबू जी (जगनेर), मनोज अग्रवाल, पवन अग्रवाल, नरेंद्र चौधरी, वेटू तोमर, रविंद्र गोस्वामी सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# एनजीटी-ग्रेप नियमों का उल्लंघन होटल को पड़ा महंगा, लगा जुर्माना

## ताजगंज के होटल पर कोयला की भट्ठियां जलाने व सार्वजनिक स्थल पर कचरा फेंकने पर हुई कार्रवाई

भास्कर ब्यूरो



**आगरा।** वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए लागू एनजीटी और ग्रेप के नियमों का उल्लंघन करने पर नगर निगम ने होटल पर सख्त कार्रवाई की है। ताजगंज क्षेत्र स्थित होटल गंगा रतन में प्रतिबंध के बावजूद कोयला की भट्ठियों के संचालन और सार्वजनिक स्थल पर कचरा फेंकने के मामले में नगर निगम द्वारा होटल प्रबंधन पर 10 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया है।

नगर निगम प्रशासन को शिकायत मिली थी कि होटल में प्रतिबंध के बावजूद कोयला की भट्ठियों का उपयोग किया जा रहा है, जिससे वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। सूचना के आधार पर जेड.एस.ओ. ताजगंज महेंद्र सिंह और एस.एफ.आई. योगेंद्र कुशवाहा ने टीम के साथ मौके पर छापामारी की। निरीक्षण के दौरान होटल परिसर में कोयला की भट्ठियां सुलगती हुई पाई गईं, जो सीधे तौर पर एनजीटी और ग्रेप के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन है। इसके साथ ही निरीक्षण में यह भी सामने आया कि होटल का कचरा सेल्फी प्वाइंट नमस्ते के पास सार्वजनिक स्थल पर फेंका जा रहा था, जिससे आसपास गंदगी फैल रही थी और पर्यावरण के साथ-साथ पर्यटन छवि को भी नुकसान पहुंच रहा था। नगर निगम की टीम ने मौके पर ही होटल प्रबंधन से 10 हजार रुपये का जुमार्ना वसूलते हुए कड़ी चेतावनी दी कि यदि भविष्य में इस प्रकार की गतिविधियां दोबारा पाई गईं तो होटल के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल का कहना है कि वायु प्रदूषण और गंदगी फैलाने के मामलों में नगर निगम की जीरो टॉलरेंस नीति है। एनजीटी और ग्रेप के नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। किसी भी कीमत पर नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भविष्य में भी ऐसे मामलों पर कड़ी निगरानी और कार्रवाई जारी रहेगी।

# गृहकर बकायेदारों पर सख्ती, पांच दुकानें सील

## नगर निगम ने 50 हजार से अधिक बकाया होने पर संजय प्लेस स्थित कपड़ा मार्केट में की कार्रवाई

भास्कर ब्यूरो



**आगरा।** नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल के निर्देश पर नगर निगम प्रशासन द्वारा बड़े गृह कर बकायेदारों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में संजय प्लेस स्थित कपड़ा मार्केट में कार्रवाई करते हुए निगम के राजस्व कर्मियों ने पांच दुकानों को सील कर दिया। इन दुकानों पर 50 हजार रुपये से अधिक का गृह कर बकाया था।

निगम प्रशासन के अनुसार, संबंधित बकायेदारों को पूर्व में कई बार नोटिस दिए गए थे तथा वारंट भी जारी किए जा चुके थे, लेकिन इसके बावजूद बकाया गृह कर जमा नहीं कराया गया। इसके बाद मजबूरन सीलिंग की कार्रवाई की गई। सील की गई दुकानों में शिव नारायण गर्ग, मोहन बाबू, कन्हैया लाल, राकेश कुमार जैन किशन लाल के प्रतिष्ठान शामिल हैं, जो संजय प्लेस कपड़ा मार्केट में स्थित हैं। इन दुकानों पर अलग-अलग संपत्ति आईडी के अंतर्गत लंबे समय से गृह कर बकाया चल रहा था। नगर निगम के रिकॉर्ड के अनुसार, इन पांच दुकानों पर कुल मिलाकर करीब 1402,785 रुपये के आसपास गृह कर बकाया है।

कार्रवाई निर्धारण अधिकारी अवधेश कुमार के नेतृत्व में की गई, जिसमें राजस्व विभाग की टीम मौजूद रही। सीलिंग के दौरान बाजार में अफरा-तफरी का माहौल रहा और अन्य दुकानदारों में भी हड़कंप मच गया। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि बकाया गृह कर जमा कराए बिना किसी भी सील को नहीं खोला जाएगा और आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

नगर निगम की आय शहर के विकास से सीधे जुड़ी हुई है। बार-बार नोटिस और वारंट के बावजूद जो लोग गृह कर जमा नहीं कर रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। 50 हजार रुपये से अधिक के बकायेदारों पर यह अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी को भी बकाया रखने की छूट नहीं दी जाएगी।

# 360 वार्डनों को मिलेगा आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

भास्कर ब्यूरो

**आगरा।** उप नियन्त्रक, नागरिक सुरक्षा मुनेश कुमार गुप्ता ने अवगत कराया है कि विभिन्न आपदा स्थितियों में जनपद की प्राथमिक प्रतिक्रिया क्षमता मजबूत करने के उद्देश्य से जनपद में ष्ज्तंपदपदह ंदक ब्वंबपजल ठनपसकपदहष् प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन डायमण्ड जुबली हॉल, आंबेडकर विश्वविद्यालय, में 09 से दिनांक 12 फरवरी तक किया जा रहा है।

उन्होंने बताया है कि प्रत्येक सत्र में नागरिक सुरक्षा के 90-90 वार्डनों/स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित किया जायेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम सत्र का शुभारम्भ जिलाधिकारी अरविन्द मल्लप्पा बंगारी के द्वारा प्रातः 11 बजे किया जा रहा है।

## उपमुख्यमंत्री के आगमन को लेकर डीएम ने कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा

जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने फतेहाबाद की ग्राम पंचायत पैतीखेड़ा में स्थित सती माता मंदिर प्रांगण में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में ग्राम जन चौपाल के आयोजन के दृष्टिगत तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने साफ-सफाई, मंच व्यवस्था, बैठने की क्षमता, ध्वनि प्रणाली, पेयजल की उपलब्धता, विद्युत आपूर्ति, बैरिकेडिंग ,पार्किंग व्यवस्था सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस प्रशासन के समन्वय आदि के संबंध में समीक्षा कर निर्देश दिए। इस अवसर पर विधायक छोटेलाल वर्मा, जिला अध्यक्ष भाजपा प्रशांत पौनिया, मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह, एसडीएम फतेहाबाद पीडी डीआरडीए रेनू कुमारी, डीसी मनरेगा रामायण सिंह यादव, डीसी एनआरएलएम राजन राय, समाज कल्याण अधिकारी जखंड विकास अधिकारी फतेहाबाद, सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# योगी सरकार संवार रही दिव्यांग बच्चों का भविष्य

## आगरा के बचपन डे केयर सेंटर से मिल रही नई उड़ान, पाठ्य सामग्री, यूनिफॉर्म व सहायक उपकरण, ब्रेल किट व एडीएल किट निःशुल्क करायी जा रही उपलब्ध

भास्कर ब्यूरो



**आगरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार दिव्यांग बच्चों (विशेष आवश्यकता वाले बच्चों) को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है। समावेशी शिक्षा को सशक्त बनाने के संकल्प के साथ जनपद आगरा में विजय नगर स्थित संचालित बचपन डे केयर सेंटर दिव्यांग बच्चों के जीवन में उजाला फैला रहे हैं।

यहां 03 से 07 वर्ष तक के श्रवण बाधित, दृष्टि बाधित और मानसिक मंदित बच्चों को न केवल शिक्षा दी जा रही है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए विशेष प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा रहा है। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ज्ञान देवी ने बताया कि इन केंद्रों का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को सामान्य विद्यालयों में प्रवेश के योग्य बनाना है।

इसके लिए बच्चों को उच्च कोटि के उपकरण, ब्रेल किट, एडीएल किट, व्हीलचेयर और कान की मशीन जैसे सहायक उपकरण निःशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं। बच्चों को पढ़ाई बोझ न लगे, इसके लिए कंप्यूटर और प्रोजेक्टर के माध्यम से आधुनिक तरीके से शिक्षा दी जाती है। साथ ही सेंटर में विशेष शिक्षकों द्वारा शिक्षण- प्रशिक्षण के साथ- साथ निःशुल्क यूनिफॉर्म और पाठ्य सामग्री भी प्रदान की जा रही है।

योगी सरकार का मानना है कि दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए सर्वांगीण विकास जरूरी है। इसी सोच के साथ बचपन डे केयर सेंटर में स्पीच थेरेपी, फिजियोथेरेपी और काउंसलर की व्यवस्था की गई है। शिक्षा के साथ-साथ यहाँ बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए खेलकूद का मैदान, टेलीविजन, डांस और संगीत की कक्षाएं भी आयोजित की जाती हैं। इसके अतिरिक्त बच्चों के पोषण का ध्यान रखते हुए शुद्ध पेयजल और पौष्टिक मध्यान्ह भोजन की भी समुचित व्यवस्था है।

दिव्यांग कल्याण के प्रति सरकार की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वर्तमान में प्रदेश में 25 बचपन डे केयर सेंटर सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं। सरकार ने इस मुहिम को और विस्तार देने के लिए वित्तीय वर्ष 2025- 26 के बजट में 28 नए बचपन डे केयर सेंटर खोलने का प्रावधान किया है।

# पीडब्लूडी चीफ को दिया पत्र

भास्कर ब्यूरो

**फतेहपुर सीकरी।** फतेहपुर सीकरी क्षेत्र में जर्जर हो रही सड़कों व सड़कों पर जल भराव को लेकर वरिष्ठ भाजपा किसान नेता मोहन सिंह चाहर ने पी डब्लू डी चीफ इंजीनियर एन. के. यादव को पत्र देकर मांग की कि ग्राम पंचायत अरहेरा, मंडी मिजार्खान सहित फतेहपुर सीकरी क्षेत्र की गड्ढा युक्त जान लेवा बनी सड़क मार्गों की अविलंब मरम्मत कराई जाए । किसान नेता मोहन सिंह चाहर ने कहा कि अरहेरा पर एक से डेढ़ फुट गहरे गड्ढे जलभराव हो रहा है आए दिन राहगीर उसमें गिरकर चोटिल हो रहे हैं, गत 11 दिसंबर को जलभराव युक्त गड्ढे में एक मोटरसाइकिल सवार राहगीर गिर कर चोटिल हो गया, किसान नेता मोहन सिंह चाहर ने गाड़ी रोककर उसकी मदद की थी , इसी तरह मंडी मिजार्खान पर भी सड़क में गड्ढे जलभराव है, फतेहपुर सीकरी क्षेत्र की कई सड़क जान लेवा बन गई हैं, लेकिन विभागीय अधिकारी किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं। चाहर ने चेतावनी दी है कि अगर अरहेरा सहित फतेहपुर सीकरी क्षेत्र की गड्ढा युक्त सड़कों पर गिट्टी डालकर मरम्मत नहीं कराई गई तो ग्रामीण किसानों के साथ आंदोलन किया जाएगा । पी डब्लू डी चीफ इंजीनियर एन के यादव ने बताया कि अरहेरा सड़क ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की है, विभाग को सड़क मार्ग को गड्ढा मुक्त करने और मरम्मत करने के लिए पत्र भेजा जा रहा है, और जो सड़क पी डब्लू डी की हैं उनका निरीक्षण कराकर गड्ढा मुक्त की जायेगी। इस अवसर पर मोहन सिंह चाहर के साथ केशवदेव शर्मा, जगमोहन लवानिया भी उपस्थित रहे।

# यमुना में डूब रही वृद्धा की जान बचाने वाला युवक हुआ सम्मानित

## एसडीएम स्वाति शर्मा ने गांव पूठपुरा निवासी के साहसिक कार्य को सराहा

भास्कर ब्यूरो



**फतेहाबाद।** शंकरपुर घाट पर यमुना नदी में कूदकर आत्महत्या का प्रयास कर रही वृद्ध महिला की जान बचाने वाले युवक को बृहस्पतिवार को उपजिलाधिकारी फतेहाबाद ने सम्मानित किया। एसडीएम स्वाति शर्मा ने अपने कार्यालय में गांव पूठपुरा निवासी रामबाबू निषाद को बुलाकर उनके साहसिक कार्य की सराहना की और सम्मानित किया।

जानकारी के अनुसार बीते 5 दिसंबर को थाना फतेहाबाद क्षेत्र के गांव पूठपुरा निवासी रामबाबू निषाद पुत्र भंवर सिंह अपने साथियों के साथ क्रिकेट खेलने के लिए फिरोजाबाद की ओर जा रहे थे। इसी दौरान शंकरपुर घाट स्थित यमुना नदी के पुल से उन्होंने एक वृद्ध महिला को नदी में कूदते हुए देखा।तभी रामबाबू निषाद अपने साथियों के साथ तत्काल नदी किनारे पहुंचे और जान जोखिम में डालकर यमुना नदी में कूद गए। कड़ी मशक्कत के बाद उन्होंने वृद्ध महिला को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

इस साहसिक कार्य की जानकारी प्रशासन को मिलने पर बृहस्पतिवार को उप जिलाधिकारी स्वाति शर्मा ने रामबाबू निषाद को कार्यालय बुलाकर उनका सम्मान किया। एसडीएम ने कहा कि रामबाबू का कार्य समाज के लिए प्रेरणास्रोत है और ऐसे युवाओं पर क्षेत्र को गर्व है।

इस अवसर पर नायब तहसीलदार प्रमोद कुमार, लाल बहादुर वर्मा, शिवराम वर्मा आदि मौजूद रहे।

घायल तो यहां हर परिंदा है। मगर जो फिर से उड़ सका वहीं जिंदा है..

# मिशन शक्ति फेज-5 के तहत नसीदीपुर में जागरूकता बैठक, महिलाओं को दी गई सुरक्षा व स्वास्थ्य की जानकारी

भास्कर ब्यूरो




बकेवर (इटावा)।मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत गुरुवार को थाना बकेवर क्षेत्र के ग्राम पंचायत बकेवर के ग्राम नसीदीपुर में महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्राधिकारी भरथना रामदबन मौर्य थाना अध्यक्ष विपिन कुमार मलिक सहित मिशन शक्ति टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं को एकत्रित कर उनकी सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं अधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। अधिकारियों ने महिलाओं को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए आपात स्थिति में तत्काल सहायता लेने के लिए प्रेरित किया।बैठक में पुलिस आपातकालीन सेवा 112, वीमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 सहित अन्य आवश्यक नंबरों की जानकारी दी गई।साथ ही महिलाओं को विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आयुष्मान भारत योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया।

अधिकारियों ने महिलाओं से अपील की कि वे सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा दी गई जानकारी को अपने परिवार और समाज में साझा करें। छात्र-छात्राओं को शिक्षा को प्राथमिकता देने और योजनाओं का लाभ लेकर भविष्य उज्ज्वल बनाने का संदेश भी दिया गया।इस अवसर पर थाना अध्यक्ष विपिन कुमार ने कहा कि सुरक्षित, स्वस्थ और जागरूक रहना ही सशक्त समाज की पहचान है।

# शिवपाल सिंह ने अधियापुरा में सैकड़ो जरूरतमंदों को कंबल वितरित किये

भास्कर ब्यूरो





सैफई। सैफई क्षेत्र के ग्राम अधियापुर में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव के मुख्य आतिथ्य में विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन एवं कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिवपाल सिंह यादव ने कड़ाके की ठंड को देखते हुए सैकड़ो जरूरतमंद गरीबों को कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम में पहुंचने पर शिवपाल सिंह यादव का ग्राम अधियापुर में ढोल-नगाड़ों, फूल-मालाओं और जोरदार नारों के साथ स्वागत किया गया। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, ग्रामीण, समाजसेवी और गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यकताओं और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए शिवपाल सिंह यादव ने केंद्र व प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। आज थाने और तहसील में बिना रिश्वत के कोई काम नहीं होता। एक लाख से लेकर पांच लाख रुपये तक रिश्वत देने पर ही लोगों के काम किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसान सबसे अधिक परेशान हैं। सिंचाई के लिए बिजली नहीं मिल पा रही है, जिससे फसलें सूख रही हैं और किसान कर्ज के बोझ तले दबता जा रहा है।शिवपाल यादव ने केंद्र सरकार के ह्यविकसित भारतह्न के नारे पर सवाल उठाते हुए कहा कि पहले भारत पर कर्ज जीडीपी का लगभग 34 प्रतिशत था, आज यह बढ़कर 93 प्रतिशत हो गया है। जब देश कर्ज में डूबा हो तो उसे विकसित भारत कैसे कहा जा सकता है।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार में गरीब किसानों के कर्ज माफ किए जाते थे, जब कि आज भाजपा सरकार में पूंजीपतियों के हजारों करोड़ रुपये के कर्ज माफ किए जा रहे हैं।शिवपाल सिंह यादव ने समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे आगे आकर जरूरतमंदों की मदद करें, ठंड के मौसम में कंबल वितरण जैसे सामाजिक कार्यों को लगातार जारी रखें। कार्यक्रम के दौरान शिवपाल सिंह यादव ने कई समाजसेवियों, पत्रकारों, ग्राम प्रधानों एवं पूर्व प्रधानों को सम्मानित किया। कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन समाजसेवी देवेश पचौरी एवं आलोक मिश्रा लालू के सौजन्य से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पत्रकार सुभाष त्रिपाठी ने की।जबकि संचालन राष्ट्रीय कवि मयंक विधौलिया ने किया। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बब्लू, विधायक प्रतिनिधि ठाकुर अजेंद्र सिंह गौर, स्वदेश पचौरी, संजीव यादव, अंजार अहमद, सीमा यादव, सपा के जिला सचिव जितेंद्र यादव मोना, खन्ना यादव, शिब्बू भदौरिया, सीमा पाल, विक्की गुप्ता, मीरा गुप्ता, रवि यादव जिला अध्यक्ष छात्र सभा, फरहान शकील जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा, देवेंद्र भदोरिया, अनिल मिश्रा, उदयभान सिंह यादव एसआईआर प्रभारी इटावा, विजय यादव उदी, आदि का आयोजक देवेश पचौरी व आलोक मिश्रा, अमन पचौरी, स्वदेश पचौरी ने स्वागत किया।

# हाइवे किनारे अतिक्रमण पर चला प्रशासन का डंडा, फुटपाथ कराए गए खाली

भास्कर ब्यूरो



जसवन्त नगर। राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित बड़े चौराहे के आसपास लंबे समय से फुटपाथों पर जमे अतिक्रमण को हटाने के लिए गुरुवार को प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए संयुक्त अभियान चलाया क्षेत्राधिकारी आयुषी सिंह,नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी श्यामवचन सरोज तथा एनएचआई इंसिडेंट मैनेजर सुनीत चौहान के साथ पुलिस और नगर पालिका की टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध कब्जे हटवाए।हाइवे किनारे फुटपाथों पर गल्ला, मिठाई, चाय की दुकानें, हाथठेले, टिन शेड लगाकर तथा ऑटो, टिर्री और ट्रैवल्स वाहनों को खड़ा कर अतिक्रमण किया गया था, जिससे राहगीरों को पैदल चलने में परेशानी के साथ-साथ आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती थी। अभियान के दौरान उपनिरीक्षक मनीष कुमार, ललित कुमार,कृष्ण कुमार, शुभम वर्मा के साथ कांस्टेबल अवनीश कुमार, तरुण कुमार, अरविन्द धीरेन सहित करीब एक दर्जन पुलिसकर्मी मौजूद रहे टीम ने कार्रवाई करते हुए कई दुकानों और ठेलों को तत्काल हटवाया तथा फुटपाथ खाली कराए। कुछ दुकानदारों को सख्त चेतावनी देते हुए शुक्रवार दोपहर तक स्वयं अतिक्रमण हटाने का समय दिया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि निर्धारित समय के बाद भी कब्जा पाए जाने पर जुमार्ना व जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।प्रशासन का कहना है कि यह अभियान ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने और सड़क सुरक्षा को लेकर चलाया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर बढ़ते वाहनों के दबाव को देखते हुए फुटपाथों का खाली रहना जरूरी है, ताकि पैदल यात्रियों को सुरक्षित मार्ग मिल सके और जाम की समस्या से निजात मिल सके। आगे भी ऐसे अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे।

## सिंचाई बंधु की बैठक 13 को

भास्कर ब्यूरो

इटावा। अधिशासी अभियंता इटावा प्रखण्ड निचली गंगा नहर ने बताया कि जनपद सिंचाई बंधु की बैठक माह जनवरी के द्वितीय मंगलवार 13 जनवरी को पूर्वान्ह 11 बजे शासन द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुसार इटावा प्रखण्ड के प्रांगण स्थित नवीन प्रशासनिक भवन के मीटिंग हाल में कृषकों की उपस्थिति में आयोजित की जाएगी। जिसकी अध्यक्षता शासन द्वारा मनोनीत उपाध्यक्ष अशोक दीक्षित करेंगे।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत ट्रैक्टर-ट्रालियों में रिफ्लेक्टिव टेप लगाने को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

भास्कर ब्यूरो



इटावा शासन के निदेर्शानुसार सड़क सुरक्षा के प्रति आम जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से जनपद में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 01 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक मनाया जा रहा है। कार्यक्रम के आठवें दिन समस्त व्यवसायिक वाहनों एवं ट्रैक्टर-ट्रालियों के पीछे मानक के अनुरूप रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप, बैक लाइट एवं फॉग लाइट की क्रियाशीलता सुनिश्चित कराने को लेकर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) द्वारा जनपद में संचालित ट्रैक्टर-ट्रालियों में रिफ्लेक्टिव टेप लगाने को लेकर किसानों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में किसान भाइयों से अपील की गई कि वे अपने-अपने ट्रैक्टर-ट्रालियों में अनिवार्य रूप से रिफ्लेक्टिव टेप लगवाएं, रात्रि के समय बैक लाइट का प्रयोग करें तथा कोहरे में फॉग लाइट का उपयोग करें।इसके साथ ही किसानों को यह भी बताया गया कि ट्रैक्टर-ट्रालियों में किसी भी प्रकार से व्यक्तियों या यात्रियों को न बैठाएं। मंदिर दर्शन, मेला, नुमाइश अथवा दर्शनीय स्थलों पर ट्रालियों में सवारियां भरकर न ले जाएं। यदि पुलिस प्रशासन द्वारा इस प्रकार की सवारी ढोने से मना किया जाए तो सहयोग करें और विरोध न करें।कार्यक्रम में ओवरस्पीड से ट्रैक्टर न चलाने, ट्रालियों में ओवरलोड भार न लादने तथा कृषि कार्य हेतु पंजीकृत ट्रालियों का उपयोग केवल कृषि कार्य के लिए ही करने की अपील की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि ट्रालियों में किसी भी प्रकार की सवारी, यात्री या बच्चों को बैठाना नियमों के विरुद्ध है और इससे गंभीर दुर्घटनाएं हो सकती।

## सार सुर्खियां

### एआरपी संघ का चुनाव, अश्वनी जिलाध्यक्ष, चन्द्र जीत महामंत्री निर्विरोध निर्वाचित



भास्कर ब्यूरो, इटावा। जनपद के एआरपी संघ का निर्वाचन कार्यक्रम प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार कानपुर मंडल संयोजक डॉ अनुजा सेंगर की देखरेख में सम्पन्न हुआ। एआरपी साथियों ने सर्वसम्मति से अश्वनी कुमार यादव को जिलाध्यक्ष एवं चन्द्र जीत सिंह को जिला महामंत्री चुना। कार्यकारणी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष उपेन्द्र कुमार सिंह एवं कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह,उपाध्यक्ष पद पर राहुल त्रिपाठी,पुष्पेंद्र शाक्य,आशुतोष शुक्ला एवं प्रियंका गुप्ता,संयुक्त मंत्री पद पर सुनील कुमार सिंह एवं ऋषभ यादव,संगठन मंत्री पद पर प्रियंका गौर एवं प्रदीप पाल,जिला मीडिया प्रभारी आशीष मिश्रा एवं राहुल दुबे, जिला प्रवक्ता गिरजेश सिंह यादव एवं चन्द्र कांत त्रिपाठी को निर्विरोध निर्वाचित किया गया।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कहा रिक्त पदों पर भर्ती पूर्ण कराने एवं जनपद को शासन की मंशा के अनुरूप निपुण जनपद बनाना एवं गुणवत्तापरक शिक्षा हेतु शिक्षकों के साथ समन्वय स्थापित करना।कार्यक्रम के दौरान शिव प्रताप सिंह, आलोक दोहरे,सीमा गौतम, शिप्रा सिंह, इंदु चतुर्वेदी, गौरव यादव, विवेकानंद दुबे, राजीव त्रिपाठी, राजवीर शाक्य, अरविंद कुमार शाक्य,आदि एआरपी साथी उपस्थित रहे।

### एसएसपी इटावा के निर्देशन मे बाल विवाह मुक्त भारत अभियान चलाया गया



भास्कर ब्यूरो, इटावा।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन मे बाल विवाह की घटनाओं को रोकने, समुदाय स्तर पर शून्य सहनशीलता (Zero Tolerance) का वातावरण विकसित करने तथा कानूनों एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के माध्यम से बालिकाओं एवं बालकों के अधिकारों की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दिनांक 27 नवम्बर 2025 से 08 मार्च 2026 तक संचालित 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत थाना AHT की संयुक्त टीम द्वारा थाना बलरई क्षेत्रान्तर्गत जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत मैरिज होम स्वामी, सभासद, बैंड संचालक, प्रधानगण, हलवाई, मंडप एवं बैंक्विट हॉल के स्वामी तथा मंदिरों के पुजारियों को बाल विवाह की रोकथाम के संबंध में जागरूक किया गया एवं बाल विवाह को दण्डनीय अपराध बताते हुए Zero Tolerance नीति से अवगत कराया गया।उक्त अभियान में प्रभारी निरीक्षक श्री दिवाकर प्रसाद सरोज थाना बलरई , प्रभारी sjpu व थाना प्रभारी ए0एच0टी0 व मुख्य आरक्षी विनोद कुमार शुक्ला, महिला मुख्य आरक्षी प्रीती देवी व बाल संरक्षण अधिकारी श्री सोहन गुप्ता मौजूद रहे।

### घने कोहरे का फसलों पर मिला-जुला असर



भास्कर ब्यूरो, जसवंतनगर।क्षेत्र में लगातार छाए घने कोहरे और बढ़ती ठंड का असर रबी फसलों पर साफ दिखाई देने लगा है। किसानों के अनुसार कोहरे की अधिकता से आलू, सरसों और अरहर की फसलों को नुकसान पहुंच रहा है। आलू की पत्तियों पर झुलसा रोग का खतरा बढ़ गया है, जिससे उत्पादन प्रभावित होने की आशंका है। वहीं सरसों की फसल में फूल और फलियों पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है, जबकि अरहर की फसल में नमी अधिक रहने से रोग लगने की संभावना बढ़ गई है।इसके विपरीत गेहूं और जौ की फसलों के लिए मौजूदा मौसम अनुकूल माना जा रहा है। ठंड और हल्का कोहरा गेहूं व जौ की बढ़वार में सहायक साबित हो रहा है, जिससे पौधों की जड़ें मजबूत हो रही हैं और हरियाली बढ़ रही है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि यदि मौसम इसी प्रकार बना रहा और अत्यधिक पाला नहीं पड़ा, तो गेहूं और जौ की पैदावार बेहतर होने की उम्मीद है।किसानों को सलाह दी गई है कि आलू, सरसों और अरहर की फसलों पर विशेष निगरानी रखें और रोग से बचाव के लिए समय पर आवश्यक कृषि उपचार अपनाएं। वहीं गेहूं और जौ की फसलों में सिंचाई और खाद प्रबंधन संतुलित रखें, जिससे उत्पादन में वृद्धि हो सके।

# इटावा पुलिस द्वारा चोरी की घटना कारित करने वाले एक शातिर अपराधी को पुलिस मुठभेड में किया गया गिरफ्तार

भास्कर ब्यूरो



बकेवर/इटावा। जनपद में अपराध/आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं चोरी जैसी घटनाओं को कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निदेर्शों के क्रम में दिनांक 07/08.01.2026 की रात्रि को थाना बकेवर पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत निवीड़ी कला पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी । इसी दौरान 01 ऑटो निवाड़ी की ओर से आता दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया तो ऑटो सवार व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिग कर भागने लगे । थाना बकेवर पुलिस द्वारा ऑटो का पीछा करते हुये द्वितीय मोबाइल को सूचित किया गया । ऑटो सवार द्वारा दोनो ओर से पुलिस टीमों से घिरता देख जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर फायरिग की गयी, तो 01 गोली थानाध्यक्ष बकेवर के बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी । जिस पर पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गयी जिसकी 01 गोली अभियुक्त अवरार पुत्र इरफान के दायें पैर में लगी जिसे घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त-अवरार पुत्र इरफान निवासी लुधपुरा थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा हालपता भरथना रोड गली नं0 09 अशोक नगर थाना फ्रेंड्स कालोनी जनपद इटावा उम्र करीब 26 वर्ष ।

# जीआरपी महिला पुलिस ने किया महिलाओं को जागरूक

भास्कर ब्यूरो



इटावा। थाना जीआरपी पर गठित महिला मिशन शक्ति टीम ने रेलवे स्टेशन इटावा जंक्शन पर महिलाओं व बालिकाओं को मिशन शक्ति के तहत पंपलेट वितरण किये और हेल्पलाइन, साइबर क्राइम नंबरों के बारे में बताते हुए सुरक्षा और स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया।

इस दौरान महिला पुलिस ने महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर स्वास्थ्य सेवा, एंबुलेंस 102, 108, वीमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वीमेन हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930, गैस रिसाव हेल्पलाइन 1906, उपभोक्ता अधिकार 1915 सहित सरकारी योजनाओ विधवा पेंशन योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, नशा मुक्ति भारत अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, स्वास्थ्य बीमा योजना के बारे में जागरूक किया। पुलिस ने इन योजनाओं का लाभ अपने और परिवार के जीवन को बेहतर बनाने के लिए उठाने एवं हेल्पलाइन नंबर और योजनाओं की जानकारी परिवार और दोस्तों के साथ साझा करने, छात्र / छात्राओं को पढ़ाई को हमेशा प्राथमिकता दें और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपना भविष्य उज्ज्वल बनाने, सुरक्षित रहें, स्वस्थ रहें और सीखी हुई जानकारी परिवार व यातायात दोस्तों से साझा करने की सलाह दी।

# खण्ड स्तरीय कृषि निवेश मेले का आयोजन

भास्कर ब्यूरो



चकरनगर इटावा विकास खण्ड एवं चकरनगर में कृषि सूचना तंत्र का शुद्धिकरण जागरूकता के अन्तर्गत विकास खण्ड स्तरीय कृषि निवेश मेले का आयोजन किया गया। रवि की फसल एवं कृषि सूचना तंत्रों के शुद्धिकरण को लेकर वैज्ञानिकों ने किसानों को बारीकी से बताया जिसमे दूर दूर से आए किसानों की हर समस्या का निराकरण भी समझता। रवि की फसल में कीटनाशक दवाएं,और फसल से ज्यादा से ज्यादा पैदा बार सहित अन्य जानकारी किसानों को दी गई। इस मौके परउपकृषि निदेशक आर एन सिंह,ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राकेश यादव, खण्ड विकास अधिकारी यदुबीर सिंह राजपूत, प्रकाश नारायण त्रिपाठी , डा हरेंद्र सिंह पूर्व अपर जिलाधिकारी उद्यान,आनंद कुमार ए डी ओ कृषि रक्षा इकाई, धीर सिंह, प्रा सा,प्रदीप कुमार प्रभारी रक्षा कृषि बीज भण्डार, विजय सिंह प्रा सा, संदीप कुमार प्रा सा , ध्रुव सिंह वी टी एम, अनिल कुमार ए टी एम, अखिलेश बाबू ए टी एम, क्लिंटन राठौर कंप्यूटर ऑपरेटर सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली का समय-सारणी के अनुसार वृहद पुनरीक्षण हेतु अग्रेतर कार्यवाही की जाएगी

भास्कर ब्यूरो



इटावा। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी(पं0), शुभ्रान्त कुमार शुक्ल द्वारा अवगत कराया गया है कि राज्य निर्वाचन आयोग, उ०प्र० लखनऊ की अधिसूचना (संशोधन) संख्या- 07/रा०नि० आ०-3/पं०नि०/26-25/2026 दिनांक 06.01.2026 के क्रम में मैं शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पं०) इटावा यह निर्देश देता हूँ कि त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली का निम्नाकिंत समय-सारणी के अनुसार वृहद पुनरीक्षण हेतु अग्रेतर कार्यवाही की जाएगीः- 01. कार्यक्रम- दावे/आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त हस्तलिखित पाण्डुलिपियाँ तैयार करना, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा करना एवं सम्भावित डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापन / निस्तारण की कार्यवाही करने की अवधि। अवधि- 07 जनवरी, 2026 से 20 फरवरी, 2026 तक। 02. कार्यक्रम- दावे और आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त पूरक सूचियों की कम्प्यूटरी करण की तैयारी तथा उन्हें मूल सूची में यथा स्थान समाहित करने एवं यथावश्यक मतदान केन्द्रों / स्थलों के निर्धारण की कार्यवाही, अवधि- 21 फरवरी, 2026 से 16 मार्च, 2026 तक। 03. मतदाता सूचियों की कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्र / स्थलों का क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डो की मैपिंग, मतदाता क्रमांकन, रश्ठ आवंटन मतदाता सूची की डाउनलोडिंग, फोटो प्रतियाँ कराने आदि। अवधि- 17 मार्च, 2026 से 27 मार्च, 2026 तक। 04. कार्यक्रम- निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए अन्तिम प्रकाशन, अवधि- 28 मार्च, 2026

2- निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अपने क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के संशोधित पुनरीक्षण कार्यक्रम का प्रमुख स्थानीय समाचार पत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार करायेंगे तथा सार्वजनिक जानकारी हेतु सम्बन्धित कार्यालय के सूचना पट्टों पर भी यह कार्यक्रम प्रदर्शित करायेगे।

3-निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण के दौरान पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों में सम्बन्धित कार्यालय खुले रहेंगे तथा निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण कराया जायेगा।

# कड़ाके की ठंड और घने कोहरे से ठिठुरा जनजीवन, देर से शुरू हुई दिनचर्या

भास्कर ब्यूरो



जसवंतनगर।गुरुवार को कड़ाके की ठंड और घने कोहरे ने आम जनजीवन पूरी तरह प्रभावित कर दिया। सुबह के समय दृश्यता बेहद कम रहने से सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए। ठंड के साथ चल रही सर्द हवाओं ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दीं। हालात ऐसे रहे कि बुजुर्गों और बच्चों ने घर से बाहर निकलना उचित नहीं समझा।घने कोहरे के चलते सुबह के समय हाईवे और प्रमुख संपर्क मार्गों पर वाहनों की रफ्तार थमी रही। वाहन चालकों को हेडलाइट और फॉग लाइट जलाकर चलना पड़ा। कई स्थानों पर कोहरे के कारण यातायात बाधित हुआ, जिससे दफ्तर और कामकाज पर जाने वाले लोगों को देरी का सामना करना पड़ा।सर्दी के बढ़ते असर से लोग देर तक रजाइयों में दुबके रहे। आवश्यक कार्यों से बाहर निकलने वाले लोग पूरी तरह ऊनी कपड़ों में लिपटे नजर आए। दिहाड़ी मजदूरों और खेतों में काम करने वाले लोगों को ठंड में भारी परेशानी झेलनी पड़ी। ठिठुरन के कारण सुबह के समय मजदूरी और निर्माण कार्य भी प्रभावित रहा।ठंड से राहत पाने के लिए लोग सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाते दिखाई दिए। हालांकि ठंडी हवाओं के कारण हीटर और अलाव भी पूरी राहत देने में नाकाम साबित हुए। ग्रामीण इलाकों में लोगों ने लकड़ी और उपलों से अलाव जलाकर सर्दी से बचाव किया।कड़ाके की ठंड का असर बाजारों पर भी देखने को मिला। सामान्य दिनों की तुलना में बाजार देर से खुले और ग्राहकों की संख्या कम रही।

दुकानदारों का कहना है कि ठंड और कोहरे के चलते बिक्री प्रभावित हो रही है। सुबह और देर शाम सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले कुछ दिनों तक ठंड और कोहरे से राहत मिलने की संभावना कम है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि अत्यधिक ठंड में सतर्क रहें, अनावश्यक यात्रा से बचें और बुजुर्गों व बच्चों का विशेष ध्यान रखें।

# जमीन की पैमायश करने गये तहसीलदार को ग्रामीणों ने खदेड़ा

- एक पक्ष ने बिना किसी आदेश के पैमाइश करने का लगाया आरोप
- महिलाओ के साथ हुई शर्मनाक बर्बरता, 32 के विरुद्ध अभियोग दर्ज



भास्कर ब्यूरो

एटा/जलेसर। बुधवार की शाम मंडलायुक्त न्यायालय में लंवित वाद की जमीन की पैमायश करने पहुंचे तहसीलदार की मौजूदगी में भूमाफियाओ और ग्रामीणों में जमकर मारपीट और पथराव हुआ। पैमायश का विरोध कर रही महिलाओ के साथ शर्मनाक बर्बरता की गयी। पथराव के दौरान तहसीलदार की गाड़ी का शीशा टूट गया।.इस वारदात के वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रही है। वहीं कोतवाली में 12 नामजद व 20 अज्ञातों के विरुद्ध अभियोग दर्ज किया गया है। बुधवार की सायं तहसीलदार संदीप सिंह शहर लेखपाल सौरभ चैहान एवं जलेसर कोतवाली पुलिस के साथ ग्राम सभा मुढ़ई प्रहलाद नगर के मजरा जात गाँव नगला गोदी पहुंचे जहाँ उन्होंने गीतम सिंह राजपूत की पैतृक जमीन में पैमायश करना शुरू कर दिया जब गीतम सिंह एवं उनके परिवार की महिलाओं द्वारा इसका विरोध किया तो तहसीलदार और पुलिस के साथ आए दूसरे पक्ष ने उनके परिवार की महिलाओं पर जानलेवा हमला बोल दिया। मारपीट में एक महिला की हड्डी टूट जाना बताया जा रहा है। घटना की जानकारी पर अन्य ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गये। दौनो पक्षों में मारपीट एवं पथराव भी हुआ पथराव के दौरान तहसीलदार की गाड़ी का शीशा टूट गया, मौके पर मौजूद तहसीलदार तमाशबीन बने रहे। एक पक्ष की महिलाओं को पुलिस की गाड़ी में बैठाये जाने का आरोप है। एक पक्ष का कहना है कि तथाकथित भूमाफिया की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा एक पक्ष की महिलाओ सहित 12 नामजद एवं 20 अज्ञातों के विरुद्ध अभियोग दर्ज किया गया है

**क्या था मामला**

एटा। कोतवाली क्षेत्र के गाँव नगला गोदी निवासी गीतम सिंह राजपूत की पैतृक जमीन जमीन में एक सह खातेदार राजरानी पत्नी हुकम सिंह थी जिनकी मृत्यु कई वर्ष पूर्व हो चुकी है लेकिन सतेन्द्र सिंह पुत्र एदल सिंह निवासी महापुर, माधवेन्द्र सिंह यादव निवासी बदनपुर थाना सकरौली, जय सिंह यादव निवासी नगला महासुख आदि द्वारा बैनामा करा लिया गया है। जिसका वाद अपर आयुक्त न्यायालय में विचाराधीन है। क्या बोले तहसीलदार- सतेन्द्र सिंह के प्रार्थना पत्र की जाँच करने के लिये ग्रामसभा मुढ़ई प्रहलाद नगर के मजराजात गाँव नगला गोदी गया हुआ था तभी पैमायश के दौरान ग्रामीणों ने मौके पर आकर विरोध करते हुए पथराव कर दिया जिसमें मेरी गाड़ी का शीशा भी टूट गया है घटना में 12 नामजदो व 20 अज्ञातों के विरुद्ध कोतवाली में अभियोग दर्ज कराया गया है।

# रिश्तों का कत्ल: दो दिन में दो खौफनाक हत्याएं जिला दहला

भास्कर ब्यूरो

मुरादाबाद। अपराध की खौफनाक तस्वीर लगातार सामने आ रही है बीते दो दिनों के भीतर रिश्तों को शर्मसार करने वाली दो सनसनीखेज हत्याओं ने पूरे जिले में दहशत फैला दी है कहीं बेटा बना मां का कातिल, तो कहीं पति ने पत्नी को फावड़े से मौत के घाट उतार दिया इन घटनाओं ने न सिर्फ कानून-व्यवस्था बल्कि समाज की संवेदनशीलता पर भी बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। पहले मामलाः पाकबड़ा ऊमरी गांव दो दिन पहले पाकबड़ा थाना क्षेत्र के ऊमरी गांव में एक कलयुगी बेटे ने अपनी ही मां के सिर पर डंडे से वार कर बेरहमी से हत्या कर दी थी। इस घटना ने पूरे इलाके को झकझोर दिया था। मां-बेटे के पवित्र रिश्ते का ऐसा अंत देख ग्रामीण स्तब्ध रह गए थे। दूसरा मामला कटघर थाना क्षेत्र का गांव देवीपुर अब ताजा और उससे भी ज्यादा खून से सनी वारदात कटघर थाना क्षेत्र से सामने आई है गांव देवापुर में उस



समय हड़कंप मच गया जब एक पति ने अपनी पत्नी के सिर पर लोहे का फावड़ा मारकर उसकी निर्मम हत्या कर दी वारदात इतनी भयावह थी कि खबर फैलते ही पूरे गांव में अफरा-तफरी मच गई और लोग घरों में दुबक गए। बताया जा रहा है कि पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ जो देखते ही देखते हिंसा में बदल गया। आरोपी पति ने आपा खोते हुए भारी लोहे के फावड़े से पत्नी पर जानलेवा वार कर दिया जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई पुलिस-प्रशासन में मचा हड़कंप घटना की सूचना मिलते ही सीओ वरुण कटघर थाना प्रभारी विनोद कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पूरे घटनास्थल को घेरकर बारीकी से जांच की गई। वहीं फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर खून के नमूने, हथियार और अन्य अहम साक्ष्य जुटाए पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है गांव में तनाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कियागया था आरोपी फरार तलाश जारी हत्या को अंजाम देने के बाद आरोपी पति मौका पाकर फरार हो गया। इस मामले में कटघर थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया आरोपी वारदात के बाद फरार है उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगाई गई हैं जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा सवालों के घेरे में कानून-व्यवस्था दो दिन में मां और पत्नी की हत्या रिश्तों में बढ़ती हिंसा जिले में भय और असुरक्षा का माहौल मुरादाबाद में लगातार सामने आ रही इन खौफनाक वारदातों ने आम लोगों की नींद उड़ा दी है। अब हर किसी की नजर पुलिस की कार्रवाई और आरोपियों की गिरफ्तारी पर टिकी है।

## सार सुर्खिया

### एसआईआर के तहत मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन, दावे, आपत्तियां आमंत्रित

एटा। डीईओ प्रेमरंजन के निदेर्शों के क्रम में एडीईओ सत्य प्रकाश ने अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी यूपी से प्राप्त निदेर्शों के अनुपालन में जनपद की समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का एसआईआर कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 06 जनवरी को जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर नियमानुसार कर दिया गया है। आयोग द्वारा दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि 06 जनवरी 2026 से 06 फरवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। इस अवधि में ऐसे सभी पात्र नागरिक, जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं है अथवा किसी कारणवश मतदाता सूची से विलोपित हो गया है, अपने निकटतम मतदेय स्थल पर तैनात बी0एल0ओ0 से संपर्क कर आवश्यक अभिलेखों सहित आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि ऐसे युवा मतदाता जिनकी आयु 01 जनवरी 2026, 01 अप्रैल 2026, 01 जुलाई 2026 अथवा 01 अक्टूबर 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही है या पूर्ण कर चुके हैं, वे भी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं।

### शिकायतों के बाद एसडीएम ने सादाबाद तहसील का किया औचक निरीक्षण

हाथरस। सादाबाद तहसील में लगातार मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम प्रकाश चंद ने तहसील का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तहसील परिसर में मौजूद किसानों और प्रमाण पत्र बनवाने आए लोगों से बातचीत कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। बताया गया कि तहसील में निवास, जाति, आय व अन्य प्रमाण पत्रों के लिए अवैध वसूली की शिकायतें मिल रही थीं। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने मौजूद लोगों से बयान लिए, जिस पर लोगों ने समय से कार्य होने और पैसे न लिए जाने की बात कही। एसडीएम ने कर्मचारियों को निर्देश दिए कि जनसेवाओं में पारदर्शिता बनी रहे और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार मनीष चौधरी सहित कई प्रधान और कर्मचारी मौजूद रहे।

### तालाब ओवरब्रिज के नीचे साइकिल की चपेट में आई बुजुर्ग महिला, हालत गंभीर

हाथरस। शहर के तालाब ओवरब्रिज के नीचे साइकिल की टक्कर से एक बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। प्राथमिक उपचार के बाद महिला की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें अलीगढ़ रेफर कर दिया गया। घटना उस समय हुई जब गंगानगर कॉलोनी निवासी 60 वर्षीय लज्जा देवी पत्नी जानकी प्रसाद जिला अस्पताल दवा लेने जा रही थीं। इसी दौरान तालाब ओवरब्रिज के नीचे तीन बच्चे बिना ब्रेक की साइकिल चला रहे थे। साइकिल अनियंत्रित होकर लज्जा देवी से जा टकराई। टक्कर इतनी तेज थी कि महिला सड़क पर गिरकर बेहोश हो गई। मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें अलीगढ़ रेफर कर दिया गया। घटना के बाद क्षेत्र में यातायात सुरक्षा को लेकर लोगों ने चिंता जताई।

### कार सवारों ने दुकानदार को पीट पीट कर किया घायल



हाथरस। जनपद के सासनी क्षेत्र में बाइक सवार दुकानदार के साथ कार सवार युवकों द्वारा सरेआम मारपीट का मामला सामने आया है। घटना उस समय हुई जब दुकानदार ने लापरवाही से वाहन चलाने पर युवकों को सावधानी बरतने की सलाह दी। पूरी वारदात पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार मोहल्ला कोलियान निवासी रिंकू पुत्र अतर सिंह बीती शाम करीब सात बजे अपनी दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहे थे। बालाजी गार्डन के पास एक कार चालक खिड़की खोलकर तेज व लापरवाही से वाहन चला रहा था। रिंकू ने कार सवार युवकों को खिड़की बंद कर सावधानी से गाड़ी चलाने की बात कही। रिंकू की बात सुनते ही कार सवार युवक भड़क गए और उन्होंने सरेराह गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर युवकों ने रिंकू के साथ जमकर मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित के अनुसार मारपीट के दौरान उनका मोबाइल फोन भी गिर गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है।

### बैठक में काव्य उत्सव की तैयारियों पर चर्चा

कासगंज। सोरों शूकर क्षेत्र में नवांकुरों की सभा संस्था के तत्वावधान में बैठक हुई। बैठक में आगामी दिवस में आयोजित होने वाले काव्य उत्सव की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक धर्मयात्रा महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष डा. राजीव बरबारिया के आवास पर उनकी अध्यक्षता में हुई। इस दौरान बताया गया कि 11 जनवरी को दोपहर 12 बजे से काव्य उत्सव कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम के संयोजक आशीष दौनेरिया और सूत्रधार गनेश यादव गौरव ने आस पास के क्षेत्र के लोगों से कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की है। बैठक में डा. राजीव बरबारिया, ऋषभ बरबारिया, गनेश यादव, आशीष दौनेरिया, हरेकृष्ण उपाध्याय, ललित मिश्रा, कुलदीप पंडित, सागर, हर्ष दुबे, हार्दिक गौर, प्राज्ञेश द्विवेदी, सनी यादव, नितिन यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

# रोजगार मेले का आयोजन 12 जनवरी से कासगंज में रोजगार को नई रफ्तार, आयोजन 12 जनवरी से

भास्कर ब्यूरो

कासगंज। नौकरी के इच्छुक युवाओं के लिए 12 जनवरी 2026 से 31 जनवरी 2026 तक भारतीय सुरक्षा दक्षता परिषद के सौजन्य से एस0आई0एस0 इंडिया लि0 के संयुक्त तत्वाधान/जिला सेवायोजन कार्यालय कासगंज के सहयोग से रोजगार मेले का आयोजन होगा। इस मेले में बेरोजगार युवा कई प्रतिष्ठित कंपनियों के विभिन्न पदों पर साक्षात्कार के माध्यम से भर्ती हो सकते सकते हैं। रोजगार मेले का आयोजन सुबह 10 बजे से होगा। जिसमें युवाओं को शैक्षिक योग्यता से संबंधित प्रमाण पत्रों की छाया प्रति, बायोडाटा और दो पासपोर्ट साइज फोटो लेकर उपस्थित होना है। भर्ती अधिकारी प्रेम प्रकाश ने बताया कि इस शिविर में सुरक्षा जवान व सुरक्षा सुपरवाइजर की नियुक्ति की जाएगी। उन्होने बताया कि ग्रामीण व शहरी शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार प्रदान करने हेतु सिक्योरिटी स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया लिमिटेड (एस0आई0एस0) द्वारा सिविल डिफेंस की ट्रेनिंग और एयरपोर्ट की ड्यूटी मेडिकल कॉलेज की ड्यूटी मेट्रो की ड्यूटी मेन गेट की ड्यूटी पेट्रोलिंग ड्यूटी वॉच टावर ड्यूटी तथा जो-जो ड्यूटी करते हैं हर ड्यूटी के बारे में ऑफलाइन क्लास और ग्राम लेवल मे प्रशिक्षित किया जाता है तथा 1 महीने ट्रेनिंग के दौरन इन्हे जिसमे प्रशिक्षण के उपरांत चयनित उमीदवारों को 65 वर्ष कि स्थायी नियुक्ति सरकारी संस्थान गैर सरकारी संस्थान में प्रदान की जाती है जहाँ सैलरी 18000 से लेकर 22500 जवान व सुरक्षा पर्यवेक्षक व सुरक्षा अधिकारी (ळ्ज्) 18000 से लेकर 35000 के साथ-साथ पी0 एफ0, ई0 एस0 आई0 बीमा एन्स्युरेंस, पेंशन, नौकरी के दौरान दो बच्चों को आई0 पी0 एस0 स्कूल में पढ़ाने की सुविधा नौकरी के दौरान दुर्घटना होने और एक लाख से लेकर छः लाख तक सहयोग राशि प्रदान की जाती है उन्होने बताया कि ग्रामीण व शहरी शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार प्रदान करने हेतु सिक्योरिटी स्किल काउंसिल ऑफ भारत लिमिटेड (एस0आई0एस0) द्वारा भर्ती कैंप कासगंज जिले के समस्त ब्लॉक में सुबह 10 बजे से 3 बजे तक भर्ती का आयोजन किया जायेंगा। उन्होने बताया कि जनपद के इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थी जिनकी योग्यता सुरक्षा जवान हेतु 10वीं पास, उम्र 18 से 40 वर्ष, लंबाई 167.5 सेंटीमीटर एवं सुपरवाइजर हेतु 12वीं पास, उम्र 21 से 40 वर्ष, लंबाई 170 सेंटीमीटर हो, आवेदन कर सकते हैं। दो पासपोर्ट साइज फोटो, दसवीं की मार्कशीट की फोटो कॉपी एवं आधार कार्ड की फोटो कॉपी के साथ उपस्थित होना है। उन्होने बताया कि जिले के समस्त कासगंज के ब्लॉको में सुरक्षा जवान व सुपरवाइजर के चयन प्रक्रिया हेतु 12 व 13 जनवरी विकास खंड कार्यालय सहावर,14 व 15 विकास खंड कार्यालय गंज दुंडवारा, 16 व 17 जनवरी , खण्ड विकास कार्यालय पटियाली, 19 व 20 जनवरी खण्ड विकास कार्यालय अमापुर, 21 व 22 जनवरी खण्ड विकास कार्यालय सिढ़पुरा,28 व 29 जनवरी 2026 विकास खण्ड कार्यालय कासगंज, 30 व 31 जनवरी विकास खंड कार्यालय सोरो भ रती शिविर अयोजित किया जाना है। किसी भी ब्लॉक के अभ्यर्थी किसी भी ब्लॉक में प्रतिभाग कर सकते हैं।

# आवारा कुत्तों का कहर मासूम बच्ची पर हमला सीसीटीवी में कैद खौफनाक मंजर



भास्कर ब्यूरो

मुरादाबाद ।आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है और प्रशासनिक दावों के बावजूद हालात काबू में आते नजर नहीं आ रहे हैं। ताजा मामला सदर कोतवाली क्षेत्र के गंज बाजार का है, जहां दिनदहाड़े सड़क पर चल रही एक मासूम बच्ची पर आवारा कुत्ते ने अचानक हमला कर दिया। इस दर्दनाक घटना में बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वायरल हो रहे वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि बच्ची सामान्य रूप से सड़क से गुजर रही थी, तभी पीछे से आए आवारा कुत्ते ने उस पर झपट्टा मार दिया और काट लिया। बच्ची की चीख-पुकार सुनकर आसपास मौजूद लोग दौड़ पड़े, जिसके बाद किसी तरह कुत्ते को भगाया गया हमले के तुरंत बाद परिजन बच्ची को लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए तुरंत इलाज शुरू किया। चिकित्सकों के अनुसार बच्ची को एंटी-रेबीज इंजेक्शन के साथ-साथ अन्य जरूरी दवाएं दी गई हैं। फिलहाल बच्ची का उपचार जारी है और उसकी हालत में धीरे-धीरे सुधार बताया जा रहा है स्थानीय लोगों का कहना है कि गंज बाजार और आसपास के इलाकों में आवारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। कई बार नगर निगम और प्रशासन से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस और स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। लोगों का आरोप है कि नगर निगम का अभियान केवल कागजों तक सीमित रह गया है, जबकि जमीनी स्तर पर हालात जस के तस बने हुए हैं।

# आयुक्त मण्डल ने पेयजल आपूर्ति को लेकर अपनाया सख्त रुख

- पेयजल आपूर्ति से जुड़ी सभी परियोजनाओं एवं प्रणालियों की जांच के लिए समितियां गठित करने के दिए निर्देश



भास्कर ब्यूरो

अलीगढ़। शहर एवं मण्डल के विभिन्न जिलों में दूषित पेयजल आपूर्ति की शिकायतों को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए आयुक्त, अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़ संगीता सिंह ने नगर निगमों, नगर पालिकाओं और संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए हैं। आयुक्त ने स्पष्ट किया है कि शुद्ध पेयजल की उपलब्धता नागरिकों का मूल अधिकार है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।आयुक्त के संज्ञान में यह तथ्य आया है कि कई क्षेत्रों में पुरानी व जर्जर पाइपलाइनों, सीवर व नालियों के समीप से गुजर रही जलापूर्ति लाइनों तथा लीकेज के कारण लोगों को दूषित एवं बदबूदार पानी की आपूर्ति हो रही है, जिससे जनस्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है। इस स्थिति को जनहित एवं कानून-व्यवस्था की दृष्टि से भी अत्यंत संवेदनशील माना गया है।आयुक्त ने नगर आयुक्त, नगर निगम अलीगढ़ को निर्देशित किया है कि नगर क्षेत्र में तत्काल प्रभाव से वार्डवार समितियों का गठन कर पेयजल आपूर्ति, पाइपलाइनों की स्थिति, लीकेज, स्रोतों की स्वच्छता एवं मानकों के अनुरूप जल गुणवत्ता की जांच सुनिश्चित की जाए। जहां भी विसंगतियां पाई जाएं, वहां त्वरित सुधारात्मक कार्यवाही करते हुए शुद्ध पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।इसी क्रम में आयुक्त ने मण्डल के समस्त जिलाधिकारियों को भी निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने जिलों में पेयजल आपूर्ति से जुड़ी सभी परियोजनाओं एवं प्रणालियों की जांच के लिए समितियां गठित करें। एक सप्ताह के भीतर सत्यापन कर प्राप्त कमियों पर तत्काल आवश्यक कार्यवाही कराते हुए मानक के अनुरूप पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

आयुक्त ने यह भी कहा कि पेयजल व्यवस्था में नियमित पर्यवेक्षण और अनुश्रवण अनिवार्य है। किसी भी प्रकार की शिथिलता संक्रामक रोगों के फैलाव का कारण बन सकती है, इसलिए सभी संबंधित अधिकारी संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

# नगर निगम ने लिया अपना कब्जा-व्यवधान डालने दुकानदारो के अवैध अतिक्रमण को जेसीबी ने किया ध्वस्त

भास्कर ब्यूरो

अलीगढ। जीवनगढ़ में मैन रोड स्थित पानी की टंकी के पास नगर निगम व स्थानीय दुकानदारों के बीच चल रहे भूमि विवाद व नगर निगम की ओर से कब्जा लिए जाने वाले स्थल पर दुकानदारो द्वारा नोटिस के बाद भी अतिक्रमण न हटाने पर पिछले दिनों नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने कड़ा रुख अपनाते हुए नगर निगम संपत्ति विभाग को तत्काल प्रभाव से अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त करते हुए नगर निगम का कब्जा लेने के निर्देश सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह को दिए थे।नगर आयुक्त के निर्देश पर सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह की अगुवाई में बीते बुधवार और गुरुवार लगातार दो दिन चली अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के अंतर्गत नगर निगम संपत्ति विभाग ने उक्त बेशकीमती लगभग 5 करोड़ की भूमि से अवैध अतिक्रमण को हटाते हुए अपने स्वामित्व का कब्जा ले लिया है।बीते दिसम्बर नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने जीवनगढ़ में उक्त संपत्ति का



जॉइंट मजिस्ट्रेट अपर नगर आयुक्त द्वितीय शुभांशु कटियार, सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह सहायक अभियंता दानिश नकवी, संपत्ति लिपिक विजय गुप्ता के साथ निरीक्षण किया था उस समय भी मौके पर नगर आयुक्त ने स्थानीय दुकानदारो से बातचीत करते हुए स्वयं कब्जा व अतिक्रमण हटाने के लिए कहा था। नगर निगम द्वारा विरोध करने वाले दुकानदारों को नोटिस देकर स्वयं अतिक्रमण हटाने का अनुरोध किया गया परंतु बार-बार लिखित नोटिस व अनुरोध के बावजूद भी अवैध अतिक्रमण नहीं हटने पर नगर निगम द्वारा बलपूर्वक कार्रवाई करते हुए अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया।सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह ने प्रकरण के संबंध में बताया कि ग्राम बेगपुर कंजौला का गाटा सं0-361ध्2 राजस्व अभिलेखों में मरघट अंकित है, जिसके अधिकाँश भाग पर पूर्व में नगर निगम द्वारा कब्जा प्राप्त कर नागरिकों को पेयजल आपूर्ति सुविधा प्रदान किये जाने हेतु ओवरहेड टैंक एवं अण्डर ग्राउण्ड वॉटर टैंक आदि का निर्माण कार्य कराया गया था परन्तु उक्त भूमि के सड़क भाग की ओर कुछ स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमण मा॰ न्यायालय में वाद विचाराधीन होने के कारण तत्समय नहीं हटाये जा सके थे। वर्तमान में उक्त अतिक्रमणों के सम्बन्ध में अतिक्रमणकताओं द्वारा मा॰ न्यायालय-अपर जिला जज, कोर्ट सं0-2, अलीगढ़ में दायर सिविल अपील सं0-67ध्2022 एवं अन्य सिविल अपीलों में में में आदेश दिनांक 04.08.2024 पारित अतिक्रमणकताओं के विरुद्ध निर्णित कर दिया गया है। तदानुसार उपरोक्त गाटा सं0-361ध्2 सरकारी दिनांक 04.08.2024 पारित कर भाग पर किये गये स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई है।

# नियमों की अनदेखी कर एक ही स्थान पर कुडंली मारे बैठे है पीडब्ल्यूडी विभाग के बाबू

भास्कर ब्यूरो

कासगंज। शासकीय एवं प्रशासकीय कामकाज में पारदर्शिता लाने एंव अधिकारी/कर्मचारियों की जबावदेही तय करने के लिए सरकार द्वारा आरक्षण नीति तैयार की गई है। लेकिन इस स्थानातंरण नियमावली की सरेआम अवहेलना की जा रही है। जनपद में कुछ विभाग तो ऐसे है जहां कुछ बाबू एक लंबे समय से कुंडली मारे बैठे हुए है। जिसके चलते बाबुओं की मानमानी भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है। जिसका जीता जागता उदाहरण कासगंज लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यडी़) बना हुआ है। यदपि समय-समय पर प्रदेश शासन इस आरक्षण नीति में बदलाव भी करता रहता है। वर्तमान समय की स्थानातंरणनीति के तहत किसी भी विभाग का कोई बाबू या अधिकारी/कर्मचारी एक ही स्थान पर तीन वर्ष से अधिक नहीं रह सकता। इसके बाबजूद भी दसकों से लिपिक वर्ग के कर्मचारी एक ही स्थान पर जमें बैठे है। देश प्रदेश की सरकारें भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए एवं सरकारी विभागों में अधिकारी/कर्मचारियों की जबावदेही तय करने एवं पारदर्शिता लाने के लिए सेवा शर्तों के साथ नियमावली तय करती है। जिसमें स्थानातंरण की प्रक्रिया भी निहित होती है। अक्सर देखा जाता है कि जब एक अधिकारी व कर्मचारी एक ही पद पर व एक ही स्थान पर एक लम्बें समय तक कुडंली मारे जमा रहता है, तो उस विभाग एंव उस पटल पर भ्रष्टाचार चर्म पर पहुॅच जाता है। इसी भ्रष्टाचर को रोकने के लिए सरकार समय-समय पर अधिकारी व कर्मचारियों का स्थानातंरण भी करती रहती है। जिसके लिए शासन स्थानातंरण नीति तैयार कर उसमें समय-समय पर बदलाव भी करती रहती है। सथ ही यह भी तय है कि हर विभाग में स्थानातंरण की अपनी-अपनी अलग-अलग गाइड लाइन होती है। जिनका पालन किया जाना है आवश्यक होता है। लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि मठाधीश बने अधिकारी व बाबू इस स्थानातंरण नीति का सरेआम उलंघन करते है। वर्तमान समय में कोई भी बाबू या अधिकारी एक ही स्थान पर तीन से पॉच साल तक की अवधि तक ही कार्य कर सकता है। उसके बाद उसका स्थानातंरण अन्यत्र स्थान पर करना अनिवार्य होता है। लेकिन लोक निर्माण विभाग में इस नियम की खुलेआम अवहेलना की जा रही है। जिसके चलते विभाग में भ्रष्टाचार दिनों दिन बढ़ता जा रहा है और सड़क निर्माण में लगे सहभागिता निभाने वाले ठेकेदारों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संदर्भ में लोक निर्माण विभाग उत्तर प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव को भी एक शिकायती पत्र भेजा गया है। जिसके अनुसार दीपांशू वर्मा अलीगढ़ 12 वर्ष, गंगा प्रसाद एटा 24 वर्ष से अधिक, विपिन कुमार कासगंज 9 वर्ष से अधिक, धर्मवीर सिंह एटा 15 वर्ष से अधिक, आकाश सक्सैना एटा 19 वर्ष से अधिक, रंजीत सिंह एटा 14 वर्ष से अधिक, सुरभि शर्मा अलीगढ़ 12 वर्ष से अधिक, मुनेश पाल हाथरस 27 वर्ष से अधिक होने के बावजूद भी एक ही स्थान पर एक ही पद पर मठाधीश बने हुए बैठे है, जिससे लोक निर्माण विभाग में भ्रष्टाचार चर्मसीमा पर व्याप्त है। जिससे सड़क निर्माण का कार्य भी प्रभावित होता हुआ दिखाई दे रहा है। लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता एस प्रभात चैधरी ने बताया कि स्थानातंरणनीति के बारे में मुझे जानकरी नहीं है सीघ्र ही जानकारी कर स्थानातंरण नीति के बारे में जानकारी दी जायेगी।

# कमरे में फांसी के फंदे पर लटका युवक का शव

## शराब के नशे में आत्महत्या करने की आशंका





भास्कर ब्यूरो

कासगंज। पटियाली कोतवाली क्षेत्र के बहादुर नगर गांव में घर के ही एक कमरे में युवक फांसी के फंदे पर लटका मिला है। युवक को मृत देखकर परिवार में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटना स्थल का मौका मुआयना कर मृतक के शव को कब्जे में ले लिया। पंचनामा के बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक बहादुर नगर गांव से बुधवार की रात एक युवक का शव फांसी के फंदे पर लटके होने की जानकारी मिली। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया। मृतक की शिनाख्त बहादुर नगर निवासी 27 वर्षीय अरविंद पुत्र मुंशीलाल के रूप में हुई।

परिजनों ने पुलिस को बताया कि अरविंद ईंट-भट्टे पर मजदूरी करता था और नशे का आदी था। बुधवार की देर शाम वह नशे में घर लौटा और बिना किसी से बातचीत किए सीधे अपने कमरे में चला गया। कुछ देर बाद जब परिजनों ने कमरे की ओर ध्यान दिया तो अरविंद फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के बड़े भाई राजीव ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पटियाली पुलिस और फील्ड यूनिट टीम ने मौका मुआयना किया। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई पूरी कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर पटियाली लोकेश भाटी ने बताया कि घटना के सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। फिलहाल घटना को लेकर कोई तहरीर पुलिस को नहीं मिली है।

# दलित युवती का अपहरण, आरोपी ने मां की फरसे से वार कर की हत्या

## सरधना क्षेत्र के गांव कपसाड़ में हुई घटना, घटना से तनाव, आरोपी परिवार फरार

भास्कर ब्यूरो।
**मेरठ/सरधना।** एक दलित युवती का दिनदहाड़े अपहरण हो गया। युवती अपने मां के साथ सुबह करीब 8 बजे खेत जा रही थी। रास्ते में पहले से बैठे लड़के ने उन्हें रोक लिया। मां और बेटी से बदतमीजी की। जब महिला ने इसका विरोध किया तो आरोपी गाली-गलौज करने लगा, तभी उसने महिला के सिर पर फरसे से हमला कर दिया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान मां की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में तनाव व्याप्त हो गया। परिवार से मिलने अस्पताल में सरधना से सपा विधायक अतुल प्रधान पहुंचे। प्रधान ने कहा- पुलिस मामले की सही से जांच करें। बच्ची को बरामद कराए।


सुनीता, मृतक


रूबी, पीड़िता



पूरा मामला सरधना थाना क्षेत्र के कपसाड़ गांव का है। अस्पताल में भर्ती महिला ने मरने से पूर्व पुलिस को बताया कि गुरुवार सुबह करीब 8 बजे मैं अपनी बेटी के साथ खेत में गन्ने की छिलाई के करन जा रही थी। हम रजबहे के पास पहुंचे थे, तभी गांव में ही रहने वाले पारस ने रास्ते में रोक लिया। पारस ने मेरे और मेरी बेटी के साथ अभद्रता की। जब मैंने इसका विरोध किया तो उसने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। मेरे सिर पर फरसा मार दिया। चोट लगने से मैं मौके पर ही गिर गई। इसके बाद पारस मेरी बेटी को जबरन किडनैप करके ले गया। मैं चिल्लाई, तभी आवाज सुनकर मौके पर कुछ लोग पहुंचे। इसके जानकारी मेरे घरवालों को दी। परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया। परिवार में सबसे बड़ा भाई है, जिसकी शादी हो चुकी है। वह बाहर काम करता है, जबकि उसकी पत्नी और दो बेटियां गांव में ही रहती हैं। दूसरे नंबर पर एक और भाई है, उसकी भी शादी हो चुकी है और वह परिवार के साथ गांव में ही रहता है। तीसरे नंबर पर यह लड़की है। इसके बाद चौथे नंबर पर एक छोटा भाई है। इन दोनों की अभी शादी नहीं हुई है। गरीब होने के कारण लड़की ने करीब ढाई साल पहले पढ़ाई छोड़ दी थी। फिलहाल परिवार में उसके रिश्ते को लेकर बातचीत चल रही थी। वहीं, घटना के बाद से लड़की के परिजन थाने पहुंचे। लड़की के घर के बाहर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

### झोला छाप के यहां कंपाउंडर है आरोपी

आरोपी कपसाड़ गांव में रहने वाला पारस है। वह गांव में ही एक डॉक्टर के यहां कंपाउंडर है। बताया जा रहा है कि पारस और लड़की दोनों पहले से एक-दूसरे को अच्छी तरह से जानते हैं। पारस के परिवार में पिता, माता, दादा और दादी हैं। वह तीन भाइयों में सबसे छोटा है। तीनों भाइयों की अभी शादी नहीं हुई है। घटना के बाद से आरोपी पारस के माता-पिता और दोनों भाई फरार हैं, जिनका अभी तक कोई पता नहीं चल सका है। पुलिस पूछताछ के लिए आरोपी के दादा-दादी को अपने साथ थाने ले गई है।

### लड़की के परिजनों से मिलने पहुंचे सपा विधायक



लड़की के परिवार से मिलने अस्पताल में सरधना विधायक अतुल प्रधान भी पहुंचे। एसडीएस ग्लोबल अस्पताल में पहुंचकर विधायक ने पूरे मामले में नाराजगी जाहिर की। कहा कि पुलिस मामले की सही से जांच करे और बच्ची को बरामद कराए। सीओ आशुतोष कुमार ने बताया- शिकायत के आधार पर अपहरण और हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है। जल्द ही सभी आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

### पांच टीमों का एसएसपी ने किया गठन



एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने बताया- एसपी देहात के निर्देशन में पुलिस की 5 टीमें गठित की गई हैं, जो लड़की की बरामदगी और आरोपी युवक की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही हैं। परिजनों की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# पुलिस के खुलासे से संतुष्ट नहीं है द गुरुकुलम के संचालक

### डीआईजी और एसएसपी से मिलने पहुंचे पीड़ित, पूछा-उन्हें ही ईमेल क्यों?

भास्कर ब्यूरो।
**मेरठ।** द गुरुकुलम इंटरनेशनल स्कूल के संचालक कंवलजीत सिंह को ईमेल भेजकर मांगी गई रंगदारी के मामले में पुलिस एक आरोपी को जेल भेजकर पीठ थपथपा चुकी है, लेकिन हकीकत यह है कि पीड़ित पुलिस के इस खुलासे से संतुष्ट ही नहीं है। कंवलजीत का कहना है कि शहर में स्कूलों की भरमार है, फिर केवल उनको ही यह धमकी भरा ईमेल क्यों भेजा गया?

बतादे कि G-113 शास्त्री नगर में कवलजीत सिंह का द गुरुकुलम इंटरनेशनल स्कूल है। 10 दिसंबर 2025 को उनकी ईमेल आईडी पर धमकी भरे तीन मेल भेज कर 10 लाख रुपए की रंगदारी मांगी गई थी। रंगदारी न देने पर जान से मारने की धमकी दी गई थी।

कवलजीत सिंह राजनीतिक दल राष्ट्रीय लोकदल से भी जुड़े हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्हें सुरक्षा दी गई थी। नौचंदी पुलिस ने एक सप्ताह बाद ही हरियाणा से एक पिकअप चालक सनी उर्फ सन्नी को गिरफ्तार कर इस पूरे मामले का खुलासा किया था। सनी के बैंक खाते का रंगदारी की रकम मांगने के लिए प्रयोग किया था। यह भी बताया कि सनी उर्फ सन्नी इससे पूर्व भी पानीपत के एक स्कूल संचालक से इसी तरह रंगदारी मांग चुका है। मानसिक रूप से अस्वस्थ भी बताया गया था।



### कवलजीत को मिली हुई है पुलिस सुरक्षा

संचालक कवलजीत को पुलिस से सुरक्षा मिली हुई है, लेकिन वह अभी भी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। कैंट बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष सुनील वाधवा के साथ वह गुरुवार सुबह पहले डीआईजी और उसके बाद एसएसपी ऑफिस पहुंचे। हालांकि एसएसपी से उनकी मुलाकात नहीं हो पाई। सीओ सिविल लाइन अभिषेक तिवारी से वह मिले और खुलासे पर असंतोष व्यक्त किया।

### मामले से पल्ला झाड़ रही पुलिस

उन्होंने कहा कि शहर में प्रतिष्ठित स्कूलों की भरमार है। उनका स्कूल रैंक के हिसाब से काफी पीछे है। फिर केवल उनको ही यह मेल क्यों भेजा गया? सबसे बड़ी बात उनका ईमेल आरोपी के पास कहां से आया? जो भाषा शैली थी वह प्रोफेशनल अपराधियों की तरह थी। आखिर पुलिस मामले से पल्ला क्यों झाड़ रही है।

### वाधवा बोले- मेरठ लिंक के बिना संभव नहीं

कैंट बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष सुनील वाधवा ने कहा कि हरियाणा में बैठा व्यक्ति यह क्यों करेगा? हो ना हो मेरठ से इसका कोई ना कोई लिंक है। पुलिस को चाहिए कि वह उस लिंक को सार्वजनिक करे। एक महीना बीत गया है लेकिन पुलिस अधूरा खुलासा कर शांत बैठ चुकी है और पीड़ित डर के साए में जीने को मजबूर है।

## देश के संवेदनशील इलाकों में विकसित हो शिशु मंदिर: अनिल कुमार

**भास्करब्यूरो, मेरठ।** शास्त्री नगर स्थित बालेराम ब्रजभूषण सरस्वती शिशु मंदिर, वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में समर्पण निधि पखवाडा के अंतर्गत एक बैठक हुई जिसमें पदाधिकारी, प्रधानाचार्य, पूर्व छात्र, अभिभावक एवं आचार्य उपस्थित रहें। अध्यक्षता डॉ. विनोद कुमार अग्रवाल (उपाध्यक्ष) ने की बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में अनिल कुमार (प्रान्त प्रचारक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मेरठ प्रान्त) रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रेरणा से शिक्षा के क्षेत्र में विद्या भारती की स्थापना हुई, जिसके अंतर्गत समस्त सरस्वती शिशु मंदिर चलते है, जो पढ़ाई के साथ संस्कार व देशभक्ति की शिक्षा भी देते है, विद्यालय ऐसे क्षेत्र में भी विकसित हो, जहाँ पर विषम परिस्थितियाँ है, जैसे देश के सबसे संवेदनशील एवं कठिन क्षेत्र के रूप में विख्यात पूर्वोत्तर क्षेत्र एवं नक्सलवाद क्षेत्र के प्रदेश (असम, त्रिपुरा, मणिपुर, नागालैण्ड, मिजोरिम, मेघालय) आदि।

## सार सुर्खियां

### लगातार बढ़ रहे किडनी फेलियर के मामले: डा. विशाल सिंह

**भास्कर ब्यूरो, मेरठ।** सीसीएसयू रोड मंगलपांडे नगर स्थित मैक्स मेड सेंटर में गुरुवार को नेफ्रोलॉजी और किडनी ट्रांसप्लांट से जुड़ी विशेष ओपीडी सेवाओं की शुरूआत की गई। जिसका शुभारंभ प्रो. (डॉ.) विशाल सिंह की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर डॉ. सिंह, ने कहा, आज के समय में किडनी फेलियर और क्रॉनिक किडनी डिजीज के मामलों में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है, जिसके पीछे कई कारण हैं, खासकर सही और समय पर डायग्नोसिस में देरी। ऐसे कई मामलों में किडनी ट्रांसप्लांट ही अंतिम इलाज का विकल्प बन जाता है, इसलिए यह बेहद जरूरी है कि मरीजों को एडवांस्ड ट्रीटमेंट ऑप्शंस की जानकारी हो। इन ओपीडी सेवाओं के माध्यम से हमारा उद्देश्य मेरठ के लोगों तक एक्सपर्ट केयर को और करीब लाना है, ताकि उन्हें समय पर इलाज और नियमित फॉलो-अप मिल सके।

### नई वर्टिकल व्यवस्था प्लान का एमडी ने लिया जायजा



**भास्कर ब्यूरो, मेरठ।** विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से बुलंदशहर नगर में प्रारम्भ होने जा रही नई वर्टिकल व्यवस्था का स्वयं जायजा लेने के लिए प्रबंध निदेशक रवीश गुप्ता जनपद बुलंदशहर पहुँचे, जहां विद्युत उपभोक्ताओं को उत्कृष्ट एवं त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने तथा अर्बन रीस्ट्रक्चर प्लान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आहूत हुई। समीक्षा बैठक मे प्रबंध निदेशक ने निर्देश दिए कि अर्बन रीस्ट्रक्चर प्लान के तहत उपभोक्ताओं को ट्रिपिंग फ्री निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जाए। प्रबंध निदेशक 33/11 केवी उपकेन्द्र हाईडिल कॉलोनी शिकारपूर बाईपास रोड बुलंदशहर में स्थापित उपभोक्ता सहायता केंद्र हेल्पडेस्क का निरीक्षण किया तथा उपभोक्ता शिकायत निस्तारण व्यवस्था की समीक्षा की। हेल्पडेस्क के निरीक्षण के उपरांत विद्युत नगरीय वितरण खंड बुलंदशहर के कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने निर्देश दिए कि रिकार्ड किपिंग सुव्यवस्थित की जाए और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। अधीक्षण अभियंता के कार्यालय के निरीक्षण के उपरांत प्रबंध निदेशक द्वारा 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र हाईडिल कॉलोनी का निरीक्षण किया और सबस्टेशन, विद्युत लाइन एवं ट्रांसफॉर्मर का निरीक्षण कर वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। इसके साथ उन्होंने बिजलीघर परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था, सुरक्षा उपकरण, फीडर पैनल एवं कार्यशीलता की स्थिति की समीक्षा की।

### इंदु धनकर बनी भाकियू इंडिया की प्रदेश अध्यक्ष



**भास्कर ब्यूरो, मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप तितौरिया द्वारा इंदु धनकर पत्नी प्रदीप कुमार निवासी रामलीला टीला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश महिला सभा प्रदेश अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है। मनोयन पत्र सौंपते हुए श्री तितौरिया ने कहा कि पूर्ण विश्वास है कि आप गरीब, किसान व मजदूरों की समस्याओं के लिए संघर्षरत करती रहेगी। उनकी समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर प्रयास करती रहेगी। भारतीय किसान यूनियन की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करेगी तथा यूनियन को हर तरह से मजबूती प्रदान करेंगी। इस दौरान अभिनव मुल्तानिया, मोनू खटीक, रजनी बागोरिया, आरती वर्मा, सुषमा मोघा, वंदना, शिखा तितौरिया, इशिका, विशाखा, लक्ष्मी देवी, राजेंद्र, प्रदीप, अंजू मोघा, सुन्दर सोम आदि ने बधाई दी।

### 20 साल पुराने मामले में कोर्ट ने तीन आरोपियों को सुनाई सजा

**भास्कर ब्यूरो, मवाना।** न्यायिक दंडाधिकारी ने 20 वर्ष पुराने मामले में गुरुवार को फैसला सुनाते हुए दो आरोपियों को तीन वर्ष तथा एक आरोपी को एक वर्ष की सजा सुनाई है। सहायक अभियान अधिकारी अनूप सिंह ने बताया कि बेगवती पत्नी पूरन सिंह ने थाना मवाना पर एक तहरीर 2 जुलाई 2005 को दी थी, बताया था कि वह अपने घेर के सामने उपले इकट्ठा कर रही थी। पड़ोसी चंद्रपाल पुत्र जयप्रकाश अपनी भैंसा बुग्गी से चारा लेकर अपने घर की तरफ जा रहा था। उसने जानबूझकर उसके उपलों पर बुग्गी चढ़ा दी गाली गलौज की व हाथापाई की। चंद्रपाल अपने पुत्र सत्येंद्र, सोनू व मोनू के साथ आया और फरसे, बलकटी व लाठी लेकर घेर में घुस गए, जानलेवा हमला किया। वाद विचारण के दौरान चंद्रपाल की मौत हो गई।

## तालीम, एकता और संविधान ही कौम की ताकत: मौलाना शकील

### कार्यक्रम में पहुंचे विधायक अतुल प्रधान, कौमी खिदमत अवॉर्ड से किया सम्मानित



भास्कर ब्यूरो।
**सरधना।** जमीयत उलेमा तहसील सरधना की जानिब से मदरसा फैजुल कुरआन में एक अहम, मकसदपरक और सियासी-सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य तालीमी बेदारी पैदा करना, कौमी एकजुटता को मजबूत करना और समाज व मुल्क की निस्वार्थ खिदमत करने वालों को खुले मंच से पहचान देना रहा।

इस अवसर पर शिक्षा, समाज सेवा और सामाजिक हितों के लिए लगातार काम करने वाले खिदमतगारों को जमीयत की ओर से ह्लकौमी खिदमत अवॉर्डह्व से सम्मानित किया गया। मौलाना शकील (नायब सदर, ज़िला मेरठ) ने अपने बेबाक और असरदार बयान में कहा कि आज सबसे बड़ा सवाल तालीम और इंसाफ का है। जब तक समाज शिक्षित, संगठित और अपने हक के लिए जागरूक नहीं होगा, तब तक न बराबरी मिलेगी और न तरक़्की। जमीयत उलेमा ने हमेशा संविधान के दायरे में रहकर मुल्क की एकता, भाईचारे और लोकतांत्रिक मूल्यों की हिफाजत की है और आगे भी किसी कीमत पर इससे पीछे नहीं हटेगी।

कार्यक्रम में विधायक अतुल प्रधान, शाहरुख कुरैसी उर्फ बंटी, आफताब आलम, शाहिद मलिक, सलीम अंसारी, अशरफ राणा और आगा अली जैसे सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े गणमान्य लोग भी कार्यक्रम में शरीक हुए, जिससे कार्यक्रम को व्यापक सामाजिक समर्थन मिला।

### हर दौर में समाज के साथ खड़ी रही जमीयत

कार्यक्रम में तहसील सदर हाफिज सुजाउद्दीन ने अपने संक्षिप्त संबोधन में कहा कि जमीयत उलेमा केवल बयानबाजी नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर काम करने वाली तंजीम है, जो हर दौर में समाज के कमजोर तबकों के साथ खड़ी रही है। इस मौके पर मौलाना मुहम्मद जुनैद, मुफ्ती जावेद, कारी नूर मुहम्मद, हाफि ज शुजाउद्दीन, नायब तहसील सदर शाहवेज अंसारी, मौलाना बाबर समेत बड़ी तादाद में उलेमा-ए-किराम और समाजसेवी मौजूद रहे।

## फेरबदल करते हुए एसएसपी ने किया 11 पुलिसकर्मियों का तबादला

**भास्कर ब्यूरो, मेरठ।** एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और थाना स्तर पर कार्य कुशलता बढ़ाने के उद्देश्य से बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। इस कार्रवाई के तहत 11 पुलिसकर्मियों का तबादला किया गया है, जिसमें संवेदनशील इलाकों में नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, कुछ पुलिसकर्मियों को अन्य थानों व इकाइयों में स्थानांतरित किया गया है। तबादला सूची के अनुसार, थाना जानी में तैनात उप-निरीक्षक बृजवीर सिंह को अब एसपी देहात का वाचक नियुक्त किया गया है। एसओजी नगर में कार्यरत आरक्षी पंकज को एसओजी ग्रामीण की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण को गति मिलेगी। लिसाड़ीगेट थाने से पांच पुलिसकर्मियों को हटाया गया है। आरक्षी मानवेन्द्र को बहसूमा, संदीप खारी को मुण्डाली, अमित कुमार को हस्तिनापुर और राजकुमार को खरखौदा थाना भेजा गया है। इसी थाने में तैनात चालक राजीव त्यागी को डायल-112 में नई तैनाती दी गई है। इसके अतिरिक्त, स्वाट टीम (देहात) के मुख्य आरक्षी अरुण और अनिल चौधरी को क्यूआरटी (क्विक रिस्पॉन्स टीम) में स्थानांतरित किया गया है। टीपीनगर से मुख्य आरक्षी मोहित पंवार को थाना बहसूमा भेजा गया है।



एसएसपी डॉ. विपिन ताडा ने बताया कि ये तबादले पूरी तरह से प्रशासनिक दृष्टिकोण से किए गए हैं। इनका मुख्य उद्देश्य जिले में अपराध नियंत्रण को प्रभावी बनाना, त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करना और पुलिसिंग को और बेहतर बनाना है। इन बदलावों से आमजन को कानून-व्यवस्था में और सुधार की उम्मीद है।

## शिक्षकों के लिए न्यू टीचिंग स्ट्रेटजी कार्यशाला आयोजित




भास्कर ब्यूरो।
**मेरठ।** अलेक्जेंडर पब्लिक स्कूल में शिक्षकों के शैक्षणिक कौशल को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। शुभारंभ विद्यालय के डायरेक्टर सचिन शर्मा एवं मृदुला जैन द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

कार्यशाला का शीर्षक ह्लन्यू टीचिंग स्ट्रेटजीह्व रहा, जिसकी मुख्य वक्ता मृदुला जैन रहीं। उन्होंने कार्यशाला के दौरान एनईपी-2020, एनसीपी-2023 तथा वर्तमान समय की कक्षाओं में अपनाई जाने वाली विभिन्न आधुनिक शिक्षण रणनीतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इसके साथ ही एक्सपीरियंशियल लर्निंग, कोलैबोरेटिव लर्निंग एवं अनेक प्रेरक प्रसंगों पर सारगर्भित चर्चा की गई। कार्यशाला में शिक्षकों के लिए कई मनोरंजक एवं व्यवहारिक गतिविधियां भी कराई गईं, जिन्हें शिक्षक अपने शिक्षण कार्य में प्रयोग कर कक्षाओं को और अधिक रोचक, प्रभावी व आकर्षक बना सकेंगे। कार्यशाला के समापन पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास प्रताप सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। शिक्षकों को नई नीतियों एवं शिक्षण विधियों को कक्षाओं में लागू करने के लिए प्रेरित किया। यहां डॉक्टर दिव्या भारद्वाज, गुंजन गर्ग, प्राची गर्ग, इंदु शर्मा, प्रभांशु राणा, अशरफ अली, हुमैरा, इमरान खान, अनीता मिश्रा, आरती भड़ाना, विशाखा शर्मा, रितु खट्टर, रीता शर्मा, संगीता शर्मा, बृजेश शर्मा, मुस्कान चौधरी, कोमल ड्यूरेजा, रिजवान, ज्योति शर्मा, रिचा शर्मा आदि रहें।

## लंबे समय से फरार 25 हजार का इनामी पशु चोर गिरफ्तार



**भास्करब्यूरो, किठौर।** थाना पुलिस को पशु चोरी के मामलों में बड़ी सफलता हाथ लगी है। प्रभारी निरीक्षक प्रताप सिंह के नेतृत्व तथा स्वाट टीम देहात के सहयोग से पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी पशु चोर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, मुखबिर की सूचना के आधार पर गुरुवार को कार्रवाई करते हुए पशु चोरी के मामले में फरार आरोपी आलिम पुत्र खालिद निवासी ग्राम ललियाना को अम्बेडकर मूर्ति पुलिस लाइन मेरठ के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी काफी समय से फरार चल रहा था और उसकी गिरफ्तारी के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ पशु चोरी से संबंधित कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है। जिसकी तलाश लगातार की जा रही थी।

### गृह क्लेश के चलते फांसी पर लटकी विवाहिता

**भास्कर ब्यूरो, परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम सोना में गृह क्लेश के चलते एक विवाहिता ने पंखे से लटककर फांसी लगा ली। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी सुदीश सिंह सिरोही ने विवाहिता को पंखे से शव को उतरवाकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार, 26 साल की आरजू का विवाह 6 वर्ष पूर्व आशीष पुत्र ओमपाल ग्राम सोना से हुआ था। शादी के बाद एक लड़का, दो लड़की हुए। परिवार में खुशहाली थी, अचानक किन्हीं कारण से गुरुवार को आरजू ने पंखे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। समाचार लेकर जाने तक घटना की तहरीर नहीं दी गई थी।

## डग्गामार और ओवरलोड वाहनों के खिलाफ चलाया सघन अभियान

### लगभग 20 से 30 वाहनों के काटे गए चालान, कई वाहनों को किया गया सीज



भास्करब्यूरो।
**फलावदा।** आरटीओ विभाग ने डग्गामार और ओवरलोड वाहनों के खिलाफ सघन अभियान चलाया। इस अचानक हुई कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। आरटीओ इंस्पेक्टर प्रीति पांडे के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले कई वाहनों के चालान काटे गए और कुछ को जब्त (सीज) किया गया। जानकारी के अनुसार, मोहल्ला बंजारन से गुजर रहे दो ओवरलोड मैजिक वाहनों को आरटीओ इंस्पेक्टर ने रोका। चालकों द्वारा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर दोनों मैजिक वाहनों को मौके पर ही सीज कर फलावदा थाने में खड़ा करा दिया गया। इसके बाद अटल चौक समेत कस्बे के कई अन्य स्थानों पर भी वाहनों की गहन जांच की गई, जहां नियमों का उल्लंघन करने वाले कई दोपहिया और चारपहिया वाहनों के चालान किए गए। आरटीओ की इस कार्रवाई की खबर फैलते ही चारपहिया वाहन चालकों में अफरा-तफरी मच गई। कई चालक चेकिंग से बचने के लिए रास्ता बदलकर निकलते देखे गए। थाना परिसर के आस-पास भी चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें दस्तावेजों में कमी पाए जाने पर कई वाहनों के चालान काटे गए।

### जारी रहेगा नियमित निरीक्षण अभियान

आरटीओ इंस्पेक्टर प्रीति पांडे ने बताया कि जनवरी और फरवरी माह में ग्रामीण क्षेत्रों में इसी तरह के नियमित निरीक्षण अभियान जारी रहेंगे। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि जल्द ही दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट वितरण अभियान शुरू किया जाएगा। बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और उनके चालान काटे जाएंगे।

### चालकों में बना भय का माहौल

इस अभियान के दौरान लगभग 20 से 30 वाहनों के चालान काटे गए हैं, जबकि नियमों का उल्लंघन करने वाले कई वाहनों को सीज किया गया। आरटीओ की इस कार्रवाई से नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों में भय का माहौल है।

# 'बुलडोजर' से नहीं रोजगार से चलेगा देश

## सांसद डॉ. एसटी हसन का भाजपा पर तीख हमला

भास्कर ब्यूरो,



मुरादाबाद। समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद डॉ. एसटी हसन ने भाजपा की राजनीति पर अब तक का सबसे तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि देश बुलडोज़र की राजनीति से नहीं, बल्कि रोज़गार, विकास और महंगाई पर काम करने से आगे बढ़ेगा। डॉ. हसन ने आरोप लगाया कि भाजपा जानबूझकर असली मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए हिंदू-मुसलमान की राजनीति और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण को बढ़ावा दे रही है तथा बुलडोज़र को राजनीतिक हथियार बना चुकी है।

दिल्ली में मस्जिद के पास हुई हिंसा और उसके बाद की गई बुलडोज़र कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए उन्होंने प्रशासन की कार्यशैली को कठघरे में खड़ा किया।

डॉ. हसन ने कहा कि रात के अंधेरे में, बिना मस्जिद कमेटी और स्थानीय लोगों को विश्वास में लिए की गई कार्रवाई से हालात और बिगड़े तथा अफवाहों को हवा मिली। अगर समय रहते संवाद किया जाता तो तनाव की स्थिति पैदा नहीं होती।

पूर्व सांसद ने स्पष्ट किया कि वह पत्थरबाज़ी और कानून हाथ में लेने के सख्त खिलाफ हैं, लेकिन कानून के नाम पर किसी एक समुदाय को निशाना बनाना लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। उन्होंने मांग की कि सिर्फ उपद्रवियों पर ही नहीं, बल्कि लापरवाही और जल्दबाज़ी दिखाने वाले अधिकारियों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए।

रामपुर सांसद मोहिबुल्लाह नदवी का बचाव करते हुए डॉ. एसटी हसन ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि ईरान में हो रहे विरोध प्रदर्शनों के पीछे अमेरिका की साज़िश से इनकार नहीं किया जा सकता और इस मुद्दे को भारत की घरेलू राजनीति से जोड़ना गलत है।

भाजपा विधायक के बयान पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा को मुसलमानों के वोट की ज़रूरत ही नहीं है, क्योंकि उसकी पूरी राजनीति ध्रुवीकरण पर टिकी है। 'वोट नहीं, सिर्फ नफ़रत की राजनीति चाहिए,' उन्होंने कहा। डॉ. हसन ने आगे कहा कि आज देश की जनता महंगाई, बेरोज़गारी और गिरती अर्थव्यवस्था से जूझ रही है, लेकिन भाजपा इन सवालों से बचकर धार्मिक मुद्दों की आड़ ले रही है।

डॉ. एसटी हसन के इस बयान के बाद बुलडोज़र राजनीति, प्रशासनिक निष्पक्षता और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण को लेकर बहस तेज़ हो गई है। सियासी जानकारों का मानना है कि आने वाले दिनों में यह मुद्दा प्रदेश के साथ-साथ राष्ट्रीय राजनीति में भी बड़ा तूफान खड़ा कर सकता है।

# उपलब्धि: आईजीआरएस जनशिकायत निस्तारण में मुरादाबाद प्रदेश में अव्वल

▸ दिसंबर-2025 की मासिक रैंकिंग में मिला पहला स्थान,

भास्कर ब्यूरो,



मुरादाबाद। आई.जी.आर.एस. (एकीकृत जन शिकायत निवारण प्रणाली) पोर्टल पर जनशिकायतों के गुणवत्तापरक एवं समयबद्ध निस्तारण में माह दिसंबर-2025 की मासिक रैंकिंग में जनपद मुरादाबाद को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के कुशल निर्देशन में मुरादाबाद पुलिस द्वारा जनशिकायतों के त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी निस्तारण को प्राथमिकता दी गई, जिसका सकारात्मक परिणाम प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान के रूप में सामने आया है।

एसएसपी द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारी एवं थानाध्यक्षों को निर्देश दिए गए हैं कि थाने पर आने वाले प्रत्येक पीड़ित एवं शिकायतकर्ता के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार किया जाए तथा गुण-दोष के आधार पर दोनों पक्षों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

गौरतलब है कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण के लिए निश्चित समय-सीमा निर्धारित होती है, जिसके अंतर्गत सभी संदर्भों का निस्तारण अनिवार्य होता है। विभिन्न माध्यमों से पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की जांच हेतु संबंधित जांच अधिकारी मौके पर जाकर निष्पक्ष एवं गुणवत्तापरक जांच करते हैं तथा नियमानुसार कार्रवाई की जाती है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025 के दिसंबर माह की मासिक रैंकिंग में जनपद मुरादाबाद ने न केवल जिला स्तर पर बल्कि थाना स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

थाना मझोला, डिलारी, मूंढापांडे, भगतपुर, कुंदरकी, पाकबड़ा, बिलारी, कटघर, ठाकुरद्वारा, कांठ, छजलैट, मैनाठेर, नागफनी, कोतवाली, गलशहीद एवं महिला थाना को भी प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। जनपद में आईजीआरएस पोर्टल पर शासन एवं पुलिस अधिकारियों के स्तर से प्राप्त सभी संदर्भों की निरंतर निगरानी एवं गहन परीक्षण किया जाता है।

जांच आख्या प्राप्त होने पर उसका बारीकी से परीक्षण किया जाता है और यदि जांच संतोषजनक नहीं पाई जाती तो संबंधित अधिकारी को कड़े निर्देशों के साथ पुनः जांच के लिए संदर्भ वापस कर दिया जाता है।

मुरादाबाद पुलिस की यह उपलब्धि जनसेवा, पारदर्शिता एवं जवाबदेही के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिससे आम जनता का विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है।

# वितरण: आशा की किरण सोसाइटी ने असहाय लोगों को बांटे 150 लिहाफ

भास्कर ब्यूरो,



ठाकुरद्वारा। प्रतिवर्ष की तरह नगर में आशा की किरण सोसाइटी द्वारा गरीब और असहाय लोगों को सर्दी से बचाने के उद्देश्य से 150 जरूरतमंदों को लिहाफ़ वितरित किए गए। नगर के बाजार गंज में आयोजित कंबल वितरण कैंप में सोसाइटी के अध्यक्ष इकराम कुरैशी के नेतृत्व में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिसक्षेत्राधिकारी आशीष प्रताप सिंह रहे, जिन्होंने 150 लिहाफ़ वितरण कर सोसाइटी के इस मानवीय प्रयास की सराहना की। लिहाफ पाकर जरूरतमंदों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने सोसाइटी के पदाधिकारियों व सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर इकराम कुरैशी ने कहा कि कड़ाके की ठंड में गरीब और असहाय लोग काफी परेशान होते हैं, ऐसे में उनकी मदद करना हमारा सामाजिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि आशा की किरण सोसाइटी आगे भी जरूरतमंदों की सहायता के लिए ऐसे कार्यक्रम लगातार आयोजित करती रहेगी। डिप्टी एसपी आशीष प्रताप सिंह ने कहा कि समाजसेवी संगठनों द्वारा किए जा रहे ऐसे कार्य सराहनीय हैं और इससे जरूरतमंदों को बड़ी राहत मिलती है। उन्होंने सोसाइटी को भविष्य में भी इसी तरह सेवा कार्य करते रहने के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में उपनिरीक्षक ओमपाल सिंह, उपनिरीक्षक रजत चौधरी, कांस्टेबल निशांत कुमार, परविंदर राणा, व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव सिंघल, शाहनवाज खान, सभासद इस्लाम कुरैशी, सभासद एडवोकेट नदीम सिद्दीकी, गुलशेर अली हारून मलिक, सलीम मलिक, नसीम, अंसार, दिलशाद, सईद फारूकी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# विकास: दो करोड़ 80 लाख की लागत से सात सड़कों का भूमि पूजन के साथ निर्माण कार्य प्रारंभ

## क्षेत्र का समग्र विकास मेरी पहली प्राथमिकता : विधायक ठाकुर रामवीर सिंह

भास्कर ब्यूरो,



कुंदरकी। विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने ब्लॉक के अलग अलग ग्रामो में दो करोड़ 80 लाख लागत की 7 सड़को का भूमि पूजन कर निर्माण कार्य शुरू कराया।

जिसमें बिस्कुट फैक्ट्री नगला हाशा, डोमघर मोहनपुर मार्ग और चामुंडा मंदिर शेखूपुर खास पहुँच कर गागन मोड़ से शिव मंदिर सम्पर्क मार्ग पर विशेष मरम्मत कार्य लंबाई 310 मीटर लागतः 35.33 लाख, के0 डी0आर 0पी0 मार्ग से बिस्कुट फेक्ट्री होते हुए अब्दुल्लापुर सम्पर्क मार्ग पर विशेष मरम्मत कार्य लंबाई 1.60 किमी. लागत 103.65 लाख, नगला हाशा से इमरतपुर उधो मार्ग पर विशेष मरम्मत कार्य लंबाई 300 मीटर लागत 30.53 लाख, एन.एच 509 से मोहनपुर पीतपुर वाया जलालपुर खास लिंक मार्ग पर विशेष मरम्मत कार्य लम्बाई 1.65 किमी. लागत 53.73 लाख, एन.एच.509 से रूपपुर- सैफपुर सम्पर्क मार्ग पर विशेष मरम्मत कार्य लंबाई 1.40 किमी लागत 37.72 लाख, कुंदरकी से ढकिया जुम्मा सम्पर्क मार्ग पर विशेष मरम्मत कार्य लंबाई 350 मीटर लागत 18.31 लाख और शेखुपुर खास से ढकिया जुम्मा सम्पर्क मार्ग पर विशेष मरम्मत कार्य लंबाई 240 मीटर लागत 12.48 लाख का भूमि पूजन किया। विधायक ने सम्बोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने जोर दिया कि गांवों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना सरकार का संकल्प है। प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए लगातार योजनाएं चला रही है, जिनका लाभ सीधे आम जनता तक पहुंच रहा है।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संजय कश्यप सोमेंद्र सिंह, जेई शशिबाला, ग्राम प्रधान राम किशोर, ग्राम प्रधान अब्दुल मलिक खान अरविन्द ठाकुर, नसीम खान संजय दिवाकर, पंकज शर्मा, आमिर खान, सुभान, दिनेश कश्यप, जितेंद्र सिंह, दिनेश सिंह, विनोद कश्यप, चरण सिंह, किशनलाल ,रमन भूषण भगवान दास, वाहिद सैफी, अफसर, अय्यूव, रामचद्र, धर्मवीर सिंह आदि लोग मौजूद रहे ।

# देखरेख: कांठ नगर पंचायत चेयरमैन ने मार्ग के सौंदर्यकरण का किया निरीक्षण

▸ मंडी समिति मार्ग के क्षतिग्रस्त होने पर मरम्मत के लिए ठेकेदार को नोटिस जारी,

भास्कर ब्यूरो,



कांठ। गुरुवार को नगर पंचायत कांठ के चेयरमैन इकबाल आलम ने कस्बे के मंडी समिति मार्ग के कराए जा रहे सौंदर्यकरण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने इस मार्ग पर नगर पंचायत द्वारा कराए गए लाईटिंग के कार्य को भी देखा।

कांठ नगर पंचायत प्रशासन के द्वारा कस्बे के मंडी समिति मार्ग (वीर अब्दुल हमीद मार्ग) को सुंदर बनाने के लिए इसका सौंदर्यकरण कराया जा रहा है। इस मार्ग के दोनों ओर बड़े शहरों की तर्ज पर लाईटिंग का कार्य भी कराया गया है। जिसके क्रम में यहां बोलार्ड लाइटें और स्ट्रीट लाइटें भी लगवाई गई हैं। गुरुवार को नगर पंचायत के चेयरमैन इकबाल आलम ने सभासदों के साथ मंडी समिति मार्ग का निरीक्षण कर कराए गए कार्य को देखा। उन्होंने यहां स्ट्रीट लाइटों को नीचा लगाए जाने पर संबंधित ठेकेदार से इन्हें ऊंचा करके लगाने के लिए कहा, ताकि किसी वाहन से लाइटें क्षतिग्रस्त न हों। वहीं इस मार्ग के समय से पहले ही जगह-जगह क्षतिग्रस्त होने पर मरम्मत कराने की भी बात कही। चेयरमैन ने बताया कि मार्ग की समय सीमा पांच वर्ष की है, लेकिन यह तीन वर्ष में ही क्षतिग्रस्त हो गया। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत द्वारा संबंधित ठेकेदार को नोटिस भेजकर मरम्मत कराने के लिए कहा है।

इस अवसर पर सभासद मनोज कुमार, सभासद परवेज आदि रहे।

# घर में घुसे चोर ने महिला को झूठे मुकदमे में फंसाने व जान से मारने की दी धमकी

भास्कर ब्यूरो,

मुरादाबाद। थाना पाकबड़ा क्षेत्र के गिनदौड़ा निवासी अरुण की पत्नी नैना ने पुलिस को दी शिकायत में सनसनीखेज आरोप लगाए हैं। पीड़िता के अनुसार 6 जनवरी की शाम करीब साढ़े सात बजे पड़ोस में रहने वाला युवक अभिषेक चोरी के इरादे से उनके घर में घुस आया। महिला ने जब उसे चोरी करते हुए देख लिया तो शोर मचाने से पहले ही आरोपी ने उल्टा महिला को झूठे मुकदमे में फंसाने और उसके पति को जान से मारने की धमकी दे डाली। धमकी देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई। प्रभारी निरीक्षक थाना पाकबड़ा ने पीड़ित महिला की तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर संगीन धाराओं में कार्रवाई शुरू कर दी है।

# नाराजगी: मांगों को लेकर बीएसएनएल कर्मचारियों का जोरदार प्रदर्शन

भास्कर ब्यूरो,



मुरादाबाद। फोरम ऑफ यूनियन्स एंड एसोसिएशन्स ऑफ बीएसएनएल के केन्द्रीय नेतृत्व के आह्वान पर बीएसएनएल की विभिन्न यूनियनों एवं एसोसिएशनों के पदाधिकारियों और सदस्यों ने उपमहाप्रबंधक प्रचालन क्षेत्र, मुरादाबाद के कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन करते हुए अपनी लंबित मांगों को उठाया। प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि तीसरे वेतन पुनरीक्षण में आठ वर्षों बाद समझौता हो जाने के बावजूद बीएसएनएल प्रबंधन द्वारा इसे अब तक लागू नहीं किया जा रहा है, जो कर्मचारियों के साथ अन्याय है। इसके साथ ही तमिलनाडु एवं चेन्नई सर्किल से जुड़े लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण की भी मांग उठाई गई। कर्मचारियों ने यूनियन पदाधिकारियों के विरुद्ध की जा रही प्रताड़नात्मक कार्रवाई को तत्काल रोकने तथा स्टाफ साइड के सभी लंबित मुद्दों को अविलंब निस्तारित करने की मांग की। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से कामरेड अमरीश कुमार वर्मा, अभिनन यादव, प्रीतम सिंह, अनिल सिंह, अनिल कुमार, कपिल सक्सैना, रवि, श्रीयन्ड, रविन्द्र सिंह, होती लाल, प्रदीप कुमार शर्मा, हितंड सिटे, मनोज कुमार, अर्जुन सिंह, रामधीरज, मोहित भास्कर, विक्रम सिंह, मुन्नी लाल, महादेव, चनकेश सहित बड़ी संख्या में यूनियन पदाधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के तीसरे दिन क्षमता निर्माण पर दिया गया जोर



भास्कर ब्यूरो, मुरादाबाद। केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार एवं निदेशालय नागरिक सुरक्षा उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशानुसार आयोजित वार्डन एवं स्वयंसेवकों के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय सत्र के तीसरे दिन गुरूवार को प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ ÷इतनी शक्ति हमें देना दाता÷ प्रार्थना के साथ किया गया। प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में सतीश कुमार, सहायक उपनियंत्रक (वरिष्ठ वेतन) द्वारा 'हाउस फायर पार्टी संगठन' के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और आग लगने की स्थिति में संगठनात्मक व्यवस्था की भूमिका समझाई गई। द्वितीय सत्र में फायर सर्विस ऑफिसर द्वारा प्रतिभागियों को अग्निशामक यंत्रों के उपयोग की विधि का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया, जिससे आपातकालीन परिस्थितियों में आग पर काबू पाने की क्षमता विकसित हो सके। तीसरे व अंतिम सत्र में पुनः सहायक उपनियंत्रक सतीश कुमार द्वारा अग्निशमन कर्मियों के लिए स्थायी अग्निशामक प्रणाली, पीपीई किट (Personal Protective Equipment) सहित अन्य सुरक्षा उपकरणों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में नागरिक सुरक्षा कार्यालय से चमन कुमार शर्मा, तुषार अग्रवाल, डिवीजन वार्डन सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता, वसीम अख्तर, अनुज गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारियों एवं स्वयंसेवकों ने उपस्थित रहकर सहयोग प्रदान किया। प्रशिक्षण के माध्यम से वार्डन एवं स्वयंसेवकों को आपदा प्रबंधन और अग्निशमन से जुड़ी व्यावहारिक व तकनीकी जानकारी देकर उन्हें आपात स्थितियों से निपटने के लिए सक्षम बनाया।

# टीईटी निर्णय को लेकर शिक्षामंत्री से मिला शिक्षक प्रतिनिधिमंडल, कार्यवाही की मांग

भास्कर ब्यरो,

बिलारी। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री जोगेंद्र पाल सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (ABRSM) के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से भेंट कर शिक्षक पात्रता परीक्षा (ञश्वञ्ज) से संबंधित माननीय सर्वोच्च न्यायालय के गत एक सितंबर 2025 के निर्णय (सिविल अपील संख्या 1385/2015) के संदर्भ में एक विस्तृत ज्ञापन प्रस्तुत किया। प्रतिनिधिमंडल ने नियुक्ति तिथि की परवाह किए बिना सभी सेवारत शिक्षकों पर TET अनिवार्य किए जाने पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि इस निर्णय को पूर्वव्यापी रूप से लागू किया गया, तो इससे देशभर के लगभग 12 लाख शिक्षकों की सेवा-सुरक्षा, वरिष्ठता, पदोन्नति तथा आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है।

प्रदेश महामंत्री जोगेंद्र पाल सिंह ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री का ध्यान इस तथ्य की ओर आकृष्ट किया कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (NCTE) की 23 अगस्त 2010 की अधिसूचना में स्पष्ट रूप से यह उल्लेख है कि कक्षा एक से VIII तक के शिक्षकों हेतु न्यूनतम योग्यताएँ अधिसूचना की तिथि से प्रभावी होंगी तथा इससे पूर्व नियुक्त शिक्षकों को TET से छूट रहेगी। महासंघ ने यह भी निवेदन किया कि उस समय प्रचलित वैध शैक्षणिक एवं व्यावसायिक योग्यताओं के अंतर्गत नियुक्त होकर वर्षों से सेवा दे रहे अनुभवी शिक्षकों पर इस निर्णय को पूर्वव्यापी रूप से लागू करना न्यायसंगत नहीं होगा।

शैक्षिक महासंघ ने शिक्षा मंत्री से यह अनुरोध किया कि वे इस विषय में हस्तक्षेप कर निर्णय को केवल भावी रूप से लागू किए जाने, अधिसूचना से पूर्व नियुक्त शिक्षकों की वरिष्ठता, गरिमा एवं वैध अपेक्षाओं की रक्षा किए जाने तथा शिक्षकों को संभावित सेवा-समाप्ति एवं पदोन्नति से वंचित किए जाने से बचाने हेतु आवश्यक विधिक एवं प्रशासनिक कदम उठाए जाने की दिशा में पहल करें।

इस अवसर पर महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक का स्वागत करते हुए उसके उद्देश्यों की सराहना की तथा विधेयक को अधिक प्रभावी, समावेशी एवं व्यवहारिक बनाने हेतु कुछ महत्वपूर्ण सुधारात्मक सुझाव भी मंत्रीजी को प्रस्तुत किए। इसके साथ ही उच्च शिक्षा तथा विद्यालय शिक्षा से संबंधित विभिन्न दीर्घकाल से लंबित समस्याओं के समाधान हेतु एक विस्तृत मांग-पत्र भी माननीय मंत्री को सौंपा गया।

शिक्षा मंत्री ने शिक्षक पात्रता परीक्षा के संबंध में संगठन द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं तथ्यों को गंभीरता से समझते हुए राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के अध्यक्ष एवं संबंधित अधिकारियों को इस विषय में समुचित एवं आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के साथ-साथ शिक्षकों एवं शैक्षणिक संस्थानों से जुड़े विषयों पर संतुलित एवं सकारात्मक दृष्टिकोण से विचार किए जाने का आश्वासन दिया।

# सार सुर्खियां

## गरीबों के राशन की काला बाज़ारी, राशन डीलर पर एफआईआर

भास्कर ब्यूरो, मुरादाबाद। जिलाधिकारी के आदेश पर राशन की काला बाज़ारी करने वाले डीलरों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की गई है। सदर तहसील में तैनात पूर्ति निरीक्षक संतोष कुमार को सूचना मिली थी कि विकास खंड भगतपुर के गांव समदा चतुर्भुज में तैनात राशन डीलर मनोज कुमार गरीबों के लिए आने वाला सरकारी राशन वितरित न कर उसकी काला बाज़ारी करता है। सूचना मिलते ही पूर्ति निरीक्षक संतोष कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे, जहां जांच में शिकायत सही पाई गई। मौके से सार्वजनिक वितरण प्रणाली का भारी मात्रा में खाद्यान्न बरामद किया गया, जिसे काला बाज़ारी के लिए भेजा जा रहा था। बरामद राशन में 35 कुंतल 900 किलो गेहूं, 100 कुंतल चावल और चीनी शामिल है। कार्रवाई की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और पूर्ति निरीक्षक की तहरीर के आधार पर आरोपी राशन डीलर के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पूर्ति निरीक्षक संतोष कुमार ने बताया कि स्थानीय लोगों की लगातार शिकायतों के बाद यह कार्रवाई की गई है। लोगों का कहना था कि आरोपी डीलर गरीबों को राशन न देकर उसकी खुलेआम काला बाज़ारी कर रहा था।

## महिला को अश्लील कॉल कर बनाया अवैध संबंधों का दबाव, जान से मारने की धमकी, मुकदमा दर्ज

भास्कर ब्यूरो, मुरादाबाद। थाना मझोला क्षेत्र अंतर्गत लाइनपार सूर्य नगर निवासी एक महिला ने अश्लील कॉल और धमकियों से परेशान होकर पुलिस की शरण ली है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि चाऊ की बस्ती निवासी युवक राजकुमार उर्फ राजू उर्फ बंटी पिछले कई दिनों से मोबाइल फोन पर अश्लील बातें कर रहा है और उस पर अवैध संबंध बनाने का दबाव बना रहा है। महिला ने इंस्पेक्टर मझोला को दी गई शिकायत में बताया कि आरोपी न केवल उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है, बल्कि उसे और उसके पति को जान से मारने की धमकी भी दे रहा है। लगातार मिल रही धमकियों के चलते पीड़िता और उसका परिवार दहशत में है। इंस्पेक्टर मझोला ने पीड़ित महिला की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। साथ ही आरोपी युवक की तत्काल गिरफ्तारी के आदेश जारी किए गए हैं।

## कोर्ट परिसर की सुरक्षा पर सीओ हाईवे की पैनी नज़र, अभिलेखों से लेकर सीसीटी तक की गहन जांच

भास्कर ब्यूरो, मुरादाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी हाईवे द्वारा न्यायालय परिसर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का गहन जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान अपराध नियंत्रण एवं कानून-शांति व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की मुस्तैदी, प्रचलित अभिलेखों तथा सीसीटीवी कंट्रोल रूम की बारीकी से जांच की गई। सीओ हाईवे ने सुरक्षा इंतजामों को और अधिक मजबूत बनाए जाने के निर्देश देते हुए संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को पूरी सतर्कता बरतने के स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान यह भी सुनिश्चित किया गया कि न्यायालय परिसर में आने वाले वादकारियों व आमजन की सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक न हो।

## पुलिस क्षेत्राधिकारी ने किया कांठ थाने का मुआयना

भास्कर ब्यूरो, कांठ। गुरुवार को सहायक पुलिस अधीक्षक व पुलिस क्षेत्राधिकारी आईपीएस अभिनव द्विवेदी ने कांठ थाने का मुआयना करते हुए व्यवस्थाओं को देखा। उन्होंने पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए अच्छा कार्य करने के लिए कहा है। मुआयने के दौरान उन्होंने महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीएनएस कक्ष, कम्प्यूटर रूम, मैस, बंदी गृह, बैरकों, पुराने वाहनों, शस्त्र गृह आदि को देखा। उन्होंने उच्चाधिकारियों और शासन के निर्देश के बारे में भी बताया। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह सहित थाना स्टाफ मौजूद रहा।



## कांठ सीएचसी में रही रोगियों की भीड़, सर्दी में बढ़ रहे रोगी

भास्कर ब्यूरो, कांठ। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रोगियों की भीड़ रही। सर्दी के इस मौसम में अस्पताल में सबसे अधिक रोगी खांसी, जुकाम, नजला, बुखार से पीड़ित पहुंचे। उन्हें चिकित्सकों ने दवाइयां दिलाते हुए बचाव की सलाह भी दी। साथ ही सर्दी के मौसम में बुजुर्गों और छोटे बच्चों को खास तौर पर बचाकर रखने के लिए कहा। सीएचसी में 400 से भी अधिक रोगियों की ओपीडी की गई। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव सिंह के अनुसार सीएचसी में सभी तरह की दवाइयां उपलब्ध हैं। उन्होंने चिकित्सकों को साफ तौर पर निर्देश दिए हैं कि किसी भी रोगी को बाजार से दवाइयां न लिखी जाएं। उन्हें सीएचसी पर मौजूद दवाइयां ही चिकित्सक लिखें। यदि शिकायत मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी।



## आशा कार्यकर्ताओं की समस्याओं को लेकर प्रशासन गंभीर, कलक्ट्रेट में डीएम ने जानी आशाओं की समस्याएं

भास्कर ब्यूरो, मुरादाबाद। कलक्ट्रेट सभागार में आशा कार्यकर्ताओं की समस्याओं के समाधान को लेकर एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी अनुज सिंह ने की। इस दौरान आशा कार्यकर्ताओं ने अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों को अधिकारियों के सामने रखा। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने आशा कार्यकर्ताओं की बातों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूत कड़ी हैं और उनकी समस्याओं का समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मृणाली जोशी भी मौजूद रहीं। उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया कि लंबित मानदेय, कार्य से जुड़ी कठिनाइयों और अन्य समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण कराया जाएगा। प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि आशा कार्यकर्ताओं को किसी भी स्तर पर अनदेखा नहीं किया जाएगा और उनकी सुविधाओं में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। बैठक के बाद आशा कार्यकर्ताओं में संतोष देखा गया।



## नगर भर में आवारा कुत्ते का आतंक, तीन लोगों को काट कर किया जख्मी

भास्कर ब्यूरो, ठाकुरद्वारा। नगर में पिछले काफी दिनों आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है, जिसके कारण नगर के लोगों खासकर बच्चों के लिए ये आवारा कुत्ते मुसीबत बने हुए हैं। गुरुवार को एक आवारा कुत्ते ने अलग-अलग स्थानों पर तीन लोगों पर हमला कर उन्हें जख्मी कर दिया। अचानक हुए हमलों से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोगों में दहशत फैल गई। नगर में बाजार गंज में स्थित सलीम अहमद ने बताया कि कुत्ता सुबह से ही आक्रामक था और राह चलते लोगों पर झपट रहा था। जिसमे एक बुजुर्ग हमले में घायल हुए लोगों को परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगाए गए। चिकित्सकों के अनुसार घायलों की हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। घटना की सूचना नगर पालिका और प्रशासन को दी गई, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या को लेकर लोगों में रोष है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पहले भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं, बावजूद इसके स्थायी समाधान नहीं किया गया। लोगों ने नगर पालिका से आवारा कुत्तों की पकड़-धकड़ पर अभियान तेज करने की मांग की है।

# श्रमिकों के हक की योजना है विकसित भारत जी राम जी: ढांडा

## मनरेगा की खामियों को दूर कर श्रमिकों को न्याय दिलाने का काम कर रही है मोदी सरकार

भास्कर ब्यूरो

पानीपत । हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने स्थानीय बीजेपी कार्यालय में आयोजित मीडिया कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत जी राम जी योजना को लेकर विपक्षी पार्टियां जानबूझकर दुष्प्रचार फैला रही हैं, जबकि यह योजना देश के करोड़ों ग्रामीण श्रमिकों, किसानों और मेहनतकश परिवारों के हित में लाई गई है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रमिकों के कल्याण और गांवों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए विकसित भारत जी राम जी योजना की शुरूआत की है। यह योजना समय के साथ अप्रासंगिक और भ्रष्टाचार से ग्रस्त हो चुकी मनरेगा की जगह लाई गई है।शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि किसी भी योजना में समय के साथ आई कमियों को सुधारना नीति निर्माण का स्वाभाविक हिस्सा होता है। मनरेगा के दौरान कई गंभीर समस्याएं सामने आईं, ऐसे में पुराने और खामियों से भरे ढांचे को बिना सुधार के आगे बढ़ाना न तो श्रमिकों के हित में था और न ही देश के। उन्होंने 2013 की कैग रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि यूपीए शासनकाल में मनरेगा में फर्जी लाभार्थियों की भरमार थी और केवल धन की हेराफेरी के उद्देश्य से लाभार्थी सूची में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की गई। उस समय मनरेगा एक ऐसी योजना बनकर रह गई थी, जिसका उद्देश्य केवल गड्ढे खोदना और उन्हें भरना था।शिक्षा मंत्री ने बताया कि पंजाब में हुए सोशल ऑडिट में वित्तीय गबन के



मामले सामने आए, लेकिन दोषियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। मनरेगा के तहत अस्वीकृत परियोजनाएं भी बिना निगरानी और रिकॉर्ड के चलाई जा रही थीं, जिससे मेहनती श्रमिकों की उचित मजदूरी छीनी गई। मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि भ्रष्ट आम आदमी पार्टी सरकार इन्हीं सुधारों का विरोध कर रही है और संसद में इनके खिलाफ बहस और प्रस्ताव पारित कर रही है। श्रमिकों को न्याय और उनका हक दिलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत जी राम जी कानून लेकर आए हैं।उन्होंने बताया कि नए प्रावधानों के तहत रोजगार गारंटी को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन कर दिया गया है, जिससे ग्रामीण श्रमिकों की मजदूरी और रोजगार सुरक्षा को बड़ा बढ़ावा मिला है। इससे पूरे देश में एक ग्रामीण अकुशल श्रमिक की वार्षिक आय में औसतन 7 हजार रुपये से अधिक की बढ़ोतरी होगी, जबकि हरियाणा में प्रत्येक श्रमिक को कम से कम 10 हजार रुपये से अधिक का अतिरिक्त लाभ मिलेगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि हरियाणा में न्यूनतम मजदूरी 400 रुपये प्रतिदिन है, जबकि पंजाब में 339 रुपये और हिमाचल प्रदेश में मात्र 236 रुपये प्रतिदिन दी जाती है। इस योजना के तहत हरियाणा में इस वर्ष 52 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जाति के श्रमिकों और 65 प्रतिशत से अधिक महिला श्रमिकों को रोजगार मिला है।

# रालोद अर्बन कमेटी उत्तर प्रदेश के सदस्यो की बैठक आयोजित

भास्कर ब्यूरो

नई दिल्ली। रालोद केन्द्रीय कार्यालय पर अर्बन कमेटी उत्तर प्रदेश के मेंबर्स के साथ मीटिंग रखी गई जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) त्रिलोक त्यागी ने कि कमेटी में मुख्य सदस्यों में अनुपम मिश्रा (राष्ट्रीय सचिव) इंदरजीत सिंह टीटू राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ )पूर्व विधायक नूर सलीम राणा जावेद सुल्तान जौनपुर का रहना हुआ राष्ट्रीय महासचिव त्रिलोक त्यागी ने सभी मेंबर्स को दिशा निर्देश दिए कि अर्बन कमेटी के मेंबर अपने अपने मंडल में पंद्रह दिन के अंदर जिला व महानगर के साथ बैठकर समीक्षा कर पार्टी को रिपोर्ट सौंपेंगे (मेरठ मण्डल



)इंदरजीत सिंह टीटू देखेंगे (मध्य उत्तर प्रदेश )का क्षेत्र अनुपम मिश्रा देखेंगे पूर्व विधायक नूर सलीम राणा (सहारनपुर और मुरादाबाद मंडल ) देखेंगे जावेद सुल्तान ( पूर्व उत्तर प्रदेश )का क्षेत्र देखेंगे महेश जाटव (आगरा मण्डल) देखेंगे अपने मंडल में सभी अर्बन कमेटी के मेंबर जाएंगे जिला व महानगर के साथ बैठकर समीक्षा करेंगे की संगठन कहां कहां पर जिला अध्यक्षों के द्वारा और महानगर अध्यक्षों के द्वारा बनाया गया है महानगर के द्वारा कितने वार्ड अध्यक्ष बनाए गए हैं जिला अध्यक्ष के द्वारा कितने विधानसभा अध्यक्ष बनाए गए हैं ग्राम कमेटियों में कितने लोगों को जिम्मेदारियाँ अभी तक दी गई हैं उसके समीक्षा के बाद कहां पर संगठन नहीं है जहां पर संगठन नहीं है वहां संगठन कैसे बनेगा किन लोगों को जिम्मेदारी दी जाएगी किन लोगों के पास समय है जो पार्टी को मजबूत करने में अपना सहयोग कर सकते हैं अब से पन्द्रह दिन बाद सभी अर्बन कमेटी के मेंबर अपनी समीक्षा करने के बाद पार्टी कार्यालय में जमा कराएंगे।फिर आगे की कार्रवाई शुरू कि जाएगी

# जनपदीय समीक्षा बैठक आयोजित, योजनाओं के क्रियान्वयन व कानून व्यवस्था पर दिए निर्देश



भास्कर ब्यूरो

सम्भल। बहजोईः गुरुबार को कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में प्रभारी मंत्री एवं राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) होमगाड्र्स एवं नागरिक सुरक्षा उत्तर प्रदेश श्री धर्मवीर प्रजापति की अध्यक्षता में केन्द्र व राज्य सरकार की विकास एवं लोककल्याणकारी योजनाओं तथा कानून व्यवस्था को लेकर जनपदीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, छात्रवृत्ति, पर ड्रॉप मोर क्रॉप सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान अधीक्षण अभियंता हिमांशु वार्ष्णेय ने विद्युत चोरी रोकने को चलाए गए अभियानों व एफआईआर की कार्रवाई से अवगत कराया। इस पर मंत्री ने निर्देश दिए कि अधिक बिल या अनियमितता की शिकायत मिलने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए तथा जेई व एसडीओ स्तर पर नियमित बैठकें हों। कृषि विभाग की योजनाओं–प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फार्मर रजिस्ट्री व फैमिली आईडी–पर चर्चा करते हुए मंत्री ने किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु एक समेकित केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में आयुष्मान गोल्डन कार्ड व एनआरसी चंदौसी पर सुधार के निर्देश दिए गए। इसके अलावा पंचायती राज, जल जीवन मिशन, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, पशुपालन, लोक निर्माण सहित अन्य विभागों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मंत्री ने कहा कि शिकायतों का निराकरण स्थानीय स्तर पर हो, ताकि जनता संतुष्ट रहे। जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने अधिकारियों को मंत्री के निदेर्शों का कड़ाई से पालन करने को कहा। बैठक में पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनता इंटर कालेज के रासेयो द्वारा लगाए गये सात दिवसीय शिविर का समापन

भास्कर ब्यूरो

बेहट। स्थानीय जनता इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय शिविर का सातवां दिवस ग्राम शाहपुर में गुरुवार को सम्पन्न हो गया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों वृक्षारोपण तथा सड़क सुरक्षा रैली भी निकाली गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान मोहम्मद राशिद ने तथा प्रधानाचार्य डॉक्टर सुभाष चंद्र सागर ने किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी अरुण कुमार गौतम ने किया। समापन के अवसर पर प्रधानाचार्य डॉक्टर सुभाष चंद्र ने ग्राम प्रधान मोहम्मद राष्ट्रीय तथा अन्य संभ्रांत ग्राम वासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा की स्वयंसेवकों ने जो 7 दिनों तक अलग-अलग विधाओं के प्राथमिक आंकड़ेएकत्र किए हैं, उनका हम लोग समाधान तो नहीं कर सकते परंतु इन



समस्याओं को समझकर इन्हें अपने जीवन में अनुभव के रूप में ग्रहण कर सकते हैं। हमें सामान्य लोगों की भलाई के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। ग्राम प्रधान मोहम्मद राशिद ने सभी स्वयंसेवकों की प्रशंसा करते हुए कहा की इन्होंने 7 दिनों तक लगातार कार्य करते हुए जो उत्तम व्यवहार एवं अनुशासन का परिचय दिया है वह कभी भी बुलाया नहीं जा सकता है। बच्चों से अच्छी बातें सीख कर हमें भी उन्हें दैनिक जीवन में उतरना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी अरुण कुमार गौतम ने संचालन करते हुए कहा की स्वयंसेवक को द्वारा 7 दिनों तक कार्य करके जो अलग-अलग विधाओं के आंकड़े एकत्र किए हैं उनको सबके सम्मुख प्रस्तुत किया जा रहा है तथा सम्मानित प्रधान से निवेदन है कि ग्राम की समस्या को प्राथमिकता के आधार पर हल करने का प्रयास करें। इससे पहले प्रातः काल में स्वयंसेवकों ने सड़क सुरक्षा रैली निकालकर ग्राम वासियों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने का संदेश दिया। बाद में सभी अतिथियों स्वयंसेवक को ने विद्यालय प्रांगण में अनेक उपयोगी छायादार वृक्षों को रोपितकिया। वृक्षारोपण कर सभी ग्राम वासियों को वातावरण संतुलन के लिए अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने का आग्रह किया। इस अवसर पर योगेश त्रिपाठी, राजेश त्यागी, मुकेश कुमार ,संदीप चैहान, ओमपाल, मास्टर रामवीर सिंह, कुर्बान अली, मुकर्रम खान आदि रहे।

# रोडवेज कर्मचारियों ने पिता- दो पुत्रों को लाठी डंडो से जमकर धुना

भास्कर ब्यूरो

छुटमलपुर। कस्बे में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के डिपो के गेट के सामने रोडवेज बस ने कार को साइड मार दी। साइड लगने के बाद कार स्वामी एवं रोडवेज कर्मियों के बीच कहासुनी हो गई। कहासुनी मारपीट में बदल गई। रोडवेज कर्मियों ने कार स्वामी एवं उसके दो पुत्रों को रोडवेज डिपो के अन्दर ले जाकर लाठी-डंडो से जमकर पीटा। सूचना पर पहुँची पुलिस ने घायल पिता पुत्रों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। पीड़ित पक्ष में थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। घटना गुरुवार की सुबह करीब दस बजे की है। कस्बे की सूरज विहार कालोनी निवासी 40 वर्षी सोनू पुत्र देशराज ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि



वह अपने पुत्रों मुकुल एवं हर्ष के साथ अपनी कार को सड़क पर खड़ी कर पास की दुकान में सामान लेने गया था। जब वह सामान लेकर आया तो उसकी कार को रोडवेज बस की साइड लग गई स कार में साइड लगने का उसने विरोध किया तो वहाँ पर इकट्ठे हुए रोडवेज कर्मियों ने उनके साथ गाली गलौज और धक्का मुक्की करते हुए डिपो के गेट तक ले गये और तभी रोडवेज डिपो के अंदर से कुछ लोग समझौता कराने की बात कह कर मझे और मेरे दोनो बेटो को अंदर ले गए। अंदर ले जाकर उन लोगो ने डिपो का मेन गेट बंद कर हमारे उपर लाठी डंडो से टूट पड़े तथा जमकर मारपीट की। गेट के बाहर खड़े लोगो ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। जहाँ चिकित्सकों ने हालत गंभीर के चलते हायर सेंटर रेफर कर दिया। पीडित पक्ष ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। हालांकि अक्सर कस्बे वासियों द्वारा डिपो के सामने सड़क पर खड़ी रोडवेज बसों से होने वाले जाम किसे कहते हैं आम से लेकर आराम तक की जाती रही है लेकिन अधिकारीयों द्वारा इस और कोई ध्यान नहीं दिया है।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ साझा रणनीति पर सहमति, एसीएफआई की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

भास्कर ब्यूरो

सहारनपुर। एंटी-करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा कल, 7 जनवरी 2026 को सहारनपुर में एसीएफआई कोर टीम एवं राष्ट्रीय नेतृत्व अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भ्रष्टाचार के खिलाफ मिलकर प्रभावी ढंग से कार्य करने के लिए एक संगठित टीम गठित करने पर सहमति बनी। बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि गठित टीम विभिन्न सरकारी दफ्तरों का दौरा कर संबंधित अधिकारियों से भ्रष्टाचार से जुड़े मुद्दों पर सीधी बातचीत करेगी। इसके साथ ही भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से आवश्यक खुफिया जानकारी एकत्र करने की रणनीति भी तय की गई। ।ब्थ्प् नेतृत्व ने इसे व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक अहम कदम बताया। बैठक में एसीएफआई





के कोर अधिकारी सुरेंद्र मोहन कालरा, सुरेंद्र गाबा, गुलशन वधवा, गगन गुलाटी, प्रिंस बत्रा, सुधीर भाटिया, अभिषेक भाटिया, अपूर्व वर्मा, धनवीर चैधरी, हेमंत अरोड़ा एवं गगनदीप सिंह उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने एकजुट होकर भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष तेज करने और आमजन को न्याय दिलाने के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया। एसीएफआई ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी इस तरह की बैठकों के माध्यम से संगठन की गतिविधियों को और अधिक मजबूत किया जाएगा।

# मिशन शक्ति फेज-5.0 एवं साइबर अपराध सुरक्षा के प्रति किया जागरूकता

भास्कर ब्यूरो

गागलहेड़ी। थाना पुलिस की एंटी रोमियो टीम द्वारा महिला सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान में महिला हेड कांस्टेबल नीतू चैधरी, महिला कांस्टेबल राधा एवं महिला कांस्टेबल ज्योति द्वारा भाग लिया गया।टीम द्वारा हरि इंटरनेशनल अकैडमी, कस्बा गागलहेड़ी, दिनारपुर बाजार एवं कैलाशपुर क्षेत्र के बैंक परिसरों में चेकिंग की गई तथा वहां उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया गया। अभियान के दौरान महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति फेज-5.0 एवं साइबर अपराध सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत डिजिटल अरेस्टिंग से संबंधित भ्रामक सूचनाओं, सशक्तिकरण, तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं बच्चों के लिए संचालित कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा एवं संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर साइबर फ्रॉड एवं साइबर क्राइम से बचाव के उपाय बताए गए तथा सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर कृ1090 (वूमेन पावर हेल्पलाइन), 1930 (साइबर अपराध हेल्पलाइन), 108 (एंबुलेंस सेवा) एवं 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा) कृ के बारे में जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त चैराहों पर खड़े संदिग्ध लड़कों को चेतावनी देकर छोड़ा गया तथा जागरूकता पम्पलेट वितरित किए गए। यह अभियान महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा की भावना, आत्मविश्वास एवं जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# थाना मंडी पुलिस की बड़ी कार्रवाई

भास्कर ब्यूरो

सहारनपुर। पुलिस उपमहानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम तथा वांछित, वारंटी एवं शातिर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मंडी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक रोजन्त त्यागी के नेतृत्व में थाना मंडी पुलिस टीम ने प्रतिबंधित चाइनीज मांझे का विक्रय करने वाले दुकानदार को गिरफ्तार किया है। थाना मंडी पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए मोहल्ला रानी बाजार थाना मंडी क्षेत्र से अभियुक्त दीपक पुत्र मनोज कुमार निवासी मोहल्ला रानी बाजार, थाना मंडी सहारनपुर को गिरफ्तार किया। अभियुक्त के कब्जे से 69 गिट्टी एवं 10 गुच्छी पतंग का प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बरामद किया गया, जिसका कुल वजन लगभग 40.2 ग्राम बताया गया है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर



अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली मंडी पर मु0अ0सं0 07धि2026 धारा 223(बी)धि125 बीएनएस तथा धारा 5धि15 पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए उसे समय से माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक अवशेष भाटी, हेड कांस्टेबल कमल कौशिक, हेड कांस्टेबल राहुल त्यागी, हेड कांस्टेबल सुनील राणा तथा कांस्टेबल शोएब मिर्जा शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि प्रतिबंधित चाइनीज मांझा मानव जीवन, पक्षियों और पर्यावरण के लिए अत्यंत घातक है। ऐसे अवैध कार्यों में संलिप्त लोगों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई लगातार जारी

# मंडोला एवं हस्तिनापुर स्थित गौशालाओं में गौमाता की सेवा



भास्कर ब्यूरो

मेरठ। आचार्य 108 विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य, सरस्वती पुत्र, अर्हं ध्यान योग के प्रणेता मुनि 108 प्रणम्य सागर महाराज की प्रेरणा एवं मंगल आशीर्वाद से ओं अर्हं सोशल वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा संचालित संस्था अर्हं जीव दया भारत ने अपनी छठी वर्षगांठ देश भर में सेवा, साधना और संवेदना के भाव के साथ मनाई अर्हं ध्यान योग के अन्तरप्पाओं ने देश के विभिन्न राज्यों एवं नगरों में स्थित गौशालाओं में जाकर गौमाता को गुड़, हरा चारा एवं पौष्टिक आहार अर्पित किया यह सेवा केवल गौमाता तक सीमित न रहकर, समस्त जीवों के प्रति करुणा, दया और सह-अस्तित्व के भाव को जागृत करने का सशक्त माध्यम बनी संस्था द्वारा पर्यावरण संरक्षण, प्रकृति संवर्धन और हरित भविष्य के लिए अधिक से अधिक पौधों के रोपण का संकल्प भी लिया गया देश के विभिन्न गुरुकुलों एवं शिक्षण संस्थानों में बच्चों के आध्यात्मिक, मानसिक एवं शारीरिक विकास हेतु अर्हं ध्यान योग के विशेष सत्रों का आयोजन कर बच्चों को पंच मुद्रा, अर्हं क्लैप, कायोत्सर्ग, प्राणायाम, योगासन एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया, ताकि उनमें आत्मअनुशासन, एकाग्रता, संस्कार और संतुलित जीवन मूल्यों का विकास हो सके। गाजियाबाद से अर्हं ध्यान योग के अन्तरप्पा एवं अर्हं जीव दया भारत संस्था के सक्रिय सदस्य प्रद्युम्न जैन के नेतृत्व में बड़ा गांव, मंडोला एवं हस्तिनापुर स्थित गौशालाओं में जाकर 200 से अधिक गौमाताओं को हरा चारा एवं गुड़ खिलाया गया बड़ा गांव एवं मंडोला गौशाला में 5 वर्ष के छोटे बच्चे से लेकर 84 वर्ष के बुजुर्ग तक चार पीढ़ियों ने एक साथ गौमाता की सेवा की ह्लनन्हे कदम, बड़ा भावह्व की प्रेरणा को साकार करते हुए मोड़निम्ब, सोलापुर स्थित गौशाला में पाठशाला के नन्हे-नन्हे बच्चों को साथ लेकर गौमाता को चारा अर्पित किया गया, जिससे बाल मन में करुणा, दया और जीवमात्र के प्रति सम्मान के बीज रोपे जा सकें प्रद्युम्न जैन ने कहा कि संस्था का यह प्रयास मानव जाति के आध्यात्मिक उत्थान के साथ-साथ गौमाता एवं समस्त जीवों की सेवा के माध्यम से अहिंसा, करुणा और सह-अस्तित्व के मूल्यों को समाज के हर वर्ग तक पहुँचाने का कार्य करेगा और आने वाले समय में और अधिक विस्तार के साथ राष्ट्र के जन-जन को दया, करुणा और चेतना से जोड़ता रहेगा।

# मंडल स्तरीय एथलेटिक्स व कुश्ती चयन/ट्रायल सम्पन्न, प्रदेश प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी चयनित

भास्कर ब्यूरो

सहारनपुर। खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश, खेल भवन लखनऊ के तत्वावधान में आयोजित की जा रही विभिन्न प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिताओं के अंतर्गत गुरुवार, 8 जनवरी 2026 को क्षेत्रीय खेल कार्यालय सहारनपुर द्वारा मंडल स्तरीय एथलेटिक्स एवं कुश्ती चयनध्ट्रायल का आयोजन किया गया। यह चयन प्रक्रिया सहायक प्रशिक्षक बॉक्सिंग प्रवीन कुमार की देखरेख में सम्पन्न हुई। एथलेटिक्स खिलाड़ियों का चयन अंशकालिक मानदेय एथलेटिक्स प्रशिक्षक मुजफ्फरनगर सुशील कुमार द्वारा किया गया, जबकि कुश्ती खिलाड़ियों का चयन अंशकालिक मानदेय कुश्ती प्रशिक्षक सहारनपुर आदेश द्वारा किया गया। इस अवसर पर रोहित चिंकारा, अभिषेक चैधरी, पोपिन, अमजद, अंकित गुप्ता एवं सुश्री सुप्रिया रानी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।मंडल स्तर पर चयनित खिलाड़ी समन्वय जूनियर बालक कुश्ती मंडल स्तर पर चयनित खिलाड़ी- रितिक (जयनागल),



साहिल, आदित्य कुमार, मो. अयान, विराज कुमार, गुरुप्रीत, ईसराइल, मो. नौमान, अभिषेक कुमार, शिवा, वरदान (सहारनपुर) तथा सागर कुमार (मुजफ्फरनगर)। ये खिलाड़ी 16 से 18 जनवरी 2026 तक स्पोर्ट्स स्टेडियम बलिया में आयोजित प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालक कुश्ती प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।समन्वय सीनियर पुरुष एथलेटिक्स-चयनित खिलाड़ीरू आरिफ अहमद, अरनव शर्मा, प्रिंस सैनी, प्रिंस तोमर, भानु प्रताप, अवनीश कुमार, निखिल, आकाश, वसीम, कुनाल, सन्नी, गौरव, अश्वनी, देवांश, फैज खान, प्रणव दीक्षित, अर्जुन, वैभव शर्मा (सहारनपुर) तथा मयंक, मो. हसन, हरिश, प्रत्यक्ष कुमार (मुजफ्फरनगर) । ये खिलाड़ी 12 से 13 जनवरी 2026 तक स्पोर्ट्स स्टेडियम अयोध्या में आयोजित प्रदेश स्तरीय समन्वय सीनियर पुरुष एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।समन्वय सीनियर महिला एथलेटिक्स-चयनित खिलाड़ीरू दिव्यांशी, मायरा, प्रियंका पाल, आरूशी, रिया, जसनप्रीत, साक्षी, वंशिका कश्यप, रितु, निक्की, एकता, रितिका, अंजली, रिया चैधरी (सहारनपुर) तथा शिया बालियान (मुजफ्फरनगर)। चयनित महिला खिलाड़ी 15 से 16 जनवरी 2026 तक स्पोर्ट्स स्टेडियम अयोध्या में आयोजित प्रदेश स्तरीय समन्वय सीनियर महिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी।

# पेड़ चोरी के वांछित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

भास्कर ब्यूरो

नागल। पेड़ चोरी के एक मामले में वांछित चल रहे एकआरोपी को पुलिस ने बृहस्पतिवार सुबह गिरफ्तार कर उसे न्यायालय पेश कर दिया। थाना प्रभारी राजकुमार चैहान ने बताया कि सहारनपुर की अंबेडकरपुरम कॉलोनी निवासी सुनीता ने 2 जनवरी को पुलिस से शिकायत करते हुए बताया था कि क्षेत्र के गांव कपासा में उसके कृषि की भूमि में पॉपुलर के पेड़ लगे हुए हैं। उसका आरोप था कि गांव कपासा के एक व्यक्ति ने उसके पॉपुलर के पेड़ काट लिए हैं पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी प्रदीप निवासी कपासा के विरोध संबंधित धाराओं में मामला दर्ज करते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने बृहस्पतिवार सुबह मुखबिर की सूचना पर वादी के खेत से गांव जाने वाले रास्ते पर प्रदीप को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर कांटे गए पॉप्युलर के पेड बरामद करते हुए उसे न्यायालय पेश कर दिया।

# जल संरक्षण के लिए तालाब का लोकार्पण किया

भास्कर ब्यूरो

गागलहेड़ी। आईटीसी मिशन सुनहरा कल के अंतर्गत जल बचाओ अभियान के दृष्टिगत गांव लखनौती खुर्द में तालाब के लोकार्पण के कार्यक्रम का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी नीरू मलिक ने फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान बीडीओ नीरू मलिक ने कहा कि आईटीसी मिशन सुनहरा कल का अभियान भविष्य के लिए एक सराहनीय कदम है जिसके अंतर्गत तालाबों में जल को संचय करके आने वाले समय में जल की समस्या दूर की जा सकती है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी को जल बचाओ की शपथ भी दिलाई। भूजल विभाग के अधिशासी अभियंता नूपुर गुप्ता ने कहा कि हम सभी को चाहिए कि जल की बबार्दी ना करें और उपयोगिता के आधार पर ही उपयोग करते हुए अनावश्यक रूप से बर्बाद ना करें क्योंकि भविष्य में जल समस्या को लेकर एक संकट आ सकता है। आईटीसी मिशन के द्वारा सुनहरा कल अभियान की सराहना करते हुए कहा कि अभियान से समाज को जागरूक करने का काम किया जा रहा है।

# नौकरी दिलाने के नाम पर साइबर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, पांच गिरफ्तार, दो फरार

▸ नई सराय में चला रहे थे नकली कॉल सेंटर, वर्चुअल नामों से कर रहे थे ठगी

भास्कर ब्यूरो



बदायूँ। कॉल सेंटर के जरिए लोगों को बैंक और फाइनेंस कंपनियों में नौकरी दिलाने का झांसा देकर साइबर ठगी करने वाले गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। मास्टरमाइंड समेत चार युवतियों को गिरफ्तार किया गया। गिरोह के दो ठग फरार हैंए जिनकी तलाश में पुलिस टीमें जुटी हैं। जांच में ये भी पता चला है कि आरोपी लोगों से बात करने के दौरान अपना असली नाम नहीं बतातेए बल्कि फर्जी नाम का इस्तेमाल करते थे। एसपी सिटी विजेन्द्र द्विवेदी ने पुलिस लाइन सभागार में खुलासा करते हुए बतायाए साइबर क्राइम थाने में 30 दिसंबर को उपनिरीक्षक रजत यादव ने प्रबंध पोर्टल पर संदिग्ध मोबाइल नंबर की जांच के दौरान पांच ठगी की शिकायतें पाईं। उन्होंने मुकदमा दर्ज कर नंबर ट्रेस किया तो लोकेशन नई सराय कोतवाली सदर क्षेत्र में मिली। साइबर क्राइम थाना प्रभारी विनोद कुमार वर्धन पुलिस टीम के साथ लोकेशन पॉइंट पर पहुंचे और गली में बने मकान का दरवाजा खुलवायाए जहां एक छोटे कमरे में फर्जी कॉल सेंटर बना मिला। इसमें तीन युवतियां और एक युवक काम कर रहे थे। युवक लैपटॉप पर काम कर रहा थाए जबकि महिलाएं मोबाइल पर बात कर रही थीं। पुलिस ने संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर चारों को पकड़ लियाए उनकी निशानदेही पर अन्य युवती को भी गिरफ्तार किया । गिरफ्तार साइबर ठगी के मास्टरमाइंड विवेक पुत्र सुरेश निवासी गोविंद नगला थाना मूसाझागए आकांक्षा पटेल पुत्री विजेंद्र सिंह निवासी बरातेगदार सिविल लाइंसए अंशु पटेल पुत्री तीरमल सिंह निवासी लखनपुर सिविल लाइंसए ईशा साहू पुत्री प्रेम शंकर निवासी नगर पंचायत गुलड़िया थाना मूसाझाग और मीनाक्षी पुत्री राजकुमार सिंह निवासी बरामयखेड़ा कोतवाली उझानी हैं। बताया कि वह वर्क इंडिया साइट पर यूपीए बिहारए महाराष्ट्रए राजस्थान और मध्य प्रदेश के लोगों को नौकरी दिलाने का झांसा देकर किसी अन्य खाते में पैसे ट्रांसफर करवा कर साइबर ठगी करते थे। शिकायत में चार लाख 50 हजार रुपए की ठगी की है। गिरफ्तार अभियुक्तगण अपने असली नामों के अलावा लोगों से बात करने में वर्चुअल नाम का इस्तेमाल करते थे। मास्टरमाइंड विवेक ने खुद को राजीव बता ठगी की। आकांक्षा पटेल और अंशू पटेल ने लोगों से रिया शर्मा बन संपर्क किया। ईशा साहू ने नाव्या शर्मा और कृतिका शर्मा बनाकर बात की। मीनाक्षी ने निधि शर्मा का नाम अपनाकर ठगी का झांसा दिया। पांचों अभियुक्त असली नाम के अलावा इन वर्चुअल नामों से कॉल सेंटर के जरिये साइबर ठगी को अंजाम दे रहे थे।

# रोडवेज कर्मचारियों ने पिता- दो पुत्रों को लाठी डंडो से जमकर धुना

▸ रोडवेज बस की कार में साइड लगने को लेकर हुआ विवाद

भास्कर ब्यूरो



छुटमलपुर। कस्बे में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के डिपो के गेट के सामने रोडवेज बस ने कार को साइड मार दी। साइड लगने के बाद कार स्वामी एवं रोडवेज कर्मियों के बीच कहासुनी हो गई। कहासुनी मारपीट में बदल गई। रोडवेज कर्मियों ने कार स्वामी एवं उसके दो पुत्रों को रोडवेज डिपो के अन्दर ले जाकर लाठी-डंडो से जमकर पीटा। सूचना पर पहुँची पुलिस ने घायल पिता पुत्रों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। पीड़ित पक्ष में थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। घटना गुरुवार की सुबह करीब दस बजे की है। कस्बे की सूरज विहार कालोनी निवासी 40 वर्षी सोनू पुत्र देशराज ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि वह अपने पुत्रों मुकुल एवं हर्ष के साथ अपनी कार को सड़क पर खड़ी कर पास की दुकान में सामान लेने गया था। जब वह सामान लेकर आया तो उसकी कार को रोडवेज बस की साइड लग गई स कार में साइड लगने का उसने विरोध किया तो वहाँ पर इकट्ठे हुए रोडवेज कर्मियों ने उनके साथ गाली गलौज और धक्का मुक्की करते हुए डिपो के गेट तक ले गये और तभी रोडवेज डिपो के अंदर से कुछ लोग समझौता कराने की बात कह कर मझे और मेरे दोनो बेटो को अंदर ले गए। अंदर ले जाकर उन लोगो ने डिपो का मेन गेट बंद कर हमारे उपर लाठी डंडो से टूट पड़े तथा जमकर मारपीट की। गेट के बाहर खड़े लोगो ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुँचकर घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया। जहाँ चिकित्सकों ने हालत गंभीर के चलते हायर सेंटर रेफर कर दिया। पीडित पक्ष ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। हालांकि अक्सर कस्बे वासियों द्वारा डिपो के सामने सड़क पर खड़ी रोडवेज बसों से होने वाले जाम किसे कहते हैं आम से लेकर आराम तक की जाती रही है लेकिन अधिकारीयों द्वारा इस और कोई ध्यान नहीं दिया है।

एसओ ने बताया कि तहरीर मिली है रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी। मामले की जानकारी मिलने पर निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक योगेंद्र प्रताप सिंह भी थाने पहुंचे स उधर देर शाम तक कस्बे के कुछ जिम्मेदार लोग दोनों पक्षों के बीच समझौते के प्रयास में लग रहे।

## सार सुर्खियां

### मुख्यमंत्री के निदेर्शो के अनुपालन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित



भास्कर ब्यूरो, बदायूँ। कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जनपद के शहरी क्षेत्रों में साफ-सफाई, जलापूर्ति एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अवनीश राय की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री जी द्वारा 02 जनवरी 2026 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दिए गए निदेर्शो के अनुपालन की समीक्षा की गई। अधिकारियों को मलिन बस्तियों की स्वच्छता, कूड़ा निस्तारण, सीवर-पेयजल व्यवस्था, जलभराव की रोकथाम तथा आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### सिविल लाइंस पुलिस द्वारा 03 अभियुक्तो को 02 किलो 954 ग्राम अफीम व अन्य सामान सहित गिरफ्तार

भास्कर ब्यूरो, बदायूँ । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जनपद बदायूँ डा0 बृजेश कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध की रोकथाम हेतु रात्रि गश्त व संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग व मादक पदार्थो की तस्करी की रोकथाम हेतु अभियान के अन्तर्गत थाना सिविललाइन पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 08.01.2026 को 03 अभि0गण राजीव पुत्र भूरे नि0-बिनावर बदायूँ, सुमित पुत्र भजनलाल नि0-ग्राम मोहम्मद नगर थाना सिविल लाइंस व इब्रीश कुमार पुत्र देव प्रकाश नि0 ग्राम मोहम्मद नगर थाना सिविल लाइंस को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से 02 किलो 954 ग्राम मादक पदार्थ (अफीम), एक अदद मोटर साइकिल, 03 अदद मोबाइल बरामद किये गये। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना सिविल लाइंस पर मु0अ0सं0-16/2026 धारा -8/18/60 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगणो को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम उ0नि0 अखिल तोमर, का0 विकास बैसला, का0 रितेश कुमार, का0 नवनीत शर्मा, का0 सतेन्द्र सिंह रहे ।

# मंडल स्तरीय एथलेटिक्स व कुश्ती चयन/ट्रायल सम्पन्न, प्रदेश प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी चयनित



भास्कर ब्यूरो

सहारनपुर। खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश, खेल भवन लखनऊ के तत्वावधान में आयोजित की जा रही विभिन्न प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिताओं के अंतर्गत गुरुवार, 8 जनवरी 2026 को क्षेत्रीय खेल कार्यालय सहारनपुर द्वारा मंडल स्तरीय एथलेटिक्स एवं कुश्ती चयनध्ट्रायल का आयोजन किया गया। यह चयन प्रक्रिया सहायक प्रशिक्षक बॉक्सिंग प्रवीन कुमार की देखरेख में सम्पन्न हुई। एथलेटिक्स खिलाड़ियों का चयन अंशकालिक मानदेय एथलेटिक्स प्रशिक्षक मुजफ्फरनगर सुशील कुमार द्वारा किया गया, जबकि कुश्ती खिलाड़ियों का चयन अंशकालिक मानदेय कुश्ती प्रशिक्षक सहारनपुर आदेश द्वारा किया गया। इस अवसर पर रोहित चिंकारा, अभिषेक चैधरी, पोपिन, अमजद, अंकित गुप्ता एवं सुश्री सुप्रिया रानी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

मंडल स्तर पर चयनित खिलाड़ी समन्वय जूनियर बालक कुश्ती मंडल स्तर पर चयनित खिलाड़ी- रितिक (जयनागल), साहिल, आदित्य कुमार, मो. अयान, विराज कुमार, गुरुप्रीत, ईसराइल, मो. नौमान, अभिषेक कुमार, शिवा, वरदान (सहारनपुर) तथा सागर कुमार (मुजफ्फरनगर)। ये खिलाड़ी 16 से 18 जनवरी 2026 तक स्पोर्ट्स स्टेडियम बलिया में आयोजित प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालक कुश्ती प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

समन्वय सीनियर पुरुष एथलेटिक्स-चयनित खिलाड़ीरू आरिफ अहमद, अरनव शर्मा, प्रिंस सैनी, प्रिंस तोमर, भानु प्रताप, अवनीश कुमार, निखिल, आकाश, वसीम, कुनाल, सन्नी, गौरव, अश्वनी, देवांश, फैज खान, प्रणव दीक्षित, अर्जुन, वैभव शर्मा (सहारनपुर) तथा मयंक, मो. हसन, हरिश, प्रत्यक्ष कुमार (मुजफ्फरनगर)। ये खिलाड़ी 12 से 13 जनवरी 2026 तक स्पोर्ट्स स्टेडियम अयोध्या में आयोजित प्रदेश स्तरीय समन्वय सीनियर पुरुष एथलेटिक्स प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

समन्वय सीनियर महिला एथलेटिक्स-चयनित खिलाड़ीरू दिव्यांशी, मायरा, प्रियंका पाल, आरूशी, रिया, जसनप्रीत, साक्षी, वंशिका कश्यप, रितु, निक्की, एकता, रितिका, अंजली, रिया चैधरी (सहारनपुर) तथा शिया बालियान (मुजफ्फरनगर)। चयनित महिला खिलाड़ी 15 से 16 जनवरी 2026 तक स्पोर्ट्स स्टेडियम अयोध्या में आयोजित प्रदेश स्तरीय समन्वय सीनियर महिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। क्षेत्रीय खेल कार्यालय ने चयनित सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए बेहतर प्रदर्शन की आशा व्यक्त की है।

# आशा एवं संगिनी कार्यकर्ताओं की हड़ताल 24वें दिन भी जारी, अपनी मांगों का पत्र मजिस्ट्रेट को सौंपा

भास्कर ब्यूरो



बदांयू। आशा एवं संगिनी कार्यकताओं की हड़ताल 24वें दिन भी जारी रही। कार्यकताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया और अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट विनोद कुमार को सौंपा। उनकी मुख्य मांग है कि सरकार आशा-संगिनी कार्यकताओं की मांगों पर गंभीरता से विचार करे, क्योंकि उन्हें आयुष्मान कार्ड बनाने और अन्य कार्यों के लिए ड्यूटी लगाई जा रही है, लेकिन उनका पारिश्रमिक नहीं दिया जा रहा है। जिलाध्यक्ष जौली वैश्य ने कहा कि जब तक सरकार उनकी मांगों पर विचार नहीं करती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि वह रोज नए-नए कायार्देश जारी कर रही है, लेकिन आशा और संगिनियों की पीड़ा किसी को सुनाई नहीं दे रही है। आंदोलनकारियों ने 9 जनवरी को बरेली स्थित मंडलायुक्त कार्यालय पर होने वाले प्रदर्शन को प्रभावी बनाने की रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि यदि 9 जनवरी के बाद भी समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन की रणनीति में बदलाव कर संघर्ष को और तेज किया जाएगा।

# थाना मंडी पुलिस की बड़ी कार्रवाई: प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बेचने वाला दुकानदार गिरफ्तार, भारी मात्रा में मांझा बरामद

भास्कर ब्यूरो



सहारनपुर। पुलिस उपमहानिरीक्षक /वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम तथा वांछित, वारंटी एवं शातिर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मंडी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक रोजन्त त्यागी के नेतृत्व में थाना मंडी पुलिस टीम ने प्रतिबंधित चाइनीज मांझे का विक्रय करने वाले दुकानदार को गिरफ्तार किया है। थाना मंडी पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए मोहल्ला रानी बाजार थाना मंडी क्षेत्र से अभियुक्त दीपक पुत्र मनोज कुमार निवासी मोहल्ला रानी बाजार, थाना मंडी सहारनपुर को गिरफ्तार किया। अभियुक्त के कब्जे से 69 गिट्टी एवं 10 गुच्छी पतंग का प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बरामद किया गया, जिसका कुल वजन लगभग 40.2 ग्राम बताया गया है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली मंडी पर मु0अ0सं0 07⁄2026 धारा 223 (बी)⁄125 बीएनएस तथा धारा 5⁄15 पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है। पुलिस द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए उसे समय से माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। इस कार्रवाई में उप निरीक्षक अवशेष भाटी, हेड कांस्टेबल कमल कौशिक, हेड कांस्टेबल राहुल त्यागी, हेड कांस्टेबल सुनील राणा तथा कांस्टेबल शोएब मिर्जा शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि प्रतिबंधित चाइनीज मांझा मानव जीवन, पक्षियों और पर्यावरण के लिए अत्यंत घातक है। ऐसे अवैध कार्यों में संलिप्त लोगों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई लगातार जारी।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ साझा रणनीति पर सहमति, एसीएफआई की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित




भास्कर ब्यूरो

सहारनपुर। एंटी-करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा कल, 7 जनवरी 2026 को सहारनपुर में एसीएफआई कोर टीम एवं राष्ट्रीय नेतृत्व अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भ्रष्टाचार के खिलाफ मिलकर प्रभावी ढंग से कार्य करने के लिए एक संगठित टीम गठित करने पर सहमति बनी। बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि गठित टीम विभिन्न सरकारी दफ्तरों का दौरा कर संबंधित अधिकारियों से भ्रष्टाचार से जुड़े मुद्दों पर सीधी बातचीत करेगी।

इसके साथ ही भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से आवश्यक खुफिया जानकारी एकत्र करने की रणनीति भी तय की गई। ।ब्थ्प् नेतृत्व ने इसे व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक अहम कदम बताया। बैठक में एसीएफआई के कोर अधिकारी सुरेंद्र मोहन कालरा, सुरेंद्र गाबा, गुलशन वधवा, गगन गुलाटी, प्रिंस बत्रा, सुधीर भाटिया, अभिषेक भाटिया, अपूर्व वर्मा, धनवीर चैधरी, हेमंत अरोड़ा एवं गगनदीप सिंह उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने एकजुट होकर भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष तेज करने और आमजन को न्याय दिलाने के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया।

एसीएफआई ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी इस तरह की बैठकों के माध्यम से संगठन की गतिविधियों को और अधिक मजबूत किया जाएगा।

# सनातन हिंदू एकता के लिए सम्पर्क अभियान तेज

भास्कर ब्यूरो



बदायूँ। बिरुआबाड़ी मन्दिर से कछला तक 1 8 जनवरी रविवार को निकलने वाली सनातन हिंदू एकता पद यात्रा के लिए सम्पर्क अभियान तेज कर दिया गया है गाँव गाँव जाकर लोगों को निमंत्रण पत्र बाटे जा रहे हैं और दुकानदारों से भी सम्पर्क किया जा रहा है।

इस संदर्भ में यात्रा प्रमुख भागवत भास्कर आचार्य पं. श्री मुमुक्षु कृष्ण दद्दा महाराज अपने सहयोगियों के साथ बदायूँ के बाजार में दुकान - दुकान और मोहल्लों व गाँवों में घर-घर जाकर जनसम्पर्क कर हिन्दुओं को जगाने का कार्य कर रहे हैं। लोगों को समझा रहे है कि हमारे अस्तित्व का आधार है,सनातन धर्म और हिन्दुत्व. सनातन का अर्थ शाश्वत है जिसका न आदि है न अंत है। यह कोई पंथ नहीं बल्कि जीवन जीने की शाश्वत व्यवस्था है जो हमेशा से है और हमेशा रहेगी।

हिन्दुत्व भारत की संस्कृति, परम्पराओं और स्वाभिमान का प्रतीक है, ये प्रत्येक सनातनी को अपनी जड़ों से जोड़ता है हिंदुत्व का अर्थ है विविधता में एकता वैदिक ऋषियों से लेकर चर्वाक, बौद्ध, जैन तक सभी इसी संस्कृति के अंग हैं। सभी को भेदभाव भुलाकर एक जुटता के साथ सनातन की रक्षा करनी है जब सनातन की बगिया में सद्भावना के पुष्प खिलेंगे तो उनकी सुगन्धि से ये देश सुगन्धित हो जायेगा। और हमारी भारत को विश्वगुरु बनाने की परिकल्पना सार्थक होगी। महाराज ने सभी सनातनी हिन्दू भाई / बहिनों से आवाहन किया है कि आप सभी इस सनातनी महायज्ञ में तन, मन धन से सहभागी बनें। संपर्क अभियान में दिनेश चंद्र मिश्रः, अर्जुन लाल गुप्ता, सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

# जनता इंटर कालेज के रासेयो द्वारा लगाए गये सात दिवसीय शिविर का समापन

भास्कर ब्यूरो



बेहट। स्थानीय जनता इंटर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय शिविर का सातवां दिवस ग्राम शाहपुर में गुरुवार को सम्पन्न हो गया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों वृक्षारोपण तथा सड़क सुरक्षा रैली भी निकाली गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान मोहम्मद राशिद ने तथा प्रधानाचार्य डॉक्टर सुभाष चंद्र सागर ने किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी अरुण कुमार गौतम ने किया। समापन के अवसर पर प्रधानाचार्य डॉक्टर सुभाष चंद्र ने ग्राम प्रधान मोहम्मद राष्ट्रीय तथा अन्य संभ्रांत ग्राम वासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा की स्वयंसेवकों ने जो 7 दिनों तक अलग-अलग विधाओं के प्राथमिक आंकड़ेएकत्र किए हैं, उनका हम लोग समाधान तो नहीं कर सकते परंतु इन समस्याओं को समझकर इन्हें अपने जीवन में अनुभव के रूप में ग्रहण कर सकते हैं। हमें सामान्य लोगों की भलाई के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। ग्राम प्रधान मोहम्मद राशिद ने सभी स्वयंसेवकों की प्रशंसा करते हुए कहा की इन्होंने 7 दिनों तक लगातार कार्य करते हुए जो उत्तम व्यवहार एवं अनुशासन का परिचय दिया है वह कभी भी बुलाया नहीं जा सकता है। बच्चों से अच्छी बातें सीख कर हमें भी उन्हें दैनिक जीवन में उतरना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी अरुण कुमार गौतम ने संचालन करते हुए कहा की स्वयंसेवक को द्वारा 7 दिनों तक कार्य करके जो अलग-अलग विधाओं के आंकड़े एकत्र किए हैं उनको सबके सम्मुख प्रस्तुत किया जा रहा है तथा सम्मानित प्रधान से निवेदन है कि ग्राम की समस्या को प्राथमिकता के आधार पर हल करने का प्रयास करें। इससे पहले प्रातः काल में स्वयंसेवकों ने सड़क सुरक्षा रैली निकालकर ग्राम वासियों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने का संदेश दिया। बाद में सभी अतिथियों स्वयंसेवक को ने विद्यालय प्रांगण में अनेक उपयोगी छायादार वृक्षों को रोपितकिया। वृक्षारोपण कर सभी ग्राम वासियों को वातावरण संतुलन के लिए अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने का आग्रह किया। इस अवसर पर योगेश त्रिपाठी, राजेश त्यागी, मुकेश कुमार ,संदीप चैहान, ओम पाल, मास्टर रामवीर सिंह, कुर्बान अली, मुकर्रम खान आदि रहे।

# थाना पुलिस ने मिशन शक्ति फेज-5.0 एवं साइबर अपराध सुरक्षा के प्रति किया जागरूकता

भास्कर ब्यूरो



गागलहेड़ी। थाना पुलिस की एंटी रोमियो टीम द्वारा महिला सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान में महिला हेड कांस्टेबल नीतू चैधरी, महिला कांस्टेबल राधा एवं महिला कांस्टेबल ज्योति द्वारा भाग लिया गया।टीम द्वारा हरि इंटरनेशनल अकैडमी, कस्बा गागलहेड़ी, दिनारपुर बाजार एवं कैलाशपुर क्षेत्र के बैंक परिसरों में चेकिंग की गई तथा वहां उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक किया गया।

अभियान के दौरान महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति फेज-5.0 एवं साइबर अपराध सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत डिजिटल अरेस्टिंग से संबंधित भ्रामक सूचनाओं, सशक्तिकरण, तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं बच्चों के लिए संचालित कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा एवं संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

इस अवसर पर साइबर फ्रॉड एवं साइबर क्राइम से बचाव के उपाय बताए गए तथा सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर कृ1090 (वूमेन पावर हेल्पलाइन), 1930 (साइबर अपराध हेल्पलाइन), 108 (एंबुलेंस सेवा) एवं 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा) कृ के बारे में जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त चैराहों पर खड़े संदिग्ध लड़कों को चेतावनी देकर छोड़ा गया तथा जागरूकता पम्पलेट वितरित किए गए।

यह अभियान महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा की भावना, आत्मविश्वास एवं जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

हमारे अंदर अंधकार और रोशनी दोनों है, यह हमें चुनना है कि इनमें से हम कि स को महत्व देते है।

# गांव दौताई में बंद पड़े लाखों की लागत से बने कूड़ा प्रबंधन अपशिष्ट केंद्र

## कागजों में चल रहा कूड़ा निस्तारण प्रबंधन केंद्र, अधिकारी बने अनजान

भास्कर ब्यूरो

गढ़मुक्तेश्वर। ब्लॉक क्षेत्र के गांव दौताई में स्वच्छ भारत मिशन और पंचायत निधि के तहत बीते पांच वर्षों में सफाई व्यवस्था सुधारने के नाम पर 40 लाख रुपये से अधिक खर्च किए गए, लेकिन हकीकत इससे बिल्कुल उलट है। गांव की गलियों, नालियों और सार्वजनिक स्थलों पर आज भी गंदगी के ढेर लगे हैं। लाखों की लागत से बनाया गया कूड़ा निस्तारण अपशिष्ट केंद्र पूरी तरह बंद पड़ा है और केवल कागजों में संचालित दिखाया जा रहा है। अधिकारियों की उदासीनता और पंचायत स्तर पर लापरवाही के चलते ग्रामीणों को गंदगी और बदबू के बीच जीवन बिताने को मजबूर होना पड़ रहा है। भास्कर की टीम ने बुधवार को गांव दौताई पहुंचकर मौके की पड़ताल



की। जांच में सामने आया कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत बना कूड़ा निस्तारण केंद्र शोपीस बनकर रह गया है। केंद्र पर न तो कोई मशीन मौजूद थी और न ही कोई कर्मचारी। परिसर में कूड़ा बिखरा पड़ा था, जिससे साफ जाहिर होता है कि यहां लंबे समय से कोई गतिविधि नहीं हो रही। इसके बावजूद कागजों में नियमित कूड़ा निस्तारण और सफाई कार्य दर्शाए जा रहे हैं।

### गलियों में गंदगी, नालियों में जमा कचरा

गांव की अधिकांश गलियों के किनारे कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। नालियों में कचरा जमा होने से गंदा पानी सडकों पर बह रहा है। कई स्थानों पर हालात इतने खराब हैं कि बदबू के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि मच्छर, मक्खियों और अन्य कीटों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है। बच्चों और बुजुर्गों में सांस और त्वचा से जुड़ी बीमारियों की शिकायतें बढ़ रही हैं।

### तालाब बने गंदगी के गढ़

गांव के तालाब, जो कभी जल संरक्षण और सामाजिक गतिविधियों का केंद्र हुआ करते थे, अब गंदगी के गढ़ में तब्दील हो चुके हैं। तालाबों में कूड़ा-कचरा और गंदा पानी जमा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत की ओर से न तो तालाबों की सफाई कराई जा रही है और न ही कचरा डालने पर कोई रोक लगाई जा रही है। इससे पूरे गांव में दुर्गंध फैली रहती है।

### शिकायतें हुई, समाधान नहीं

ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार ग्राम प्रधान और ब्लॉक अधिकारियों से सफाई व्यवस्था सुधारने की शिकायत की, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला। न तो कूड़ा प्रबंधन केंद्र चालू कराया गया और न ही नियमित सफाई व्यवस्था बहाल हुई। आरोप है कि अधिकारी भी मौके पर निरीक्षण करने से बचते रहे और रिपोर्टों के आधार पर ही संतोष जताते रहे।

### जवाबदेही तय करने की मांग

ग्रामीणों ने मांग की है कि कूड़ा निस्तारण अपशिष्ट केंद्र को तत्काल चालू कराया जाए, नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और बीते पांच वर्षों में हुए खर्च की निष्पक्ष जांच कराई जाए।

# हापुड़ में 2.57 लाख मतदाताओं के नाम कटे, डीएम ने बताई वजह और समाधान

भास्कर ब्यूरो

हापुड़। जनपद में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के बाद मतदाता सूची से बड़ी संख्या में नाम कटने को लेकर जिलाधिकारी अभिषेक पांडे ने स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने बताया कि जनपद में एसआईआर अभियान 4 नवंबर से शुरू किया गया था। अभियान के समय हापुड़ में कुल 11 लाख 56 हजार मतदाता पंजीकृत थे, लेकिन पुनरीक्षण प्रक्रिया के बाद विभिन्न कारणों से 2 लाख 57 हजार मतदाताओं के नाम अंतरिम मतदाता सूची में शामिल नहीं हो सके। जिलाधिकारी के अनुसार, ऐसे एक लाख 27 हजार मतदाता हैं, जो अंतरिम मतदाता सूची का हिस्सा तो बन चुके हैं, लेकिन 2003 की मतदाता सूची के साथ उनकी मैपिंग नहीं



हो पाई है। 6 जनवरी को मतदाता सूची का प्रारूप राजनीतिक दलों के समक्ष साझा कर सार्वजनिक किया गया। अब इन एक लाख 27 हजार मतदाताओं को संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के माध्यम से नोटिस भेजे जाएंगे। मतदाताओं को 21 फरवरी तक नोटिस के जवाब में अपने साक्ष्य प्रस्तुत करने का अवसर दिया जाएगा। डीएम ने कहा कि इसके अलावा जिन मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल होने से छूट गए हैं या जिन्हें यह शिकायत है कि उनका नाम सूची में होना चाहिए था, लेकिन शामिल नहीं हुआ, वे फार्म-6 के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए सभी बीएलओ को प्रशिक्षण दिया जा चुका है और उन्हें फार्म-6 की प्रतियां भी उपलब्ध करा दी गई हैं। ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष अभियान चलाकर जरूरतमंद मतदाताओं को फार्म-6 उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि अंतिम मतदाता सूची में अधिक से अधिक पात्र मतदाताओं के नाम जोड़े जा सकें। नाम कटने के प्रमुख कारणों में मतदाता का गांव या शहर में मौजूद न होना, दूसरे शहर या जनपद में स्थानांतरित हो जाना, मतदाता की मृत्यु हो जाना तथा एक ही मतदाता का नाम सूची में दो बार दर्ज होना शामिल है। उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि किसी भी प्रकार की समस्या या आपत्ति होने पर समय रहते संबंधित अधिकारियों के समक्ष साक्ष्य प्रस्तुत करें, ताकि अंतिम मतदाता सूची में उनका नाम सुनिश्चित किया जा सके।

# घर में घुसकर महिला से मारपीट,तीन पर मुकदमा दर्ज

भास्कर ब्यूरो

हापुड़। थाना नगर कोतवाली क्षेत्र मौहल्ला गंगानगर में घर में अकेली महिला के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई है। पीड़िता ने थाने में शिकायती पत्र अधिकार आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले में महिला समिति तीन आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया है। मौहल्ला गंगानगर निवासी स्वाती ने शिकायती पत्र के माध्यम से आरोप लगाते हुए बताया कि वह बुधवार की शाम घर पर अकेली थी। घर का दरवाजा खुला था। तभी मेरठ के रजपुरा निवासी मुन्ना उर्फ मोनू अपने साथियों हेमसिंह उर्फ गुड्डू और महेन्द्री के साथ जबरन घर के अंदर घुस आया। आरोप है घर में घुसते ही आरोपियों ने स्वाती के साथ गाली-गलौज करनी शुरू कर दीं। जब पीड़िता ने विरोध किया तो उन्होंने उसके साथ मारपीट की। महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्र होने लगे। स्थिति बिगड़ती देख पीड़िता ने तत्काल 112 नंबर पर पुलिस को फोन किया। पुलिस के मौके पर पहुंचने तक आरोपी वहां से फरार हो गए थे। सीईओ वरुण मिश्रा ने बताया मामले में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। जांच में दोषी पाए जाने पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# बदमाशों के साथ पुलिस की मुठभेड़, पुलिस की जवाबी फायरिंग में बदमाश घायल

भास्कर ब्यूरो

हापुड़। थाना नगर कोतवाली क्षेत्र के दिल्ली रोड से बदनौली जाने वाले रास्ते से पुलिस की चैकिंग के दौरान बाइक सवार बदमाश से हुई मुठभेड़। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की क्रॉस फायरिंग में एक शातिर बदमाश घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से एक अवैध तमंचा, एक जिंदा व दो खोखा कारतूस, एक चोरी की बाइक एवं हजारों रुपये नकदी बरामद की है। गिरफ्तार बदमाश के विरुद्ध दो दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया बुधवार की रात्रि नगर कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद पांडे पुलिस बल के साथ क्षेत्र अपराध की रोकथाम के लिए दिल्ली रोड़



पर पीर के पास चैकिंग कर रहे थे। तभी निजामपुर की तरफ से एक बाइक सवार व्यक्ति आता दिखाई दिया। जिसे चैंकिग के दौरान रोकनें का प्रयास किया गया। बाइक सवार मुड़कर बदनौली वाले रास्ते पर भागनें का प्रयास करनें लगा। जिसका पुलिस द्वारा पीछा किया तो बदनौली फाटक से पहले तेज रफ्तार होने से कारण में बाइक फिसल गई। बाइक सवार बाइक छोड़कर कच्चे रास्ते की ओर भागने लगा। जिसका पुलिस ने पीछा तो पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जिसमे पुलिसकर्मी बाल बाल बचे। पुलिस की आत्मरक्षा फायरिंग में बदमाश पैर में गोली लगी। जिसे घायल अवस्था में गिरफ्तार किया। जिनको उपचार के लिए सीएचसी रवाना कर दिया। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से एक अवैध तमंचा, एक जिंदा व दो खोखा कारतूस, एक चोरी की बाइकएवं हजारों रुपये नकदी बरामद की है। बदमाश की पहचान जितेन्द्र उर्फ टिम्बल पुत्र अमीचन्द निवासी ग्राम जनूपुरा थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड़ हाल निवासी ग्राम टियाला के रूप मे हुई है। जिसके विरुद्ध जनपद मेरठ, बुलन्दशहर, गौतमबुद्धनगर व हापुड़ में वाहन चोरी, हत्या का प्रयास व आर्म्स एक्ट आदि के करीब दो दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

# धोखाधड़ी गिरोह का भंडाफोड़, पुलिस ने तीन वांछित आरोपी दबोचे

भास्कर ब्यूरो

पिलखुवा। धोखाधड़ी के एक मामले में फरार चल रहे तीन वांछित अभियुक्तों को पिलखुवा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से कूटरचित दस्तावेजों की छायाप्रतियां और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार थाना पिलखुवा में दर्ज मुकदमा के अंतर्गत धोखाधड़ी की घटना में शामिल अभियुक्त लंबे समय से फरार चल रहे थे। सोमवार को पुलिस टीम ने मोनार्ड कट के पास घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान सचिन पुत्र वेदप्रकाश निवासी ग्राम अनवरपुर थाना पिलखुवा, राजीव शर्मा पुत्र अंगत शर्मा निवासी नुसरखा थाना बीबीनगर बुलंदशहर तथा मूलवीर शर्मा पुत्र जगदीस शर्मा निवासी ग्राम शाहपुर फगौता थाना पिलखुवा



के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से चार कूटरचित आधार कार्ड की छायाप्रतियां, दो पैन कार्ड की छायाप्रतियां, पांच रजिस्ट्री की छायाप्रतियां तथा एक मोटोरोला मोबाइल फोन बरामद किया गया। पुलिस का कहना है कि इन दस्तावेजों का इस्तेमाल धोखाधड़ी की वारदातों में किया जाना था। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि आरोपियों ने किन-किन लोगों को धोखाधड़ी का शिकार बनाया और इनके गिरोह से अन्य कौन-कौन लोग जुड़े हैं।

# खेल के विवाद में किशोर को लाठी-डंडों से पीटा, तीन सगे भाईयों पर केस दर्ज

भास्कर ब्यूरो

हापुड़। देहात क्षेत्र स्थित गांव असोड़ा के मौहल्ला अहसान नगर में बच्चों के खेल को लेकर हुए विवाद में दबंग युवको ने एक किशोर को घेरकर लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा घायल कर दिया। पीड़ित के परिजनों थाने में शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ संबंधी धाराओं में केस दर्ज किया है। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पीड़ित किशोर मां नसरीन ने बताया कि रविवार को उनका पुत्र अनस टियाला रोड पर खड़ा था। तभी खेल की किसी बात को लेकर मोहल्ले के ही दानिश, गुल्ला और इमरान वहां पहुंच गए। आरोप है कि तीनों ने अनस के साथ पहले गाली-गलौज की और फिर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले के दौरान अनस की आंख में डंडा लगने से वह लहूलुहान हो गया। अनस के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। घायल किशोर को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। सीईओ वरुण मिश्रा ने बताया शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# अपराध नियंत्रण के लिए गांवों में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे:थाना प्रभारी ने प्रधानों से की अपील

भास्कर ब्यूरो

हापुड़। हाफिजपुर थाना परिसर में गुरुवार को थाना प्रभारी प्रवीण कुमार की अध्यक्षता में क्षेत्र के समस्त वर्तमान एवं पूर्व ग्राम प्रधानों तथा अन्य संभ्रांत व्यक्तियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना और साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करना रहा।थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने उपस्थित लोगों को साइबर सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, ओटीपी साझा करने और सोशल मीडिया के दुरुपयोग से होने वाले अपराधों के प्रति सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी सावधानी अपनाकर साइबर अपराधों से बचा जा सकता है। साथ ही किसी भी संदिग्ध गतिविधि या ठगी की सूचना तुरंत पुलिस को देने पर



जोर दिया।बैठक में गांवों की सुरक्षा को और बेहतर बनाने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने ग्राम प्रधानों से सार्वजनिक स्थानों, मुख्य चौराहों, गलियों और प्रवेश मार्गों पर कैमरे लगवाने का आग्रह किया, जिससे अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके।इस दौरान ग्राम प्रधानों और अन्य संभ्रांत व्यक्तियों ने अपने-अपने गांवों की समस्याएं और सुझाव पुलिस के समक्ष रखे। थाना प्रभारी ने सभी समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन देते हुए कहा कि पुलिस और ग्रामीणों के आपसी सहयोग से ही क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाया जा सकता है।बैठक के अंत में थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने ग्रामीणों से अपील की कि वे पुलिस के साथ समन्वय बनाकर क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और सौहार्द बनाए रखने में सहयोग करें।

## दुष्कर्म मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार



भास्कर ब्यूरो

पिलखुवा। पुलिस ने दुष्कर्म के एक मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। बुधवार को पुलिस को सूचना मिली, जिसके आधार पर टीम ने मदर डेयरी के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान रोहित उर्फ करमपाल पुत्र अमीसिंह निवासी ग्राम लाखन थाना पिलखुवा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर आवश्यक पूछताछ शुरू कर दी है। थाना प्रभारी श्योपाल सिंह ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध दर्ज मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है और उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान तेज, 235 वाहनों के चालान



भास्कर ब्यूरो

हापुड़। शासन के निदेशानुसार जनपद में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के द्वितीय सप्ताह के अंतर्गत विशेष प्रवर्तन कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस अभियान के तहत जिले में नो हेलमेट, नो फ्यूल (हेलमेट नहीं तो ईंधन नहीं) नियम को मिशन मोड में लागू किया जा रहा है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन रमेश चौबे ने बताया कि सड़क सुरक्षा अभियान को सफल बनाने के लिए जिलापूर्ति अधिकारी सीमा बालियान की उपस्थिति में पेट्रोलियम एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि बैठक में प्रतिनिधियों ने स्वीकार किया कि योजना अच्छी है, लेकिन कुछ व्यावहारिक दिक्कतों के कारण शत-प्रतिशत क्रियान्वयन में बाधा आ रही है। तय किया गया कि बिना हेलमेट या बिना सीटबेल्ट के आने वाले वाहन स्वामियों को पेट्रोल पंप पर बार-बार टोका जाएगा और भविष्य में पेट्रोल/डीजल न देने की चेतावनी दी जाएगी। जिलापूर्ति अधिकारी ने सभी पेट्रोल पंपों पर सड़क सुरक्षा से संबंधित बैनर और फ्लैक्स लगाने के निर्देश दिए हैं। परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। अभियान के दौरान निम्नलिखित उल्लंघन पाए गए जिनमें बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चलाना। बिना सीटबेल्ट चार पहिया वाहन चलाना। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग करना। इन नियमों के उल्लंघन पर अब तक कुल 235 वाहनों के चालान किए जा चुके हैं। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन रमेश चौबे ने स्पष्ट किया है कि सड़क सुरक्षा माह के दौरान यह चेकिंग अभियान और अधिक सघनता से जारी रहेगा। कृपया वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें और अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करें।

# भाकियू संघर्ष की टीम का विस्तार, मदन लाल, अंकित और मोहम्मद साबू को मिली जिम्मेदारी

भास्कर ब्यूरो

हापुड़। भारतीय किसान यूनियन (संघर्ष अराजनैतिक) के संगठन को धार देने के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश की कार्यकारिणी में तीन नए सदस्यों की घोषणा की गई। प्रदेश अध्यक्ष पदम सिंह ने मनोनयन पत्र जारी किए। पदम सिंह ने बताया कि मदन लाल जाटव, अंकित जाटव और मोहम्मद साबू को उनकी कर्मठता के आधार पर प्रदेश कार्यकारिणी में सदस्य चुना गया है। उन्होंने कहा कि संगठन का




मुख्य उद्देश्य किसानों की समस्याओं को सरकार तक पहुँचाना और उनका समाधान कराना है। नई नियुक्तियों से संगठन को ग्रामीण स्तर पर और मजबूती मिलेगी। बधाई देने वालों में संगठन के तमाम कार्यकताओं और पदाधिकारियों का तांता लगा रहा।

# पूर्व मंगेतर ने निजी फोटो भेजकर तुड़वाई शादी, जान से मारने की दी धमकी

भास्कर ब्यूरो

हापुड़। थाना बाबूगढ़ क्षेत्र स्थित एक गांव निवासी युवती ने अपने पूर्व मंगेतर शादी में बाधा डालने के साथ-साथ जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस कार्यालय पहुंचकर एसपी कुंवर ज्ञानंजय से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता ने आरोप लगाते हुए बताया की करीब एक वर्ष पहले उसके परिजनों ने उसका रिश्ता जिला बागपत के एक गांव निवासी युवक से तय किया था। इस दौरान दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत होने लगी और आपसी मुलाकातें भी हुईं। इसी दौरान युवक ने युवती के कुछ निजी फोटो अपने पास रख लिए। बाद में युवक ने अचानक शादी से इनकार करते हुए रिश्ता तोड़ दिया। पीड़िता का रिश्ता टूटने के बाद परिजनों ने उसका विवाह जिला मेरठ के एक गांव निवासी युवक से तय कर दिया। 20 फरवरी को बारात आने की तिथि निर्धारित थी। आरोप है कि इसी बीच बागपत निवासी युवक ने युवती के पुराने फोटो मेरठ निवासी युवक को भेज दिए और शादी करने पर जान से मारने की धमकी दी। इसी दौरान युवक ने युवती के कुछ निजी फोटो अपने पास रख लिए। बाद में युवक ने अचानक शादी से इनकार



करते हुए रिश्ता तोड़ दिया। पीड़िता का रिश्ता टूटने के बाद परिजनों ने उसका विवाह जिला मेरठ के एक गांव निवासी युवक से तय कर दिया। 20 फरवरी को बारात आने की तिथि निर्धारित थी। आरोप है कि इसी बीच बागपत निवासी युवक ने युवती के पुराने फोटो मेरठ निवासी युवक को भेज दिए और शादी करने पर जान से मारने की धमकी दी। साथ ही आरोपी ने मेरठ निवासी युवक से 50 हजार रुपये की मांग भी की है। पीड़िता ने एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह से कार्रवाई की मांग की है। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया की शिकायत पत्र के आधार पर जांच कराई जा रही है। मामले जाँच कर आरोपी के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

# गाजियाबाद का शातिर अपराधी सिम्भावली में गिरफ्तार



भास्कर ब्यूरो

हापुड़। थाना सिम्भावली पुलिस ने छुरा मारकर जानलेवा हमला करने की घटना में शामिल एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त छुरा भी बरामद किया गया है। थाना प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि थाना सिम्भावली में दर्ज मुकदमा के तहत मामले में आरोपी की तलाश की जा रही थी। गुरुवार को पुलिस टीम ने ग्राम बड्डा नहर पुल के पास से आरोपी शाहेआलम पुत्र अफजाल निवासी ग्राम कुशलिया थाना मसूरी जनपद गाजियाबाद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी ग्राम हरौड़ा निवासी अफजाल पर छुरा मारकर जानलेवा हमला करने की घटना में संलिप्त था। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त छुरा बरामद कर लिया है। गिरफ्तारी और बरामदगी के आधार पर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# गला घोट साले ने जीजा को उतारा मौत के घाट

भास्कर ब्यूरो

गढ़मुक्तेश्वर। गढ़ क्षेत्र के स्याना रोड पर स्थित एक ईट के भट्टे पर नौकरी करने वाले व्यक्ति को उसके ही साले और पत्न ी समेत तीन लोगों ने मफलर से गला घोट कर मौत के घाट उतार दिया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।पुलिस ने मृतक के साले, पत्नी समेत तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। जनपद बुलंदशहर के ओरंगाबाद क्षेत्र के गांव लखवाटी निवासी 35 वर्ष के छोटू अपनी पत्नी रेनू के साथ क्षेत्र के स्याना रोड स्थित एक ईट भट्टे पर नौकरी करता था। उनके साथ में उनके एक बेटा और दो बेटी भी है। बताया गया है कि उनके ही पास में खुर्जा के गांव कलखूरी निवासी साला भूरा भी रहकर नौकरी करता है। बताया गया है कि बुधवार की रात को छोटू रेनू का



विवाद हो गया था। जिससे छोटू ने रेनू के साथ पिटाई कर घायल कर दिया था। इस बात से भूरे नाराज हो गया और उसी समय अपने जीजा से बदला लेने की ठान ली थी। रेनू से पिटाई करने के बाद छोटू भट्ठे भी ही रुक गया। इसको देखकर भूरे ने पास के ही गांव में स्थित एक फैक्टरी में काम करने वाले अपने दोस्त को वहां बुला लिया। उसके बाद तीनों ने मिलकर छोटू को पीछे से पकड़ लिया और मफलर से उसका गला दबाकर हत्या कर दी, सूचना पर पहुचीं पुलिस को शक हुआ और तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर कोतवाली ले जाया गया जहां पूछताछ शुरू कर दी है।

# खैरपुर खेराबाद मे दो घरों से आभूषण व लाखों की चोरी

भास्कर ब्यूरो

पिलखुवा। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खैरपुर खेराबाद में दो घरों से चोरी होने का मामला प्रकाश मे आया है। चोरों ने बेखौफ होकर दो अलग-अलग घरों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की नकदी और कीमती आभूषण चोरी कर लिए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जाँच पड़ताल मे जुट गईं है जल्द ही चोरी का खुलासा करने का दावा कर रही है।प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव निवासी बादल चौधरी अपने परिवार के साथ ससुराल गांव सकतपुर गए हुए थे, जबकि उनके पिता जितेंद्र चौधरी गाजियाबाद में ड्यूटी पर थे। पीड़ित के अनुसार घर के खाली होने का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने मुख्य दरवाजे के ताले तोड़कर अंदर प्रवेश किया और अलमारियों में रखी एक लाख



अस्सी हजार की नकदी व सोने की अंगूठी चैन व चांदी की सैम्पल सहित घर का कीमती सामान चोरी कर लिया गया। गुरुवार की सुबह गांव वालों ने टूटे ताले देखे और परिजनों को फोन पर सूचना दी, जिससे परिवार में हड़कंप मच गया।इसी गांव में दूसरी घटना में विमल कुमार के घर भी अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया। यहां से हजारों रुपये की नकदी और कीमती आभूषण चोरी कर लिए गए।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।